अधिकतम 17 डिग्री से.
न्यूनतम 07 डिग्री से.
सूर्योदय 7.21
सूर्यास्त 5.32
सोना 24 कैरेट: 1,35,210.00
चांदी (प्रति किलो) : 2,38,000
सेंसेक्स : 85,188.60
अमेरिका : 89.99
कैनेडियन : 65.56
आस्ट्रेलिया : 60.01

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित




बातों बातों में मन की बात

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

नाम और पहचान भले ही छोटी हो, मगर खुद की होनी चाहिए।


वर्ष 41 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 02 जनवरी, 2026 | पौष शुक्ल पक्षः चतुर्दशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 02 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12


## हरियाणा कैबिनेट बैठक के फैसलेः हरियाणा में नए साल पर लाडो लक्ष्मी योजना का बदलाव के साथ विस्तार

# दसवीं,12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाएंगे बच्चे तो बीपीएल मां को लक्ष्मी देगी सरकार

- अब महिला को मिलेंगे 1100, एक हजार एफडी में जमा करवाएगी सरकार
- शर्तों के साथ एक लाख 80 हजार सालाना आय वाले परिवार शामिल
- बच्चों को कुपोषण से बाहर निकालने वाली महिला भी होगी लाभार्थी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** हरियाणा सरकार ने नए साल के अवसर पर दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का विस्तार करते हुए इसमें महिलाओं को कई अन्य श्रेणियों को शमिल किया है। गुरुवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस संबंध में फैसला लिया गया।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत अब तक 10 लाख 255 महिलाओं ने आवेदन किया है। इसमें से 8 लाख महिलाएं को सहायता राशि प्रदान की जा रही हैं। अभी तक सरकार ने दो किस्तों में लगभग 250 करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है। अब इस योजना को सामाजिक विकास के साथ जोड़ा जाएगा। इसके तहत, वर्तमान में जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम है, उन परिवारों की महिलाओं को 2100 रुपए का लाभ दिया जा रहा है। अब यह लाभ 1 लाख 80 हजार रुपए वार्षिक आय वाले परिवारों की महिलाओं को भी मिलेगा, बशर्ते कि उन माताओं ने विकसित भारत की दिशा में कदम बढ़ाते हुए बच्चों की शिक्षा और विकास पर ध्यान दिया है।

संशोधन के तहत जिन परिवारों की सालाना आय 1 लाख 80 हजार रुपए से कम है, ऐसे परिवारों के बच्चे जो सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे है, वह दसवीं और 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से ज्यादा नंबर लेकर आते है, ऐसी माताओं को भी अब दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके अलावा, बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान देने के उद्देश्य से भी भारत सरकार के निपुण मिशन के तहत ग्रेड लेवल प्रोफिशिएंसी प्राप्त करते हैं, ऐसी माताओं को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। साथ ही, बच्चों में कुपोषण या एनीमिया को रोकने के लिए भी पहल की गई है। इसके तहत, पोषण ट्रैकर में कोई बच्चा जो कुपोषित या एनीमिया ग्रस्त था, वह पोषित और स्वस्थ होकर ग्रीन जोन में आ जाता है, तो ऐसी माताओं को भी 2100 रुपए का लाभ प्रदान किया जाएगा। हालांकि, उपरोक्त सभी श्रेणियों के तहत यह लाभ केवल 3 बच्चों तक ही मिलेगा। साथ ही, इन श्रेणियों के तहत पात्र महिलाओं को लाभ तीन साल तक दिया जाएगा।

इसके साथ ही, महिलाओं व उनके परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए भी एक नई पहल शुरू की गई है। वर्तमान में जो 2100 रुपए की राशि बहन-बेटियों के खातों में जा रही है, अब इस राशि में से 1100 रुपए सीधे महिलाओं को मिलेंगे और 1000 रुपए सरकार रेकरिंग डिपॉजिट/फिक्स्ड डिपॉजिट करवाएगी। इस डिपॉजिट का पैसा ब्याज सहित लाभार्थी को मिलेगा। इसका एक एसएमएस भी प्रत्येक महिला को हर माह जाएगा। लाभार्थी की असामयिक मृत्यु पर उसके नॉमिनी को यह राशि तुरंत प्रदान की जाएगी, यह भी पर प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, योजना को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए लाभार्थियों की सूची ग्राम सभाओं में जारी की जाएगी। यदि कोई आपत्ति दर्ज करवाई जाती है तो संबंधित का नाम काट दिया जाएगा।

### नायब सरकार का वर्ष 2026 में महिला सशक्तिकरण, युवा रोजगार और प्राकृतिक खेती का संकल्प

**सीएम** सैनी ने कहा कि सरकार का वर्ष 2026 में महिला सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार और प्राकृतिक खेती पर फोकस रहेगा। दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के जरिये महिलाओं को सशक्त बनाए जाएगा, वहीं 2026 में युवाओं को रोजगार के साथ कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। युवाओं को तकनीक के साथ जोड़ने के लिए मिशन केंद्र स्थापित होंगे, जिनमें एआई और भविष्य की योजनाओं पर आधारित रोबेटिक तकनीक से प्रशिक्षण दिया जाएगा। सीएम ने वर्ष 2026 का विजन बताते हुए कहा कि सरकार अंत्योदय उत्थान के तहत कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का एप 25 सितंबर को लांच किया गया था और हरियाणा दिवस के मौके पर पहली नवंबर को महिलाओं के खाते में 2100-2100 रुपये की राशि भेजी गई। अब तक 8 लाख महिलाओं को दो किस्तों में 250 करोड़ रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का दूसरा लक्ष्य युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार प्रदान करना है। सरकार ने 2026 के लिए ड्रिवन रोड मैप तैयार किया है। इसके तहत गुरुग्राम और पंचकूला में हरियाणा एआई मिशन केंद्र स्थापित किए जाएंगे और इन केंद्रो में युवा भविष्य की तकनीक जैसे एआई, कुशल रोबोटिक में निपुण बन सकेंगे। सरकार इस पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के 5500 कांस्टेबल की भर्ती का विज्ञापन भी जारी कर दिया गया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुपमा, सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के निदेशक पार्थ गुप्ता, अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) वर्षा खांगवाल और मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय उपस्थित रहे।

**किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति किया जाएगा प्रोत्साहितः** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि वर्ष 2026 में तीसरा लक्ष्य प्राकृतिक खेती के साथ किसानों को जोड़ना है। धान की जगह अन्य फसलें उगाने पर किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा। सरकार की ओर से एक लाख एकड़ भूमि को प्राकृतिक खेती के तहत लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर को तेजी से पूरा कराने का लक्ष्यः** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 में हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर को तेजी से पूर्ण करवाना भी सरकार का लक्ष्य है। यह प्रोजेक्ट बेहतर कनेक्टिविटी के नए आयाम स्थापित करेगा, जिससे दिल्ली के चारों और एनसीआर क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव कम होगा और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे ही कई नई परियोजनाओं को नए वर्ष में गति देने का काम करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि क्षेत्र के समुचित विकास और बुनियादी सुविधाओं में सुधार करने के लिए सरकार ने कुंजपुरा (करनाल), मतलौडा ( पानीपत) और शहजादपुर (अंबाला) को नगर पालिका का दर्जा दिया है।

### 347 चालकों को मिलेगा ओपीएस का लाभ

हरियाणा सरकार ने राज्य परिवहन विभाग के कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए 2002 में कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त 347 ड्राइवरों को क्वालिफाइंग सर्विस और पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के लाभ देने का फैसला किया है। ओपीएस का लाभ दिए जाने के संबंध में फैसला गुरुवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इन ड्राइवरों को वर्ष 2002 में कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त किया गया था और बाद में वर्ष 2006 में हरियाणा परिवहन विभाग हरियाणा रोडवेज सेवा नियम, 1995 (समय-समय पर संशोधित), के तहत रेगुलर किया गया था।

### रोहतक के एएसआई संदीप की पत्नी को मिली नौकरी

आईपीएस वाई पूरण कुमार द्वारा आत्महत्या किए जाने के बाद रोहतक में आत्महत्या करने वाले एएसआई संदीप लाठर की पत्नी को हरियाणा सरकार नौकरी देगी। गुरुवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक में स्वर्गीय ए.एस.आई.संदीप कुमार लाठर की पत्नी श्रीमती संतोष कुमारी को कैम्पस स्कूल, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में पी.जी.टी. गणित (ग्रुप-बी) के पद पर नियुक्ति देने को मंजूरी दी गई है। यह केवल असाधारण परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पात्र आश्रित को मानवीय एव नीतिगत राहत प्रदान करने तक सीमित है।

#### मुख्यमंत्री से प्रदेशभर से आए लोगों ने दी नववर्ष की बधाई

## हिमाचल को आत्मनिर्भर राज्य बनाना प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धताः सीएम सुक्खू



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** नव वर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से प्रदेशभर से आए लोगों ने ओक ओवर और राज्य सचिवालय, शिमला में भेंट की और उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। सुबह से ही कैबिनेट मंत्री, विधायक, वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस अधिकारी और अन्य कर्मचारी मुख्यमंत्री को नए साल की शुभकामनाएं देने पहुंचे। इसके अलावा राज्य के सभी जिला से बड़ी संख्या में लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

नव वर्ष की शुभकामनाओं के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश को आत्मनिर्भर राज्य बनाने की प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य की प्राकृतिक सुंदरता के संरक्षण के लिए हरित और सतत ऊर्जा के उचित दोहन पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने रोजगार के और अधिक अवसर पैदा करने के लिए हाई-टेक उद्योगों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय के अनुरूप सार्वजनिक सेवाओं को अधिक कुशल और सुलभ बनाने के लिए कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा क्षेत्र और बुनियादी ढांचे में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करेगी।




### स्विट्जरलैंड के रिसॉर्ट में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान ब्लास्ट, 40 लोगों के मारे जाने की आशंका

**बर्न।** स्विट्जरलैंड के क्रांस मोंटाना शहर के 'अल्पाइन स्की रिसॉर्ट' में गुरुवार को न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान विस्फोट हुआ। न्यूज मीडिया 'द मिरर' ने लोकल मीडिया से हवाले से बताया कि विस्फोट में 40 लोग मारे गए हैं, जबकि 100 से ज्यादा घायल हैं।

स्विट्जरलैंड पुलिस ने गुरुवार को स्थानीय समय के मुताबिक सुबह 10 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें बताया कि विस्फोट रिसॉर्ट के कॉन्स्टेलेशन बार में रात 1ः30 बजे हुआ। हालांकि पुलिस ने मरने वालों की संख्या नहीं बताई गई लेकिन कहा कि कई दर्जन लोगों की मौत की आशंका है, जिनमें कई देशों के नागरिक शामिल हैं।

फिलहाल क्रांस-मोंटाना शहर को नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है। पुलिस और इमरजेंसी टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू में जुटी हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक अस्पताल झुलसे हुए मरीजों से भर गए हैं। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसे वाली जगह क्रांस मोंटाना एडवेंचर गेम्स के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध टूरिस्ट प्लेस इंटरलाकेन से करीब 100 किमी की दूरी पर है। वहां पैराग्लाइडिंग, स्कीइंग और ट्रेकिंग के लिए दुनियाभर के लोग पहुंचते हैं। थून और ब्रिएंज झील के बीच बसे इंटरलाकेन से आल्प्स माउंटेन रेंज के आइगर, मोंक और जुंगफ्राउ पर्वतों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है।


भारत सरकार GOVERNMENT OF BHARAT

पान मसाला के निर्माता ध्यान दें !

स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर अधिनियम, 2025
1 फरवरी, 2026 से लागू होगा

स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर पान मसाला निर्माण में प्रयुक्त मशीनों/प्रक्रियाओं पर लगाया जाएगा। प्रत्येक कर योग्य व्यक्ति को पंजीकरण कराना और उपकर का भुगतान करना अनिवार्य है।

अनिवार्य पंजीकरण
(फार्म HSNS REG - 01)
- आप पर जाकर 'HSNS CESS' टैब के अंतर्गत 'New User' पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- नाम, पैन, ईमेल, मोबाइल नंबर दर्ज कर पंजीकरण करें, एनरोलमेंट रेफरेंस नंबर (इआरएन) प्राप्त करें
- प्राप्त इआरएन का उपयोग करके फॉर्म HSNS REG-01 में आवेदन करें।
- प्रारंभिक भुगतान के लिए अस्थायी पंजीकरण संख्या (टीआरएन) प्राप्त करें

मासिक उपकर भुगतान
(फार्म HSNS PMT - 01)
- हर महीने की 7 तारीख तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से भुगतान करना अनिवार्य है
- (जैसे : फरवरी 2026 माह की देनदारी 7 फरवरी 2026 तक देनी होगी)
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग-इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत 'E-Payment' विकल्प का चयन कर सेस का भुगतान कर सकते हैं।

उपकर डेक्लेरेशन
(फार्म HSNS DEC - 01)
- पंजीकरण प्राप्त होने के 7 दिनों के भीतर फाइल करना अनिवार्य है
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग-इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत 'Declaration' पर क्लिक कर अपनी डिक्लेरेशन दाखिल कर सकते हैं।

मासिक उपकर भुगतान
(फार्म HSNS RET - 01)
- अगले महीने की 20 तारीख तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से रिटर्न फाइल करें (जैसे : फरवरी 2026 का रिटर्न 20 मार्च 2026 तक फाइल करना होगा)
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग-इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत श्त्मजनतदश पर क्लिक कर अपनी रिटर्न दाखिल कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया राजस्व विभाग की अधिसूचना संख्या S-O- 6153(E) दिनांक 31-12-2025 तथा 01/2026-HSNS CESS दिनांक 01-01-2026 का संदर्भ लें

किसी सहायता के लिए हेल्पडेस्क पर संपर्क करे : cbicmitra-helpdesk@icegate-gov-in : 1800 425 0232

@cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @cbicindia @CBICIndia www.cbic.gov.in

CBC 15502/13/0049/2526

# पंजाब शिक्षा क्रांति: पेस विंटर कैंपों में सरकारी स्कूलों के 1700 से अधिक विद्यार्थियों को आईआईटी, एनआईटी, एम्स व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की कराई गई तैयारी

- कैंपों का उद्देश्य सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को देश की शीर्ष संस्थाओं–आईआईटी, एनआईटी और एम्स–के लिए तैयार करना: हरजोत सिंह बैंस
- मान सरकार सभी वर्गों के विद्यार्थियों को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध
- जेईई और नीट के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण कोचिंग देकर सरकारी स्कूल शिक्षा को नई दिशा दी





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** पंजाब के शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने यहां बताया कि पंजाब अकादमिक कोचिंग फॉर एक्सीलेंस (पेस) कार्यक्रम के तहत आयोजित विंटर रेज़िडेंशियल कोचिंग कैंपों में पंजाब के सरकारी स्कूलों के होनहार विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली प्रशिक्षण सुविधा प्रदान की गई। इस कार्यक्रम से 1700 से अधिक विद्यार्थियों ने लाभ उठाया, जिसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि हर विद्यार्थी को प्रतियोगी परीक्षाओं की उच्च-स्तरीय कोचिंग तक पहुंच सुनिश्चित हो सके।

स. बैंस ने बताया कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को भारत की शीर्ष पेशेवर शैक्षणिक संस्थाओं जैसे आईआईटी, एनआईटी और एम्स के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित इन कैंपों के तीन केंद्रों में कुल 1728 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें बठिंडा में 601 विद्यार्थी (359 छात्राएं, 242 छात्र), लुधियाना में 573 विद्यार्थी (327 छात्राएं, 246 छात्र) और एस.ए.एस. नगर (मोहाली) में 554 विद्यार्थी (367 छात्राएं, 187 छात्र) शामिल थे। उन्होंने कहा कि यह पहल मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की उस दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिसके तहत सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना सभी वर्गों के विद्यार्थियों को शिक्षा और करियर मार्गदर्शन के समान अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा, 'पेस विंटर कैंपों को मिला उत्साहपूर्ण प्रतिसाद हमारे सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की अपार क्षमताओं को दर्शाता है। यह पहल युवाओं को सशक्त बनाती है, उनमें आत्मविश्वास पैदा करती है और किसी भी पृष्ठभूमि के योग्य विद्यार्थियों को शीर्ष संस्थानों में पढ़ने का निष्पक्ष अवसर देती है। हम ऐसा शैक्षणिक वातावरण बना रहे हैं जो उत्कृष्टता और समानता को प्राथमिकता देता है।' शिक्षा मंत्री ने बताया कि ये शीतकालीन कैंप विभाग द्वारा चलाई जा रही व्यापक पहलों में से एक हैं, जिनमें विद्यार्थियों के चयन के लिए प्रतिस्पर्धात्मक, पारदर्शी और निष्पक्ष प्रक्रिया अपनाई गई। चयन प्रक्रिया में मॉक टेस्ट, अवधारणात्मक स्पष्टता, अकादमिक निरंतरता और शिक्षकों की सिफारिशों के आधार पर विद्यार्थियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया। उन्होंने आगे कहा कि समावेशी दृष्टिकोण के तहत प्रत्येक केंद्र में 20 प्रतिशत सीटें सामान्य सरकारी स्कूलों और ड्रॉप-ईयर अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रखी गईं, जिससे स्कूल ऑफ एमिनेंस और रेज़िडेंशियल स्कूलों के अलावा अन्य मेधावी विद्यार्थियों को भी इस पहल का लाभ मिल सके।

स. बैंस ने कहा कि इन कैंपों ने विद्यार्थियों को व्यापक शिक्षण अनुभव प्रदान किया, जहां फिजिक्सवाला, विद्या मंदिर और अवंती फेलोज़ जैसी शीर्ष कोचिंग संस्थाओं के विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया। पाठ्यक्रम जेईई और नीट पैटर्न के अनुरूप अवधारणात्मक स्पष्टता और उन्नत समस्या-समाधान पर केंद्रित था। इसके अतिरिक्त, दैनिक डाउट-क्लियरिंग सत्र, वन-टू-वन मेंटरिंग, स्ट्रेस मैनेजमेंट, करियर मार्गदर्शन और मनोरंजक गतिविधियों पर आधारित मॉड्यूल्स ने विद्यार्थियों की समग्र भलाई सुनिश्चित की। बेहतर और सुरक्षित आवासीय सुविधाओं ने अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान किया।

### मजबूत सरकारी प्रबंधों ने कोचिंग में गुणवत्ता और समानता सुनिश्चित की

पंजाब सरकार ने स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से 'पेस' कार्यक्रम के तहत विंटर रेज़िडेंशियल कोचिंग कैंपों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रशासनिक और अकादमिक व्यवस्थाएं कीं। लुधियाना, बठिंडा और मोहाली में स्थापित तीन आवासीय केंद्रों में ये कैंप आयोजित किए गए, जिनमें मानकीकृत अकादमिक योजना, पूर्ण निगरानी और सभी केंद्रों पर एकसमान सिलेबस डिलीवरी सुनिश्चित की गई। निष्पक्षता बनाए रखने के लिए प्रत्येक केंद्र में अन्य सरकारी स्कूलों और ड्रॉप-ईयर अभ्यर्थियों के लिए 20 प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी गईं, ताकि स्कूल ऑफ एमिनेंस और मेरिटोरियस रेज़िडेंशियल स्कूलों के अलावा अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों को भी इस पहल का लाभ मिल सके। पंजाब सरकार ने रिहायशी कैंपों में संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की थी ताकि विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए बेहतर माहौल मुहैया करवाया जा सके। विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित आवास, पौष्टिक भोजन, 24 घंटे निगरानी, चिकित्सा और काउंसलिंग सहायता जैसी संपूर्ण व्यवस्थाएं कीं, जिससे वे पूरी एकाग्रता के साथ अध्ययन कर सकें। नामी कोचिंग संस्थाओं के साथ साझेदारी के माध्यम से अकादमिक प्रशिक्षण के साथ-साथ दैनिक शंका-निवारण सत्र, संरचित मेंटरशिप, तनाव प्रबंधन और करियर मार्गदर्शन पर केंद्रित समग्र मॉड्यूल प्रदान किए गए।



**अमृतसर:** पंजाब विधान सभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने आज श्री हरिमंदिर साहिब, अमृतसर में माथा टेका और वाहेगुरु जी के आगे अरदास की कि वे दुनिया भर में बसने वाले पंजाबियों को हमेशा खुश, स्वस्थ और खुशहाल रखें।

# 30 हजार रुपये रिश्वत लेता तहसीलदार विजीलैंस ब्यूरो ने किया गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने जिला संगरूर में तैनात तहसीलदार जगतार सिंह को 30,000 रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके सह-अपराधी को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपी तहसीलदार के घर की तलाशी के दौरान 1,45,000 रुपये की राशि बरामद की गई।

यहां यह जानकारी देते हुए राज्य विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि यह गिरफ्तारी जिला संगरूर के गांव महिलां के एक निवासी द्वारा तहसील कार्यालय संगरूर में तैनात जगतार सिंह तहसीलदार और मालविंदर सिंह क्लर्क के खिलाफ दर्ज करवाई गई शिकायत के बाद की गई है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उसने खरीदी गई जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए आरोपी से संपर्क किया था। दोनों आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए 30,000/- रुपये की रिश्वत ली थी। शिकायत की जांच के बाद, यह पाया गया कि उक्त आरोप वास्तव में सच्चे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि इस संबंध में, दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत विजीलैंस ब्यूरो पुलिस रेंज, पटियाला में मामला दर्ज किया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

विजीलैंस ब्यूरो पंजाब लोगों से अपील करता है कि वे भ्रष्टाचार की ऐसी किसी भी घटना की रिपोर्ट हमें करें। विजीलैंस ब्यूरो भ्रष्टाचार में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# युद्ध नशेयां विरुद्ध के 10 महीने में 1849 किलो हेरोइन सहित 42 हजार से अधिक नशा तस्कर गिरफ्तार

## 15.26 करोड़ की ड्रग मनी, 599 किलो अफीम, 272 क्विंटल भुक्की व 46 लाख नशीली गोलियां बरामद

- 306वें दिन 468 ग्राम हेरोइन सहित 49 नशा तस्कर काबू
- 'डी-एडिक्शन' के हिस्से के रूप में पंजाब पुलिस ने आज 21 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का इलाज लेने के लिए राजी किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू की गई नशों के खिलाफ निर्णायक जंग ''युद्ध नशेयां विरुद्ध'' के 10 महीने पूरे होने के साथ पंजाब पुलिस ने 1 मार्च, 2025 से अब तक 1849 किलो हेरोइन सहित 42,622 नशा तस्करों को गिरफ्तार करके 29,351 एफआईआरज़ दर्ज की हैं। इस नशा विरोधी मुहिम की शुरुआत से ही पंजाब पुलिस द्वारा डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देशों तहत राज्य के सभी 28 पुलिस जिलों में रोजाना एक साथ ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों तथा एसएसपीज़ को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के हुक्म दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के खिलाफ जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी भी बनाई गई है। 1849 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी के अलावा पुलिस ने अब तक 599 किलो अफीम, 272 क्विंटल भुक्की, 51 किलो चरस, 624 किलो गांजा, 28 किलो आईसीई, 46 लाख नशीली गोलियां/कैप्सूल तथा 15.26 करोड़ रुपये की ड्रग मनी भी जब्त की है।

इस जंग के 306वें दिन पंजाब पुलिस ने 49 नशा तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 468 ग्राम हेरोइन, 202 नशीली गोलियां तथा 2,500 रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। इस ऑपरेशन के दौरान 61 गजटेड अधिकारियों की निगरानी तहत 700 से अधिक पुलिस कर्मचारियों वाली 100 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 257 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके चलते 38 एफआईआर दर्ज की गई। उन्होंने आगे बताया कि दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 271 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की है। गौरतलब है कि पंजाब सरकार ने प्रदेश से नशों के खात्मे के लिए तीन-पक्षीय रणनीति - इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन तथा प्रीवेंशन (ईडीपी) - लागू की गई है तथा पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के हिस्से के रूप में आज 21 व्यक्तियों को नशा छोड़ने तथा पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राजी किया है।

# पंजाब सरकार ने लंबे समय से अनधिकृत अनुपस्थिति के लिए आबकारी एवं कर विभाग के 4 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की: चीमा

- कहा–हमारी सरकार अनुशासनहीनता एवं ड्यूटी में लापरवाही के प्रति जीरो-टॉलरेंस नीति बनाए रखती है
- हम पंजाब के लोगों के लिए पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध
- स्टेट टैक्स कमिश्नर द्वारा एक साल से अधिक समय से अनुपस्थित चार अधिकारियों के विरुद्ध 'डीम्ड इस्तीफा नियम' लागू



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** सख्त अनुशासन एवं जवाबदेही लागू करने के लिए पंजाब के वित्त, आबकारी एवं कर मंत्री हरपाल सिंह चीमा के निर्देशों की पालना करते हुए स्टेट टैक्स कमिश्नर, पंजाब ने एक साल से अधिक समय से अनधिकृत छुट्टी पर पाए गए चार विभागीय कर्मचारियों के 'डीम्ड इस्तीफे' के आदेश जारी किए हैं। स्टेट टैक्स कमिश्नर जतिंदर जोरवाल द्वारा जारी किए गए ये आदेश तीन आबकारी एवं कर इंस्पेक्टरों एवं एक क्लर्क पर लागू होते हैं, जो कई कानूनी नोटिसों एवं अपने संबंधित कार्यालयों में पुनः हाजिर होने का मौका दिए जाने के बावजूद अपनी ड्यूटियों से अनुपस्थित रहे।

इस अनुशासनात्मक कार्रवाई पर टिप्पणी करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, 'हमारी सरकार अनुशासनहीनता एवं ड्यूटी में लापरवाही के प्रति जीरो-टॉलरेंस नीति रखती है।

जनसेवा के लिए समर्पण एवं उपस्थिति की आवश्यकता होती है। इसलिए, वे कर्मचारी जिन्हें बार-बार अपनी स्थिति स्पष्ट करने के मौके दिए जाते हैं लेकिन वे लगातार वर्षों से अनधिकृत रूप से ड्यूटी से अनुपस्थित रहते हैं, उनके लिए प्रशासन में कोई स्थान नहीं है। हम पंजाब के लोगों के लिए एक पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

### पारदर्शी, जवाबदेह शासन सुनिश्चित करने के लिए अनुशासनहीनता पर जीरो टॉलरेंस

पंजाब सिविल सेवाएं (सजा एवं अपील) नियम, 1970 के नियम 8 के तहत की गई एक सख्त जाँच प्रक्रिया के बाद इन 4 कर्मचारियों की सेवाएँ समाप्त की गई हैं। इस मामले में एक इंस्पेक्टर अपनी छुट्टी की अर्जी उच्च अधिकारियों द्वारा रद्द किए जाने के बाद 15 मार्च, 2023 से जालंधर-2 में अपने पद से अनुपस्थित था। इसी तरह, एक अन्य इंस्पेक्टर 24 जून, 2023 से लगातार अनुपस्थित पाया गया। वह निलंबित किए जाने के बावजूद अपने निर्धारित मुख्यालय को संतोषजनक स्पष्टीकरण या रिपोर्ट देने में असफल रहा। विभाग द्वारा रोपड़ रेंज के एक इंस्पेक्टर के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई, जो अपनी मंजूरशुदा एक्स-इंडिया छुट्टी की समाप्ति के बाद 29 मई, 2021 से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित था। इस कर्मचारी द्वारा स्वास्थ्य संबंधी एवं हृदय सर्जरी के दावों के बावजूद, स्वतंत्र जाँचों में उसे अपनी सरकारी ड्यूटियों में लापरवाही के लिए जिम्मेदार पाया गया क्योंकि वह वर्चुअल मोडों के द्वारा भी जाँच में शामिल होने में असफल रहा। इसके अलावा, जालंधर ऑडिट विंग का एक क्लर्क द्वारा एक्स-इंडिया छुट्टी की मंजूरी न मिलने के बाद 11 सितंबर, 2023 से ड्यूटी के लिए रिपोर्ट करने में असफल रहने के बाद उसकी सेवाएँ समाप्त कर दी गई हैं। इन चारों मामलों में, आबकारी एवं कर विभाग ने 13 मार्च, 2025 की वित्त विभाग की हिदायतों के अनुसार 'डीम्ड इस्तीफा' धारा का उपयोग किया। इस नियम के तहत एक साल से अधिक समय के लिए मंजूरशुदा छुट्टी के बिना अनुपस्थित रहने वाले किसी भी कर्मचारी को सरकारी सेवा से इस्तीफा दिया हुआ माना जाएगा। इस इस्तीफे के परिणामस्वरूप इन व्यक्तियों को कोई ग्रेच्युटी, पेंशनरी लाभ, या कोई अन्य सेवा-संबंधित लाभ नहीं दिया जाएगा। इस मामले में सक्षम अधिकारी ने पाया कि जबकि कुछ कर्मचारियों ने पारिवारिक या स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया, लेकिन वे कानूनी रूप से मंजूर समय सीमा के अंदर ड्यूटी पर पुनः हाजिर होने में असफल रहे, जिस कारण अंतिम प्रशासनिक आदेश जारी किए गए।

### बुज़ुर्गों के सम्मान और सुरक्षा के लिए मान सरकार का बड़ा कदम

# हमारे बुज़ुर्ग, हमारा मान' राज्य-स्तरीय अभियान 16 जनवरी से शुरू: डॉ. बलजीत कौर

- बुज़ुर्गों की भलाई, स्वास्थ्य और जागरूकता के लिए पंजाब सरकार द्वारा लगभग 24 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार बुज़ुर्गों की भलाई, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रभावी पहल कर रही है। इसी क्रम में सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने पंजाब भवन, चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राज्य-स्तरीय अभियान ÷हमारे बुज़ुर्ग, हमारा मान÷ की घोषणा की। यह अभियान 16 जनवरी से ज़िला एस.ए.एस. नगर (मोहाली) से शुरू किया जाएगा, जिसके अंतर्गत पूरे राज्य में बुज़ुर्गों के लिए व्यापक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बुज़ुर्ग दिवस के संदर्भ में वर्ष 2023 से यह अभियान चलाया जा रहा है। वर्ष 2023 में आयोजित शिविरों में 20,110 बुज़ुर्गों का पंजीकरण किया गया था, जिनमें आँखों की जांच, कान-नाक-गला जांच, मोतियाबिंद सर्जरी की जांच, चश्मों का वितरण, पेंशन फॉर्म, सीनियर सिटीजन कार्ड और आयुष्मान कार्ड जैसी सेवाएँ प्रदान की गईं। इस सकारात्मक अनुभव को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2026 में भी यह अभियान पूरे राज्य में ज़िला-स्तरीय शिविरों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी शिविरों में बुज़ुर्गों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ, मोतियाबिंद सर्जरी, जेरियाट्रिक जांच, एनसीडी एवं डिमेंशिया स्क्रीनिंग, कान-नाक-गला जांच, योग सत्र, कानूनी जागरूकता और अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। बुज़ुर्गों की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 14567 भी संचालित किया जा रहा है।

डॉ. बलजीत कौर ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में बुज़ुर्गों के लिए राज्य कार्य योजना के अंतर्गत 786.83 लाख रुपये खर्च किए जाएँगे। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवाओं, ओल्ड एज होम्स, डे-केयर सेंटरों और जागरूकता अभियानों सहित विभिन्न गतिविधियों के लिए कुल मिलाकर लगभग 24 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो बुज़ुर्गों के प्रति मान सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने यह भी बताया कि माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत बुज़ुर्गों के अधिकारों की रक्षा हेतु कानूनी प्रावधान किए गए हैं और मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल के माध्यम से हजारों मामलों का निपटारा किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के 14 ज़िलों में स्थित ओल्ड एज होम्स के लिए 6.82 करोड़ रुपये की ग्रांट दी जाएगी, जबकि बरनाला और मानसा में संचालित डे-केयर सेंटरों को प्रति केंद्र 2.5 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही, ज़िला मानसा में 72 बिस्तरों की क्षमता वाले सरकारी वृद्धाश्रम का उद्घाटन 10 जनवरी 2026 को किया जाएगा। अंत में डॉ. बलजीत कौर ने बुज़ुर्गों और उनके परिवारों से अपील की कि वे ज़िला-स्तरीय शिविरों में भाग लेकर पंजाब सरकार द्वारा प्रदान की जा रही निःशुल्क सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएँ।

# भारतीय किसान यूनियन एकता डकौंदा की गांव सलेमपुरा यूनिट का चुनाव संपन्न

## मजदूर नेता मुकेश मलौद की गिरफ्तारी के विरोध में पंजाब सरकार का पुतला फूंका

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 1 जनवरी।** भारतीय किसान यूनियन एकता डकौंदा की गांव यूनिट का चुनाव सिधवां बेट के पास स्थित गांव सलेमपुरा में शांतिपूर्ण ढंग से और सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। यह चुनाव ब्लॉक असिस्टेंट सेक्रेटरी जसविंदर सिंह भमल की अगुवाई में कराया गया, जिसमें सभी पदों पर बिना किसी विरोध के पदाधिकारियों का चयन किया गया। चुनाव के दौरान मनजिंदर सिंह सलेमपुरा को यूनिट का अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा सुखविंदर सिंह को उपाध्यक्ष, जगदीश सिंह को सचिव, जीत सिंह को सहायक सचिव और बेअंत सिंह को खजांची नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संगठन की ओर से बधाई दी गई और किसानों व मजदूरों के हित में संघर्ष को और तेज करने का संकल्प लिया गया। बैठक के दौरान किसानों और मजदूरों से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। बिजली के पूर्ण निजीकरण, बीज अधिनियम और वर्ल्ड ट्रेड एग्रीमेंट के जरिए किसानों को खेती से बाहर करने की नीतियों का विरोध करने का फैसला लिया गया। साथ ही मनरेगा योजना को दोबारा प्रभावी रूप से लागू करने और पुराने श्रम कानूनों की बहाली की मांग भी दोहराई गई। यूनाइटेड किसान मोर्चा के आह्वान पर 16 जनवरी को लुधियाना के डीसी कार्यालय के सामने होने वाले बड़े विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। चुनाव के बाद गांव में एकत्र लोगों ने मजदूर नेता मुकेश मलौद की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन किया और पंजाब सरकार का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए मुकेश मलौद की तत्काल रिहाई की मांग की। अंत में वक्ताओं ने गांववासियों को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निजीकरण और सांप्रदायिक फासीवाद के खिलाफ एकजुट संघर्ष ही किसानों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा का मार्ग है।

# गांव भांखरपुर में बड़ा ऐलान: अब एक इंच जमीन पर भी नहीं बनेगी अवैध कॉलोनी

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 1 दिसंबर।** डेराबस्सी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव भांखरपुर की पंचायत ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ ऐतिहासिक और कड़ा फैसला लेते हुए साफ कर दिया है कि अब गांव की सीमा में एक इंच जमीन पर भी गैर-कानूनी कॉलोनी नहीं काटने दी जाएगी। पंचायत के इस फैसले को गांव के भविष्य और आम लोगों के हित में बेहद सराहनीय कदम माना जा रहा है। गांव की सरपंच मनदीप कौर की अध्यक्षता में पंचायत ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि जो कॉलोनी पंजाब सरकार और पुडा विभाग के नियमों के अनुसार विकसित नहीं होगी, वहां पंचायत की ओर से कोई भी सरकारी सुविधा नहीं दी जाएगी। इनमें पीने के पानी की सप्लाई, सीवरेज व्यवस्था, पक्की गलियां, नालियां, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं। सरपंच मनदीप कौर ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि कोई कॉलोनाइज़र गांव भांखरपुर में कॉलोनी विकसित करना चाहता है, तो उसे सभी सरकारी नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। कॉलोनी में 35 फुट चौड़ी सड़कें और न्यूनतम 100 गज के प्लॉट होना जरूरी है। नियमों की अनदेखी कर कॉलोनी काटने की स्थिति में उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित कॉलोनाइज़र और वहां प्लॉट खरीदने वाले व्यक्ति की खुद की होगी। पंचायत ने आम लोगों और प्लॉट खरीदने वालों को भी सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी अवैध कॉलोनी में प्लॉट खरीदने से पहले पूरी जांच-पड़ताल करें, क्योंकि बाद में किसी भी प्रकार की सरकारी सुविधा की उम्मीद नहीं की जा सकेगी। पंचायत का कहना है कि अवैध कॉलोनियों के कारण गांव के संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है और भविष्य में आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पंचायत ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में किसी भी गैर-कानूनी निर्माण पर सरकारी फंड का एक पैसा भी खर्च नहीं किया जाएगा। इस मौके पर पंचायत सदस्य करमजीत कौर, हरप्रीत कौर, मनप्रीत कौर, देविंदर सिंह, बलजिंदर सिंह, गुरमीत सिंह, भूपिंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में गांववासी मौजूद रहे।

### कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए ए.आई. का उपयोग करेगा पंजाब

# आई.आई.टी. रोपड़ के सहयोग से एआई-आधारित कृषि सुधारों पर फोकस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** आधुनिक तकनीकों के माध्यम से कृषि उत्पादन बढ़ाने और टिकाऊ विकास को गति देने के उद्देश्य से पंजाब सरकार कृषि क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। इसी सिलसिले में पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने पंजाब भवन, चंडीगढ़ में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें आई.आई.टी. रोपड़ में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के विशेषज्ञों के साथ एआई-आधारित समाधानों को अपनाने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।



बैठक के दौरान कृषि उत्पादन में वृद्धि, टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आय में इजाफा करने के लिए एआई तकनीकों के प्रभावी उपयोग का रोडमैप तैयार करने पर चर्चा की गई। स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि जमीनी स्तर पर किसानों को वास्तविक लाभ पहुँचाने के लिए उन्नत तकनीकों का उपयोग समय की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजाब सरकार एआई से जुड़े पायलट प्रोजेक्ट्स को लागू करने और जिलों में इनके विस्तार के लिए पूर्ण सहयोग देगी।

कृषि मंत्री ने अधिकारियों को ऑटोमैटिक मौसम स्टेशनों की स्थापना, फील्ड डेटा एकत्र करने में किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने, बागबानी क्लस्टरों को तकनीकी सहायता देने और एआई-आधारित पशुधन उत्पादकता समाधानों के विस्तार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन पहलों से न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने में भी किसानों को सहायता मिलेगी।

स. खुड्डियां ने आई.आई.टी. रोपड़ द्वारा कृषि में एआई और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू करने की पहल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं के कौशल विकास के साथ-साथ सरकारी अधिकारियों की क्षमता निर्माण को भी मजबूती मिलेगी। पंजाब के विद्यार्थियों और अधिकारियों के लिए विशेष आरक्षण से राज्य का कृषि-तकनीकी मानव संसाधन और सशक्त होगा।

बैठक में आई.आई.टी. रोपड़ के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पुष्पेंद्र पी. सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा लगभग 310 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत एआई-आधारित फसल सलाह प्रणाली, बहुभाषी किसान चैटबॉट, फसलों के डिजिटल ट्विन्स, उपज अनुमान मॉडल, मिट्टी स्वास्थ्य विश्लेषण, मौसम इंटेलिजेंस टूल और स्मार्ट पशुधन प्रबंधन एप्लीकेशन विकसित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर कृषि विभाग के सचिव अर्शदीप सिंह थिंद, एमडी पंजाब एग्रो हरगुंजीत कौर, डायरेक्टर कृषि जसवंत सिंह, डायरेक्टर पशुपालन परमदीप सिंह वालिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त सुशासन सहयोगियों को दिया सुशासन का मंत्र

## कहा-राज्य सरकार का शिक्षा, स्वास्थ्य, अपशिष्ट प्रबंधन, मानव संसाधन, बुनियादी ढांचा और सुशासन पर विशेष फोक्स

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा




**पंचकूला, 1 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को स्वर्ण जयंती हरियाणा इंस्टीच्यूट ऑफ फिस्कल मैनेजमेंट सेक्टर-3 में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी 2.0 के अंतर्गत नवनियुक्त सुशासन सहयोगियों की आयोजित पहली बैठक की अध्यक्षता की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगियों को स्टेशन आवंटित किए। सभी सुशासन सहयोगी कल 2 जनवरी से अपने-अपने संबंधित जिलों में कार्यभार संभालेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार सेवा भाव के साथ सुशासन के माध्यम से आमजन के जीवन को सुगम बनाने और योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर ख? व्यक्ति तक पंहुचाने का कार्य कर रही है। उनका विजन हरियाणा को सुशासन के क्षेत्र में देश का उदहारण बनाना है और इस दिशा में सुशासन सहयोगी एक बड़ी जिम्मेदारी निभाने जा रहे है। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण गुप्ता, अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार, उप प्रधान सचिव और सीएमजीजीए कार्यक्रम के परियोजना निदेशक श्यशपाल सिंह, मुख्यमंत्री के ओएसडी राकेश संधु और सभी जिलों के उपायुक्त भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित नवनियुक्त सीएमजीजीएज और सभी जिला उपायुक्तों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेरे लिए सुशासन का अर्थ है- पारदर्शिता, जवाबदेही और समावेशन। उन्होंने कहा कि सुशासन सहयोगी उपायुक्तों के सबसे उपयोगी सहयोगी हैं और ये युवा विभिन्न विभागों के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि उपायुक्त सुशासन सहयोगियों का प्रदेश के विकास में पूरा सहयोग लें। ये उनके साथ मिलकर प्रशासन की क्षमता ब?ाने के लिए कार्य करेंगे। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास', यह केवल नारा नहीं है। यह हमारा प्रशासनिक संकल्प है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हमें मजबूत ढाँचा बनाना होगा। वह ढांचा बनता है बेसिक चीजों से, अपशिष्ट प्रबंधन, मानव संसाधन, और सही गवर्नेंस से। नायब सिंह सैनी ने कहा कि सुशासन वास्तव में 'घटित' तब होता है, जब किसान को, मजदूर को समय पर सरकारी नीतियों का लाभ मिले। वंचित वर्गों को उनके हक मिलें। जब नागरिकों को स्वास्थ्य केंद्र में सम्मानजनक और गुणवत्तापूर्ण सेवा मिले और जब बच्चों को विद्यालय में वास्तविक अर्थों में अच्छी शिक्षा मिले। सुशासन का यही अर्थ है कि बनी हुई योजनाओं और नीतियों का धरातल पर असर दिखाई दे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन करने का कार्य किया है। आज लोगों को घर बैठे विभिन्न कल्याणारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है और उन्हें अपने कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। इसके परिणामस्वरूप लोगों का विश्वास सरकार में मजबूत हुआ है और यहीं सुशासन की पहचान है। उन्होंने कहा कि हरियाणा क्षेत्रफल और जनसंख्या की दृष्टि से एक छोटा राज्य होते हुए भी अनेक क्षेत्रों में देश में अग्रणीय है। यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा को देश का ग्रोथ इंजन कहा है। प्रधानमंत्री के 2047 तक देश को विकसित राष्ट बनाने के विजन को साकार करने में हरियाणा की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने उपायुक्तों और सुशासन सहयोगियों से आह्वान किया कि वे मिलकर राज्य सरकार द्वारा चिन्हित 6 महत्वपूर्ण क्षेत्रों शिक्षा, स्वास्थ्य, अपशिष्ट प्रबंधन, मानव संसाधन, बुनियादी ढांचा और सुशासन की दिशा में कार्य करते हुए विकसित हरियाणा-विकसित भारत के विजन का साकार करने में अमूल्य योगदान दें। उन्होंने कहा कि अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। यह केवल साफ सफाई का मुद्दा नहीं बल्कि स्वास्थ्य, पर्यावरण और नागरिकों की गरिमा से जुडा हुआ है। इससे पहले मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव और सीएमजीजीए कार्यक्रम के परियोजना निदेशक यशपाल ने सीएमजीजीए कार्यक्रम के मॉड्यूल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ग्लोबल विलेज फाउंडेशन के निदेशक सुमित कुमार ने सीएमजीजीए कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि नवनियुक्त सीएमजीजीए को प्रशासनिक सुधार, नीति निर्माण सहित विभिन्न विषयों पर 140 घंटो से अधिक का प्रशिक्षण दिया गया है और 68 से उपर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए है।

# ठंड के मौसम में जरूरतमंद की सहायता करना सबसे बड़ी सेवा: जडौला

कहा- जरूरतमंदों की सहायता करना भगवान की पूजा करने के समान



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 1 जनवरी।** पूर्व हैफेड डायरैक्टर एवं समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि जरूरतमंद की सहायता व सहयोग करना समाज के हर वर्ग का दायित्व बनता है। इसके लिए हर वर्ग को निस्वार्थ भाव से आगे आना चाहिए। ठंड के मौसम में समाजसेवी संस्थाओं व लोगों द्वारा जरूरतमंदों की सहायता करने के कार्य की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। नई अनाज मंडी ढांड में अपने प्रतिष्ठान पर एक भेंटवार्ता में बातचीत करते हुए समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब, असहाय व जरूरतमंद की सहायता करना सबसे बड़ी पूजा व सेवा है। निस्वार्थ भाव से की गई सेवा का फल हमेशा मीठा होता है। ऐसे पुनीत कार्य के लिए हर वर्ग को खासकर समाजसेवी संस्थाओं को समय-समय पर आगे आना चाहिए, ताकि ऐसे लोग भी समाज के साथ जुड़ सके। रामचंद्र जडौला ने कहा कि समाज का हर वर्ग ऐसे अच्छे कार्यो के लिए हमेशा आगे रहा है, लेकिन कई बार ऐसा होता है कि जरूरतमंद को सहायता नहीं मिलती है। जबकि उसको जरूरत होती है। इसके लिए जरूरी है कि ऐसे लोगों की पहचान कर उनको ही जरूरत की सुविधा मुहैया कराई जाए, ताकि उनको इसका लाभ मिल सके। पूर्व डायरैक्टर जडौला ने कहा कि अपनी नेक कमाई में से जरूरतमंदों की सहायता करना भगवान की पूजा करने के समान है। समाज में कई ऐसे लोग है, जो अपने परिवार का गुजर-बसर काफी मुश्किल से कर पाते है और इस ठंड के मौसम में गर्म वस्त्रों से भी वंचित है। सही मायनों में ऐसे लोगों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य है।

## न्यूज ब्रीफ

### हवन व भंडारे के साथ स्कूल में मनाया नव वर्ष



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा के डिस्कवरी वर्ल्ड स्कूल में वीरवार को नव वर्ष के अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन के साथ हुआ, जिसमें स्कूल संचालक रोहित गर्ग, अमित दुआ, राकेश गर्ग, रितु दुआ, संगीता सहित स्कूल की सभी शिक्षक व शिक्षाओं ने स्कूल व बच्चों की सुख-समृद्धि के लिए आहुतियां डाली। स्कूल की प्रधानाचार्या रूबी त्यागी ने विद्यार्थियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। स्कूल संचालक रोहित गर्ग ने भी सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी और सभी को आपसी प्रेम, भाईचारे अनुशासन और सकारात्मक सोच के महत्व को समझाया। इस अवसर पर स्कूल में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में स्कूली बच्चों, अभिभावकों, स्कूल स्टाफ सहित अनेक लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

### नववर्ष पर करवाया हनुमान चालीसा का पाठ




**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** अखंड हनुमान मंदिर में नव वर्ष के अवसर पर वीरवार को संगीतमय सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ करवाया गया। पाठ के बाद मंदिर में क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए हवन का भी आयोजन किया गया, जिसमें अनेक भक्तों ने पहुंचकर आहुतियां डाली। हवन से पूर्व भक्तों ने हनुमान पर सिंदूर युक्त तेल व लंगोट चढ़ाकर हनुमान की पूजा-अर्चना की। पाठ व हवन मंदिर के पूजारी द्वारा विधिवित पूर्वक करवाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हलवा-पूरी, छोले व कड़ी-चावल का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के साथ-साथ मंदिर के बाहर गर्म-गर्म चाय का भी लंगर लगाया गया, जिसमें आने-जाने वाले मुसाफिरों को गर्म-गर्म चाय पिलाई गई। मंदिर में आए सभी भक्तों को स्वामी सत्यानंद महाराज ने प्रसाद देकर अपना आशीर्वाद दिया व हनुमान की महिमा के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर अनेक भक्त मौजूद थे।

### रेलिंग तोड़कर गाड़ी नहर में गिरी युवक की हुई मौत

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** शहर के जाखल खंड के गांव चांदपुरा के पास भाखड़ा नहर में एक रेलिंग तोड़कर गाड़ी भाखड़ा नहर में जा गीरी जिसमें कार सवारों को बचाने के लिए गोताखोरों की टीम बुलाई गई और गोताखोरों ने बड़ी मेहनत के साथ गाड़ी को बाहर निकाला और गाड़ी चला रहा युवक अंदर ही फंसा रहने के कारण उसकी मौत हो गई शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है स्थानीय प्रत्यक्ष दर्शियों द्वारा पुलिस को यह सूचना दी गई की रेलिंग को तोड़ते हुए एक गाड़ी भाखड़ा नहर में गिर गई सूचना मिलते ही जाखल थाना प्रभारी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और नहर में गिरी गाड़ी में सवारी की जान माल की सुरक्षा से निकालने के लिए गोताखोर बुलाए गए और फिर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। भाखड़ा नहर में पानी का वहाव बहुत तेज होने के कारण गोताखोरों को रेस्क्यू अभियान में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और जब गोताखोरों की कड़ी मेहनत से कार को ढूंढ कर नहर से बाहर निकलने में कामयाब हुए तब तक चालक की मौत हो चुकी थी और गाड़ी में एक ही व्यक्ति सवार बताया गया है और कार टोहाना की तरफ से आ रही थी मृतक टोहाना के नजदीक गांव समेन का रहने वाला है जिसकी पहचान असलम पुत्र चिराग दिन निवासी समेन तहसील टोहाना जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है और अभी मामले की जांच जारी है।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर हुआ संपन्न

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** स्थानीय मॉडल के एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल टोहाना में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। सात दिनों तक चले इस शिविर में स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से सेवा का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि संबोधन कार्यक्रम के समापन समारोह में डॉ. सचदेवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र की शक्ति हैं और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर एक स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य 'स्वयं से पहले सेवा' है, जिसे हर विद्यार्थी को अपने जीवन में उतारना चाहिए। एनएसएस के इन्चार्ज अनिल कुमार व नीति ने बताया शिविर की मुख्य गतिविधियाँ इन सात दिनों के दौरान स्वयंसेवकों ने निम्नलिखित कार्य किए जागरूकता अभियान, स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति ग्रामीणों और विद्यार्थियों को जागरूक किया। चरित्र निर्माण अनुशासन और टीम वर्क के माध्यम से व्यक्तित्व विकास पर ध्यान दिया गया। बुराइयों का त्याग स्वयंसेवकों ने शपथ ली कि वे न केवल स्वयं बुराइयों से दूर रहेंगे बल्कि समाज को भी जागरूक करेंगे। सम्मान समारोह स्कूल प्रिंसिपल रणधीर पूनिया की ओर से मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। शिविर के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# नए साल पर लें प्रण, छोड़ दें बुराई: संत मनदीप दास

श्री गुरु रविदास धर्म अस्थान सिरसगढ़ में नववर्ष पर उमड़ी संगत

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा, 1 जनवरी।** अम्बाला-यमुनानगर रोड स्थित प्रसिद्ध श्री गुरु रविदास धर्म अस्थान सिरसगढ़ में नववर्ष पर सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों से भारी संख्या ने पहुंचकर गुरूघर में माथा टेका और संतजनों का आशीर्वाद लिया। सर्दी के बावजूद भी संगत की श्रद्धा देखते ही बनी। सत्संग समागम में कीर्तनी जत्थों ने गुरू रविदास जी की महिमा का बखान किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत मनदीप दास महाराज ने कहा कि जो संगत गुरूघर में पहुंची है, नववर्ष में उनके घरों में खुशियां आएं और गुरू रविदास जी महाराज की कृपा उनपर बनी रही। उन्होंने कहा कि गुरूघर में आएं तो यहां से अच्छी बातें लेकर जाएं और बुरी बातें छोड?र जाएं। नववर्ष पर एक प्रण लें कि वह इस वर्ष एक बुराई छोड़ दें। यदि कोई नशा करता है तो वह नशा छोड़ दे। इसके अलावा चुगली, निंदा, वैर-विरोध आदि बुराईयों को त्यागकर अच्छा और सादा जीवन जीएं। गुरू रविदास जी की वाणी का सिमरण करें। गुरू रविदास जी ने भी अपनी वाणी में मानव को नशा और बुराईयां छोडने का आह्वान किया है। उनकी वाणी से प्रभावित होकर ही अनेकों राजा-रानियां गुरूजी के शिष्य बने। बाहरी चमक-दमक को छोड़कर अपने भीतर अच्छाई का उजाला करें। इस अवसर पर अमित मल, सुरमुख सौंडा, राकेश कुमार, प्रकाश भारती, संजीव सरपंच उपलाना समेत भारी संख्या में संगत मौजूद रहे।

## चालान काटकर नहीं, फूल देकर व हेलमेट पहनाकर पढ़ाया यातायात के नियमों का पाठ

# यातायात नियमों की पालना सभी के लिए अनिवार्य: एसपी

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 1 जनवरी।** कैथल में नववर्ष के अवसर पर सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृहस्पतिवार को सिगमा ग्रुप कैथल द्वारा नवग्रह चौक पर अमूल्य जीवन सुरक्षा के लिए निश्शुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैथल की पुलिस अधीक्षक उपासना ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। पुलिस अधीक्षक उपासना ने चालान काटकर नहीं बल्कि बिना हेलमेट पहने वाले लोगों को फूल देकर व हेलमेट पहनाकर यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर डीएसपी सुशील प्रकाश, ट्रैफिक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतपाल, ट्रैफिक पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा सिगमा ग्रुप के सदस्य संदीप मोर व संजय मोर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक उपासना द्वारा दोपहिया वाहन चालकों को निश्शुल्क हेलमेट वितरित किए गए तथा यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को ट्रैफिक पुलिस द्वारा गुलाब देकर सम्मानित भी किया गया। इस पहल का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सडक़ दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करना रहा। उन्होंने वाहन चालकों को संबोधित करते हुए कहा कि सडक़ दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन चालकों की मौत का सबसे बड़ा कारण हेलमेट न पहनना है। किसी भी दुर्घटना के दौरान हेलमेट सिर को गंभीर चोट से बचाता है और जीवन रक्षा में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए पहनना चाहिए। उन्होंने कहा कि कैथल पुलिस द्वारा यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन जब तक आम नागरिक स्वयं सजग नहीं होंगे, तब तक सडक़ दुर्घटनाओं में अपेक्षित कमी लाना संभव नहीं है।

### बेजुबानों की जुबान बनकर उनकी सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य हैं: पार्षद

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** बंदरों का लोगों के दिलों में विशेष स्थान है। उन्हें पवित्र माना जाता है और भगवान हनुमान का दूत समझा जाता है। हालांकि, बढ़ते शहरीकरण के कारण उनके प्राकृतिक भोजन के स्रोत कम हो गए हैं, जिससे वे भूखे और असुरक्षित हो गए हैं इसी क?ी में पार्षद मनीष बेनीवाल ने नववर्ष की शुरुआत स्ट्रीट मंकीज़ को भोजन कराकर की। इस नेक पहल के तहत पार्षद मनीष बेनिवाल नें नामु?ा नहर किनारे पहुँच कर सैक?ो बंदरों को भोजन और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया। जिससे उनका स्वास्थ्य और जीवन सुनिश्चित रहेंगा। पार्षद मनीष बेनीवाल ने बताया कि मानव और बंदरों का हमेशा से गहरा महत्व रहा है। दुर्भाग्यवश, पेड़ों और भोजन के स्रोतों में कमी के कारण उन्हें जीवनयापन में कठिनाई हो रही है। इसी कों लोकर पौष्टिक भोजन और पानी उपलब्ध कराने का दायित्व उठाया है ताकि वे स्वस्थ रह सकें। भगवान हनुमान के दूत बंदरों को भोजन कराना हिन्दू धर्म में एक शुभ कार्य माना जाता है, जो उनकी सेवाभाव के लिए समर्पित हैं।

# विदेश भेजने के नाम पर 3 आरोपियों ने हड़पे 11 लाख रुपए

## इंडोनेशिया भेजकर ऑस्ट्रेलिया का नकली वीजा दिया

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 1 जनवरी।** तीन लोगों ने ढांड के एक युवक को विदेश भेजने के नाम पर 11 लाख रुपए हड़प लिए। अरोपियों ने उसे ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा दिया था और उसे इंडोनेशिया भेजकर ऑस्ट्रेलिया का नकली वीजा दे दिया। जब जांच करवाई तो फर्जी पाया गया। इस संबंध में युवक ने ढांड को पुलिस को शिकायत दी है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ढांड निवासी सोहन लाल ने पुलिस को अपनी दी शिकायत में बताया कि वह साल 2022 में सिंगापुर पढने के लिए गया था और अपनी पढ़ाई सही तरीके से कर रहा था। दिसंबर 2023 में उसकी वॉटसऐप के माध्यम से होशियारपुर पंजाब के साहिल कुमार कैथ, गांव परौली रावतपुर कानपुर यूपी के दीपेंद्र सिंह व दिल्ली के कासिम मोहम्मद से बातचीत हुई। तीनों व्यक्तियों ने उसे कहा कि वे युवकों को विदेश में भेजने का काम करते है और उसे सिंगापुर से ऑस्ट्रेलिया भेज देंगे।

इसके लिए आरोपियों ने 12 लाख रुपए मांगे। उसने बताया कि जनवरी 2024 को तीनों व्यक्तियों ने ढांड में आकर उसके पिता से बातचीत की और पूरा आश्वासन दिया कि वे सोहन लाल को सिंगापुर से एक नवंबर को ऑस्ट्रेलिया भेज देंग। आरोपियों ने परिवार से उसके पासपोर्ट की कॉपी व तीन लाख रुपए ले गए। जब आरोपियों ने और रुपए मांगे तो परिवार ने उनको 8 लाख रुपए खाते में भेज दिए। कुछ समय बाद आरोपियों ने उसके पास ऑस्ट्रेलिया का वीजा भेजा। वह वीजा पर विश्वास करके 13 जनवरी 2024 को सिंगापुर से इंडोनेशिया चला गया। आरोपियों ने वहां पर उसे करीब 10 दिन रखा। जब उसने इंडोनेशिया एंबेसी को वीजा दिखाया तो वह वीजा फर्जी पाया गया। 24 जनवरी को वह भारत वापस आ गया।

शिकायतकर्ता ने कहा कि ऐसा करके आरोपियों ने उसके साथ 11 लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी की है। ढांड थाना के जांच अधिकारी राजेंद्र ने बताया कि मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने नववर्ष 2026 पर कुरुक्षेत्रवासियों को दी शुभकामनाएं

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने नववर्ष 2026 के शुभ अवसर पर जिला के समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि नववर्ष जीवन में नई संभावनाओं, नई उम्मीदों और सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक होता है। यह समय है आत्ममंथन कर नई ऊर्जा एवं उत्साह के साथ अपने दायित्वों को और अधिक जिम्मेदारी से निभाने का। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला कुरुक्षेत्र एक तेजी से विकसित होता जिला है और इसके सतत विकास में प्रशासन के साथ-साथ आमजन की सहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास जताया कि नववर्ष में नागरिक आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करते हुए सामाजिक मूल्यों एवं आदर्शों को अपनाएंगेजिससे जिला प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा।

# नौकरी दिलाने का लालच देकर तलाकशुदा महिला से दुष्कर्म

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 1 जनवरी।** कौशल रोजगार निगम में नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक तलाकशुदा महिला के साथ दुष्कर्म किए जाने का गंभीर मामला उजागर हुआ है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर की एक कॉलोनी निवासी 32 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी हो चुकी थी, लेकिन बाद में उसका तलाक हो गया। तलाक के बाद वह रोजगार की तलाश में थी। इसी दौरान अगस्त माह में उसकी पहचान अनिल कुमार नामक युवक से हुई। आरोपी ने खुद को अधिकारियों व नेताओं से संपर्क में बताया और कौशल रोजगार निगम के तहत किसी सरकारी विभाग में नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। महिला के अनुसार 2 सितंबर को आरोपी उसके घर पहुंचा। वहां उसने नौकरी दिलाने का झांसा देते हुए उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। महिला ने आरोप लगाया कि जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। डर और सामाजिक दबाव के चलते वह काफी समय तक चुप रही, लेकिन बाद में हिम्मत जुटाकर पुलिस से शिकायत की। महिला की शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच सिविल लाइन थाना की जांच अधिकारी एएसआई सुदेश को सौंपी गई है।

# सीवरेज जेटिंग मशीन से सुधारी जाएगी सफीदों शहर की सीवरेज व्यवस्था

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद, 1 जनवरी।** सफीदों शहर की सीवरेज व्यवस्था को और अधिक सुचारू एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। विधायक रामकुमार गौतम ने जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा खरीदी गई अत्याधुनिक सीवरेज जेटिंग मशीन को हरी झंडी दिखाकर शहर में कार्य के लिए रवाना किया।

इस अवसर पर विधायक रामकुमार गौतम ने बताया कि सफीदों शहर में लगभग 55 किलोमीटर लंबी सीवरेज लाइन बिछी हुई है, जिसकी नियमित सफाई और रखरखाव के लिए यह मशीन अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। यह मशीन लगभग 20 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई है, जिससे सीवरेज लाइनों में होने वाले जाम, गंदगी और ओवरफ्लो की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि सीवरेज जेटिंग मशीन के माध्यम से उच्च दबाव के पानी से पाइप लाइनों की सफाई की जाएगी, जिससे सीवरेज व्यवस्था लंबे समय तक सुचारू रूप से चलती रहेगी और शहरवासियों को गंदगी व जलभराव जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। यह कदम स्वच्छता और जनस्वास्थ्य की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

विधायक ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मशीन का उपयोग नियमित रूप से किया जाए ताकि सीवरेज से जुड़ी शिकायतों का समय पर निपटारा हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और संबंधित विभागो के अधिकारी शहर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और भविष्य में भी नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए ऐसे ही कार्य किए जाते रहेंगे। इस मौके जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ राकेश शर्मा ने बताया कि शहर वासियों की सुविधा के लिए खरीदी गई यह मशीन सीवरेज की सफाई व्यवस्था करने के लिए काफी कारगर सिद्ध होगी।

## मैकाऊ में भारतीय कराटे खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

# 6 पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया

अर्थप्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 1 जनवरी।** मैकाऊ में 26 से 28 दिसंबर 2025 तक आयोजित एएसएडी एलीट कराटे लीग में भारतीय कराटे खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश का गौरव बढ़ाया। भारतीय टीम ने इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में दो रजत और चार कांस्य पदक जीतकर कुल छह पदक अपने नाम किए। पदक तालिका में भारत ने पांचवां स्थान हासिल किया।

इस प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ियों ने हार्डकोर स्पोर्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन (एचएसडब्ल्यूएफ) के बैनर तले भाग लिया। भारत का प्रतिनिधित्व एचएसडब्ल्यूएफ के अध्यक्ष द्वारा किया गया, जबकि योगेश शर्मा ने भारतीय टीम के कोच के रूप में अहम भूमिका निभाई।

भारतीय खिलाड़ियों में नवप्रीत कौर और गर्नीत कौर ने रजत पदक,जबकि पार्थ जगलान, प्रिक्षित जगलान, इशप्रीत कौर और परनीत कौर ने कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया।

एचएसडब्ल्यूएफ देशभर में उभरते खिलाड़ियों को अधिकतम अवसर प्रदान करने और उनकी प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने के लिए जमीनी स्तर पर लगातार कार्य कर रहा है। भारतीय खिलाड़ियों की यह उपलब्धि न केवल कराटे खेल के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है।

कांस्य पदक विजेता पार्थ जागलान ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व की बात है। यह पदक सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि पूरे देश, मेरे कोच और उन सभी लोगों का है जिन्होंने कठिन समय में मेरा साथ दिया। आगे मेरा लक्ष्य आने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन कर भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतना है।

वहीं परीक्षित जागलान ने कहा, मैकाऊ जैसी बड़ी प्रतियोगिता में पदक जीतना हर खिलाड़ी का सपना होता है। यह सफलता कड़ी मेहनत, अनुशासन और कोच के मार्गदर्शन का परिणाम है। हम आने वाले समय में अपनी कमजोरियों पर और मेहनत करेंगे ताकि भारत को और ऊंचे मुकाम तक पहुंचा सकें।

कोच योगेश शर्मा ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि टीम ने सीमित संसाधनों के बावजूद बेहतरीन जज्बा दिखाया है और भविष्य में भारतीय कराटे खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर बड़ी संभावनाएं हैं।

उल्लेखनीय है कि एचएसडब्ल्यूएफ देशभर में खिलाड़ियों को अधिकतम अवसर देने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए जमीनी स्तर पर लगातार कार्य कर रहा है। मैकाऊ में मिली यह सफलता भारतीय कराटे के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम मानी जा रही है।

## 2025 में पंजाब प्रशासन में बड़ा डिजिटल बदलाव

# 1.85 लाख लोगों को घर बैठे मिलीं 437 सेवाएं मान सरकार ने खत्म किया दफ्तरों का चक्कर

प्रशासनिक ढांचे को पूरी तरह से डिजिटल और नागरिक-अनुकूल बनाकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़ ,1 जनवरी 2026।** मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने वर्ष 2025 तक राज्य के प्रशासनिक ढांचे को पूरी तरह से डिजिटल और नागरिक-अनुकूल बनाकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। पंजाब आज देश का ऐसा राज्य बनकर उभरा है जहाँ सरकार दफ्तरों से नहीं, बल्कि लोगों के घरों से चल रही है। प्रशासनिक सुधारों की इस लहर ने न केवल सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही तय की है, बल्कि दशकों से चली आ रही सिफारिश और देरी की संस्कृति को भी जड़ से उखाड़ फेंका है।

जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने बताया कि राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों के कारण आज पंजाब का आम नागरिक अपने घर की चौखट पर बैठकर सरकारी सेवाओं का लाभ उठा रहा है। 'भगवंत मान सरकार तुहाड़े द्वार' योजना इस डिजिटल क्रांति का सबसे मजबूत स्तंभ साबित हुई है, जिसके माध्यम से अब तक 1.85 लाख से अधिक नागरिकों को उनके घर पर ही 437 प्रकार की विभिन्न सेवाएं प्रदान की जा चुकी हैं। यह योजना न केवल समय की बचत कर रही है, बल्कि बुजुर्गों और ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बड़े सहारे के रूप में उभरी है।

प्रशासनिक दक्षता का सबसे बड़ा उदाहरण राजस्व विभाग में देखने को मिला है, जहाँ पटवारियों द्वारा 12.46 लाख से अधिक आवेदनों का ऑनलाइन निपटारा किया गया है। तकनीक के इस समावेश ने जमीन-जायदाद से जुड़े उन कार्यों को सरल बना दिया है जो कभी भ्रष्टाचार और देरी का मुख्य केंद्र हुआ करते थे। अब पूरी प्रक्रिया पेपरलेस हो चुकी है और क्यूआर-कोडेड डिजिटल सर्टिफिकेट के माध्यम से सुरक्षा और प्रामाणिकता को नया आयाम मिला है। इससे नागरिकों को अब दफ्तरों के चक्कर काटने या बिचौलियों की मदद लेने की कोई आवश्यकता नहीं रह गई है।

### 'डिजिटल डैशबोर्ड' के माध्यम से की जा रही रियल-टाइम निगरानी

सरकार की इस सफलता का मुख्य आधार 'डिजिटल डैशबोर्ड' के माध्यम से की जा रही रियल-टाइम निगरानी है। इस अत्याधुनिक सिस्टम की बदौलत सभी विभागीय सेवाओं की पेंडेंसी (लंबित मामले) घटकर अब मात्र 0.33 फीसदी रह गई है, जो राज्य के प्रशासनिक इतिहास में अब तक का सबसे निचला स्तर है। मंत्री अमन अरोड़ा ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान का स्पष्ट निर्देश है कि जनता का काम बिना किसी बाधा के समय सीमा के भीतर होना चाहिए। आज पंजाब ने यह साबित कर दिया है कि तकनीक और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के मेल से एक पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त शासन व्यवस्था स्थापित की जा सकती है, जो सीधे तौर पर आम आदमी के कल्याण के लिए समर्पित है।

## डीजीपी सिंघल के चार्ज लेते ही द्यदो आईपीएस अधिकारियों की बढ़ी जिम्मेदारी, 3 बदले

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** आईपीएस अजय सिंघल के हरियाणा पुलिस के महानिदेशक का कार्यभार संभालने के बाद गुरुवार को विभाग में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का फेरबदल किया गया। सरकार की ओर से पांच आईपीएस अधिकारियों में से तीन अधिकारियों को स्थानांतरित करने के अलावा दो के कार्यभार में बढ़ौतरी की गई है। वर्ष 1991 बैच के आईपीएस आलोक मित्तल को मौजूदा प्रबंध निदेशक, हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन, जिनके पास रेजिडेंट कमिश्नर, हरियाणा का अतिरिक्त प्रभार भी है, के अलावा अब महानिदेशक, कारागार, हरियाणा, पंचकूला का भी कार्यभार भी देखेंगे। इसी प्रकार आईपीएस अश्विंदर सिंह चहल को हरियाणा पुलिस अकादमी से बदल कर पुलिस महानिदेशक, राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हरियाणा का चार्ज सौंपा गया है। उनकी जगह आईपीएस कला रामचंद्रन को पुलिस अकादमी का कार्यभार दिया गया है। वहीं डा. सी.एस. राव, आईपीएस (1995) को एडीजीपी/होम गार्ड्स, हरियाणा, पंचकूला के अलावा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, हरियाणा मानवाधिकार और मुकदमेबाजी, हरियाणा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# 2030 तक अरावली संरक्षण के लिए हरियाणा की ठोस कार्ययोजना, ग्रीन वॉल परियोजना पर तेजी से काम : राव नरबीर

मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण व सूखे की चुनौती से निपटने में अरावली बनेगी प्राकृतिक ढाल

प्रधानमंत्री के मिशन 'लाइफ' और 'एक पेड़ मां के नाम' से प्रेरित योजनाओं को हरियाणा में मिल रहा विस्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** हरियाणा के वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार अरावली पर्वत श्रृंखला के संरक्षण के प्रति पूरी तरह गंभीर और प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार हरियाणा अरावली ग्रीन वॉल परियोजना पर प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है, जिसके अंतर्गत मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखे जैसी गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस परियोजना को वर्ष 2030 तक क्रियान्वित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा चुकी है।

वन मंत्री ने कहा कि हरियाणा वह पावन भूमि है जहाँ से वैदिक सभ्यता की शुरुआत हुई, वेदों की रचना हुई और जहाँ भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत युद्ध से पूर्व गीता का दिव्य उपदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' जैसी ऐतिहासिक पहलें शुरू की गई, जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का रूप दिया है। ये पहलें वैश्विक, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर लोगों को स्थायी जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

प्रधानमंत्री के इस दृष्टिकोण से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने ऑक्सी वन, प्राण वायु देवता योजना और वन मित्र योजना जैसी अभिनव पहलें शुरू की हैं, जिनके माध्यम से सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। ये योजनाएं अरावली संरक्षण की दिशा में एक मजबूत कड़ी साबित होंगी।

वन मंत्री ने बताया कि दक्षिण हरियाणा के महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, नारनौल, चरखी दादरी, बाढड़ा, लोहारू और केरू क्षेत्रों में जाटी एवं रोहिड़ा जैसे स्थानीय वृक्षों के संरक्षण के लिए किसानों को प्राण वायु देवता योजना की तर्ज पर वार्षिक मानदेय देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, ताकि अरावली क्षेत्र में हरियाली बनी रहे और स्थानीय लोग संरक्षण से सीधे जुड़ सकें।

### अरावली हरियाणा के पर्यावरणीय संतुलन की रीढ़

राव नरबीर सिंह ने कहा कि अरावली पर्वत श्रृंखला का हरियाणा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पारिस्थितिक महत्व है। यह पर्वतमाला मरुस्थलीकरण के विरुद्ध एक प्राकृतिक ढाल के रूप में कार्य करती है तथा जैव विविधता, जल सुरक्षा और जलवायु संतुलन का महत्वपूर्ण स्रोत है। अरावली भूजल पुनर्भरण, वायु गुणवत्ता सुधार, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने और शुष्क व अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में आजीविका को सहारा देने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि अरावली पर्वतमाला को विश्व स्तर पर एक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के परिदृश्य के रूप में स्वीकार किया गया है, जो मानव और प्रकृति के गहरे संबंध का प्रतीक है। वन मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के माध्यम से राजस्थान, गुजरात और दिल्ली सहित सभी अरावली राज्यों के साथ सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम अरावली जैव विविधता पार्क जैसी परियोजनाएं पारिस्थितिकी तंत्र बहाली का सफल मॉडल हैं, जिसे भारत का पहला ओईसीएम (अन्य प्रभावी क्षेत्र आधारित संरक्षण उपाय) भी घोषित किया गया है, जो आईयूसीएन के वैश्विक दिशानिर्देशों की पुष्टि करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल में भव्य भूमि पूजन एवं हवन समारोह

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** नववर्ष के प्रथम दिन एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल में प्रस्तावित विस्तार भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं हवन समारोह का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं सकारात्मक वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन एवं भूमि पूजन से हुआ। इस पावन अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, अध्यक्ष निधि कंसल, प्रबंधक गौरव गर्ग तथा प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक ने विधिवत रूप से भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि प्रस्तावित विस्तार भवन के अंतर्गत विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस विस्तार योजना में एयर कंडीशन्ड बहुउद्देश्यीय सभागार, केन्द्रीय एयर कंडीशन्ड 24 घंटे खुला पुस्तकालय, प्ले स्कूल हेतु पृथक परिसर, प्राथमिक, माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाओं के लिए अलग-अलग शैक्षणिक ब्लॉक शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त फाउंडेशन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष विंग, नवीनतम एआई, रोबोटिक्स एवं अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं तथा इंडोर खेल कक्ष भी विकसित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने इस विस्तार को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। भूमि पूजन एवं हवन के पश्चात नववर्ष 2026 के स्वागत में नॉन-स्टॉप डांस पार्टी का आयोजन किया गया।

### स्वयं सेवकों को पढ़ाया सेवा और स्वच्छता का पाठ

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** माइलस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जारी एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का चतुर्थ दिवस सेवा, स्वच्छता और सामाजिक चेतना के संदेश के साथ अत्यंत प्रेरणादायक रूप में संपन्न हुआ। दिवस की शुरुआत विद्यालय की प्रार्थना सभा से हुई, जहां विद्यार्थियों ने स्वच्छ समाज और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत आध्या डेंटल केयर की प्रतिष्ठित दंत चिकित्सक डॉ. कनिका ढल ने मौखिक स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दांत केवल सुंदर मुस्कान नहीं बल्कि आत्मविश्वास और उत्तम स्वास्थ्य की नींव हैं। इसके उपरांत रंगमंच चैरिटेबल ट्रस्ट की सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता सोनम भट्ट ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि यह हमारी सोच, आदत और संस्कारों का प्रतिबिंब है। सभी सत्रों को प्राचार्य अतुल शर्मा का सशक्त नेतृत्व और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। यह शिविर 4 जनवरी को संपन्न होगा। कार्यक्रम के समापन पर दोनों अतिथि वक्ताओं को एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रशांत कुमार ने सम्मानित किया। गतिविधियों में स्वच्छता अभियान के साथ स्वच्छ भारत, हरित भारत विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिविर को सफल बनाने में सोनिया गिल, विजय एवं संदीप का योगदान सराहनीय रहा।

## बी.पी.आर. पब्लिक स्कूल ढांड में सीबीएसई की एकदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**ढांड, 1 जनवरी।** कस्बे के प्रतिष्ठित बी.पी.आर. पब्लिक स्कूल ढांड में सीबीएसई द्वारा तृतीय एकदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमोटिंग मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस अमंग स्टूडेंट्स विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले व आसपास के विभिन्न विद्यालयों से आए अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने भाग लिया। कार्यशाला में टेक चंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र, वेलविशर पब्लिक स्कूल बोधिनी, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर-7 करनाल, डीएवी सेंचुरियन पब्लिक स्कूल नीलोखेड़ी सहित लगभग 10 विद्यालयों के करीब 60 शिक्षकों ने सहभागिता की। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप-प्रधानाचार्य जवाहरलाल शास्त्री द्वारा सरस्वती वंदना एवं मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों व विद्यालय स्टाफ द्वारा सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। सीबीएसई की ओर से मुख्य वक्ता गुरप्रीत कौर एवं रेखा चौहान ने मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए विद्यालयों में सहायक वातावरण, शिक्षकों व अभिभावकों की जागरूकता, जीवन कौशल शिक्षा तथा परामर्श सेवाएं अत्यंत आवश्यक हैं। यह पहल सीबीएसई के जीवन कौशल और कल्याण केंद्र जैसे प्रयासों से भी जुड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि सकारात्मक संबंध, शारीरिक गतिविधि, नई चीजें सीखना और वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना तनाव को कम कर आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होता है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. हरीश पारीक ने कहा कि बी.पी.आर. पब्लिक स्कूल ढांड प्रतिवर्ष इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित करता है, क्योंकि शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य दोनों ही जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति न केवल स्वयं को पहचानता है बल्कि समाज के विकास में भी सकारात्मक योगदान देता है। मानसिक अस्वस्थता के कारण व्यक्ति को कई सामाजिक व आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है, इसलिए ऐसी कार्यशालाएं समय की मांग हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों को उचित कौशल, ज्ञान और उपकरण उपलब्ध कराना जरूरी है, ताकि वे छात्रों की मानसिक चुनौतियों को पहचान सकें और उन्हें सही दिशा दे सकें। भविष्य में भी शिक्षा प्रणाली को सशक्त बनाने के लिए विद्यालय इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कार्यशाला में बी.पी.आर. पब्लिक स्कूल ढांड के सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

## मजदूर एसोसिएशन सेंटर, केंद्र सरकार- प्रधान कपिलेश्वर 'टुन-टुन' का 38वां जन्मदिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** मजदूर एसोसिएशन सेंटर (केंद्र सरकार) के प्रधान कपिलेश्वर 'टुन-टुन' का 38वां जन्मदिवस नववर्ष के शुभ अवसर पर मंडी मजदूरों द्वारा पूरे उत्साह, धूमधाम और भाईचारे के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मंडी परिसर उत्सवमय माहौल में तब्दील नजर आया, जहां मजदूर साथियों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और प्रधान को जन्मदिवस की बधाई दी। इस अवसर पर मजदूरों ने प्रधान कपिलेश्वर 'टुन-टुन' के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि वे हमेशा मजदूरों के अधिकारों, सम्मान और कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहे हैं। उनकी कर्मठता, सरल स्वभाव और संघर्षशील नेतृत्व के कारण मजदूरों में उनके प्रति विशेष सम्मान है। कार्यक्रम के दौरान केक काटकर खुशी जाहिर की गई तथा सभी ने उनके स्वस्थ, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ, विद्यार्थियों ने दिया जागरूकता का परिचय

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**ढांड, 1 जनवरी।** शहीद ए.सी. विकास भारद्वाज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बरोट-बंदराना में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया। शिविर के प्रथम दिवस स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा, स्वच्छता, अनुशासन एवं विभिन्न सामाजिक मुद्दों को लेकर जागरूकता संदेश देते हुए समाज को सकारात्मक दिशा देने का आह्वान किया।

शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने अपने अनुशासन, सेवा भावना और सामाजिक दायित्व का परिचय देते हुए आमजन को स्वच्छता अपनाने, यातायात नियमों का पालन करने तथा सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इसी अवसर पर ग्राम पंचायत खेड़ी रायवाली द्वारा वॉलीबॉल ग्राउंड में लगाई गई फ्लड लाइटों का उद्घाटन सरपंच शमशेर सिंह द्वारा किया गया। फ्लड लाइटों के शुभारंभ से क्षेत्र के खिलाड़ियों एवं युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सरपंच शमशेर सिंह ने कहा कि खेल सुविधाओं के विकास से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलेगी और गांव में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने की। उन्होंने एनएसएस शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार के मार्गदर्शन में शिविर का सफल संचालन किया गया।

इस मौके पर शिक्षक राजेश कुमार, गुलशन कुमार, सुनील कुमार, वॉलीबॉल कोच विजय कुमार सहित ग्रामवासी सुखदेव एवं सुरेन्द्र भी उपस्थित रहे। सभी ने एनएसएस स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए शिविर की सफलता की कामना की।

## पीएम विश्वकर्मा योजना से कारीगरों और शिल्पकारों के हुनर को मिल रही नई पहचान : उपायुक्त उत्तम

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन

**करनाल, 1 जनवरी।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही है, जिससे उनके हुनर को पहचान मिल रही है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना भारत की पारंपरिक कला और शिल्पकला को जीवित रखने और देश के कारीगरों और शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायक है। पीएम विश्वकर्मा योजना का मुख्य लक्ष्य कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों की पहुंच को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक बढ़ावा देना और उनकी गुणवत्ता में सुधार लाना है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना कि वे घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत हों। यह योजना पूरे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करती है। पात्र आवेदक कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर जाकर मोबाइल सत्यापन और आधार ई-केवाईसी के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल पर पंजीकरण करके पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 18 विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यवसायों को शामिल किया गया है, जिनमें नाव बनाना, शस्त्राकार, लुहार, हथौड़ा व लोहे के औजार बनाना, ताला बनाना, सुनार, कुंभकार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी, सुथार, चटाई बनाना, गुडि?ा व खिलौने बनाना, बारबर, धोबी, दर्जी और मछली पकडऩे के लिए जाल बनाने का काम आदि शामिल है। उन्होंने योजना के पात्र सभी कारीगरों को आह्वान किया कि वे तुरंत इस योजना को लेकर अपना रजिस्ट्रेशन करें और लाभ उठाएं। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि पीएम-विश्वकर्मा योजना के तहत श्रमिक की बेटी के लिए जो कॉलेज पढ़ती है, उसको इलेक्ट्रिक स्कूटी के लिए 50 हजार रूपए तथा श्रमिक को साइकिल खरीदने के लिए पांच हजार रुपए दिए जाते हैं। इसी प्रकार से महिला श्रमिक को सिलाई मशीन खरीदने के लिए 4500 रुपए, श्रमिक के स्कूल जाने वाले बच्चों को 9वीं तथा 10वीं और आईटीआई व डिप्लोमा के विद्यार्थियों को 10 हजार रुपए दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को 12 हजार रुपए दिए जाते हैं। इसी प्रकार से बीए, पॉलिटेक्निक, डिप्लोमा, सीए, एएनएम, जीएनएम, अंडर ग्रेजुएट डिप्लोमा करने वाले विद्यार्थियों को 15 हजार रुपए का लाभ दिया जाता है। फार्मेसी व इंजीनियरिंग डिग्री वाले विद्यार्थियों को 20 हजार रूपए तथा एमबीबीएस, बीएएमएस व बीडीएस करने वाले छात्र-छात्राओं को 21 हजार रुपए वार्षिक लाभ इस योजना के तहत दिया जाता है। इस योजना के तहत, विश्वकर्मा भाई-बहनों को 3 लाख तक का बिना गारंटी ऋष्ण की सुविधा, 15 हजार रुपये तक की टूलकिट सहायता राशि, कौशल विकास के लिए ट्रेनिंग के साथ ही प्रतिदिन 500 रुपये स्टायफंड, उत्पादों के लिए क्वालिटी सर्टिफिकेशन, ब्रांडिंग और मार्केटिंग सहायता सुनिश्चित कर उन्हें आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बना रही है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से केंद्र सरकार विश्वकर्मा भाई-बहनों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोडऩे की दिशा में प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

## नववर्ष की संध्या पर सबसे पहले थाना मलोया पुलिस ने अलग अलग तीन मामले दर्ज किए

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** यूटी साउथ वेस्ट डिविजन की थाना मलोया पुलिस ने नवबर्ष की पूर्व संध्या पर सबसे पहले तीन अलग अलग मामले दर्ज किए है।जिसमें पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया।

**केस नंबर-1:** जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना मलोया के प्रभारी इंस्पेक्टर जसबीर सिंह की सुपरविजन में उनकी टीम नवबर्ष को मध्यनजर रखते हुए उनकी टीम में शामिल हेड कांस्टेबल अजय कुमार अपनी अन्य पुलिस पार्टी के साथ एरिया में पेट्रोलिंग कर रहे थे।समय करीब रात 10-20 मिनट का होगा।पेट्रोलिंग के दौरान दौरान जब ईडब्ल्यूएस कालोनी मलोया के एक घर के नजदीक पहुंची तो पुलिस ने इसी दौरान एक शख्स को बिना लाइंसेंस/परमिट के शराब 50 क्वार्टर्स अपने कब्जे में लिए। पुलिस ने तुरंत मामले में एक्साइज एक्ट के तहत कारवाई करते हुए आरोपी गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया।

**केस नंबर-2:** जानकारी के अनुसार बुधवार रात के समय थाना मलोया पुलिस की टीम में शामिल हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ एरिया में पेट्रोलिंग कर रहे थे। जैसे ही पुलिस पार्टी डीएमसी गांव के पास पहुंची तो पुलिस ने 51 क्वार्टर शौकीन संतरा देसी वाइन के बरामंद किए।जब पुलिस ने मामले में कोई लाइंसेंस/परमिट दिखाने के लिए बोला तो शख्स दिखा नहीं पाया। पुलिस ने तुरंत मामले में एक्साइज एक्ट के तहत कारवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। जिसकी पहचान विकास कुमार के रूप में हुई है।

**केस नंबर-3:** जानकारी के अनुसार बुधवार रात के समय थाना मलोया पुलिस की टीम में शामिल एएसआई उमेद सिंह अपनी टीम के साथ एरिया में पेट्रोलिंग कर रहे थे। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस मलोया स्थित एक कैफे क्लब के पास पहुंची तो पुलिस को पता चला कि क्लब में जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना हुक्का सर्व किया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी क्लब ऑनर दीपक के खिलाफ मामले में कारवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर में जमानत पर रिहा कर दिया। पुलिस ने मामले में 5 हुक्का भी बरामद किए है।जो बिना अनुमति के सर्व किए जा रहे थे।

## मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा डॉ. बरजिंदर सिंह हमदर्द की माता के निधन पर शोक व्यक्त

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज अजीत समूह के प्रबंधकीय संपादक डॉ. बरजिंदर सिंह हमदर्द की माता श्रीमती प्रकाश कौर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। लंबी बीमारी के बाद जालंधर के एक निजी अस्पताल में उनका निधन हो गया। एक शोक संदेश में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने परिवार के साथ शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. हमदर्द की माता के निधन से अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने परमात्मा से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में शाश्वत निवास प्रदान करें और परिवार तथा संबंधियों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

# जीरकपुर में सड़क हादसा, बेकाबू टाटा 407 ने मारी तीन वाहनों को टक्कर, बाल-बाल बचे

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह



**ज़ीरकपुर, 1 जनवरी।** जहां एक ओर नव वर्ष के आगमन पर लोग खुशी और उत्साह के साथ जश्न मना रहे थे, वहीं दूसरी ओर ज़ीरकपुरङ्कपटियाला रोड पर रात करीब 12.30 बजे छत लाइट प्वाइंट के पास एक गंभीर सड़क हादसा सामने आया। गनीमत यह रही कि यह हादसा किसी बड़े जान-माल के नुकसान में तब्दील नहीं हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज़ीरकपुर से पटियाला की ओर जा रहा एक टाटा 407 ट्रक ने खड़ी गाड़ी में पीछे से मारी ज़ोरदार टक्कर। बताया जा रहा है कि छत लाइट प्वाइंट पर लाल बत्ती होने कारण एक ट्रक पहले से खड़ा था। उसके पीछे एक किया ब्रांड की सेल्टोस गाड़ी रुकी हुई थी, जबकि सेल्टोस के पीछे एक महिंद्रा की स्कॉर्पियो गाड़ी भी खड़ी थी। इसी बीच तेज रफ्तार टाटा 407 ने पीछे से स्कॉर्पियो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो आगे खड़ी सेल्टोस से जा टकराई और सेल्टोस आगे खड़े ट्रक में जा लगी। कुछ ही पलों में चारों वाहन आपस में टकरा गए, जिससे सड़क पर यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। हादसे के दौरान स्कॉर्पियो गाड़ी में कंडक्टर साइड बैठे एक युवक को चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत सड़क सुरक्षा फोर्स को सूचना दी। सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायल युवक को मौके पर ही प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। राहत की बात यह रही कि युवक की चोटें गंभीर नहीं थीं और किसी को अस्पताल रेफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। टाटा 407 ट्रक के चालक ने बताया कि वाहन के ब्रेक अचानक फेल हो गए थे, जिसके कारण ट्रक को समय रहते रोका नहीं जा सका और यह दुर्घटना घटित हुई। वहीं बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो और किआ सेल्टोस दोनों गाड़ियों में परिवार सवार थे, जो नव वर्ष का जश्न मनाकर अपने घर लौट रहे थे। हादसे की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारू करवाया। गनीमत रही कि इस पूरी घटना में किसी प्रकार की जान-माल की कोई बड़ी क्षति नहीं हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### लाखों रुपए की ऑनलाइन ठगी के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने लाखों रुपए की ऑनलाइन ठगी करने के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले में अभी किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 35 निवासी अजय कुमार बख्शी ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि नवंबर 2025 में फेसबुक पर राशि बंसल नाम की एक दोस्त ने उन्हें एक ऑनलाइन वेबसाइट/मोबाइल एप्लीकेशन के बारे में बताया। जिसे टीसीएस लिमिटेड का एक ऑफिशियल शेयर ट्रेडिंग और जॉइंट इन्वेस्टमेंट प्लेटफॉर्म बताया गया था। साथ में ऑथराइज्ड और असली ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म भी बताया गया। बाद में आरोपी व्यक्तियों ने शिकायतकर्ता से व्हाट्स एप के जरिए संपर्क किया।जिन्होंने खुद को मशहूर कंपनी के इन्वेस्टमेंट एडवाइजर/रिलेशनशिप मैनेजर बताया और पीड़ित को अपने पोर्टल पर अकाउंट खोलने और प्लेटफॉर्म के जरिए शेयरों में इन्वेस्ट करने के लिए उकसाया और ऊंचे और पक्के रिटर्न का वादा किया। इन बातों को सच मानकर शिकायतकर्ता ने एक अकाउंट खोला और कथित तौर पर 7 नवंबर 2025 से 13 दिसंबर 2025 के बीच यूपीआई के जरिए पैसे ट्रांसफर करके अलग-अलग तारीखों पर कुल 6,86,786 रुपए इन्वेस्ट कर दिए। शुरुआत में ठगों ने शिकायतकर्ता का भरोसा जीतने के लिए नकली ट्रेडिंग डैशबोर्ड पर नकली प्रॉफिट दिखाए। जब शिकायतकर्ता ने इन्वेस्ट की गई रकम और प्रॉफिट निकालने की कोशिश की, तो आरोपी व्यक्तियों ने टैक्स, ब्रोकरेज, कन्वर्जन चार्ज, मार्जिन रिक्वायरमेंट वगैरह के नाम पर और पैसे मांगे, और उसके बाद 50,000 रुपए की आखिरी पेमेंट मिलने के बाद सभी कम्युनिकेशन बंद कर दिए। इसके बाद शिकायतकर्ता को एहसास हुआ कि वेबसाइट नकली और अनऑथराइज्ड थी। आरोपियों का मशहूर भारतीय टेक कंपनी से कोई लेना-देना नहीं था और पूरा ट्रेडिंग इंटरफेस और प्रॉफिट के आंकड़े नकली थे। पीड़ित ने सैक्टर-17 के साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई और शिकायतकर्ता द्वारा किए गए सभी ट्रांजैक्शन की डिटेल्स दी। तथ्यों की जांच करने के बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया और पुलिस ठगों का सुराग लगाने के लिए ट्रांजैक्शन की जांच कर रही है।

### वार्ड 19 में नई सीवरेज पाइप लाइन काम शुरू, लोगों को राहत



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** रामदरबार वार्ड न. 19 में नए साल की शुरुआत नई सीवरेज पाइप लाइन डालने के कार्य के साथ हुई। लोगों की पाइप लाइन डालने मांग काफी पुरानी थी। एरिया पार्षद नेहा मुसावत ने काम का शुभारंभ किया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। पार्षद ने बताया कि ये बहुप्रतीक्षित काम शुरू होने से क्षेत्र की जनता में खुशी का माहौल है। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि ये काम पूरा होने से लोगों को आने वाले समय में सीवरेज से सम्बंधित समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले लोग बरसात में सीवरेज के जाम होने से खास परेशान थे। सीवरेज का पानी ओवर फ्लो होकर गलियों में बहने लगता था।

### राम दरबार में मनाया गया सोनिया गुरु चरण सिंह के निवास पर नव वर्ष मिलन समारोह



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** वीरवार को नव वर्ष के उपलक्ष्य में वार्ड नंबर 19 राम दरबार की ब्लॉक अध्यक्षा सोनिया गुरचरण सिंह के निवास स्थान पर नव वर्ष मिलन समारोह मनाया गया, इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस वार्ड नंबर-19 रामदरबार की तरफ से एक नव वर्ष का कैलेंडर रिलीज किया गया, इस कैलेंडर का उद्घघाटन प्रदेश अध्यक्ष एच एस लक्की के कर कमलों द्वारा किया गया इस मौके पर मुख्य रूप से चंडीगढ़ कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता गण और रामदरबार के निवासी मुख्य रूप उपस्थित थे जिसमे जेड पी खान, नरिंदर कुमार नंदी, बिरेन्द्र रॉय, वी. एन तिवारी, ओम पल चौटाला, बदन सिंह, ईश्वर सिंह, सोनिया दुग्गल, शुभाष कुमार, गुरदयाल सिंह, एडवोकेट सुरिंदर कुमार, रोहित चौटाला, रजिंदर कुमार, पास्टर दीपक पॉल, पास्टर नरेश कुमार, विनोद कुमार, जंग बहादुर, सरदार गुरमेल सिंह, सुनील कुमार, चतुर्वेदी जी, विकाश कुमार, बिजेन्दर यादव, आदित्य कुमार, अंकुश, सतीश कुमार, अजय कुमार, के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# हत्या और उपद्रव से दो शहरों में दहशत

# नए साल पर युवक की चाकू घोंपकर हत्या

चंडीगढ़ में घर पर पथराव कर भागे उद्रवी, पुलिस बेबस

भाई का झगड़ा सुलझाने गया, हुई हत्या



मृतकमुकेश की फाईल फोटो



हत्या के बाद मौके पर युवक की भाई विलाप करता हुआ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** नए साल के आगमन पर ट्राईसिटी के चंडीगढ़ और मोहाली शहर दो सनसनीखेज वारदातों से दहशत में आ गए। मोहाली में चाकू घोंप कर हत्या कर दी गई तो वहीं चंडीगढ़ में देररात गुंडागर्दी का नंगा नाच देखने को मिला। दोनों ही मामलों में पुलिस की टीमें हमलावरों की तलाश में दबिश देती रहीं, मगर कई घंटे बीतने के बाद भी हाथ खाली रहे।

**पहला मामला:** मोहाली में साल के पहले दिन गुरुवार को युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। जांच में सामने आया युवक अपने भाई का झगड़ा सुलझाने पहुंचा था मगर हमलावर ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। मृतक मुकेश जुझार नगर का रहने वाला था। थाना बलौंगी के एसएचओ इंस्पेक्टर पेरिविंकल के मुताबिक आरोपियों का सुराग जुटाया जा रहा है। मुकेश के भाई मोहित का कुछ समय से पहले कुछ लोगों से विवाद हुआ। मोहित अपने जीता बलवीर से मिलने गया था। जहां पहले से हमलावर मौजूद थे। किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और तनाव में बदल गई। इस विवाद की सूचना मुकेश को मिली तो वह भी तुरंत मौके पर पहुंच गया। तनाव इतना बढ़ गया कि बीच बचाव करते मुकेश को धक्का देकर उसके पेट में चाकू घोंप दिया। वारदात के बाद आरोपी से मौके से फरार हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उसे तुरंत फेज 6 स्थित सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा लग रहा है। हमलावरों की तलाश में पुलिस टीमें गठित की गई हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों फुटेज खंगाली जा रही है।

### दूसरा मामला: उपद्रव मचा कर हुड़दंगबाज पथराव कर भागे

चंडीगढ़ के डडडूमाजरा में एक बार फिर लोग हुड़दंगियों के आगे बेबस नजर आए। चंडीगढ़ पुलिस समय रहते इस उपद्रव को नहीं रोक पाई। हमलावर घरों पर पत्थर बरसा कर फरार हो गए। यहां तक सीसीटीवी कैमरों में आरोपियों की तस्वीरें कैद होने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली रहे। इलाके में देररात करीब 11 बजे 4-5 युवकों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए ईंटों और पत्थरों से हमला कर दिया। आरोपी सरेआम धमकी देते हुए वहां से भागे, जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर इस मामले को पुरानी रंजिश से जोडक़र जांच की वहीं लोगों के बयान भी दर्ज किए। बताया जा रहा है कि जवाब में हमलावरों पर भी पत्थर बरसाए गए थे। गौरतलब है कि डडडूमाजरा में पहले भी देररात वाहनों और घरों पर पत्थराव की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लोगों की मांग रही है कि चंडीगढ़ पुलिस इलाके में स्थाई तौर पर पुलिस बल की तैनाती करे और रिस्पांस टीमें वारदात होने से पहले ही आरोपियों को धरदबोचें।

## नववर्ष 2026 पर स्वच्छता कर्मियों के हित में ऐतिहासिक पहल, नगर निगम ने किया एमओयू का ऐलान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** नगर निगम प्रशासन ने मार्केट और कमर्शियल एरिया में कार्यरत डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्टर्स के लिए एमओयू (समझौता ज्ञापन) की घोषणा की है। नववर्ष के अवसर पर गुरुवार को डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन सोसाइटी ने नगर निगम चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

सोसाइटी के प्रधान धर्मवीर राणा एवं उनकी टीम ने नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, स्पेशल कमिश्नर प्रदीप कुमार, जॉइंट कमिश्नर हिमांशु गुप्ता और मेडिकल हेल्थ ऑफिसर इंदरजीत कौर को गुलदस्ता भेंट किया। उन्होंने कहा कि इसे स्वच्छता कर्मियों के हित में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, जिससे उनके अधिकारों और भविष्य की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। एमओयू की सौगात मिलने पर गार्बेज कलेक्टर्स की ओर से आयुक्त अमित कुमार और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया गया। सोसाइटी प्रधान धर्मवीर राणा ने कहा कि नगर निगम द्वारा उठाया गया यह कदम स्वच्छता कर्मियों के कल्याण के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि आयुक्त अमित कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम लगातार स्वच्छता कर्मियों के हित में सराहनीय कार्य कर रही है, जो प्रशंसा के योग्य है। अंत में सोसाइटी की ओर से सभी अधिकारियों को नववर्ष 2026 की शुभकामनाएँ देते हुए शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने के संकल्प को दोहराया गया।

## नए साल के जश्न के इंतजाम में तैनात पुलिस कर्मियों को मिठाई बांट डीजीपी व एसएसपी ने दी शुभकामनाएं

सुरक्षा और कानून व्यवस्था के इंतजामों का जायजा भी लिया



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** बीती रात बुधवार को नए साल के जश्न में किसी भी तरह का खलल ना पड़े। शहर के डीजीपी डॉक्टर सागर प्रीत हुडा और एसएसपी कंवरदीप कौर ने पूरे शहर में सुरक्षा और व्यवस्था के इंतजामों का जायजा लिया, ताकि 2026 का स्वागत सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से हो सके। उक्त दोनों वरिष्ठ अधिकारी देर रात तक शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। और ड्यूटी नाकों पर तैनात यूटी पुलिस कर्मियों से बातचीत की और पुलिस कर्मियों का हौसला बढ़ाया। मिठाइयाँ बांटीं और उन्हें नए साल की शुभकामनाएँ भी दीं। यूटी पुलिस के पहले डीजीपी होंगे जो साल के आखिरी दिन देर रात तक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे और पुलिस कर्मियों के हौसले को बढ़ाते रहे। शहर की सुरक्षा की कमान 12 डीएसपी,20 इंस्पेक्टर,16 थाना प्रभारी समेत एक हजार पुलिस कर्मियों के हाथ में थी।

नववर्ष पर मुख्य सचिव का संदेश

## प्रशासन को और अधिक सुदृढ़ व नागरिक-केंद्रित बनाने पर जोर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने नववर्ष 2026 के अवसर पर चंडीगढ़ प्रशासन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने सभी के लिए सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हुए प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक मज़बूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासन की मजबूती में मध्यम और निचले स्तर के कर्मचारियों की अहम भूमिका है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह किया कि वे विभिन्न सरकारी योजनाओं और नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कर्मचारियों को सक्रिय रूप से सहभागी बनाएं, ताकि प्रशासन अधिक उत्तरदायी, प्रभावशाली और नागरिक-केंद्रित बन सके। मुख्य सचिव ने टीमवर्क और सामूहिक प्रयासों को सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार का आधार बताया। उन्होंने कहा कि इन्हीं प्रयासों से चंडीगढ़ की एक सुशासित शहर के रूप में पहचान को और सुदृढ़ किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने शहर की स्वास्थ्य अवसंरचना को और मजबूत करने पर भी विशेष ज़ोर दिया, ताकि नागरिकों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ निरंतर उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने सेवा प्रदायगी के अग्रिम स्तर पर नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि मध्यम स्तर के अधिकारी और पर्यवेक्षक अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्यों की सतत निगरानी करें।

इससे जवाबदेही बढ़ेगी, कार्यकुशलता में सुधार होगा और जनशिकायतों का समयबद्ध समाधान संभव हो सकेगा। साथ ही विभिन्न कार्यालयों में प्रक्रियागत सुधार लागू करने की आवश्यकता भी उन्होंने रेखांकित की। अपने संबोधन के समापन पर मुख्य सचिव ने कर्मचारियों से पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी मिलकर चंडीगढ़ को सुशासन, सार्वजनिक सेवा और नागरिकों के जीवन स्तर के क्षेत्र में देश में अग्रणी बनाएं।

इस अवसर पर गृह सचिव मनदीप बराड़, पुलिस महानिदेशक सागरप्रीत हूडा, वित्त सचिव दिप्रवा लाकड़ा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

## नववर्ष के उपलक्ष्य पर कांग्रेस नेताओं ने जरूरतमंद महिलाओं को गर्म सूट किए वितरित



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** वीरवार को नवबर्ष के उपलक्ष पर कांग्रेस के नेताओं द्वारा सेक्टर 37 में जरूरतमंद महिलाओं को गर्म सूट वितरित किए। कांग्रेस नेता परवीन शर्मा टीटू का कहना है कि नवबर्ष की संध्या को मध्य नजर रखते हुए उन्होंने यह एक अच्छी पहल की है। उन्होंने हाल ही में इससे पहले सैक्टर 37 मार्केट और सैक्टर 38 स्थित कॉलोनी में गरीब और जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने के लिए जैकेट भी वितरित की थी। परवीन शर्मा टीटू गर्म कपड़े,भोजन और आश्रय प्रदान कर मानवता की सेवा कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने सैक्टर 37 स्थित मंदिर के पास लंगर का आयोजन किया था।

इस मौके पर कांग्रेस नेताओं में चंडीगढ़ के सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी,परवीन शर्मा टीटू,विक्टर सिद्धू,राहुल,रजनी तलवार,राजरानी और किशोर मौजूद थे।

## एमसी चंडीगढ़ ने विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया; वेंडिंग और नॉन-वेंडिंग क्षेत्रों में उल्लंघन के लिए 90 चालान जारी किए गए

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह





**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** नगर निगम चंडीगढ़ ने आज वेंडिंग नियमों का पालन सुनिश्चित करने और अवैध कब्जों पर रोक लगाने के लिए पूरे शहर में एक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। खास तौर पर वेंडिंग ज़ोन में चलाए गए इस अभियान के दौरान, उन विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की गई जो अपनी आवंटित जगह को सबलेट कर रहे थे और जो तय साइज़ (5-6 फीट से ज़्यादा) से ज़्यादा जगह घेर रहे थे। वेंडिंग क्षेत्रों में ऐसे उल्लंघनों के लिए कुल 37 चालान जारी किए गए।

प्रवर्तन विंग ने नॉन-वेंडिंग और अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों में अवैध रूप से काम कर रहे स्ट्रीट वेंडरों के खिलाफ भी जांच की, जिसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक भूमि पर बिना अनुमति के वेंडिंग और अतिक्रमण के लिए 53 चालान जारी किए गए। कुल मिलाकर, दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान 90 चालान जारी किए गए।

नगर निगम ने दोहराया है कि पैदल चलने वालों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने, सार्वजनिक सुविधा बनाए रखने और स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट के तहत निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। एमसी ने सभी विक्रेताओं से भविष्य में दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए निर्धारित मानदंडों का पालन करने की अपील की है।

## पूर्व रेलवे मंत्री पवन बंसल से प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** वीरवार को पूर्व मेंबर डॉक्टर अंबेडकर फाउंडेशन मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एंपावरमेंट भारत सरकार के सदस्य हाकम सरहदी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल के सैक्टर 28 स्थित निवास स्थान पर जाकर उन्हें नव बर्ष की शुभकामनाएं देने पहुंचे।

## बरसाती पानी एवं सेवरेज लाइनों को तबदील करने की शुरुआत

वार्ड 23 की पार्षद प्रेम लता के प्रयास से कार्य आरंभ

सेक्टर-35 में बदली जाएंगी 40 साल पुरानी सीवरेज व बरसाती लाइनें, 75 लाख रुपये होंगे खर्च



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** सेक्टर-35 स्थित डिफेंस कॉलोनी और बीबीएमबी कॉलोनी में वर्षों पुरानी बरसाती पाइपों व सीवरेज लाइनों को बदलने के कार्य की शुरुआत हो गई है। यह कार्य वार्ड नंबर-23 की पार्षद प्रेम लता के प्रयासों से शुरू किया गया है।

पार्षद प्रेम लता ने बताया कि इलाके में करीब 40 वर्षों से सीवरेज और बरसाती निकासी की व्यवस्था जर्जर हालत में थी। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या आम थी, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होती थी। समस्या के समाधान के लिए कई महीनों तक सर्वे कर योजना तैयार की गई, जिसके बाद अब कार्य आरंभ किया गया है।

उद्घाटन अवसर पर एक्सईएन राजबीर, जेई परवीन, मंजू, राजू, अरुण सहित अन्य अधिकारी और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। पार्षद ने चंडीगढ़ के कमिश्नर अमित कुमार और चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा का आभार जताते हुए कहा कि उनके सहयोग से लंबे समय से लंबित मांग पूरी हो सकी। नगर निगम इस परियोजना पर सीवरेज पाइप लाइन पर करीब 40 लाख रुपये और बरसाती पाइप लाइन पर लगभग 35 लाख रुपये खर्च करेगा। कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र की सड़कों का निर्माण भी कराया जाएगा। काम शुरू होने से स्थानीय निवासियों में खुशी का माहौल है।

## नए साल पर गांव इटावा को विकास की सौगात: जसबीर सिंह बंटी

### 26 लाख की लागत से फिरनी रोड पर इंटरलॉकिंग पावर ब्लॉक कार्य का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** नववर्ष के पावन अवसर पर गांव इटावा की फिरनी रोड पर 80 एमएम इंटरलॉकिंग पावर ब्लॉक बिछाने के विकास कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह कार्य 26 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है, जिससे गांववासियों को सुरक्षित, सुगम और टिकाऊ आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम की शुरुआत गांव के गुरुद्वारे से पधारे बाबा जसवीर सिंह जस्सी द्वारा अरदास के साथ की गई। उन्होंने गांव की खुशहाली, तरक्की और विकास कार्य के समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक पूर्ण होने की कामना की। इसके उपरांत गांव इटावा के प्रधान त्रिलोचन सिंह बंटी ने नारियल तोड़कर कार्य का शुभारंभ किया तथा क्षेत्र के पार्षद एवं सीनियर डिप्टी मेयर श्री जसवीर सिंह बंटी का धन्यवाद प्रकट किया। इस अवसर पर जेई सुरेश चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि फिरनी रोड का यह कार्य आज से आरंभ किया गया है और इसे एक माह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। यह परियोजना विधिवत टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत स्वीकृत की गई है।

पूर्व सरपंच गुरचरण सिंह के पुत्र मलकीत सिंह ने कहा कि लंबे समय से फिरनी रोड की स्थिति जर्जर थी, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इंटरलॉकिंग पावर ब्लॉक लगने से न केवल सड़क की सूरत बदलेगी, बल्कि गांव की सुंदरता और सुविधा में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस मौके पर सेक्टर-42 के प्रधान राजकुमार शर्मा ने सभी का मुंह मीठा कराया और गांववासियों को विकास कार्य की बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में गांव की सुख-समृद्धि और मंगलकामनाओं के लिए सामूहिक अरदास की गई तथा चाय-समोसे का लंगर भी लगाया गया।

इसी दौरान पूर्व सरपंच के पुत्र बल्लू ने जानकारी दी कि गांव इटावा में चक्की के पास एसबीआई का नया एटीएम शुरू हो गया है। अब गांववासियों को एटीएम से पैसे निकालने के लिए सेक्टर-42 जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि गांव के कोने पर ही यह सुविधा उपलब्ध हो गई है। इस अवसर पर महेंद्र सिंह, मलकीत सिंह, अंग्रेज सिंह, टिंकू, राजकुमार शर्मा (प्रधान) र सी डब्ल्यू ए, पवन सिंगला, गुरदेव सिंह, अशफाक खान, ठेकेदार सूरज लाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

# बांग्लादेश के प्रति भारत की विदेश नीति सही

नए साल के साथ ही भारत की विदेश नीति भी नए पायदान पर पहुंच गई है। यह भारत की विदेश नीति की परिपक्वता है कि वह जहां एक तरफ बांग्लादेश के बिगड़े हालात को लेकर वहां की कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद युनूस पर सख्त रवैया अपनाती है वहीं बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं बीएनपी प्रमुख खालिदा जिया के अंतिम संस्कार अवसर पर विदेश मंत्री एस जयशंकर मौजूद रहते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से लिखे एक शोक संदेश को खालिदा जिया के पुत्र एवं कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक अनवर को सौंप कर देश की जनता की दिवंगत नेता के प्रति संवेदनाओं को प्रकट करते हैं। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार अवसर पर पाकिस्तान, बांग्लादेश और दूसरे देशों के बीच जैसी कूटनीतिक साझेदारी भारत के खिलाफ देखने को मिली है, वह इन देशों की हताशा और कुंठा को प्रदर्शित करती है। इस दौरान भारत के विदेश मंत्री ने बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के मुखिया से कोई मुलाकात नहीं की। इसका स्पष्ट संदेश यह था कि कार्यवाहक सरकार अपने देश के अंदर हिंदुओं पर हमले और उनकी हत्याओं को रोक पाने में जहां पूरी तरह विफल रही है, वहीं एक छात्र नेता की हत्या के आरोपियों को बचाने के आरोप भारत पर मढ़ रही है, जोकि पूरी तरह से अनुचित है। इसकी सच्चाई तब उजागर हो जाती है जब छात्र नेता की हत्या का आरोपी खुद को दुबई में छिपा हुआ बताता है।

> **गौरतलब है कि इसी दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तान की नेशनल एसेंबली के स्पीकर अयाज सादिक के बीच महज हाथ मिलाने की हुई घटना को भी बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद युनूस की ओर से सोशल मीडिया पर साझा किया गया है। अब प्रश्न यही पूछा जा रहा है कि आखिर ऐसा करने की जरूरत क्यों थी, जबकि भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई है। दरअसल, यह इस बात का परिचायक है कि किस प्रकार बांग्लादेश के अंदर पाकिस्तान की घातक एंट्री हो चुकी है और मौजूदा कार्यवाहक सरकार किस प्रकार भारत विरोध की आग को भड़काने के लिए पाकिस्तानी नेशनल एसेंबली के स्पीकर के साथ भारतीय विदेश मंत्री की क्षणिक मुलाकात को गलत एंगल से पेश करने की कोशिश कर रही है।**

गौरतलब है कि इसी दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तान की नेशनल एसेंबली के स्पीकर अयाज सादिक के बीच महज हाथ मिलाने की हुई घटना को भी बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद युनूस की ओर से सोशल मीडिया पर साझा किया गया है। अब प्रश्न यही पूछा जा रहा है कि आखिर ऐसा करने की जरूरत क्यों थी, जबकि भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई है। दरअसल, यह इस बात का परिचायक है कि किस प्रकार बांग्लादेश के अंदर पाकिस्तान की घातक एंट्री हो चुकी है और मौजूदा कार्यवाहक सरकार किस प्रकार भारत विरोध की आग को भड़काने के लिए पाकिस्तानी नेशनल एसेंबली के स्पीकर के साथ भारतीय विदेश मंत्री की क्षणिक मुलाकात को गलत एंगल से पेश करने की कोशिश कर रही है। मालूम हो, ऑपरेशन सिंदूर के बाद क्रिकेट के मैदान में भारतीय क्रिकेटरों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों और उसके क्रिकेट बोर्ड चेयरमैन से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद चैंपियन ट्राफी पाक क्रिकेट बोर्ड चेयरमैन अपने साथ ही ले गए थे। इसके बाद दोनों देशों के राजनयिकों के बीच कोई संपर्क नहीं हुआ था, हालांकि अब ढाका में एकाएक भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर एवं पाक की नेशनल एसेंबली के स्पीकर के बीच हाथ मिलाने की घटना को पाकिस्तान और बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार अपनी बड़ी कामयाबी बताते हुए इसे अपने लिए हित में प्रचारित कर रही है। रिपोर्ट के हवाले से सामने आ रहा है कि पाक के आधारहीन हुक्मरानों ने इसका दावा किया है कि भारत ने पाक के प्रति नरम रूख दिखाया है।

इस समय बांग्लादेश की भूमिका चिंताजनक है कि वह पाकिस्तान के एजेंट के रूप में काम कर रहा है। ऐसी रपट सामने आ रही है, जिसमें खुलासा हुआ है कि आईएसआई एजेंट ढाका में बैठकर भारत के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं। वैसे इसमें कोई संशय नहीं है कि आज की तारीख में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच गठजोड़ है और चीन उन्हें शह प्रदान कर रहा है। यह तिकड़ी ऐसी है, जो कि भारत के सिरहाने बैठकर उसके लिए समस्या पैदा कर रही है, हालांकि यह भारत का साहस और उसका शौर्य है कि दुश्मन झुंड बनाने के बावजूद अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सका है और न ही हो पाएगा। मालूम हो, यह भी सामने आ रहा है कि बांग्लादेश में पाक उच्चायुक्त तमाम ऐसे आतंकी संगठनों के साथ बैठक कर रहा है, जोकि भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं। कहा गया है कि आतंकी भारत के पूर्वोत्तर में अलगाववादी तत्वों को पोषित करने में जुटे हैं।

अब बेशक भारत की ओर से अपनी बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए इस पाक, चीन और बांग्लादेश की इस साझेदारी को तोड़ने के प्रयास और तेज कर दिए गए हैं, जोकि वक्त की मांग भी है। इस समय पाकिस्तान को अमेरिका का सहारा मिल गया है और चीन भी उसकी मदद में है। हालांकि बीता दौर हो या मौजूदा भारत अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं कर सकता। यह समय देश के विराट अभ्युदय का है। जाहिर है, उसके समक्ष ऐसी चुनौतियां पैदा होंगी ही, क्योंकि दुश्मन सियारों की भांति झुंड बना रहे हैं, लेकिन भारत को सिंह की भांति अपने गौरव और स्वाभिमान को बरकरार रखते हुए निरंतर आगे बढ़ते जाना है।

## नववर्ष पर विशेष

# वर्ष भर में दुनिया पचास से अधिक बार मनाती है नया साल

दैनिक अर्थ प्रकाश

दुनिया में नववर्ष मनाने की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है। 'पीछे छोड़-आगे दौड़' की कल्पना मानव के स्वस्थ रहने की अनूठी कला है। अतीत की घटनाओं को पकड़कर रखने से व्यक्ति के



शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ता है। विश्व के मनीषियों ने बीते समय को भूल जाना ही श्रेष्ठकर माना है। यही कारण लगता है कि व्यक्ति एक दूसरे को देखा-देखी हर बार नववर्ष मनाने की होड़ में लगा रहता है ताकि भूत की घटनाओं को भूलकर भविष्य पर ध्यान दे सकें।



एक जनवरी को नए साल का जश्न मनाने वाले शायद ही यह नहीं जानते होंगे कि संसार में पूरे वर्ष की अवधि के दौरान 50 से अधिक बार नववर्ष मनाए जाते हैं। इस वैज्ञानिक युग में इंसान के कदम चांद तारों की तरफ बढ़ रहे हैं लेकिन आज भी पूरी दुनिया कैलेंडर प्रणाली पर एक मत नहीं है। दुनिया में कैलेंडर प्रणाली कहीं सूर्य या चन्द्रमा तो कहीं सूर्य, चन्द्रमा और तारों की चाल पर आधारित मानी जाती है। इसके अतिरिक्त धार्मिक मान्यताओं पर भी विभिन्न कैलेंडर प्रणालियां लागू हैं। इस कारण केवल भारत में ही वर्षभर के दौरान दर्जनभर नववर्ष मनाए जाते हैं। स्सार की आबादी लगभग 8.30 अरब है। इसमें विभिन्न मत-सम्प्रदायों को मानने वालों की बड़ी संख्या है। दुनिया में लगभग 29 प्रतिशत आबादी ईसाई मत को मानती है, जबकि इस्लाम को मानने वाले लगभग 26 प्रतिशत हैं। सत्य सनातन वैदिक धर्म (हिन्दू) को लगभग 15 प्रतिशत, बौद्ध लगभग 5 प्रतिशत, अन्य मतावलम्बी लगभग 2.5 प्रतिशत हैं तथा शेष किसी भी धर्म या मत-सम्प्रदाय से असंबद्ध रखते है। विश्व में यही लोग अपने-अपने मतानुसार नया साल मनाते हैं।

दुनिया में सबसे अधिक आबादी ईसाई समुदाय की है, जो ग्रेगोरियन कैलेंडर पर आधारित नववर्ष मनाती है। संसार में इसी कैलेंडर के आधार पर अधिकतम जनसंख्या द्वारा नया साल प्रतिवर्ष एक जनवरी को मनाया जाता है। इसे अन्य मत, सम्प्रदायों तथा धर्म के लोग भी जाने-अनजाने में एक जनवरी को ही नववर्ष मनाते है। इसके अतिरिक्त अन्य मतों के लोग अपनी आस्था और सामाजिक एवं भौगोलिक परिस्थितियों के आधार पर निम्न प्रकार से नया साल मनाते है।

**ग्रेगोरियन कैलेंडर-** एक जनवरी को मनाया जाना वाला ईसाई नववर्ष इसी कैलेंडर पर आधारित है। इसे रोमन कैलेंडर भी कहा जाता है। यह नववर्ष ईसाई समुदाय के अलावा अन्य मत-सम्प्रदाय के लोगों द्वारा भी मनाया जाता है। इस कैलेंडर में ही महीनों के नाम जनवरी से दिसम्बर होते हुए साल की संरचना बनती है। रोम के पहले राजा रोमुलस ने इसकी शुरुआत 10 महीनों के एक चंद्र कैलेंडर के तौर पर की थी, जो मार्च से शुरू होता था और सर्दियों को छो? देता था। रोम के दूसरे राजा नूमा पोम्पिलियस ने इसमें जनवरी और फरवरी जोड़कर इसे 12 महीनों का बना दिया। जूलियस सीजर ने 45 ईसा पूर्व इस कैलेंडर को सौर वर्ष (365.25 दिन) के हिसाब से सुधार किया और 1 जनवरी को नए साल की शुरुआत कर दी। सन् 1582 में पोप ग्रेगरी ने लीप ईयर की गणना करते हुए इसमें 10 दिन जोड़कर आज का ग्रेगोरियन कैलेंडर बनाया, जिसे अब दुनिया भर में अपनाया जाता है।

**पारसी कैलेंडर-** नवरोज दुनिया में मार्च महीने में मनाया जाता है, परन्तु भारत में पारसी समुदाय शहंशाही कैलेंडर का पालन करते हुए इसे जुलाई-अगस्त महीने में मनाते है। इसे लगभग 3000 वर्ष पूर्व शाह जमशेद ने मनाया था, जिसमें लीप वर्ष की गणना नहीं की जाती है।

**जैन नववर्ष-** जैन समुदाय के लोग इसे दीवाली के अगले दिन कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को मनाते है। माना जाता है कि दीवाली के दिन भगवान महावीर जी को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। इसलिए इसके अगले दिन से नया साल मनाते हैं।

**बौद्ध नववर्ष-** बौद्ध नववर्ष वैशाख की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह चंद्र और सौर चक्र पर आधारित माना जाता है।

**यहूदी नववर्ष-** यहूदी नववर्ष को रोश हशनाह के नाम से जाना जाता है। इसका अर्थ होता है वर्ष का आरम्भ। इसे सितम्बर-अक्तूबर में मनाया जाता है।

**इस्लामी नववर्ष-** इसे हिजरी नया साल भी कहा जाता है। यह चंद्र कैलेंडर के पहले महीने मुहर्रम की पहली तारीख को मनाया जाता है। यह ग्रेगोरियन कैलेंडर से 10-12 दिन छोटा माना जाता है। इसे इस्लामिक समुदाय की स्थापना के संबंधित माना जाता है।

**नानकशाही कैलेंडर-** सिखों में नववर्ष बैसाखी के अवसर पर मनाया जाता है, जो 13-14 अप्रैल को होती है। इसी दिन सन् 1699 में खालसा पंथ की स्थापना हुई थी।

**सनातन कैलेंडर-** सनातन (हिन्दू) कैलेंडर में नववर्ष अनेक रूपों में मनाया जाता है। सत्य सनातन वैदिक धर्म के अनुसार यह सबसे प्राचीन कैलेंडर है, जिसमें सृष्टि संवत, कलियुग संवत, विक्रमी संवत् तथा शक संवत् प्रमुख है। हालांकि इनका नाम तथा काल भिन्न है, परन्तु ये सभी होते एक ही दिन है। वैदिक साहित्य में कालचक्र का निर्धारण सृष्टि के पहले दिन से ही किया है। इनकी गणना वैज्ञानिक पद्धति से की गई है।

**1. सृष्टि संवत-** यह सृष्टि प्रारम्भ का दिवस माना जाता है। इस दिन सृष्टि क्रम का आरम्भ हुआ था। इस संवत् का पहला दिन चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा होता है। इसे नववर्ष अर्थात् नवरात्र के नाम से जाना जाता है। इसकी गणना के 1,96,08,53,126 वर्ष हो चुके हैं। इसलिए इसे सृष्टि संवत् कहा गया है।

**2. कलियुग संवत-** वर्तमान कलियुग काल 3102 ईस्वी पूर्व रहा है। इसकी शुरुआत ग्रेगोरियन कैलेंडर से 2025 वर्ष पूर्व हुई थी अर्थात 5127 वर्ष पूर्व कलियुग का आरम्भ हुआ था। इसका पहला दिन अर्थात नववर्ष भी चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को ही होता है। इसे कलियुगाब्द भी कहा जाता है।

**3. विक्रमी संवत-** इसकी शुरुआत सनातन वैदिक सम्राट विक्रमादित्य के शासनकाल में हुई थी, जो उनकी विरोधियों पर विजय से संबंधित है। इस संवत् का आरम्भ ईसाई नववर्ष से लगभग 57 वर्ष पूर्व हुआ था। इसका पहला दिन अर्थात नववर्ष भी चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को ही होता है। यह भारत का आधिकारिक संवत् है।

**4. शक संवत-** इसका पहला दिन अर्थात नववर्ष भी चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को ही होता है। यह ग्रेगोरियन कैलेंडर की सन् ईस्वी 78 में आरम्भ हुआ था। यह भारत सरकार का राष्ट्रीय कैलेंडर है।

धर्म के आधार पर सृष्टि संवत् ही दुनिया का सबसे प्राचीन काल गणना है। इसके अतिरिक्त विभिन्न देशों में विभिन्न नामों तथा तिथियों को नववर्ष को मनाने की परंपरा है। भारत में भी हिन्दु नववर्ष को उगादी, गुड़ी पड़वा इत्यादि नामों से जाना जाता है। नेपाल में विक्रमी संवत् ही अधिकारिक सरकारी कैलेंडर है। जापान में पहली जनवरी का दिन नववर्ष ननाई या ओशोगत्यु के नाम से जाना जाता है। अमेरिका, इंग्लैंड, ब्राजील, मिस्त्र, मेक्सिको, नाइजीरिया, फिलीपींस इत्यादी देशों में एक जनवरी को ही नववर्ष मनाया जाता है। प्राचीन स्कॉटिश नववर्ष 11 जनवरी, वेल्स में इवान वैली का नववर्ष 12 जनवरी, मेल्टिक नववर्ष 21 जनवरी तथा चीन लेबनान, कोरिया और वियतनाम में 22 जनवरी को नववर्ष मनाया जाता।

इसके अतिरिक्त पुराने फ्रांस में एक अप्रैल को अप्रैल फूल के रूप में नववर्ष मनाया जाता है जबकि थाईलैंड, म्यांमार, श्रीलंका, कम्बोडिया तथा साओ के बेरादिन 5 अप्रैल 2004 को चीर नववर्ष मनाया जाता है। इसी तरह 13 से 16 अप्रैल के दौरान बैसाखी को दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों भारत बांग्लादेश, श्रीलंका, थाईलैंड म्यांमार तथा कम्बोडिया में नववर्ष मनाया जाता है। पारसी नववर्ष 22 अप्रैल, बेबीलोनियन 24 अप्रैल, बौद्ध मई, प्राचीन ग्रीक 21 जून, 29 जून को रयूनिक, अरमीनिया 9 जुलाई, 16 अगस्त को मलयालम, जोरोस्ट्रियन 23 अगस्त, 30 अगस्त को एलेक्जैन्ड्रियन नववर्ष तथा रूस के रूढ़िवादी ईसाई एक सितम्बर को नया साल मनाते हैं।

अतः दुनिया के विभिन्न मतों, सम्प्रदायों, धर्मों तथा विभिन्न देशों की अलग-अलग मान्यताओं के आधार ही नववर्ष मनाया जाता है। इस आधार पर वर्षभर में पूरी दुनिया में लगभग पचास से अधिक बार नववर्ष मनाया जाता है।

-डॉ. कृष्ण के. 'आर्य'

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### त्यागपत्र नामंजूर: भ्रम दूर हुआ

प्रधानमंत्री नरसिंहा राव द्वारा वित्तमंत्री डा. मनमोहन सिंह का त्याग पत्र नामंजूर कर दिए 'जाने से पिछले' एक सप्ताह से चली आ रही अनिश्चय की स्थिति समाप्त हो गई है। डा. मनमोहन सिंह ने प्रतिभूति घोटाले के मामले में संसदीय संयुक्त जांच समिति की रिपोर्ट में की गई वित्त मंत्रालय की आलोचना की नैतिक जिम्मेवारी लेते हुए त्याग पत्र दिया था। यहां यह उल्लेखनीय है कि जांच रिपोर्ट में अन्य मंत्रियों बी. शंकरानन्द व रामेश्वर ठाकुर आदि पर भी आरोप लगाए गए थे। परन्तु कोई भी त्याग पत्र देने का साहस नहीं जुटा पाया। या यो कहे कि उन्होंने कुर्सी से चिपके रहना ही उचित समझा। अपने मंत्रालय के काम की नैतिक जिम्मेवारी लेते हुए डाक्टर मनमोहन सिंह ने त्याग पत्र देकर एक अच्छा उदाहरण पेश किया था पहले भी नेहरू मंत्रिमंडल में रेलवे मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने रेल दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मंत्री पद से त्याग पत्र दिया था। वैसे भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में ऐसे उदाहरण विरल ही मिलते है। दोनों उदाहरणों में अंतर यह है कि डा. मनमोहन सिंह का त्याग पत्र नामंजूर कर दिया गया है जबकि श्री शास्त्री की सराहना करते हुए श्री नेहरू ने त्याग पत्र मंजूर कर दिया था। वित्तमंत्री का त्याग पत्र नामंजूर किए जाने पर निश्चय ही व्यापारिक तथा औद्योगिक क्षेत्रों ने राहत की सांस ली है। यदि वित्तमंत्री का त्याग पत्र मंजूर कर लिया जाता तो शेयर बाजार में भी काफी मंदी आने की संभावना थी। अब मंदी की ऐसी संभावना टल जाने से छोटे निवेशकर्ताओं ने राहत की सांस ली है। वित्तमंत्री का त्याग पत्र नामंजूर किए जाने पर विश्व बैंक जैसी अंतर-अंतर राष्ट्रीय संस्था भी प्रसन्न होगी। भारत की आर्थिक व्यवस्था जिस दौर से गुजर रही है उसमें वित्तमंत्री का त्याग पत्र मंजूर किया जाना राष्ट्र के हित में नहीं होता।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1757 - ब्रिटिश सैनिकों ने भारत के कलकत्ता शहर (अब कोलकाता) पर कब्जा किया।

1839 - फ्रांसिसी फोटोग्राफर लुई दागुएरे ने चांद की पहली फोटो प्रदर्शित की।

1878 - केरल के प्रसिद्ध समाज सुधारक मन्नत्तु पद्मनाभन का जन्म हुआ।

1899 - रामकृष्ण के आदेश के बाद साधु कलकत्ता (अब कोलकाता) स्थित बेलूर मठ में रहने लगे।

1905 - हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक कथाकार और उपन्यासकार जैनेन्द्र कुमार का जन्म।

1940 - भारतीय अमरीकी गणितज्ञ एस. आर. श्रीनिवास वर्द्धन का जन्म हुआ।

1950 - प्रसिद्ध महिला स्वतंत्रता सेनानी तथा समाज सुधारक डॉ. राधाबाई का निधन।

1989 - लोकप्रिय नाट्यकर्मी सफदर हाशमी को एक नाटक के दौरान असामाजिक तत्वों ने बड़ी बेहरमी से पीटा इसी कारण उनकी मौत 2 जनवरी को हो गई।

1942 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापानी सेना ने फिलीपींस की राजधानी मनीला पर कब्जा किया।

1954 - पद्म विभूषण पुरस्कार की स्थापना की गयी थी।

1954 - भारत रत्न पुरस्कार प्रारम्भ किया गया।

1989 - रणसींघे प्रेमदास श्रीलंका के राष्ट्रपति बने।

1991 - तिरुअनंतपुरम हवाई अड्डा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया गया।

2004 - स्टारडस्ट अंतरिक्ष जांच ने धूमकेतु वाइल्ड 2 से उड़ान भरी और इसके कोमा से कण के नमूने एकत्र किए, जो बाद में पृथ्वी पर वापस आ गए थे।

2008 - पहली बार, तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी।

2011 - प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बलीराम भगत का निधन।

2012 - ईरान ने फारस की खाड़ी में सैन्य अभ्यास किया। जिसके दौरान इसने दो लंबी दूरी की मिसाइलों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था।

## बोल ब्यूटीफुल

**अभिजीत मजूमदार:** बांग्लादेश और नेपाल दोनों में तथाकथित 'जैन जी' विद्रोह हुए और सत्ता परिवर्तन भी हुआ, लेकिन बांग्लादेश हिंसा के भयानक बवंडर में जा फंसा, राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों और अल्पसंख्यकों का निर्मम संहार हुआ। इसके विपरित नेपाल शांत रहा। आखिर यह अंतर किस वजह से है?



**पंकज झा:** यह सिस्टम की संवेदनहीनता की पराकष्ठा ही है कि देश के सबसे स्वच्छ शहर कहे जाने वाले इंदौर में दूषित पानी पीने से कई लोगों की जान चली गई और तमाम लोग बीमार है। अब मुआवजा और मुफ्त इलाज की घोषणाएं हो रही है।

# जब्ती करों से लोक-केंद्रित सुधार तक: 2025 में भारत की कर संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव

दैनिक अर्थ प्रकाश

1930 में, महात्मा गांधी द्वारा नमक कर की अवज्ञा ने उजागर किया था कि कैसे दमनकारी कर प्रणाली नागरिक को राज्य से दूर कर सकती है। यह एक चेतावनी थी कि जब कर मनमाने या अत्यधिक होते हैं, तो वे विश्वास और सामाजिक सम्पर्क को कमजोर करते हैं। चार दशक बाद, भारत में एक और चरम स्थिति देखी गई, जब पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने आयकर के स्तर को आश्चर्यजनक रूप से 97.5 प्रतिशत तक बढ़ा दिया।

इस परम्परा ने करदाताओं और राज्य के बीच गहरा अविश्वास पैदा कर दिया। दशकों तक, भय के कारण अनुपालन होता रहा। इसने सक्रिय योगदान देने के बजाय टालमटोल को प्रोत्साहित किया। इसी पृष्ठभूमि में मोदी सरकार के कर सुधार, जो 8 वर्ष पहले आरंभ हुए और 2025 में निर्णायक रूप से आगे बढ़े, अतीत से एक स्पष्ट अंतर का प्रतीक हैं। इस बदलाव में अंतर्निहित लाफ़र कर्व का तर्क यह है कि कम कर दरें राजस्व सृजन के लिए उप-इष्टतम हैं और कर आधार का विस्तार करती हैं। इस प्रकार भारत के 2025 के कर सुधार न केवल राजकोषीय परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करते हैं, बल्कि एक दार्शनिक परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो उत्पीड़न से सहयोग तक और अविश्वास से लेकर राज्य और नागरिक के बीच एक नया सामाजिक अनुबंध है।

**जीएसटी से पहले की वास्तविकता- विखंडन, रिसाव और अविश्वास:** वैट शासन के दौरान, अप्रत्यक्ष करों की बहुलता ने व्यापक स्तर पर भ्रम पैदा किया, राज्यों ने 0 प्रतिशत, 4 प्रतिशत और 12.5 प्रतिशत के एकसमान स्लैब को खत्म करते हुए बार-बार वैट दरों में बदलाव किया।

वास्तव में, स्पष्ट चेतावनियों के बावजूद, राज्यों ने अतिरिक्त शुल्क लगाने के विरूद्ध अपनी 2010 की रिपोर्ट में कैग की सुस्पष्ट सलाह की अनदेखी कर दी, फिर भी प्रवेश कर और स्थानीय अधिभार जारी रहे। इसने भ्रम और विखंडन पैदा किया और प्रत्येक राज्य ने अपने स्वयं के अनुपालन नियमों, दंड और प्रक्रियाओं को लागू किया। इसके गंभीर परिणाम हुए। कमजोर जांच और असंगत प्रवर्तन ने कर चोरी को प्रोत्साहित किया। हर दो डीलरों में से एक ने कर चोरी करने का प्रयास किया और सिर्फ एक मामले में ही, सात डीलरों को उचित दस्तावेज के बिना 1,026 करोड़ रुपये की छूट दे दी गई।

**अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार (2025)- कार्यनीति के रूप में सरलता:** वर्ष 2017 में जीएसटी की शुरुआत ऐतिहासिक थी। इसने भारत को एकल बाजार में समेकित किया, व्यापक करों को समाप्त कर दिया और एक पारदर्शी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली की नींव रखी। यद्दिप, दरों और वर्गीकरण में अस्पष्टता के कारण विवाद पैदा हुए और निस्संदेह अनुपालन के साथ-साथ पंजीकरण में भी भारी समस्याएं रहीं। उदाहरण के लिए, वस्त्र क्षेत्र में धुलाई और रंगाई जैसी सेवाओं पर 'जॉब वर्क सर्विसेज' के हिस्से के रूप में 5 प्रतिशत कर लगाया गया था, जबकि ब्लीचिंग, प्रिंटिंग और रासायनिक उपचार जैसी प्रक्रियाओं पर 18 प्रतिशत का कर लगाया गया था। इससे वर्गीकरण को लेकर गंभीर भ्रम और कर विवाद पैदा हो गए।

इन चुनौतियों को स्वीकार करते हुए मोदी सरकार ने 2025 में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की शुरुआत की, जो जीएसटी के लॉन्च के बाद से सबसे सार्थक सरलीकरण प्रदान करते हैं। इस प्रणाली को दो स्पष्ट स्लैब, 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत में युक्तिसंगत बनाया गया था। साथ ही, वस्तुओं के वर्गीकरण को भी स्पष्ट किया गया, अनुपालन को सरल बनाया गया और पंजीकरण को सुगम बनाया गया। पिछले 8 वर्षों में सरकार ने सक्रिय रूप से व्यवसायों और राज्यों की बात सुनी है और राज्यों को कार्यान्वयन में समान भागीदार माना है।

इस सहयोगात्मक दृष्टिकोण ने सुनिश्चित किया कि सुधारों को सुचारू रूप से लागू किया जाए। 2025 के जीएसटी सुधारों ने करों को सरल बनाने से कहीं अधिक काम किया; उन्होंने कई सेक्टरों में मांग को सीधे तौर पर प्रेरित किया।

भारत में दीपावली के अवसर पर 6.05 ट्रिलियन रूपये की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत से अधिक है। एक दशक से अधिक समय में यह इसकी सबसे मजबूत नवरात्रि बिक्री रही है। साथ ही, अक्टूबर 2025 में ऑटोमोबाइल खुदरा बिक्री 40.5 प्रतिशत बढ़कर सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

जिन आलोचकों ने यह तर्क दिया था कि जीएसटी को सरल बनाने और दरों को तर्कसंगत बनाने से कर राजस्व में कमी आएगी, वे भी गलत साबित हुए। अक्टूबर-नवंबर 2025 में, जीएसटी में महत्वपूर्ण कटौती के बावजूद, सकल जीएसटी संग्रह 2024 में इसी अवधि की तुलना में 2.8 प्रतिशत अधिक था।

जीएसटी दरों में कटौती और आयकर छूट की सीमा में वृद्धि से परिवारों को सालाना 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत करने में मदद मिलेगी। सभी व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर 0 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जो 18 प्रतिशत से कम है। इसका अर्थ है कि 20,000 रुपये के बेस प्रीमियम पर पहले 3,600 रुपये जीएसटी (18 प्रतिशत) था, जिससे 23,600 रुपये देय था। छूट के बाद, 20,000 रुपये के भुगतान पर सीधे 3,600 रुपये की बचत है।

जीएसटी में सुधार से किराने का सामान और दैनिक आवश्यक वस्तुओं के घरेलू बिलों में 13 प्रतिशत की बचत होगी, जबकि एक छोटी कार का खरीदार लगभग 70,000 रुपये बचा सकता है। एसी खरीद में 2,800 रुपये की बचत होगी क्योंकि इन वस्तुओं की जीएसटी दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। जीएसटी स्लैब को तर्कसंगत बनाकर और आवश्यक एवं आकांक्षी दोनों वस्तुओं पर कर के बोझ को कम करके, सरकार ने आत्मविश्वास से व्यय करने और निरंतर मांग का वातावरण सृजित किया।

**मध्यम वर्ग के लिए कर में महत्वपूर्ण लाभ:** भारत की आयकर यात्रा इसके आर्थिक विकास को दर्शाती है। इंदिरा गांधी के युग में कर की दर 97.5 प्रतिशत तक पहुंच गई थी और कर चोरी और अविश्वास की जड़ें गहरी हो चुकी थीं। दशकों बाद, उदारीकरण के बावजूद, 2014 में राहत मामूली रही; आयकर छूट को 2 लाख रुपये तक सीमित कर दिया गया था, जो शहरीकरण की अर्थव्यवस्था के लिए पर्याप्त नहीं था।

मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग पर कर के बोझ को निरंतर कम किया है, प्रासंगिक उपायों पर नीतिगत स्थिरता को प्राथमिकता दी है। पिछले दशक में आयकर छूट की सीमा 2014 में 2 लाख रुपये से बढ़कर 2025 में 12 लाख रुपये हो गई है, जो 6 गुना राहत प्रदान करती है। वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए, 75,000 रुपये की मानक कटौती के बाद, प्रभावी शून्य-कर सीमा अब 12.75 लाख रुपये प्रति वर्ष है।

नई व्यवस्था में 12 लाख रुपये की आय वाले करदाताओं को 80,000 रुपये का कर लाभ मिलेगा जबकि 18 लाख रुपये की आय वाले व्यक्ति को टैक्स के रूप में 70,000 रुपये का लाभ मिलेगा।

नमक कर से लेकर आयकर की जब्ती दरों तक, भारत का इतिहास बताता है कि त्रुटिपूर्ण कर प्रणाली विश्वास और विकास को कमजोर करती है। मोदी सरकार के 2025 के कर सुधार उस अतीत से एक स्पष्ट अंतर का प्रतीक है। सरलता, निष्पक्षता और पारदर्शिता को प्राथमिकता देकर, राज्य ने उपभोग में वृद्धि करते हुए अनुपालन को सुदृढ़ किया है।

2025 में, भारत में कर प्रणाली अब नियंत्रण का माध?यम नहीं रह गई है। यह एक साझेदारी है, जो यह मानती है कि जब नागरिकों पर भरोसा किया जाता है और प्रणालियां सरल होती हैं, तो अर्थव्यवस्था विकास के साथ मिलकर कदम बढ़ाती है।

# हिम एमएसएमई फेस्ट-2026 से प्रदेश में उद्यमिता और एमएसएमई क्षेत्र को मिलेगा बल : मुख्यमंत्री

## तीन दिन तक फैक्टरी आउटलेट्स और प्रदर्शनी स्टॉलों के माध्यम से प्रदेश के उत्पाद होंगे प्रदर्शित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज यहां कहा कि उद्योग विभाग द्वारा 3 से 5 जनवरी, 2026 तक शिमला में हिम एमएसएमई फेस्टदृ2026 आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन प्रदेश के लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बनाने के अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव व्यापारिक आयोजन के साथ प्रदेश के हजारों छोटे उद्यमियों, कारीगरों और स्टार्ट-अप के सपनों को साकार करने में मील पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एमएसएमई फेस्ट 'पहा?ों का हुनर अब वैश्विक मंच पर' थीम से आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन प्रदेश सरकार के आत्मनिर्भर हिमाचल के संकल्प को साकार करते हुए नवाचार, उद्यमिता और समावेशी विकास को ब?ावा देगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के दौरान स्टार्ट-अप अवार्ड, सम्मान समारोह और सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से प्रदेश की लोक कलाओं और हस्तशिल्प भी प्रदर्शित किए जाएंगे। यह फेस्ट महिला उद्यमिता, ग्रामीण उद्यम और वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) को भी प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि हिम एमएसएमई फेस्ट-2026 में तीन दिन तक फैक्ट्री आउटलेट्स और प्रदर्शनी स्टॉलों के माध्यम से प्रदेश के उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग द्वारा ग्रीन मोबिलिटी, फार्मास्यूटिकल्स, डेयरी, फूड प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक चिप जैसे क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान बायर-सेलर मीट, ज्ञान सत्र और नेटवर्किंग से महिलाओं और ग्रामीण उद्यमियों को नए अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे प्रदेश की आर्थिकी को ब?ावा मिलेगा।

### मुख्यमंत्री ने तारा देवी मंदिर में शीश नवाया



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने अपनी धर्मपत्नी विधायक कमलेश ठाकुर के साथ शिमला के शोघी स्थित तारा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण तथा नए धार्मिक स्थलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने धार्मिक पर्यटन को ब?ावा देने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मूलभूत सुविधाओं में सुधार पर सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन विरासत और आधुनिक विकास के बीच एक महत्त्वपूर्ण सेतु का कार्य करता है। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु प्रदेश के शक्तिपीठों में आध्यात्मिक शांति की खोज में आते हैं, जिससे स्थानीय आजीविका को भी ब?ावा मिलता है। इस अवसर पर मंदिर समिति ने मुख्यमंत्री को सम्मानित भी किया।

मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों के दौरान राज्य ने तीन ब?ी चुनौतियों का सामना किया, जिनमें प्राकृतिक आपदा सबसे ब?ी रही। इसके अतिरिक्त, आर्थिक और राजनीतिक चुनौतियां हमारे समक्ष रहीं। उन्होंने कहा कि दैवीय शक्ति के आशीर्वाद से और प्रदेशवासियों के सहयोग से सरकार ने इन सभी चुनौतियों को सफलतापूर्वक पार किया है। इस अवसर पर विधायक संजय अवस्थी, विनोद सुल्तानपुरी और अनुराधा राणा, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर, कांग्रेस नेता पवन ठाकुर तथा ?िला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत एचपी डिफेंस अकादमी में जागरूकता शिविर आयोजित

**ऊना (रोहित शर्मा)।** सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आज (वीरवार) को हिमाचल प्रदेश डिफेंस अकादमी, ऊना में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ऊना अशोक कुमार ने की।

अकादमी के सेवानिवृत्त कर्नल डी.पी. वशिष्ठ (एलजीएससी), कर्नल कुलदीप सिंह (वीएसएम, पीएससी), कैप्टन विजय शंकर शर्मा (प्रशासनिक अधिकारी), प्रशिक्षण स्टाफ तथा अकादमी के 88 प्रशिक्षुओं (62 छात्र एवं 26 छात्राएं) को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की पालना की शपथ दिलाई गई। आरटीओ अशोक कुमार ने बताया कि जागरूकता शिविर के दौरान प्रशिक्षुओं को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 1 से 31 जनवरी 2026 तक देशभर में सड़क सुरक्षा अभियान आयोजित किया जा रहा है।



## सरकारी तंत्र में अनौपचारिक, व्यक्तिगत एवं मानवीय संबंधों का महत्व समझाया

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर, 1 जनवरी।** उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और जिलावासियों को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। वीरवार को नववर्ष के उपलक्ष्य पर उपायुक्त कार्यालय के हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में उपायुक्त ने विश्वास जताया कि इस वर्ष भी सभी अधिकारी-कर्मचारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए तथा सभी जिलावासियों के सहयोग से जिला हमीरपुर को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सक्षम होंगे।

उन्होंने कहा कि आधिकारिक कार्यों को दक्षता एवं तत्परता के साथ पूर्ण करने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों में आपसी तालमेल बहुत जरूरी होता है। अमरजीत सिंह ने कहा कि इस सरकारी तंत्र में हम सब एक परिवार की तरह कार्य करते हैं। इसलिए, यहां आधिकारिक संबंधों के साथ-साथ हमारे बीच अनौपचारिक, व्यक्तिगत एवं मानवीय संबंध भी होने चाहिए।

इस अवसर पर एडीसी अभिषेक गर्ग ने भी उपायुक्त और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं। उन्होंने उपायुक्त को पदोन्नति की बधाई भी दी। एसडीएम संजीत सिंह, सहायक आयुक्त चिराग शर्मा, डीआरडीए की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर, विधि अधिकारी आशुतोष कुमार, उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ज्योति प्रकाश और अन्य पदाधिकारियों ने भी उपायुक्त को बधाई दी।

# मोदी सरकार की प्रभावी आर्थिक नीतियों से भारत बना दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था : अनुराग सिंह ठाकुर

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि विगत 11 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा किये अभूतपूर्व सुधारों व प्रभावी आर्थिक नीतियों की वजह से भारत लगातार दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है और इन्हीं सुधारों के चलते भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा ÷आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत पिछले 11 वर्षों में नई ऊँचाइयों पर पहुँचा है। मोदी की कुशल आर्थिक नीतियों से हम 11 वें नंबर से चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बने हैं।आज भारत 4.18 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बन गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था अगले 2.5 से 3 साल में जर्मनी को तीसरे स्थान से हटाने की कगार पर है, जिसकी 2030 तक



7.3 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी का अनुमान है। आर्थिक विकास की इस गति ने उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया है, जहाँ वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी छह तिमाहियों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

वैश्विक अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय दबावों के बावजूद भारत ने विकास के पथ पर मजबूती से कदम बढ़ाए हैं। दुनिया भर की प्रतिष्ठित रेटिंग एजेंसीयों के हिसाब से अगले कुछ सालों तक भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। वैश्विक व्यापार और नीतिगत अनिश्चितताओं के बीच मजबूत घरेलू मांग के चलते वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी 8.2 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी, जोकि पिछली तिमाही के 7.8 प्रतिशत और 2024-25 की चौथी तिमाही के 7.4 प्रतिशत से अधिक है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि के अनुमान को पिछले 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है। यह आंकड़े दिखाते हैं कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने भारत आर्थिक दिशा में सधे कदमों से आगे बढ़ते हुए विश्वपटल पर अपनी मजबूत स्थान बना रहा है।

अनुराग ठाकुर ने कहा ÷मोदी सरकार में आर्थिक नीतियों के समुचित क्रियान्वयन ने भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाया है। भारत दुनिया की सबसे ते?ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है और यह 2047 तक उच्च मध्य आय के दर्जे तक पहुंचने की आकांक्षा के साथ इस पथ पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है।


# सीएम सुक्खू के मानवीय दृष्टिकोण की मिसाल है 'मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना'

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** हिमाचल सरकार की मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना पूरे देश में सामाजिक सुरक्षा का एक ऐसा उम्दा मॉडल बन चुकी है, जिसने हजारों ?िंदगियों को सम्मान, सुरक्षा और नया जीवन आधार दिया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मानवीय दृष्टिकोण से उपजी इस योजना ने अभिभावक-विहीन बच्चों, निराश्रित महिलाओं और असहाय बुजुर्गों को केवल मदद नहीं, बल्कि जीवन को सशक्त बनाने वाला मजबूत आधार प्रदान किया है। पिछले दो वर्षों में लगभग 64 करो? रुपये के व्यय के साथ यह योजना सामाजिक सुरक्षा का एक ठोस ढांचा ख?ा कर चुकी है, जो सरकार की संवेदनशीलता का जीवंत प्रमाण है।

वहीं, ऊना जिला में बीते दो वर्षों में योजना के विभिन्न प्रावधानों के तहत लगभग पौने 4 करो? रुपये से अधिक की सहायता जारी की गई है, जिसने निराश्रित बच्चों को सुरक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य का





आधार दिया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सोच के अनुरूप 28 फरवरी 2023 को आरंभ की गई मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की सबसे ब?ी विशेषता यह है कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है जिसने अनाथ बच्चों को संस्थागत संरक्षण देते हुए उन्हें ÷चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट÷ का कानूनी दर्जा प्रदान किया है। प्रदेश में लगभग 6,000 निराश्रित बच्चों को यह दर्जा दिया गया है, और सरकार उनकी 27 वर्ष की आयु तक संपूर्ण देखभाल की जिम्मेदारी निभा रही है। योजना उन सभी बच्चों को कवर करती है जिन्हें विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। इसमें अनाथ, अर्ध-अनाथ, विशेष रूप से सक्षम बच्चे और वे बच्चे जो विधिक संरक्षण के अधीन आए हैं, उन्हें कवर किया गया है। समावेशन की दृष्टि से योजना का लगातार विस्तार किया जा रहा है। असहाय बुजुर्गों, ट्रांसजेंडर समुदाय, परित्यक्त या सरेंडर किए गए बच्चों और एकल नारियों को भी इस योजना में शामिल किया है, जिससे उन्हें स्थायी आर्थिक सहारा दिया जा सके और वे सम्मानजनक जीवन जिएं। इसी उद्देश्य को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष' स्थापित किया है, जिसमें सरकारी अंशदान के साथ-साथ आम जनता, सामाजिक संस्थाओं और कंपनियों का सहयोग भी शामिल किया जा रहा है, जिससे इन बच्चों की उच्च शिक्षा और अन्य जरूरतों को पूरा किया जा सके।

मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना केवल संरक्षण का कवच नहीं, बल्कि युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का एक सशक्त संकल्प है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को स्वयं का स्टार्टअप शुरू करने के लिए 2 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जा रही है। अभी तक 84 युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने हेतु यह सहयोग राशि प्रदान की जा चुकी है।

वहीं, जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) ऊना, नरेंद्र कुमार बताते हैं कि जिला में योजना ने बच्चों के लिए सुरक्षा, शिक्षा और स्वावलंबन, तीनों ही क्षेत्रों में ठोस परिणाम दिए हैं। सामाजिक सुरक्षा मदद में 294 बच्चों को 2 करो? 27 लाख 56 हजार 628 रुपये प्रदान किए गए, जिससे उन बच्चों के जीवन में बुनियादी स्थिरता आई है जो पहले किसी प्रकार के सहारे से वंचित थे। उच्च शिक्षा के लिए 60 छात्रों को 26 लाख 44 हजार 814 रुपये और व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए 35 युवाओं को 7 लाख 99 हजार 471 रुपये उपलब्ध कराए गए।

### शिक्षा और परवरिश की संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार की

योजना का मूल भाव यह है कि जिन बच्चों का कोई नहीं है, उनकी संपूर्ण परवरिश, शिक्षा, भोजन, वस्त्र, स्वास्थ्य, आवास, सबकी जिम्मेदारी राज्य सरकार निभाएगी। इसी उद्देश्य से प्रत्येक बच्चे को 4,000 रुपये मासिक पॉकेट मनी प्रदान की जा रही है। बाल संरक्षण संस्थानों में रह रहे 14 वर्ष तक के बच्चों के खातों में 1,000 रुपये, जबकि 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों के खातों में 2,500 रुपये प्रति माह जमा किए जाते हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को, यदि छात्रावास सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो सरकार की ओर से 3,000 रुपये प्रतिमाह किराए का प्रावधान किया गया है, ताकि कोई भी बच्चा अपने सपनों से वंचित न रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा को दी श्रद्धांजलि



**हमीरपुर 01 जनवरी (शिल्पा शर्मा)।** सेना मैडल (शौर्य) से अलंकृत शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा के शहीदी दिवस पर वीरवार को उन्हें हमीरपुर में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा चौक और निर्माणाधीन युद्ध स्मारक के परिसर में वीरवार सुबह एसडीएम संजीत सिंह, सहायक आयुक्त चिराग शर्मा, डीएसपी हरीश गुलेरिया, अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों, शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा के भाई प्रोफेसर मुकुल शर्मा और अन्य परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों तथा आम नागरिकों ने शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए और देश के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया। इसके बाद भी दिन भर कई अन्य अधिकारियों और आम नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कैप्टन मृदुल शर्मा एक जनवरी 2004 को जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभे? में बहादुरी के साथ ल?ते हुए शहीद हो गए थे। इस अदम्य साहस के लिए उन्हें मरणोपरांत सेना मैडल (शौर्य) से अलंकृत किया गया था।

### उप मुख्यमंत्री बेहड़ जस्वां में करेंगे बहु-ग्राम पाइपलाइन जलापूर्ति योजना का लोकार्पण

**ऊना (रोहित शर्मा)।** उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 3 जनवरी(शनिवार) को ऊना जिला के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे ठठल में यूको बैंक शाखा ( पुनर्निर्मित परिसर) का लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि इसके उपरांत दोहपर 2.10 बजे मुकेश अग्निहोत्री श्री चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के तहत बेह? जस्वां में बहु-ग्राम पाइपलाइन जलापूर्ति योजना का उद्घाघटन करेंगे। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री का रात्रि ठहराव गोंदपुर जयचंद में रहेगा।

### उचित मूल्य की दुकानों के लिये मांगे आवेदन

**कुल्लू 1 जनवरी (अशेष शर्मा)।** हिमाचल प्रदेश सरकार के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जिला कुल्लू के विकास खंड भुंतर की ग्राम पंचायत मलाणा (मलाणा सोरा बेहड़ वार्ड नंबर-02) और मलाणा, धारा बेह? वार्ड नम्बर-05 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य की दुकान के पुनः आबंटन किया जाना है। जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, शिव राम ने बताया कि वर्तमान उचित मूल्य दुकान धारकों बुद्ध राम तथा चमन लाल द्वारा दुकान के कार्य से त्यागपत्र दिए जाने के उपरांत उक्त दुकान को पुनः आबंटित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए पात्र संस्थाओं एवं व्यक्तियों से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन 28 जनवरी, तक किया जा सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति/संस्थायें ऑनलाइन विभागीय पोर्टल पर कर ही सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होंगे। आबंटन के लिए प्राथमिकता क्रम में सार्वजनिक संस्थाएं जैसे ग्राम पंचायत, स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभाएं एवं महिला मंडल शामिल हैं। इसके पश्चात एकल नारी, दिव्यांगजन तथा शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# एएआई सर्वे में कुल्लू-मनाली एयरपोर्ट देश में संयुक्त द्वितीय

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 1 जनवरी।** कुल्लू-मनाली हवाई अड्डा ने एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) द्वारा कराए गए कस्टमर सैटिस्फैक्शन सर्वे 2025 में अखिल भारतीय स्तर पर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि अपने नाम की है।यात्रियों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर आयोजित इस सर्वे में स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाएँ, स्टाफ का व्यवहार, टर्मिनल प्रबंधन एवं समग्र यात्रा अनुभव जैसे प्रमुख मानकों पर मूल्यांकन किया गया।

इन सभी पैमानों पर कुल्लूङ्कमनाली हवाई अड्डे का प्रदर्शन उल्लेखनीय पाया गया।भौगोलिक चुनौतियों एवं गैर-मेट्रो श्रेणी के हवाई अड्डों में शामिल होने के बावजूद, उच्च स्तरीय स्वच्छता, त्वरित यात्री सेवाएँ, सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था, तथा हितधारकों के समन्वित प्रयासों के चलते एयरपोर्ट ने यह सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि पर विमानपत्तन निदेशक श्री सिद्धार्थ कुमार कदम्ब



ने खुशी जताते हुए कहा कि यह सम्मान हवाई अड्डे पर कार्यरत समस्त स्टाफ, एयरलाइंस, सुरक्षा एजेंसियों, ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसियों तथा कंसेशनधारकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराना एएआई की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने आगे कहा कि यह सम्मान न केवल अब तक किए गए कार्यों की पुष्टि करता है, बल्कि आने वाले समय में और बेहतर सेवाएँ एवं आधुनिक सुविधाएँ विकसित करने के लिए प्रेरणा भी देता है।

## मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं में अत्याधुनिक एमआरआई सुविधा का किया शुभारंभ, बोले-

# गंभीर बीमारियों की जांच के लिए लोगों को घुमारवीं में ही मिलेगी सुविधा

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**घुमारवीं 1 जनवरी।** हिमाचल प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने वीरवार को घुमारवीं स्थित रेनबो मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल अत्याधुनिक एमआरआई मशीन का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं जैसे क्षेत्र में अत्याधुनिक एमआरआई सुविधा की शुरुआत स्थानीय जनता के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि अब गंभीर बीमारियों की जांच के लिए लोगों को बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय, धन और असुविधा से बचा जा सकेगा। यह सुविधा क्षेत्रवासियों को सुलभ, सटीक और समय पर जांच उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी।

मंत्री ने रेनबो मल्टीस्पेशलिटी



हॉस्पिटल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि निजी क्षेत्र द्वारा इस प्रकार की आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना समाज के प्रति उत्तरदायित्व का परिचायक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना है और इस दिशा में किए जा रहे ऐसे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं।

हॉस्पिटल प्रबंधन ने जानकारी दी कि नई एमआरआई मशीन अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जिससे जांच अधिक सटीक, तेज और सुरक्षित होगी। यह सुविधा विभिन्न जटिल रोगों के निदान में सहायक होगी, जिससे उपचार समय पर और बेहतर ढंग से संभव हो सकेगा। साथ ही, एमआरआई जांच को किफायती दरों पर उपलब्ध करवाने का भी प्रयास किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

हॉस्पिटल प्रबंधन ने यह भी बताया कि इस सुविधा के आरंभ होने से बिलासपुर जिला सहित आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें जांच के लिए दूर-दराज के बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। कार्यक्रम में चिकित्सकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और इस पहल को क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# अभिलाषी विश्वविद्यालय में एनईपी-2020 पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ



अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर 1 जनवरी।** अभिलाषी विश्वविद्यालय, मंडी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर एक आठ दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 1 से 9 जनवरी 2026 तक आयोजित होगा। यह अकादमिक कार्यक्रम अभिलाषी विश्विद्यालय और यूजीसीङ्कएमएमटीटीपी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के सहयोग से संपन्न किया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय की इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल समिति द्वारा किया जा रहा है। आईक्यूएसी राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (ह्रष्ट) के मानकों के अनुरूप नीतियां एवं प्रणालियां विकसित कर शैक्षणिक तथा प्रशासनिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित करती है। डायरेक्टर प्रो0 पी सी शर्मा ने बताया की इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा में एनईपी-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, नवाचार आधारित शिक्षण, बहुविषयक दृष्टिकोण, शोध एवं गुणवत्ता सुधार को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं नीति विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, इंटरएक्टिव सत्र और पैनल चर्चाएँ आयोजित की जाएंगी।

इसमें शिक्षणङ्कअधिगम पद्धतियाँ, आउटकम बेस्ड एजुकेशन, क्रेडिट प्रणाली, बहु प्रवेशङ्कबहु निकास, डिजिटल शिक्षा, भारतीय ज्ञान परंपरा, शोध एवं नवाचार, तथा गुणवत्ता आश्वासन जैसे प्रमुख विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी।


**HIMACHAL PRADESH**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**

Telephone No. 01892-224946
E-mail ID: ee-dha-hp@nic.in

**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

The Executive Engineer Dharamshala Division HPPWD Dharamshala H.P. on behalf of Governor of H.P. invites the percentage rate bids in the electronic tendering system from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the works as detailed in the table.

| | |
|---|---|
| Sr No. | 1 |
| Name of Work | Balance work for Restoration of rain damages due to flash flood during 2023 on link road from Chilgari to Rodi Kut via lower Sakoh (Gadiara) road Km. 0/00 to 1/800 (SH:- Construction of retaining wall, wire crate & crass barrier) (Against Telecom Deposit). |
| Estimated Cost (In Rs) | 9214475/- |
| Earnest Money Rs | 184300/- |
| Time Limit | Three Months |
| Cost of Tender form | 2000/- |
| Starting date for downloading the Bid. | 02.01.2026 |
| Deadline for submission of Bid. | 07.01.2026 |

The bidders are advised to note other details of tenders from the departmental website https://hptenders.gov.in. The Executive Engineer reserves the right to reject any tender or all tenders without assigning any reasons. Date of Opening of tender is 08.01.2026 at 11:00 AM.

HIM SUCHA AVAM JAN PARK IM SUCHAN AVAM JAN SAMPARK

RO No. 5399_2025-2026
AP No. 6945

**Executive Engineer, Dharamshala Division HP.PWD Dharamshala on behalf of Governor of Himachal Pradesh**

### विभाग ने योग्य प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट एजेंसियों को नियुक्त करने के लिए ई-टेंडर किए आमंत्रित

# मोरनी के खोल- है- रायतन और बीर शिकारगाह उपेक्षित वन्यजीव अभयारण्यों का होगा विकास

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** हरियाणा वन्यजीव विभाग के पंचकूला में मोरनी पहाड़ियों के भीतर स्थित दो उपेक्षित वन्यजीव अभयारण्यों के विकास की प्रक्रिया तेज कर दी है। वन्यजीव प्रभाग पंचकूला ने अगले 10 सालों (2026-27 से 2035-36) के लिए 2 प्रमुख वन्यजीव अभयारण्यों खोल- है- रायतन और बीर शिकारगाह - के लिए व्यापक प्रबंधन योजनाएँ तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इन लंबी अवधि की योजनाओं के तहत, वन्यजीव प्रबंधन के प्रमुख पहलुओं का वैज्ञानिक रूप से मूल्यांकन और प्रस्ताव किया जाएगा, जिसमें चारे के भूखंडों का विकास, फल देने वाले पेड़ों और स्थानीय पौधों की प्रजातियों का चयन, जल स्त्रोतों का निर्माण और रखरखाव, आवास सुधार के उपाय और संरक्षण से संबंधित अन्य गतिविधियाँ शामिल हैं। इसका उद्देश्य जैव विविधता संरक्षण को मजबूत करना, आवास की गुणवत्ता में सुधार करना और दोनों अभयारण्यों का स्थायी प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

इस उद्देश्य के लिए, विभाग ने योग्य प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट एजेंसियों को नियुक्त करने के लिए प्रत्येक अभयारण्य के लिए अलग-अलग ई-टेंडर आमंत्रित किए हैं। आम तौर पर, ऐसी एजेंसियों में अनुभवी पेशेवर और सेवानिवृत्त वन और वन्यजीव अधिकारी, साथ ही विषय विशेषज्ञ शामिल होते हैं, जो राष्ट्रीय दिशानिर्देशों और कानूनी आवश्यकताओं के अनुसार प्रबंधन योजनाएं तैयार करते हैं। चुनी गई एजेंसियों को वर्क ऑर्डर जारी होने के 20 दिनों के अंदर काम पूरा करना होगा, जिसमें सक्षम अथॉरिटी से मंजूरी लेना भी शामिल है।

दोनों अभयारण्य शिवालिक पहाड़ी श्रृंखला में आते हैं और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 2016 में जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, उनके चारों ओर इको-सेंसिटिव जोन नोटिफाइड हैं। मैनेजमेंट प्लान इन जोन के लिए विभिन्न विभागों और स्थानीय स्टेकहोल्डर्स के साथ सलाह करके जोनल मास्टर प्लान तैयार करने में भी मदद करेंगे। उम्मीद है कि यह पहल पंचकूला क्षेत्र में वन्यजीव संरक्षण और पारिस्थितिक स्थिरता के बीच संतुलन बनाते हुए अगले दशक के लिए एक स्पष्ट संरक्षण रोडमैप प्रदान करेगी। खोल- है- रायतन वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर इको-सेंसिटिव जोन 0 से 925 मीटर तक फैला हुआ है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 1320 हेक्टेयर है। बीर शिकारगाह वन्यजीव अभयारण्य समुद्र तल से लगभग 400 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह वन्यजीव अभयारण्य शिवालिक पहाड़ियों में आता है। यह घग्गर नदी के कैचमेंट एरिया का हिस्सा है, जो कुछ गांवों और जंगल वाले इलाकों से घिरा हुआ है। यहां, मौसमी कौशल्या नदी हिमालय क्षेत्र से निकलती है और अभयारण्य से होकर गुजरती है, और इस वन्यजीव अभयारण्य का पूरा इलाका मिट्टी और खाद के जमाव से बना है। बीर शिकारगाह वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर इको-सेंसिटिव जोन 0 से 2310 मीटर तक फैला हुआ है, और इको-सेंसिटिव ज़ोन के तहत आने वाला कुल क्षेत्रफल लगभग 1131 हेक्टेयर है।

खोल- है- रायतन वन्यजीव अभयारण्य, बीर शिकारगाह वन्यजीव अभयारण्य, और सुखना वन्यजीव अभयारण्य (हरियाणा की तरफ) के आसपास इको-सेंसिटिव जोन का जोनल मास्टर प्लान तैयार करने की प्रक्रिया पहले से ही अंतिम चरणों में है। इस प्लान के तहत, जीपीएस कोऑर्डिनेट्स के आधार पर जोन सीमा की मैपिंग और सीमांकन किया जाएगा।

जमीन के इस्तेमाल, जंगल, पानी के स्त्रोतों, खेती के तरीकों, टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर और बस्तियों का एक बेसलाइन सर्वे भी किया जाएगा।

#### खोल- है- रायतन वाइल्डलाइफ संक्चुरी

खोल- है- रायतन वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी की बाउंड्री के चारों ओर इको-सेंसिटिव जोन 0 से 925 मीटर तक फैला हुआ है, जिसका एरिया लगभग 1320 हेक्टेयर है।

#### बीर शिकारगाह वन्यजीव अभयारण्य

बीर शिकारगाह वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर इको-सेंसिटिव जोन 0 से 2310 मीटर तक फैला हुआ है, और इको-सेंसिटिव ज़ोन के तहत आने वाला कुल क्षेत्रफल लगभग 1131 हेक्टेयर है। यह समुद्र तल से लगभग 400 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह वन्यजीव अभयारण्य शिवालिक पहाड़ियों में आता है।



## उपायुक्त ने गांव भोज बालंद में रास्ता देने की मांग पर लिया संज्ञान, रिपोर्ट तलब

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** गांव भोज बालंद की धनवंती में रास्ता देने की मांग पर गुरुवार को उपायुक्त सतपाल शर्मा ने संज्ञान लेते हुए अधिकारी मुआयना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आई शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर बिना विलम्ब किए समाधान करें ताकि जिलावासियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके व उनकी समस्याओं का समाधान हो सके।

उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर का आयोजन मुख्यमंत्री नायाब सैनी के निर्देशानुसार हर कार्यदिवस के दिन सोमवार व वीरवार को प्रात 10 बजे से 12 बजे तक किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं समाधान शिविर से जुडते हैं व लोगों की समस्याओं पर किए गए समाधान की स्वयं मोनिटरिंग करते है। इसलिए समस्याओं के समाधान में अधिकारी किसी प्रकार की कोताही न बरतें। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, एचएसवीपी, पीएमडीए, पुलिस, स्वास्थ्य, सिंचाई, नगर निगम ओर अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

## एक ही दिन में एक रोबोट से चार रोबोटिक प्रोस्टेट सर्जरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च , चंडीगढ़ के यूरोलॉजी विभाग ने रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच दिया है। डॉ. (प्रो.) संतोष कुमार के नेतृत्व में पीजीआई की टीम ने एक ही द विंसी (स्रड्ड ङ्कद्बठ्ठष्द्ब) रोबोटिक सिस्टम का उपयोग करते हुए एक ही दिन में चार प्रोस्टेट कैंसर मरीजों की रोबोटिक रैडिकल प्रोस्टेटेक्टॉमी सफलतापूर्वक की। यह सर्जरी सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे के बीच पूरी की गई।

यह उपलब्धि इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि विश्व स्तर पर अब तक एक ही रोबोट से एक दिन में चार ऐसी सर्जरी किए जाने का कोई रिकॉर्ड दर्ज नहीं था। प्रत्येक सर्जरी औसतन लगभग दो घंटे में पूरी हुई, जिसमें ऑपरेशन के बाद रोबोट की सफाई और दोबारा तैयार करने का समय भी शामिल था।

डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि रोबोटिक रैडिकल प्रोस्टेटेक्टॉमी प्रोस्टेट कैंसर के इलाज की अत्याधुनिक और न्यूनतम इनवेसिव तकनीक है, जिससे मरीजों को कम दर्द, कम रक्तस्राव और तेजी से रिकवरी का लाभ मिलता है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय पूरी टीम को देते हुए कहा कि एनेस्थीसिया टीम की त्वरित और सुरक्षित व्यवस्था, नर्सिंग एवं तकनीकी स्टाफ की तेज़ स्टेरिलाइजेशन और रेडॉकिंग प्रक्रिया तथा सर्जिकल टीम की लगभग नौ घंटे तक लगातार एकाग्रता ने इस रिकॉर्ड को संभव बनाया।

चारों मरीजों की सर्जरी के बाद स्थिति स्थिर बताई गई है और उनकी रिकवरी संतोषजनक रही। इस उपलब्धि से न केवल मरीजों की प्रतीक्षा सूची कम होगी, बल्कि पीजीआईएमईआर की रोबोटिक सर्जरी क्षमता भी और अधिक सुदृढ़ होगी। उल्लेखनीय है कि डॉ. (प्रो.) संतोष कुमार को यूरो-ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में 28 वर्षों से अधिक का अनुभव है और वे अब तक 25,000 से ज्यादा सर्जरी कर चुके हैं। उन्हें चिकित्सा सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए चंडीगढ़ रत्न पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। पीजीआईएमईआर की यह उपलब्धि चंडीगढ़ को विश्व मानचित्र पर रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाने वाली मानी जा रही है।

## साईं भक्त ने बाबा को चांदी का 1 किलो वजन का मुकुट चढ़ाया

नववर्ष पर साईं भक्तों ने अपने हाथों से बाबा का मंगल स्नान कराया, 16 घंटे लगा अटूट भंडारा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** सेक्टर 29 स्थित श्री साईं धाम में एक श्रद्धालु ने आज साईं बाबा को चांदी का मुकुट च?ाया। प्राप्त विवरण के मुताबिक आज सुबह साईं जी के एक भक्त ने श्री साईं धाम प्रबंधन कमेटी को बाबा को पहनाने हेतु एक चांदी का मुकुट भेंट किया। कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी मुनीश गुप्ता ने बताया कि प्राप्त मुकुट, जिसका वजन एक किलोग्राम है, को मंदिर के पुजारियों द्वारा विधिवत पूजन करके बाबा को पहनाया। सब तरफ नव वर्ष के पहले दिन ही इस दान की चर्चा रही।

इससे पहले आज सुबह श्री साईं धाम में नववर्ष के पहले दिन सुबह 5 बजे हुई बाबा की कांक? आरती के बाद साईं के पुरुष भक्तों ने अपने हाथों से बाबा का मंगल स्नान कराया व तत्पश्चात महिला भक्तों ने बाबा को फूल मालाएं व पुष्प अर्पित किए। इसके बाद बाबा को प्रसाद का भोग लगाने के बाद सुबह 7 बजे से लेकर देर रात्रि 11 बजे तक लगातार 16 घंटे अटूट भंडारा बरताया गया। नए साल के पहले दिन ब?ी सुबह से ही बाबा के मंगल स्नान एवं दर्शनों हेतु साईं भक्तों की लम्बी लाइनें लगनी शुरू हो गई थीं व सारा दिन मंदिर परिसर भक्तों की भी? से खचाखच भरा रहा तथा बाहर स?कों पर वाहनों का जाम लगता रहा।

## ड्रिंक एंड ड्राइव के 68 चालान काटे, 4 वाहन इंपाउंड

48 नाके, डीसीपी व एसीपी स्तर के अधिकारी रातभर खुद फील्ड में रहे मौजूद, आमजन का भी रहा भरपूर सहयोग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** नव वर्ष की रात पंचकूला पुलिस की सख्ती पियक्कड़ों पर भारी पड़ी। पंचकूला पुलिस द्वारा जिलेभर में की गई सुरक्षा व्यवस्था के चलते नव वर्ष का जश्न पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुआ। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देश पर यातायात व्यवस्था को लेकर पहले से ही सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्ती से रोक लगाने के लिए विशेष नाके लगाए गए, जिनके दौरान कुल 68 चालान काटे गए तथा 4 वाहनों को इंपाउंड किया गया। उन्होंने बताया कि इन नाकों का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना एवं जश्न के बीच किसी भी प्रकार की अनहोनी को टालना था।

जिले में कुल 48 नाकों पर पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस दौरान डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता एवं डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन स्वयं रातभर फील्ड में मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे। पुलिस की सतर्कता का ही परिणाम रहा कि नव वर्ष की रात किसी भी प्रकार का सड़क हादसा या अन्य कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि नव वर्ष के मद्देनज़र क्लबों, होटलों, धार्मिक स्थलों, पर्यटक स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई चूक न हो। उन्होंने बताया कि जिले में सभी 29 राइडर, 12 पीसीआर एवं 19 ईआरवी लगातार फील्ड में गश्त करते रहे। इसके अतिरिक्त सभी एसीपी, थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज एवं क्राइम ब्रांच की टीमें भी पूरी तरह सक्रिय रहीं और फील्ड में तैनात रहकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जुटी रहीं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यह विशेष ध्यान रखा गया कि नव वर्ष के उत्सव के दौरान आम नागरिकों को बेवजह किसी प्रकार की परेशानी न हो। पुलिस की अपील और व्यवस्थाओं में आमजन ने भी पूरा सहयोग दिया, जिससे उत्सव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका।

पंचकूला पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने कहा कि फील्ड में मौजूद हमारे पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की टीमवर्क, सतर्कता और आमजन के सहयोग से यह संभव हो पाया। पंचकूला पुलिस आगे भी इसी प्रतिबद्धता के साथ जनता की सुरक्षा और सेवा में तत्पर रहेगी।

### न्यूज़ ब्रीफ

#### एनआरएमयू वर्कशॉप ब्रांच कालका ने मनाया नववर्ष



**कालका (जग्गी )।** आज एन.आर.एम.यू. वर्कशॉप ब्रांच कालका द्वारा नववर्ष 2026 का स्वागत कालका कारखाने परिसर में बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर शाखा द्वारा सभी कर्मचारियों का मुंह मीठा कराकर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं तथा कैलेंडरों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में कारखाने के सभी साथियों ने एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई दी और नए वर्ष के लिए संगठन की मजबूती तथा कर्मचारियों के हितों की रक्षा के संकल्प को दोहराया। इस मौके पर शाखा मंत्री श्री प्रदीप शर्मा, शाखा अध्यक्ष श्री कमल कुमार, शाखा उपाध्यक्ष श्री अनिल गुप्ता, उपाध्यक्ष श्री दीपक सेनी, उपाध्यक्ष मैडम किरण रेखा, सह-सचिव श्री गगनदीप, केशियर चौधरी प्रकाश चंद, युवा कन्वीनियर श्री पुनीत राजपूत सहित अनेक डेलीगेटों में जसविंदर सिंह, दीपक मल्होत्रा, पुरुषोत्तम चाकी, विनय यादव, रनधोर सिंह एवं अन्य कई साथियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। शाखा पदाधिकारियों ने सभी कर्मचारियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।

#### सभी का नव वर्ष मंगलमय हो : कमलजीत सिंह

**न्यू- चंडीगढ़ (जेके बत्ता)।** सीनियर कांग्रेसी नेता व पूर्व वाइस चेयरमैन पंजाब गउ सेवा कमीशन कमलजीत सिंह चावला जी ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि देशभर में नववर्ष 2026 का स्वागत उल्लास और उम्मीदों के साथ किया जा रहा है। हम लोग एक दूसरे को बधाई देकर नए साल का स्वागत कर रहे हैं।



इस बीच उन्होने सोशल मीडिया के माध्यम से देशवासियों को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए खुशहाली, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और प्रगति का संदेश दिया है। उन्होने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में लिखा %आप सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। नया साल आपके जीवन में ढेर सारी खुशियां, अच्छा स्वास्थ्य और सफलता लेकर आए। उन्होंने नववर्ष को लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण से जोड़ते हुए नागरिकों से एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि नया साल कमजोर वर्गो के अधिकारों काम का अधिकार, वोट का अधिकार और गरिमा के साथ जीवन जीने के अधिकार की रक्षा के लिए जन आंदोलन बने। उन्होंने कहा कि हम युवाओं के लिए रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा, किसानों की समृद्धि और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को सम्मान दिलाने को साझा संकल्प ले रहे है । यह वर्ष आपके लिए अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि लेकर आए, आपके प्रयासों में सफलता और आपके सभी कार्यों में पूर्णता प्रदान करे। हमारे समाज में शांति और सुख के लिए प्रार्थना करता हूँ ।

## नववर्ष पर भगवान महावीर स्वामी का 101 कलशों की ओर से महा-मस्तकाभिषेक किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** श्री दिगंबर जैन मंदिर, सेक्टर-27बी में वर्ष 2025 के समापन एवं नववर्ष 2026 के स्वागत के अवसर पर एक भव्य धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित आशीष द्वारा मंगलाचरण के साथ किया गया, जिसके उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से भक्तामर स्तोत्र पाठ किया गया। तत्पश्चात नववर्ष की पहली सुबह को भगवान महावीर स्वामी के महा-मस्तकाभिषेक का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर 101 कलशों द्वारा अभिषेक संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर जैन मिलन, चंडीगढ़ शाखा के तत्वावधान में आयोजित भजन संध्या का समन्वय स्मिता जैन एवं नीरज जैन द्वारा किया गया। भजन संध्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अनेक भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर स्मिता जैन, अनीला जैन, संध्या जैन, पूजा जैन, अनाम जैन, प्रीति जैन एवं अनामिका जैन ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम का समापन रात्रि 12 बजे महाआरती के साथ हुआ। इस अवसर पर मंदिर समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। श्री दिगंबर जैन सभा के अध्यक्ष धर्मबहादुर जैन ने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। जैन मिलन, चंडीगढ़ के अध्यक्ष रमेश जैन ने भी उपस्थित जनसमूह को शुभेच्छाएँ प्रेषित कीं।



## श्री आशीष मुनि जी के प्रवचन सुनने पहुंचे साधक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** नववर्ष के आगमन पर 1 जनवरी जनवरी को उत्तर भारतीय प्रवर्तक पूज्य गुरुदेव श्री आशीष मुनि जी म.सा आदि ठाणे चंडीगढ़ पहुंचे। श्री एस.एस जैन सभा सेक्टर 18, चंडीगढ़ में प्रातः 9 बजे से प्रवचन एवं मंगल पाठ हुए। इस अवसर पर भारी संख्या में हैं साधकों ने पहुंचकर गुरुदेव का आशीर्वाद किया और प्रवचन सुने। गुरुदेव श्री आशीष मुनि द्वारा पाठ कराया गया।

आशीष मुनि जी ने जीवन में मंगल कामना, विचारों की शुद्धता और निष्ठावान होकर अनुशासन का अनुसरण करने के लिए साधकों को प्रेरित किया। श्री जैन एस एस जैन सभा के पदाधिकारियों ने गुरुदेव श्री आशीष मुनि जी का आशीर्वाद लिया।

## ईएसआईसी की एसपीआरईई योजना-2025 का विस्तार, पंजीकरण के लिए एक और अवसर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने अपना सामजिक सुरक्षा दायरा बढाने के लिए नियोक्ता एवं कर्मचारियों के पंजीकरण को ब?ावा देने के लिए जारीएसपीआरईई(स्प्री)योजना-2025 का विस्तार किया गया है। पहले यह योजना 31 दिसम्बर, 2025 तक लागू की गई थी जिसे अब 31 जनवरी, 2026 तक विस्तारित कर दिया गया है7 इस अवधि के दौरान अपंजीकृत नियोक्ताओं को एक बार फिर से पंजीकरण का अवसर प्रदान किया जाएगा। नियोक्ता ईएसआईसी पोर्टल, श्रम सुविधा और एमसीए पोर्टल के माध्यम से अपनी इकाइयों और कर्मचारियों को डिजीटल रूप से पंजीकृत कर सकते हैं।

एसपीआरईई योजना का मुख्य उद्देश्य पंजीकरण से बचे हुए प्रतिष्ठानों और श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के दायरे में लाकर सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। पंजीकरण प्रक्रिया को आसान बनाकर और पिछली देनदारियों से छूट प्रदान कर यह योजना नियोक्ताओं को अपना कार्यबल नियमित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसके साथ ही यह योजना अधिक से अधिक श्रमिकों, विशेष रूप से संविदा क्षेत्रों में काम करने वालों की ईएसआईसी अधिनियम के तहत आवश्यक स्वास्थ्य और सामाजिक लाभ तक पहुँच बढाने पर विशेष रूप से बल देती है। यह योजना सामाजिक सुरक्षा को व्यापक कवरेज प्रदान करने के साथ ही श्रम कल्याण और व्यावसायिक सुविधा दोनों को समान रूप से सशक्त बनाती है।

## पंचकूला में रात 9 बजे फुल हो गए क्लब, जमकर हुई आतिशबाजी

### नशे में धूत युवतियों को पुलिस ने अपनी गाड़ियों में पहुंचाया सुरक्षित घर

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** नए साल 2026 की धमक ट्राइसिटी में सबसे ज्यादा पंचकूला में सुनाई दी। नववर्ष के स्वागत को लेकर पंचकूला में जबरदस्त उत्साह और धूमधाम देखने को मिली। शाम होते ही शहर तमाम क्लबों में भीड़ बढ़ती गई और 9 बजे तक सभी क्लबों के बाहर सोल्ड आउट के बोर्ड लगा दिए गए। नए साल का स्वागत करने के लिए भारी संख्या में युवा पंचकूला के क्लबों में जमा हो गए। रात 12 बजते ही धूमधड़ाके के साथ लोगों ने नए साल का स्वागत किया। देर रात तक आसमान में आतिशबाजी होती रही। अलबत्ता, पुलिस प्रमुख आईपीएस सृष्टि गुप्ता और आईपीएस मनप्रीत सिंह सूदन सादी वर्दी में हर क्लब में सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेने पहुंचे। यही नहीं, तड़के तीन बजे के बाद जिन क्लबों में म्यूजिक बजता हुआ सुनाई दिया और पार्किंग में भीड़ देखते ही पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर क्लबों को बंद करवा दिया। उधर, लालबती बंद करके एक सादी वर्दी में निकली खुद डीसीपी श्रृष्टि गुप्ता जैसे ही सेक्टर 5 के नाके पर पहुंची तो पुलिसकर्मियों ने गाड़ी रोककर चेकिंग करनी शुरू की तो पता लगा कि ये गाड़ी में खुद डीसीपी मेम बैठे है। इस रूप में डीसीपी को देखकर काफी पुलिसकर्मी हैरान हो गये। डीसीपी पंचकूला ने खुद उसी रूप में पंचकूला के क्लब में चेकिंग भी की। देर रात 3 बजे के बाद कुछ युवतियां शराब के नशे में हुई जिन युवतियों को दुर्गा शक्ति टीम द्वारा सुरक्षित घर पहुंचाया गया। कुछ को क्लब की गाड़ियों द्वारा भी घर पहुंचाया गया। क्योंकि डीसीपी का क्लब मालिकों को मीटिंग में बताया गया था कि सभी युवक युवतियों को सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाना हमारा फ़र्ज़ है।

क्राइम ब्रांच और सीआईए की टीमें भी भी रोड पर चेकिंग करती नजर आई। कोई भी हुड़दंग न हो। उस को संभालने के लिए महिला कमांडो थी। डीसीपी ने बताया कि पंचकूला के नाइट क्लब में काफी युवा और युवतियां ट्राइसिटी से पार्टी करने पंचकूला आए थे। जिनको सेफ्ली घर पहुंचाने के लिए भी एक टीम बनाई गई थी। जिसमें करीब तीन युवतियों को सुरक्षित घर पहुंचाया गया। एसीपी सुरिंदर डोडी ने बताया कि सेक्टर 5 के अंतर्गत काफी नाइट क्लब आते है। जिसको लेकर पूरी तरह से सेक्टर 5 में ड्रिंक एंड ड्राइव के नाके थे। और स्पेशल महिला कमांडो और महिला पुलिस मौजूद थी। पूरे पंचकूला में 50 से अधिक नाके और 500 से अधिक पुलिसकर्मी मौजूद थे। पंचकूला में 50 नाके, 500 पुलिसकर्मी, 29 राइडर, 12 पीसीआर, तथा 19 आईआरबी राउंड पर थी।

### कालूपुर पहुंचे विधायक निखिल मदान

# गांव के सरकारी स्कूल में पीने के पानी की प्याऊ का किया लोकार्पण

सीवरेज ब्लॉकेज से जुड़ी समस्याओं का लिया जायज़ा अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

8 मरला के एकता पार्क में लोगों से मिले

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। विधायक निखिल मदान ने वीरवार को वार्ड नंबर 16 में कालूपुर गाँव का दौरा किया। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान ने सीवरेज से जुड़ी समस्याओं की सुनवाई की। स्थानीय लोगों ने विधायक निखिल मदान को बताया कि कालूपुर की कई गलियों में सीवरेज लाइन की हालत जर्जर हो चुकी है जिसके कारण सीवरेज लाइन अवरुद्ध रहती है और दूषित जल भराव होता है।

विधायक निखिल मदान ने मौके पर ही निगम अधिकारियों को सीवरेज की सुपर सकर और जेटिंग मशीन लगाकर सफाई करवाने के निर्देश दिए। साथ ही निगम अधिकारियों जर्जर हो चुकी सीवरेज लाइन को बदलने के भी आदेश दिए। इस मौके पर विधायक निखिल मदान ने कालूपुर गाँव के सरकारी स्कूल में पीने के पानी के प्याऊ का भी शुभारंभ किया।इस मौके पर निगम पार्षद लक्ष्मी नारायण तनेजा, मनोनीत पार्षद चरण सिंह जोगी, मंडल अध्यक्ष नीरज सोनी, सुनीता कालूपुर,कुणाल माधव, कुलदीप ठाकुर,सुशील पाराशर, धीरेंद्र शांडिल्य, मनोज गर्ग, राजकुमार सरदाना, वेद प्रधान, शैलेन्द्र तोमर आदि लोग मौजूद रहे।

# गन्नौर–शामली के बीच रोडवेज बस सेवा का शुभारंभ

## विधायक देवेंद्र कादियान ने दिखाई हरी झंडी

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों को परिवहन की बड़ी सौगात मिली है। लंबे समय से ठप पड़े उत्तर प्रदेश के शामली मार्ग पर रोडवेज बस सेवा को दोबारा बहाल कर दिया गया है। गुरुवार को गांव खेड़ी गुर्जर स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल सतकुम्भा धाम से विधायक देवेंद्र कादियान ने सोनीपत डिपो की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस के संचालन से न केवल दैनिक यात्रियों, बल्कि धार्मिक स्थलों की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को भी बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, ग्रामीणों को आवागमन में हो रही असुविधा को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा के बीच यह बस सेवा व्यापारिक और सामाजिक रिश्तों को और मजबूती प्रदान करेगी।सोनीपत डिपो के महाप्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि फिलहाल एक बस के साथ ट्रायल शुरू किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में यात्रियों की संख्या और फीडबैक के आधार पर बस के समय में परिवर्तन या फेरों की संख्या में बढ़ोतरी की जा सकती है। इस अवसर पर सरपंच जगबीर छोक्कर, पूर्व सरपंच प्रेम, मेहरू छोक्कर, सोहन लाल, रोहताश, सुनील, संजय समेत गणमान्य व्यक्ति और रोडवेज विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। बस के शुरू होने पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया।

सोनीपत डिपो द्वारा संचालित यह बस प्रतिदिन सुबह 07:30 बजे बिलन्दपुर से रवाना होगी और रूट में खेड़ी गुर्जर, भौरा रसूलपुर, छदिया, चुलकाना धाम, समालखा, बिहोली, बापौली और सनोली (यमुना बॉर्डर) होते हुए शामली पहुंचेगी। फिलहाल रोजाना एक ही फेरा निर्धारित किया गया है।

# गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व मनाया

**अंबाला (रवि पाहुजा)।** गुरुद्वारा श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब सेक्टर-8,9,10 में साहिब-ए-कमाल साहिब, सरबंसदानी साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर गुरुद्वारा साहिब को विशेष रूप से सजाया गया और संगत के लिए व्यापक प्रबंध किए गए। इस दौरान भाई गुरदित्त सिंह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब ने संगत को गुरबाणी कीर्तन से निहाल किया। इस दौरान उन्होंने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की महिमा का गुणगान कीर्तन के माध्यम से किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु गुरुघर में दर्शन करने के लिए पहुंची व श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेका। श्रद्धालु श्रद्धा भाव से कथा और कीर्तन सुनते रहे और गुरबाणी से आत्मिक शांति प्राप्त की। वहीं इसके साथ ही गुरुद्वारा साहिब में आंखों की जांच का कैंप भी लगाया गया। इसके साथ ही प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरु का लंगर अटूट वरताया गया। गुरु गोबिंद सिंह के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कथा सुनाई और संगत को निहाल किया।

# कांग्रेस ने टेबल के नीचे से भाजपा के साथ मिला रखा हाथ, हर वर्ग दुखी: मंजीत कन्हेली

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



रोहतक। इनेलो के प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने टेबल के नीचे से भाजपा के साथ हाथ मिलाया हुआ है और जातपात के नाम पर प्रदेश के भाईचारे को तोड़ने का षडयंत्र रचा जा रहा है, जिसे इनेलो पार्टी किसी कीमत पर बर्दाशत नहीं करेगी। उन्होंने राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगडा द्वारा महापुरूषों को लेकर दिए गए बयान की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. ताऊदेवीलाल ने ताउम्र किसान व कमेरे वर्ग व सर्वसमाज के हित में काम किया है। चौधरी देवीलाल की नीतियां व सिद्धांज आज भी प्रांसगिक है, लेकिन भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगडा की महापुरूषों के प्रति काफी घटिया सोच है और वह सरकार के इशारे पर ही लगातार ऐसे ब्यान देकर सुर्खियां में रहना चाहते है। उन्होंने चेताया कि महापुरूषों का अपमान किसी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जाएगा। वीरवार को इनेलो प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली मैना पर्यटक केन्द्र में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार प्रदेश के लोग बनाना ही नहीं चाहते थे, लेकिन पूर्व सीएम हुड्डा ने पहले ही टेबल के नीचे से भाजपा के साथ सांठ गांठ कर ली थी और कांग्रेस को कमजोर कर दिया। जानबूझ कर ऐसे लोगों को हुड्डा ने टिकट दी, जिन्हें लोग पंसद ही नहीं करते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सीएम ने जेल जाने के डर से ही प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनवाई है। साथ ही उन्होंने कहा कि हर वर्ग भाजपा व कांग्रेस से परेशान है, अगर आज चुनाव हो जाए तो जनता कांग्रेस व भाजपा का सुपडा साफ कर देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक साल में जनता कूद कहेगी कि भाजपा जा रही है और इनेलो की सुरकार आ रही है। इनेलो प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली ने कहा कि 14 फरवरी को प्रदेश में इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला के जन्मदिवस पर प्रदेश में ऐतिहासिक बदलाव होगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है, लेकिन सरकार के कानो पर जूंह तक नहीं रेंग रही, वहीं अपने आप को मुख्य विपक्ष कहने वाली कांग्रेस की चुप्पी भी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रही है।

# ज्ञानदीप स्कूल में विज्ञान व कला प्रदर्शनी आयोजित

## विद्यार्थियों को मेडल देकर किया सम्मानित



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल। गांव क्योडक स्थित ज्ञानदीप सी सै स्कूल में पैरेंट्स मीटिंग के साथ विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व लेक्चरर एवं भारत विकास परिषद क्योडक शाखा के अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि सुरेश शर्मा ने बच्चों द्वारा तैयार किए गए सभी मॉडलों को ध्यानपूर्वक देखा तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दस चुनिंदा बच्चों को अपनी ओर से नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कठवाड़ डेरा के महंत त्रिवेणी दास ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर बच्चों को आशीर्वाद दिया।

प्रदर्शनी में सैकड़ों विद्यार्थियों ने अपने मॉडल और प्रोजेक्ट के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों ने जल प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, वायु प्रदूषण, ज्वालामुखी, मिसाइल, आरओ एटीएम और सोलर सिस्टम जैसे जीवंत कार्यशील मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें अभिभावकों ने खूब सराहा।

इसके अलावा विद्यार्थियों ने फुटबॉल, वॉलीबॉल और कबड्डी मैदान, योगासन, चिडि?घर, हड़प्पा सभ्यता सहित अनेक अंग्रेजी, गणित और विज्ञान से जुड़े मॉडल भी बनाए। हिंदी विषय में संज्ञा, सर्वनाम, विराम चिह्न और विशेषण पर आधारित शिक्षण मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी के सफल आयोजन में विज्ञान, अंग्रेजी और गणित विषय के अध्यापकों की विशेष भूमिका रही। स्कूल प्रिंसिपल नेहा तंवर ने बताया कि बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने और व्यावहारिक ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन हरपाल आर्य ने अतिथियों का स्वागत किया।

# सोनीपत की भटगांव गौशाला में भाजपा नेता माईराम कौशिक ने दिया 21 हजार रुपए का दान



गौसेवा को बताया सामाजिक व सांस्कृतिक दायित्व

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। मोहनलाल बड़ौली के भाई एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता माईराम कौशिक ने गुरुवार को सोनीपत जिले के गांव भटगांव स्थित गऊशाला में पहुंचकर गौसेवा के लिए 21 हजार रुपये का दान दिया। इस अवसर पर उन्होंने गऊशाला परिसर का निरीक्षण भी किया और वहां की व्यवस्थाओं की सराहना की।माईराम कौशिक ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है तथा गौसेवा करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि गऊशालाएं न केवल निराश्रित पशुओं को आश्रय देती हैं, बल्कि समाज में करुणा और सेवा की भावना को भी मजबूत करती हैं।

उन्होंने गऊशाला प्रबंधन को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी वे गौसेवा के कार्यों में हर संभव सहयोग करते रहेंगे।

इस अवसर पर गऊशाला समिति के पदाधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। गऊशाला प्रबंधन ने माईराम कौशिक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से गऊशालाओं को संचालन में मजबूती मिलती है।

# पुलिस ने अपराधियों पर कसा शिकंजा, सख्त कार्रवाई से कानून–व्यवस्था हुई मजबूत: नीतीश अग्रवाल

कुरुक्षेत्र (अप्रस)। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में कारवाई करते हुए वर्ष 2025 के दौरान जिला पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने मे कामयाब रही। पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए अपराधियों पर शिकंजा कसा है। अपराधों की रोकथाम में जिला पुलिस के लिए वर्ष 2025 उपलब्धियों भरा रहा। जिला पुलिस ने वर्ष 2025 में विभिन्न गिरोह के बदमाशों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र पुलिस की कड़ी मेहनत के परिणाम स्वरूप वर्ष 2025 के दौरान हत्या के 23 मामलों में से 21 वारदातों को सुलझाते हुए 64 आरोपियों को काबू कर सलाखो के पीछे भेजा गया। इसी प्रकार गृह भेदन, आर्म्स एक्ट, स्नैचिंग, वाहन चोरी, साधारण चोरी व ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले 25 गैंगों से जुड़े 68 आरोपियों को काबू कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया। आरोपियों से 41 लाख 45 हजार 600 रूपये की चोरीशुदा संपत्ति व नगदी बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के साथ ही जिला पुलिस कुरुक्षेत्र की टीम ने वर्ष 2025 के दौरान आर्म्स एक्ट के तहत 56 अभियोग दर्ज कर 58 आरोपियों से 22 देसी पिस्तौल, 30 देसी कट्टे, 71 जिंदा रौंद, 39 खाली खोल, 04 मैगजीन व 03 चाकू बरामद किये गए।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रिसालवा तहसील असन्ध जिला करनाल में गांव के दो तालाबों को मछली पालन के लिए पट्टे पर दिया जाना है। जिसकी बोली 5 जनवरी को प्रातः 10 बजे की जाएगी। इच्छुक बोली दाता समय पर पहुंचे।

सरपंच
ग्राम पंचायत रिसालवा

AP-6951

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम, सोनीपत

1J5JHLA5 [illegible]

AP-6956

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

निविदा संख्या : RHF-FWP-MCF-2025-048, निविदा तिथि: 17.01.2026 [illegible] RHF-FWP-MCF-2025-048, [illegible] 17.01.2026 [illegible] www.ireps.gov.in [illegible]

निविदा संख्या : AMC-Air Compressor-052, [illegible] 21.01.2026 [illegible] www.ireps.gov.in [illegible]

ई–निविदा सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या– MCF-ELECT-PR-FWP-01 [illegible] 26.12.2025 [illegible] www.ireps.gov.in [illegible]

ई–निविदा सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या– MCF-ELECT-PR-FWP-02 [illegible] 26.12.2025 [illegible] www.ireps.gov.in [illegible]

निविदा संख्या : Calib-jig-25-26-176 [illegible] www.ireps.gov.in [illegible]

कार्य प्रबंधक / क्रय

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6961

**सार्वजनिक सूचना**

**एस्टेट ऑफिसर, HSVP के समक्ष।**
**शहरी एस्टेट, पंचकूला का नाम।**

**विषय:–** मालिक स्वर्गीय श्री मुनीश चंद्र खुराना पुत्र स्वर्गीय श्री ए.एन. खुराना की मृत्यु के बाद, आवासीय मकान नंबर 622, सेक्टर 7, शहरी एस्टेट, पंचकूला के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण। स्वर्गीय श्री मुनीश चंद्र खुराना पुत्र स्वर्गीय श्री ए.एन. खुराना, जो रिकॉर्ड के अनुसार उक्त संपत्ति के मालिक थे, का निधन 15–10–2025 को हो गया है और उन्होंने पंचकूला में सीरियल नंबर 630, बुक नंबर 3, दिनांक 17–01–2022 के तहत एक वसीयत पंजीकृत कराई थी, जिसमें निम्नलिखित वसीयत धारक हैं:– 1) बिंदु खुराना, 2) शोभित खुराना, श्रीमती बिंदु खुराना पत्नी स्वर्गीय श्री धीरज खुराना, और श्री शोभित खुराना पुत्र स्वर्गीय श्री धीरज खुराना, दोनों निवासी मकान नंबर 622, सेक्टर 7, पंचकूला, वसीयत धारक होने के नाते उक्त संपत्ति को अपने नाम पर हस्तांतरित करने के लिए आवेदन करना चाहते हैं और श्रीमती बिंदु खुराना और श्री शोभित खुराना के नाम पर पुनः आवंटन का अनुरोध करते हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के हस्तांतरण के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर एस्टेट ऑफिसर, HSVP, पंचकूला को सहायक दस्तावेजों के साथ लिखित रूप में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा एस्टेट ऑफिसर HSVP नीति के अनुसार उक्त संपत्ति के हस्तांतरण/ पुनः आवंटन की अनुमति दे सकते हैं और बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं करेंगे।

**कानूनी वारिस: बिंदु खुराना, शोभित खुराना**
**एस्टेट ऑफिसर की ओर से**

AP-6950

**सार्वजनिक सूचना**

**एस्टेट ऑफिसर, HSVP पंचकूला के समक्ष**

**विषय:–** निर्मित प्रॉपर्टी नंबर 111 सेक्टर 8, अर्बन एस्टेट, पंचकूला के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण, अलॉटी श्रीमती विजय लक्ष्मी जैन की मृत्यु के बाद। श्रीमती विजय लक्ष्मी जैन, जो रिकॉर्ड के अनुसार उक्त प्रॉपर्टी की अलॉटी थीं, का निधन 07.10.2025 को हो गया है और उन्होंने एक रजिस्टर्ड वसीयत छोड़ी है, जिसमें निम्नलिखित ते उक्त प्रॉपर्टी को अपने नाम पर ट्रांसफर करने के लिए आवेदन करना चाहते हैं और उन्होंने आकाशदीप जैन और अतुल जैन के नाम पर दोबारा अलॉटमेंट का अनुरोध किया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त घर के ट्रांसफर पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर एस्टेट ऑफिसर, HSVP, पंचकूला को सहायक दस्तावेजों के साथ लिखित में आपत्ति दर्ज करा सकता है, अन्यथा एस्टेट ऑफिसर HSVP पॉलिसी के अनुसार उक्त प्रॉपर्टी के ट्रांसफर/दोबारा अलॉटमेंट की अनुमति दे सकते हैं और बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। वसीयत धारक आकाशदीप जैन और अतुल जैन,

**एस्टेट ऑफिसर की ओर से**

AP-6948

**एस्टेट मैनेजर हाउसिंग बोर्ड हरियाणा पंचकूला**
नंबर– HBH/EM/PKL/2025/4647
दिनांक– 23.12.2025

**सार्वजनिक सूचना**

**विषय:–** मकान नंबर 1947, LIG, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर–15, पंचकूला, हरियाणा का ट्रांसफर श्रीमती रक्षा शर्मा पत्नी स्वर्गीय श्री मोहन सरूप शर्मा निवासी मकान नंबर 1947, LIG, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर–15, पंचकूला के नाम पर, स्वर्गीय श्री मोहन सरूप शर्मा पुत्र स्वर्गीय टेक चंद शर्मा की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर .आम जनता और प्रॉपर्टी नंबर H.No. 1947, LIG, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर–15, पंचकूला, हरियाणा से संबंधित सभी लोगों की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि यह प्रॉपर्टी इस ऑफिस के रिकॉर्ड के अनुसार स्वर्गीय श्री मोहन सरूप शर्मा पुत्र स्वर्गीय टेक चंद शर्मा के नाम पर है।

आवेदक (आवेदकों) ने बताया है कि स्वर्गीय श्री मोहन सरूप शर्मा पुत्र स्वर्गीय टेक चंद शर्मा, जो इस प्रॉपर्टी के मालिक थे, की मृत्यु 10.11.2014 को हो गई थी। श्रीमती रक्षा शर्मा पत्नी स्वर्गीय श्री मोहन सरूप शर्मा, निवासी मकान नंबर 1947, LIG, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर–15, पंचकूला ने स्वर्गीय श्री मोहन सरूप शर्मा पुत्र स्वर्गीय टेक चंद शर्मा की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर उक्त प्रॉपर्टी को अपने नाम पर ट्रांसफर करने का दावा/आवेदन किया है।

अगर किसी को भी एप्लीकेंट श्रीमती रक्षा शर्मा पत्नी स्वर्गीय श्री मोहन सरूप शर्मा, निवासी मकान नंबर 1947, LIG, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर–15, पंचकूला के पक्ष में बताई गई प्रॉपर्टी के ट्रांसफर पर कोई आपत्ति है, तो वे इस नोटिस के पब्लिकेशन की तारीख से 30 दिनों के अंदर नीचे साइन करने वाले के ऑफिस में लिखित में अपनी आपत्ति दे सकते हैं, ऐसा न करने पर यह प्रॉपर्टी उसी के अनुसार ट्रांसफर कर दी जाएगी और बाद में किसी भी तरह के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।


**एस्टेट मैनेजर**
**हाउसिंग बोर्ड हरियाणा, पंचकूला।**


AP-6949

**pbilk nits**

hr Am v Ks f ies pbilk nits rhl sicq klq j dw h ik ngr k s l Pwiz lk d pprtl tks rijstr ivc pprtl nbr 2/27 vikA ngpl gll Pij lk slm ngpl pqnl sirdr nQ d nm q 2066 vrg P t drj h[ slm ngpl pqnl sirdr nQ dl mq imql 12/04/2024 f h ckl h[ slm ngpl pqnl sirdr nQ d qihslldwr Pwizlk jl vl k l vrs 1) ismrn ngpl ivDv v 2) kinSk p qr v 3) qnlS p qrl SKr ngpl p qr sirdr nQ [illegible]

AP-6960





Promila Rani W/o Baij Nath Aggarwal R/o H.no. 57, Sector-33-A, Chandigarh [illegible]

AP-6954



**अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS**

**आज ही बुक करें**
PH.: 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

I, Minaa Bano w/o Sh. Dilshad Khan, r/o House No. 302/12, Mohalla Chiranwali, Near Katcha tank Nahan, District Sirmaur (H.P.) have changed my name from Minaa Bano (old name) to Meena Bano (new name). All concerned please note.
एपी-6946

**मैं,** vandana sukhija पत्नी, vijay sukhija निवासी 2030/1 सेक्टर 45सी, चंडीगढ़, ने अपना नाम बदलकर vandana Chugh रख लिया है।
एपी-6947

**मैं,** वेदान्त लठवाल पुत्र श्री सतीश निवासी गांव मुण्डलाना, उप तह. खानपुर कलां, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत ने अपना नाम वेदान्त से बदलकर वेदान्त लठवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।
एपी-6949

**मैं,** कनिष्का सिंह पुत्री अमीर सिंह वासी मकान नं. 544, Tau देवी लाल स्टेडियम, सैक्टर 21, पंचकूला ने अपना नाम बदलकर कनिष्का से कनिष्का सिंह रखा है।

**मैं,** आशा कुमारी पुत्री Rameshwar Das वासी गांव गढ़ी बीरबल जिला करनाल हरियाणा ब्यान करती हूँ की मेरे आधारकार्ड नं. 405069298836 में मेरे पिता का नाम Rameshwar Dass गलत दर्ज है मेरे पिता का सही नाम Rameshwar Das है, जिसे तदनुसार संशोधित किया जाये।

**मैं,** वीना देवी पत्नी रतन लाल वासी गांव व् डाक भागल तहसील Guhla जिला कैथल ने अपना नाम बदलकर बीना देवी रखा है।

**मैं,** Fakir चंद पुत्र कपूर चंद वासी मकान नं. 1392, ग्राउंड फ्लोर, सैक्टर-15, पंचकूला ने अपना नाम बदलकर Faqir चंद रखा है।
एपी-6953

**मैं,** Jyoti Devi पत्नी Manoj Kumar निवासी मकान नंबर 68, सैनी विहार, फेज-5, बलटाना, जीरकपुर एस.ए.एस नगर मोहाली पंजाब ने अपना नाम Jyoti Devi से बदलकर ज्योति Jyoti रख लिया है।
एपी-6955

**मैं,** मो. ऐराफ अनवर पुत्र इकबाल अनवर निवासी फ्लैट नं. 767-B, wnd Floor, Sector 44-A, चंडीगढ़ अपना नाम बदलकर कर मो ऐराफ अनवर रख लिया है।
एपी-6957

**मैं,** संजय नैन पुत्र किताब सिंह निवासी खाबा पती गांव धमतान साहिब तह0 नरवाना जिला जीन्द ने अपना नाम बदल कर संजय रख लिया है।
एपी-6958

**मैं,** सुदेश पत्नी श्री रणदीप, निवासी गाँव रूखी, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत ब्यान करती हूँ कि मेरी बेटी का नाम उसके आधार कार्ड और 10वीं कक्षा के एजुकेशनल रिकॉर्ड में 'सुमित' दर्ज है। और उसके जन्म प्रमाण पत्र में मेरी बेटी का नाम 'सुमित उर्फ निकी' दर्ज है। 'सुमित' और 'सुमित उर्फ निकी' दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं।
एपी-6949

**बेदखली सूचना**

**मैं,** राजकुमार पुत्र श्री लखी राम, निवासी गांव हरिसिंहपुरा तहसील घरौंडा जिला करनाल (हरियाणा) शपथ खाकर बयान करता हूँ कि मेरा पुत्र अजय पुत्र रामकुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है अतः मैं अपने पुत्र अजय को अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूँ भविष्य में इसके साथ लेनदेन करने या किसी भी कानूनी या गैर कानूनी मामले में पूरी जिम्मेदारी इसकी होगी मेरी और मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-6952

**खोया-पाया**

हमारी दो रजिस्ट्री डीड नंबर 3021 दिनांक 25.7.2000 जोकि बृज बाला पत्नी दर्शन लाल और रजिस्ट्री डीड नंबर 5272 दिनांक 22.10.2001 जोकि सचिन कुमार पुत्र दर्शन लाल के नाम पर दर्ज है वह 15.10 .2025 जोकि कोर्ट के पास कहीं गिर गई है । जिसकी हमने रिपोर्ट डी डी आर नंबर 132400502504169 यमुनानगर पुलिस थाने में दर्ज है। जिस किसी को मिले वह रजनीश कुमार पुत्र हरबंस लाल निवासी बी -6,966--25 गली ,नजदीक दुर्गा मंदिर कॉलोनी, तारा पुरी, विष्णु नगर, यमुनानगर जिला यमुनानगर हरियाणा 135002 को सूचित करें।
एपी-6959

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# अजय सिंघल ने संभाला डीजीपी पद का कार्यभार

## तकनीक, संवेदनशीलता और सख्ती का रहेगा संतुलन, पुलिस लाइनों में बनाए जाएंगे बैंक्वेट हॉल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** हरियाणा के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने गुरुवार को औपचारिक रूप से अपने पद का कार्यभार संभालने के बाद कहा है कि पुलिस विभाग में जल्द ही 'मेय आई हेल्प यू' योजना शुरू की जाएगी।

गुरुवार को पुलिस मुख्यालय पहुंचने पर उन्हें सशस्त्र पुलिस दल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इसके पश्चात उन्होंने निवर्तमान डीजीपी ओ.पी. सिंह से कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय में उपस्थित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मीडिया से बातचीत करते हुए डीजीपी अजय सिंघल ने कहा कि यह योजना विशेष रूप से यात्रा करने वाले नागरिकों की सुरक्षा और सहायता के उद्देश्य से लागू की जाएगी। इस योजना के तहत जरूरतमंद व्यक्ति किसी भी प्रकार की असुविधा, असुरक्षा या आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त कर सकेंगे। इसमें स्कूली छात्राएं, कामकाजी महिलाएं, बुजुर्ग महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, रात्रिकालीन यात्रियों सहित समाज के सभी वर्गों को शामिल किया जाएगा।

डीजीपी ने कहा कि आमजन और पुलिस के बीच विश्वास को मजबूत करना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए शिकायत निवारण तंत्र को और अधिक सशक्त एवं पूरी तरह ऑटोमेटेड किया जाएगा। शिकायतों की निगरानी डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी ताकि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस इन सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम, सजग और प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में सभी चुनौतियों से निपटने के लिए योजनाबद्ध, चरणबद्ध और लक्ष्य-आधारित रणनीति अपनाई जाएगी, ताकि कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस एक संगठित टीम की तरह कार्य करेगी और प्रोफेशनलिज्म, जवाबदेही व संवेदनशीलता के साथ जनता की सेवा सुनिश्चित करेगी।

डीजीपी ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए एक व्यापक और प्रभावी रणनीति तैयार की जाएगी। इसके अंतर्गत तकनीक आधारित निगरानी को बढ़ाया जाएगा तथा महिला अपराधों के संवेदनशील क्षेत्रों एवं हॉटस्पॉट्स की पहचान कर वहां विशेष प्लान ऑफ एक्शन लागू किया जाएगा। दलित, शोषित एवं कमजोर वर्गों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देते हुए उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों पर सख्त एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर पूर्व पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह, एडीजीपी चारू बाली, एडीजीपी संदीप खिरवार, एडीजीपी डा. एम रविकिरण, एडीजीपी अमिताभ ढिल्लों, एडीजीपी हरदीप दून, एडीजीपी शिवास कबिराज, आईजी राकेश आर्य, आईजी कुलदीप सिंह, डीआईजी मनवीर सिंह सहित कई अन्य अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

डीजीपी ने कहा कि पुलिसकर्मियों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। पुलिस लाइनों में पुलिसकर्मियों के पारिवारिक आयोजनों एवं विवाह समारोहों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त बैंक्वेट हॉल बनाए जाएंगे, जिनमें 4 से 5 कमरों की व्यवस्था भी होगी। इसके अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की बेटियों के विवाह हेतु 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तथा हॉस्टल में अध्ययनरत बच्चों के लिए 2 लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में भी ठोस प्रयास किए जाएंगे। इन पहलों का उद्देश्य पुलिस परिवारों को सामाजिक और आर्थिक संबल प्रदान करना है।

# विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मडलौडा में अपने कार्यकर्ताओं के साथ मनाया जन्म दिवस

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 1 जनवरी।** वीरवार को नव वर्ष के अवसर पर प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं ने विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का जन्म दिवस मडलौडा स्थित उनके निवास स्थान पर मनाया। इस अवसर पर मंत्री ने पौधारोपण भी किया। कार्यकर्ताओं ने मंत्री के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लिया और उन्हें जन्म दिवस के साथ-साथ नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दी।

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि मानव सेवा को सर्वोच्च मानते हुए आज उनके जन्मदिन और नववर्ष पर कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रदेश भर से आए युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि जन्मदिन मनाने का सबसे सुंदर तरीका है किसी के जीवन को बचाने में योगदान देना। रक्तदान एक ऐसा दान है, जिससे कई जरूरतमंदों को नया जीवन मिल सकता है।

उन्होंने अपने जन्मदिन पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए अपने 69 वें जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण कर समाज को प्रकृति से जुडने का संदेश दिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधे लगाए गए।

मंत्री कृष्ण लाल पंवार के जन्मदिन के अवसर पर 200 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ और 501 पौधे भी लगाए गए। कार्यक्रम में मंत्री कृष्ण लाल पंवार के सुपुत्र अनिल पंवार ने सभी रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में मशहूर हरियाणवी गायक मासूम शर्मा भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी मंत्री को जन्मदिन की बधाइयां दी।

## न्यूज ब्रीफ

### वैदिक परंपराओं के साथ हुआ नववर्ष 2026 का शुभारंभ





**कुरुक्षेत्र (अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा)।** नववर्ष 2026 के पावन अवसर पर कौशिक क्लासेज में वैदिक परंपराओं के अनुरूप हवन-यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सनातन धर्म की मर्यादाओं एवं विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के आह्वान के साथ किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक एवं सकारात्मक ऊर्जा से भर उठा। कौशिक क्लासेज के संस्थापक विवेक कौशिक ने हवन-यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का समावेश ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों के मार्ग पर अग्रसर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर विवेक कौशिक की धर्मपत्नी श्रीमती पूजा शर्मा ने भी विद्यार्थियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके शैक्षणिक एवं नैतिक विकास के साथ-साथ उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में कौशिक क्लासेज के समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने हवन-यज्ञ में आहुति प्रदान कर नववर्ष के मंगलमय आगमन, सफलता और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। हवन उपरांत प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### उज्जैन में अष्टमी से पूर्णिमा तक महाभंडारे का आयोजन

**उज्जैन (अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा)।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में नववर्ष के पावन अवसर पर सनातन परंपरा के अनुरूप अष्टमी से पूर्णिमा तक आस्था का महाभंडारा आयोजित किया जा रहा है। बाबा महाकाल के परम भक्त एवं माँ काली के अनन्य उपासक पंडित श्री राजेश मोदगिल के सान्निध्य में यह भव्य आयोजन 28 दिसंबर 2025 (अष्टमी) से 3 जनवरी 2026 (पूर्णिमा) तक निरंतर चलेगा। इस दौरान विधिवत पूजा-अर्चना, मंत्रोच्चार, शिव स्तुति एवं देवी आराधना के साथ भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। हर-हर महादेव और जय माँ काली के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। पंडित श्री राजेश मोदगिल ने बाबा महाकाल और माँ काली की महिमा का वर्णन करते हुए शिव-शक्ति के अद्वैत स्वरूप पर प्रकाश डाला। भंडारे में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। देशभर से आए भक्तों ने इस आयोजन को दुर्लभ आध्यात्मिक अवसर बताया। पंडित श्री राजेश मोदगिल ने विशेष अनुष्ठानों के माध्यम से राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की।

### गांव बारना में आदि वसुंधरा फाउंडेशन ने बांटे कंबल



**कुरुक्षेत्र (अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा)।** नववर्ष के पावन अवसर पर गांव बारना स्थित भट्ठे पर आदि वसुंधरा फाउंडेशन के तत्वावधान में एक सराहनीय सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए संस्था द्वारा गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित कर उन्हें ठंड से राहत प्रदान की गई। इस मानवीय पहल से क्षेत्र में खुशी और संतोष का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान संस्था के ब्लॉक प्रधान श्री सत्यवान गोयत ने कहा कि आदि वसुंधरा फाउंडेशन समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि संस्था समय-समय पर जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता, आवश्यक सामग्री एवं अन्य सहयोग प्रदान करती आ रही है और भविष्य में भी इसी भावना के साथ जनसेवा के कार्य जारी रखे जाएंगे। इस अवसर पर नरेश कुमार (मिर्जापुर), संजीव सरपंच (जोगनाखेड़ा), गुरदास सरपंच (झिझरपूर), सुनील (मिर्जापुर), अशोक (हथिरा), प्रशांत अमीन एवं सलिनदर बारवा सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने आदि वसुंधरा फाउंडेशन की इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। स्थानीय ग्रामीणों ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य सच्ची सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हैं और जरूरतमंदों के जीवन में आशा की किरण जगाते हैं।

### नववर्ष पर मीठे चावल व गर्म चाय का बांटा प्रसाद

**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** महर्षि कश्यप सभा लाडवा द्वारा वीरवार को प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नव वर्ष के अवसर पर सभा द्वारा लाडवा के हिनौरी मार्ग पर भगत राम धर्मकांटा के पास गर्म चाय व मीठे चावल का प्रसाद बांटा गया। यह जानकारी सभा के प्रधान देवराज राजू ने दी। उन्होंने बताया कि प्रसाद वितरण से पहले सभा के सभी सदस्यों ने शिव मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना के बाद गर्म चाय व मीठे चावल का प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा ठंड से बचने के लिए गर्म चाय भी पी। इस अवसर पर देव राज राजू, राजेश शर्मा, विकास कश्यप, गोपाल कश्यप, श्रवण कुमार, पाली राम, कर्रमबीर कश्यप, आंशू, आशीष, राजबीर, हरिश सिंगल, रोकी मेहरा, ब्रहम नागपाल, जितेंद्र कालिया, अनूज, अंकुर, अंशुल, पुश्कर, नीतिन, कृष, राजबीर छानो सहित अनेक गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# सैनी सेवा ट्रस्ट देहरा नें जरुरतमंदों को गर्म वस्त्र और खाद्य सामग्री वितरित की



अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 1 जनवरी।** नव वर्ष के उपलक्ष में वीरवार को सैनी सेवा ट्रस्ट देहरा की ओर से देहरा व इलाके के कई ईंट भट्ठों पर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को गर्म वस्त्र और खाद्य सामग्री वितरित की गई। इन मोका ट्रस्ट के संस्थापक कर्ण सिंह सैनी ने कहा कि गरीबों को वस्त्र और भोजन दान करना धार्मिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण होता हैं, क्योंकि यह परोपकार और करुणा का सर्वोच्च रूप माना जाता है। उन्होने कहा कि इस प्रकार के कार्य पापों का नाश करते है, सुख-समृद्धि लाते है, भाग्य बढ़ाते है और आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करते है, जिससे व्यक्ति को जीवन में शक्ति और सकारात्मकता मिलती है। इसी दौरान ट्रस्ट की तरफ से 60 लोगों को गर्म कंबल, 25 गरीब महिलाओं को शाल, 50-50 को गर्म टोपे व 50 मफलर तथा तीन क्विंटल कच्ची दाल आदि वितरित की गई। इस अवसरों पर पानीपत के रामफल सैनी, सोहन लाल, नीलम देवी,मोहन लाल, नरेश पंडित, कविता सैनी, नवीन चौहान, सुरजीत, सतीश, संतोष, वीरेंद्र, दीपांशु, गौरव, धर्मवीर, नरेंद्र, बिट्टू, सुनील, सतबीर, सीटू आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कल्याण ने की क्षेत्र की खुशहाली, लोगों के उत्तम स्वास्थ्य व समृद्धि की कामना

## जनसुनवाई कार्यक्रम में सुनीं समस्याएं

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन



**करनाल, 1 जनवरी।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। घरौंडा के गुरूद्वारे में आयोजित नगर कीर्तन में भाग लिया और नगर खेड़ा पर माथा टेक कर क्षेत्र की खुशहाली, लोगों के उत्तम स्वास्थ्य व समृद्धि की कामना की।

नव वर्ष पर आज बड़ी संख्या में लोगों ने भी कुटैल स्थित फार्म हाउस पहुंच कर विधानसभा अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं और पुष्प गुच्छ देकर व शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। श्री कल्याण ने भी लोगों की कुशलक्षेम जानी और उन्हें नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हलके को और ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। खुद व परिवार के विकास के साथ-साथ राष्ट्र की प्रगति में भी योगदान सुनिश्चित करना होगा, ऐसा करने से ही 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना साकार हो सकता है।

फार्म हाउस पर उन्होंने जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत विभिन्न गांवों से आए लोगो की समस्याओं को भी सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए। चौरा के लोगों ने श्री कल्याण से बैंक्वेट हॉल का निर्माण कराने की मांग की। इसके अलावा ग्रामीणों ने पीर बड़ौली से लालुपुरा तक अधूरी पड़ी पीडब्ल्यूडी की सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराने, मेरठ रोड से लालुपुरा बांध तक की सड़क की मरम्मत कराने, फुरलक गांव में सचिवालय, ई-लाइब्रेरी, श्मशान घाट में प्रार्थन सभा हॉल का निर्माण कराने, गांव कैमला में श्मशान घाट रास्ते पर दोनों ओर दीवार, शैड, सोलर लाइट व मुख्य द्वार बनवाने का अनुरोध किया। इसके अलावा गढ़ी भरल से राणा माजरा सड़क की मरम्मत की भी मांग की।

## नव वर्ष पर मुलाना थाना परिसर के बाहर गर्म दूध व बिस्किट की छबील का आयोजन

**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** नव वर्ष के शुभ अवसर पर बढ़ती सर्दी को देखते हुए मुलाना थाना प्रभारी प्रमोद राणा की अध्यक्षता में थाना परिसर के बाहर गर्म दूध व बिस्किट की छबील लगाई गई। इस अवसर पर राहगीरों, स्थानीय नागरिकों एवं वाहन चालकों को गर्म दूध व बिस्किट वितरित किए गए। छबील का शुभारंभ स्वयं थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने किया और उन्होंने उपस्थित लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अपने हाथों से गर्म दूध वितरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए वर्ष की शुरुआत सेवा, सौहार्द और जनसेवा की भावना के साथ करना रहा। स्थानीय लोगों ने पुलिस द्वारा किए गए इस सामाजिक पहल की सराहना की और इसे सद्भाव का प्रतीक बताया। छबील में थाना स्टाफ के अन्य अधिकारी व कर्मचारियो ने भी बढ़ चढ़ कर सेवा की ।

# चेतन्या का उद्देश्य छात्रों को मानसिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 1 जनवरी।** लाडवा के सुगनी देवी स्कूल के कक्षा 12 वीं की छात्राओं ने आज चेतन्या कैरियर कंस्लटेंट का शैक्षणिक भ्रमण किया। इसके लिए सेंटर की तरफ से एक कार्र्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को केवल करियर विकल्पों की जानकारी ही नहीं दी गई, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और भविष्य की चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार बनाना है इसके प्रति भी जागरूक किया गया।

कार्यशाला का संचालन सेंटर के डायरेक्टर हरनेक सिंह द्वारा किया गया, जिसमें स्कूली छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस कार्यशाला को प्रेरणादायक, मार्गदर्शक और भविष्य को स्पष्ट दिशा देने वाला अनुभव बताया। कार्यशाला में हरनेक सिंह ने छात्रों को सरल और प्रभावी उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार डर, झिझक और आत्म-संदेह छात्रों के करियर और जीवन से जुड़े निर्णयों में सबसे बड़ी बाधा बन जाते हैं और कैसे सही मार्गदर्शन, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के बल पर इन पर विजय पाई जा सकती है। कार्यशाला में भाग लेने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र भी दिए गए, जो आगे चलकर उनके भविष्य के करियर और जॉब प्रोफाइल में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर अनेक स्कूली बच्चे व स्टाफ भी मौजूद था।

## मारपीट कर मोबाइल व नगदी छीनने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** सीआईए वन पुलिस टीम ने रिफाइनरी से काम कर कमरे पर लोट रहे श्रमिकों से रज्जापुर गांव के नजदीक मारपीट कर मोबाइल व नगदी छीनने के तीन आरोपियों को बुधवार शाम को बाबरपुर गंदा नाला के पास से काबू किया। आरोपियों की पहचान सोनीपत के बखरपुर गांव निवासी रिंकू उर्फ गोरा व अमन और जफरपुर गांव निवासी सौरभ के रूप में हुई है। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को बुधवार शाम गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि जीटी रोड स्थित बाबरपुर गंदा नाला के पास संदिग्ध किस्म के तीन युवक एक बाइक पर घूम रहे है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर तीनों युवकों को काबू किया। गहनता से पूछताछ करने पर तीनों आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी आरोपी के साथ मिलकर 19 दिसंबर को उक्त बाइक पर सवार होकर रज्जापुर गांव के नजदीक पैदल जा रहे दो युवकों से मारपीट कर दो मोबाइल फोन व 10 हजार रूपए की नगदी छीनने की वारदात को स्वीकारा।

## धर्म और कर्म एक-दूसरे से जुड़े हैं, किंतु सही माईने में धर्म से युक्त कर्म ही सबसे बड़ा है: भगत विनोद नाथ

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 1 जनवरी।** कड़के की ठंड मे कई बार एक माह तक 108 मटको की जलधारा की तपस्या पूर्ण कर चुके श्री धूणा गोरख नाथ मंदिर देहरा के भगत विनोद नाथ द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस बार भी नये साल के मौके पर सोमवार को सर्वसमाज की सुख व समृद्धि की कामना से हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमे भारी संख्या मे श्रद्धालुओ ने आहूति डाली। इस मौके पर भगत विनोद नाथ ने कहा कि धर्म और कर्म एक-दूसरे से जुड़े हैं, किंतु सही माईने में धर्म से युक्त कर्म ही सबसे बड़ा है, क्योंकि कर्म का फल मिलता है और धर्म ही बताता है कि कौन-सा कर्म ठीक और कौन-सा गलत हैं। नाथ ने कहा कि बिना धर्म के कर्म कुकर्म बन जाता है। उन्होने नाथ संप्रदाय की उत्पत्ति पर बोलते हुए कहा कि इस संप्रदाय की उत्पत्ति भगवान शिव से मानी जाती है, जो नाथ संप्रदाय के आदि गुरु हैं, और इसका व्यवस्थित स्वरूप 9वीं से 12वीं सदी के बीच गुरु मत्स्येंद्रनाथ और उनके शिष्य गुरु गोरखनाथ के प्रयासों से बना। इन दोनों ने हठयोग और सिद्ध परंपरा को मिलाकर इसे एक सुव्यवस्थित और शक्तिशाली धार्मिक धारा के रूप में स्थापित किया, जो शैव परंपरा और बौद्ध वज्रयान के तत्वों से प्रभावित है। नफे नाथ ने नाथ समप्रदाय की उत्पति एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत मे जब तांत्रिको व साधको के चमत्कार एवं आचार विचार की बदनामी हो रही थी ओर साधको को शाक्त मद्य मांस तथा स्त्री संबंधी व्यभिचारो के कारण घृणा की दृष्टि से देखा जाने लगा था तथा योगिक क्रियाएं भी मंद पड़ने लगी थी। तब इन यौगिक क्रियाओ के उदार व मानव कल्याण के लिए नाथ सम्प्रदाय का उदय हुआ था। तभी से लेकर नाथ समप्रदाय मानव कल्याण के प्रति समर्पित है।

## चालान नहीं, फूल देकर करवाया यातायात नियमों की गलती का अहसास

अर्थप्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 1 जनवरी।** नव वर्ष के अवसर पर कुरुक्षेत्र पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक सराहनीय और मानवीय पहल की। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान काटने के बजाय उन्हें फूल भेंट कर नियमों के पालन का संदेश दिया गया।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 1 जनवरी को यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न चेकिंग प्वाइंट्स पर यह अभियान चलाया गया, जहां नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों को रोका गया और उन्हें प्यार व समझाइश के साथ यातायात नियमों का महत्व बताया गया। पुलिस कर्मियों ने फूल देकर यह संदेश दिया कि यातायात नियम केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए हैं।

थाना यातायात शहर प्रभारी निरीक्षक राम करण ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य नव वर्ष की शुरुआत सकारात्मक संदेश के साथ करना तथा लोगों में स्वैच्छिक रूप से नियमों के पालन की भावना विकसित करना है। आमजन ने भी पुलिस की इस पहल की सराहना की और भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा आगे भी इसी प्रकार के जागरूकता अभियानों के माध्यम से सुरक्षित यातायात और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयास जारी रहेंगे।

# नए साल में मिलेंगी एमएचयू को मेन कैंपस की सौगात 421 करोड़ से निर्माण कार्य: प्रो. सुरेश मल्होत्रा

मैन कैंपस में बनेंगे 9 विभाग, उत्तर भारत के किसानों को पहुंचेगा फायदा

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन

**करनाल, 1 जनवरी।** नए साल 2026 में महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी करनाल का मैन कैंपस नए बस स्टैंड उचानी करनाल में करीब 421 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार होगा। मैन कैंपस का निर्माण कार्य 50 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है, निर्माण कार्य पूरा करने के लिए तेजी से काम चल रहा है।

महाराणा प्रताप हॉर्टिक्लचर यूनिवर्सिटी करनाल के माननीय कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 9 दिसंबर 2024 को पानीपत से एमएचयू के मैन कैंपस का वर्चुअली शिलान्यास किया था, कैंपस का निर्माण कार्य करीब 421 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होगा। कैंपस में 9 विभाग जिनमें फल विभाग, सब्जी विभाग, फल व मसाले विभाग एवं औषधीय फसलें विभाग, कटाई उपरांत प्रबंधन विभाग, मधुमक्खी पालन विभाग, मशरूम अनुसंधान विभाग, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, बेसिक साइंस एवं सोशल साइस विभाग आदि शामिल होंगे।

### उत्तर भारत के किसानों को होगा फायदा

उन्होंने कहा कि एमएचयू का मैन कैंपस बन जाने के बाद हरियाणा प्रदेश के किसान भाई ही नहीं बल्कि उत्तर भारत के अंतर्गत आने वाले राज्य पंजाब, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश आदि के किसान भाईयों के जीवन में परिवर्तनकारी साबित होगा। किसान भाईयों को बागवानी खेती के संबंध में नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, किसान भाईयों को उन्नत किस्मों का बीज, पौध आदि उपलब्ध करवाई जा सकेंगी। इसके अलावा एमएचयू के प्रदेश के विभिन्न जिलों में चल रहे 6 अनुसंधान केंद्रों से भी बागवानी खेती के बारे में हर सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

### 2 पैकेज में चल रहा मैन कैंपस का निर्माण

माननीय कुलपति प्रो. सुरेश ने बताया कि यूनिवर्सिटी का निर्माण 65 एकड़ में 2 पैकेज में एक साथ चल रहा है। वि.वि. का सबसे पहला फायदा किसान भाईयों को मिलेगा, विश्वविद्यालय बागवानी फसलों पर अनुसंधान कार्य कर रहा है, नई किस्मों का विकास करेगा। फसल सुरक्षा पोषण प्रबंधन, फसल प्रंस्सकरण, वैल्यू ऐबल उत्पादन बनाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विश्व स्तरीय तकनीकों पर शोध कर उन्हें उत्तर भारतीय जलवायु के अनुकूल बनाकर किसान भाईयों तक पहुंचाएगा, जिससे किसान भाई नई तकनीक अपनाकर उच्च गुणवत्ता वाली फसलें तैयार करेंगे, जिससे उन्हें बाजार में पहले की अपेक्षा बेहतर दाम मिल सकेंगे। जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी होगी, जो उनके जीवन में परिवर्तनकारी साबित होगी।

### दोनों फेज में ये-ये बनेगा


कुलपति प्रो. सुरेश ने बताया कि पहले पैकेज में मुख्य प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन, पुस्तकालय, अनुसंधान प्रयोगशालाएं व अन्य विभाग बन रहे है। जबकि दूसरे पैकेज में कुलपति निवास, कर्मचारी निवास, अंतरराष्ट्रीय छात्रावास, लड़के ओर लड़कियों के लिए छात्रावास, किसान प्रशिक्षण छात्रावास, महिला एव पुरुषों के लिए, बहुउदेश्यीय हॉल, व्यायामशाला, एम्फीथिएटर, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, चिकित्सा देखभाल केंद्र, सीवरेज ट्रीटमेंट सिस्टम, सड़के, बैंक और एटीएम, डाकघर आदि का निर्माण किया होगा। प्रो. सुरेश ने बताया कि सारे भवन ग्रहा-3 रेटिंग वाली ग्रीन श्रेणी की जल संरक्षण की तकनीक से लैस होंगे।

# नया साल, नया अंक—मूलांक 1 के प्रभाव में निर्णायक होगा 2026

## अंक-ज्योतिष का संकेतः 2026 में टालना नहीं, तय करना होगा




नववर्ष 2026 को सिर्फ तारीखों का बदलना मान लेना इसकी असली प्रकृति को समझने से चूकना होगा। अंक-ज्योतिष के अनुसार 2026 का योग (2+0+2+6 = 10 - 1) बनता है, यानी यह मूलांक 1 का वर्ष है। सूर्य से जुड़ा यह अंक नेतृत्व, आत्मविश्वास और नए आरंभ का संकेत देता है। सरल शब्दों में कहें तो 2026 ऐसा साल है, जो हर व्यक्ति और हर व्यवस्था से पूछेगा—अब तक जो चलता आया, क्या वही आगे भी चलेगा?



अंक 1 का प्रभाव बताता है कि यह साल बदलाव से डरने वालों के लिए आसान नहीं होगा। राजनीति, प्रशासन और नीति-निर्धारण के क्षेत्रों में कठोर लेकिन साफ़ फैसले सामने आ सकते हैं। नए चेहरे उभरेंगे और पुराने ढर्रे पर चलने वालों को खुद को साबित करना पड़ेगा। हालांकि सूर्य की ऊर्जा जितनी प्रेरक होती है, उतनी ही अहंकार को भी जन्म दे सकती है। इसलिए यह साल नेतृत्व और तानाशाही के फर्क को समझने की कसौटी भी बनेगा।

ज्योतिषीय दृष्टि से देखें तो 2026 में शनि का प्रभाव अनुशासन और कर्म को केंद्र में रखेगा। यह साफ़ संकेत है कि केवल भाषणों और वादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीन पर किए गए काम ही परिणाम देंगे। वहीं गुरु का प्रभाव यह याद दिलाएगा कि निर्णय सिर्फ शक्ति के आधार पर नहीं, बल्कि समझ और नैतिकता के साथ होने चाहिए। यानी तेज़ी के साथ-साथ संतुलन भी जरूरी होगा।

समाज के स्तर पर यह साल आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करेगा। महिलाएं और युवा अपने अधिकारों, करियर और पहचान को लेकर ज़्यादा स्पष्ट और मुखर दिखाई दे सकते हैं। शिक्षा, स्टार्टअप और तकनीक जैसे क्षेत्रों में नए प्रयोग होंगे और पारंपरिक सोच को चुनौती मिलेगी। यह साल सुरक्षित रास्तों से ज़्यादा, नई राह बनाने की माँग करेगा।

व्यक्तिगत जीवन में भी 2026 कई लोगों को बड़े फैसलों के सामने खड़ा कर सकता है। नौकरी बदलना, अपना काम शुरू करना, रिश्तों में साफ़ बात करना या खुद पर भरोसा करना—ये सब इस साल की पहचान बन सकते हैं। लेकिन जल्दबाज़ी और अहंकार में लिया गया निर्णय उलटा असर भी डाल सकता है।

कुल मिलाकर, नववर्ष 2026 जिम्मेदारी लेने और अपनी दिशा खुद तय करने का साल है। जो लोग सोच-समझकर, मेहनत और संतुलन के साथ आगे बढ़ेंगे, उनके लिए यह साल मजबूत नींव रखने वाला साबित हो सकता है।

**–नवनीत कौर**
एस्ट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूमरोलॉजिस्ट

# ब्रह्म विद्या पढ़ने वाला ही वास्तव में पंडित होता है

यह प्राप्ति किन्ही और साधनों से प्राप्त होने वाली नहीं। यह प्राप्ति सदैव सन्तो-महात्माओं, ज्ञानीजनों के द्वारा ही हुई है। इसीलिए बार-बार कहा जाता है कि 'कुझ लै फकीरां दी मत कुड़े' यह दात जब कभी भी किसी को प्राप्त हुई है, सन्तों, गुरु-पीर-पैगम्बरों के द्वारा ही प्राप्त हुई है। बुल्लेशाह जी भी कहते हैं कि शाह इनायत जी की इनायत मुझ पर हुई है तभी मुझे यह प्राप्ति हुई है। उन्होंने मेरा नाता इस अल्लह के साथ जोड़ दिया है। और मेरी भटकन समाप्त हो गई है। इसी प्रकार कबीर जी रामानन्द जी का संग कर रहे हैं, मीराबाई रविदास जी का संग कर रही है।

हमें कोई दुनियावी पढ़ाई, दुनियावी विद्या हासिल करनी हो तो हम उसके लिए उसी विद्या का उस्ताद ढूंढ़ते हैं जो हमें वह विद्या प्रदान करता है; फिर यह तो सर्वोत्तम विद्या है। सदैव काल सत्य रहने वाले प्रभु की समझ है। यह हमें ज्ञानीजनों से ही प्राप्त हो सकती है। अगर इन्सान सोचे कि किन्हीं दुनियावी ताकतों से यह प्राप्ति हो जायेगी तो यह असम्भव है। ऐसा कभी नही हुआ। कबीर जी कहते हैं कि-

यह जग कोठी काठ की दह दिस
लागी आग। पंडित पंडित जल मुये,
मूर्ख उभरे भाग।

कहते है कि स्वयं को पंडित मानने वाले, ऐसा मानने वाले कि हमने बहुत अध्ययन किए है, वाणी कंठस्थ की है, बहुत शास्त्र पढे हुए हैं, गुरु-पीर-पैगम्बरों के जीवन की साखियां पढ़ रखी है वे भी बच नहीं पायेंगे क्योंकि वे यथार्थ को, हकीकत को नही जानते हैं। उन्होंने ज्ञान की रोशनी प्राप्त नहीं की है। इसके विपरीत जिन्हें हम मूर्ख कह रहे हैं, जिन्हें मान रहे हैं कि उन्होंने कोई धर्मग्रन्थ नहीं पढ़े हैं, कोई चौपाईयां याद नहीं की है लेकिन उन्होंने ज्ञान की रोशनी प्राप्त कर ली है, यह समझ प्राप्त कर ली है तो उनका पार उतारा हो जाया करता है। कबीर जी आगे और लिखते हैं-

बैठा पंडित पढ़े पुरान बिन देखे का करे बखान। तू कहे कागज़ की लेखी, मैं कहूं आंखन की देखी।


सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

कहते हैं कि ऐ पंडित तू तो केवल कागज़ों पर लिखी बात कह रहा है जबकि मैं आंखों से देखी बात कर रहा हूं। ज्ञानीजनों से, ज्ञान की दृष्टी प्राप्त होने से ही पार उतारा होता है और यह ब्रह्म विद्या पढ़ने वाला ही वास्तव में पंडित होता है। उसी का पार उतारा होता है। महापुरुष इन्सान को निरंतर यह आवाज़ दे रहे हैं कि ऐ मानव! तू भी यह प्राप्ति करके मालामाल हो जा। इस तरह तू इस लोक में भी ख्वार न हो ओर परलोक में भी तुझे ख्वार न हो। इन्सान इस बात का अहसास नही करता। जिन-जिन बातों का इन्सान अहसास करता है वे सब नाशवान हैं।




नोकरियां यहां देखें

**मेट्रो रेलवे कोलकाता में अप्रेंटिस के**
कुल पदः128
आवेदन की अंतिम तिथिः 22 जनवरी, 2026
योग्यताः दसवीं, आईटीआई
आयु सीमाः अधिकतम 24 साल
करें आवेदनः
**mtp.indian railways. gov.in**

**हिमाचल चयन आयोग में असिस्टेंट स्टाफ नर्स की**
कुल पदः 312
आवेदन की अंतिम तिथिः 16 जनवरी 2026
योग्यताः बीएससी नर्सिंग जीएनएम डिप्लोमा
आयु सीमा 21 से 32 साल
करें आवेदन
**hprca.hp.gov.in**

**यूपीअधिनस्थ बोर्ड द्वारा विज्ञापित अकाउंटेंट के**
कुल पदः 7994
आवेदन की अंतिम तिथिः 28 जनवरी, 2026
योग्यता3 यूपीटीईटी, 12वीं
आयु सीमाः18 से 40 साल
आवेदन करें :
**www.up pssc.gov.in**

**झारखंड कर्मचारी आयोग द्वारा विज्ञापित स्पेशल टीचर के**
कुल पदः 3451
आवेदन की अंतिम तिथिः 13 जनवरी, 2026
योग्यताः डिप्लोमा , यूजी
आयु सीमाः 21से 40 साल
करें आवेदनः
**jssc.jharkhand.gov.in**

**आईआईटी भुवनेश्वर में नॉन टीचिंग के**
कुल पदः 101
आवेदन की अंतिम तिथिः 8 जनवरी, 2025
योग्यताः यूजी,अनुभव
आयुः 32 से 55 साल
करें आवेदनः
**iitbbs.ac.in**

**स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया में के कोच के**
कुल पदः 11
आवेदन की अंतिम तिथिः 11 जनवरी, 2025
योग्यताः अनुभव, द्रोणाचार्य पुरस्कार
आयु सीमा अधिकतमः 64 साल

**जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए arthparkash.com देखें**

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जन-जागरूकता शिविर का आयोजन

3 जनवरी को दीवान गार्डन गन्नौर में आयोजित होगा जागरूकता शिविर

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से 03 जनवरी को गन्नौर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गन्नौर के बादशाही रोड़ पर स्थित दीवान गार्डन में आयोजित इस जागरूकता शिविर का शुभारंभ विधायक देवेंद्र कादियान करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश के गरीब परिवारों को सौर ऊर्जा उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 1.10 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि योजना का लक्ष्य लोगों के घरों का बिजली बिल कम करने के अलावा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना भी है ताकि भविष्य में अन्य स्त्रोतों के माध्यम से बनाई गई बिजली पर निर्भरता में कमी की जा सके। इस योजना से पर्यावरण को फायदा मिलेगा।उन्होंने बताया कि जिस परिवार की सालाना आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है, ऐसे परिवारों को 2 किलोवाट तक सौलर पैनल लगवाने पर 60 हजार रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा तथा 50 हजार रुपये तक की अतिरिक्त सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत लगाए जाने वाले सोलर पैनल की उत्पादन क्षमता 300 यूनिट मासिक तक है।इसी तरह जिन परिवारों की सालाना आय 1.80 लाख से 3 लाख रुपये तक है, ऐसे परिवारों को 2 किलोवाट तक सोलर पैनल लगवाने पर 60 हजार रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा तथा 20 हजार रुपये तक की अतिरिक्त सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए केंद्र सरकार के सोलर पोर्टल www.pmsuryaghar.gov.in अथवा स्थानीय बिजली विभाग कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# जैन धर्म और सिख धर्म का इतिहास मानवता का इतिहास है: मनिंदरजीत सिंह बिट्टा

**चंडीगढ़।** जैन धर्म और सिख धर्म का इतिहास मानवता के इतिहास से गहराई से जुड़ा है क्योंकि दोनों धर्म समानता, अहिंसा (जैन धर्म में चरम), सेवा, और सभी जीवों के प्रति सम्मान जैसे सार्वभौमिक मूल्यों पर जोर देते हैं, जो मानव कल्याण और आध्यात्मिक प्रगति के लिए आवश्यक हैं, और भारतीय उपमहाद्वीप की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का अभिन्न अंग हैं, जो व्यक्तिगत प्रयास और ईश्वर के साथ मिलन के माध्यम से मुक्ति (मोक्ष) का मार्ग दिखाते हैं। हमारी पंजाब की धरती कितनी पवित्र धरती है अभी हाल ही मे छोटे साहिबजादे जिनकी इतनी कम आयु और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणो की आहुति दे दी। टोडर मल जी का इतिहास बार बार निकलता है जो टोडर मल जो न होते है तो शायद माता गुजरी और उन साहिबजादो का संस्कार भी न होता उनको याद किया जाता है। हमारा इतिहास बडा अलग है। ये शब्द एंटी टेररिस्ट फ्रंट ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने आज नववर्ष के आगमन पर अणुव्रत भवन सैक्टर 24 सी तुलसी सभागार मे मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक से आर्शीवाद लेते हुए कहे।



इस दौरान मुनिश्री ने मंत्रोचार के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया। कार्यक्रम मे ट्राईसिटी के भाई बहिन बडी संख्या में उपस्थित थे। मनीषी श्रीसंत ने जैन मंत्रो का विधिवत उच्चारण किया जिसमे लोगस्स, उवसग्गस्त्रोत्र, भत्तामर स्त्रोत्र, आगम पाठ, पाश्र्वनाथ स्त्रोत्र, शांतिनाथ स्त्रोत्र और पदमावति मंत्रों आदि का विशेष अनुष्ठान किया गया। नववर्ष के उपलक्ष्य मे श्रावक समाज ने अनुशासन, मर्यादा और आज्ञा का उल्लंघन नहीं करूंगा सामुहिक रूप से संकल्प स्वीकार किया।

इस दौरान श्री बिट्टा ने अभय मुनि की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा अभय मुनि वेशक हमारे बीच से शारीरिक रूप से चले गये लेकिन उनकी सोच और उनका मार्गदर्शन सदा हमे प्रेरित करता रहेगा। मै रोज ही अभय मुनि जी के दर्शन करता हूं।

जैन धर्म के लोग अपने बच्चो को धर्म के साथ जोडते है बेशक समाज मे संख्या बेहद हमारी थोडी सी है लेकिन हमारा प्रभाव पूरी तरह दुनिया पर है। जिनसे है वो आत्मा से है मै मानता हूं कि ये सब संत मुनियो की कृपा है और इन संतो मुनियो पर भगवान महावीर व आदिनाथ की कृपा है और इनकी कृपा हम सब पर होती है।

## पंचांग

शुक्रवार, 2 जनवरी, 2026, सूर्योदयः 07:14 ए एम, सूर्यास्तः 05:36 पी एम, चन्द्रोदयः 04:18 पी एम, चन्द्रास्तः 07:12 ए एम, जनवरी 03, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः पौष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः शुक्रवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः चतुर्दशी - 06:53 पी एम तक, नक्षत्रः मृगशिरा - 08:04 पी एम तक, योगः शुक्ल - 01:07 पी एम तक, करणः गर - 08:37 ए एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 06:53 पी एम तक, क्षय करणः विष्टि - 05:11 ए एम, जनवरी 03 तक, सूर्य राशिः धनुः चन्द्र राशिः वृषभ - 09:25 ए एम तक, राहुकालः 11:07 ए एम से 12:25 पी एम, गुलिक कालः 08:32 ए एम से 09:50 ए एम, यमगण्डः 03:01 पी एम से 04:18 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 12:04 पी एम से 12:46 पी एम, दुर्मुहूर्तः 09:19 ए एम से 10:00 ए एम, दुर्मुहूर्तः 12:46 पी एम से 01:27 पी एम, अमृत कालः 12:16 पी एम से 01:41 पी एम, वर्ज्यः 03:33 ए एम, जनवरी 03 से 04:59 ए एम, जनवरी 03

## भविष्य फल



**मेषः** बेहतर जिन्दगी के लिए अपनी सेहत और व्यक्तित्व में सुधार लाने कि कोशिश करें।

**वृषः** आज आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। घर परिवार में चल रही समस्या धीरे-धीरे सुलझ सकती है।

**मिथुनः** जेवर और एंटीक में निवेश फायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। जीवनसाथी से झगड़ा मानसिक तनाव की ओर ले जा सकता है।

**कर्कः** आज आपको सच बोलने से कार्य में सफलता मिलेगी। बहुत दिनों के बाद आपकी करीबी मित्र से भेंट हो सकती है।

**सिंहः** अपने अतिरिक्त धन को सुरक्षित जगह पर रखिए, जो आने वाले व?त में आप फिर पा सकें।

**कन्याः** कार्यों के प्रति आपका समर्पित भाव आज आपको सफलता दिलाएगा। वाहन सुख हो सकता है।

**तुलाः** जिन लोगों से आपकी मुलाकात कभी-कभी ही होती है, उनसे बातचीत और संपर्क करने के लिए अच्छा दिन है।

**वृश्चिकः** आज व्यावसायिक स्थल पर अनुकूल वातावरण रहेगा। अपनी जीवनशैली में आप पहले से बड़े बदलाव देख सकते है।

**धनुः** सड़क पार करते वक्त सावधान रहें। किसी और की लापरावाही का खामियाजा आपको भुगताना पड़ सकता है।

**मकरः** आपकी वाणी में वह मधुरता दिखेगी। नौकरी और व्यवसाय में सहयोग से सफलता प्राप्त करेंगे।

**कुंभः** दीर्घावधि निवेश से बचिए। आज के दिन आपकी योजनाओं में आ?िरी पल में बदलाव हो सकते हैं।

**मीनः** स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की जरुरत है। खुशियां आपके दरवाजे पर दस्तक देंगी। आपसी मतभेद बन सकते है।

# नववर्ष पर विधायक देवेंद्र कादियान ने गांव बजाना कलां में कराया विशाल भंडारा



विधायक ने परिवार संग हवन-यज्ञ में दी आहुति

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। नववर्ष के अवसर पर गन्नौर विधानसभा क्षेत्र से विधायक देवेंद्र कादियान ने गुरुवार को अपने पैतृक गांव बजाना कलां स्थित जय बाबा समाध वाले मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रम और विशाल भंडारे का आयोजन किया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने समाध पर माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह विधि-विधान से हवन-यज्ञ किया गया। विधायक देवेंद्र कादियान ने अपनी धर्मपत्नी और परिवार के सदस्यों के साथ आहुति डालकर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। मंत्रोच्चारण के बीच उन्होंने बाबा समाध वाले का आशीर्वाद लिया।

भंडारे की शुरुआत सुबह करीब 10 बजे हुई, जो देर शाम तक लगातार जारी रही। बजाना कलां के अलावा गन्नौर क्षेत्र के विभिन्न गांवों और आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। विधायक स्वयं कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे और व्यवस्थाओं की निगरानी के साथ प्रसाद वितरण में भी सहयोग किया।

विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि नया वर्ष केवल तारीख बदलने का अवसर नहीं, बल्कि संकल्प लेने का समय है। उन्होंने कहा कि गन्नौर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।

विधायक ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़कों के विकास को लेकर स्पष्ट रोडमैप तैयार किया गया है। कार्यक्रम के दौरान कई पंचायतों के सरपंच, पूर्व सरपंच, जनप्रतिनिधि समेत 25 से 30 हजार की बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नववर्ष पर कुमारी सैलजा का संदेश

# नया वर्ष सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए: सैलजा

बेरोजगारी दूर करने, कानून व्यवस्था मजबूत करने और युवाओं को नशे से बचाने का संकल्प

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। नववर्ष 2026 के अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने देशवासियों विशेषकर हरियाणा की जनता को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नया वर्ष सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वर्ष 2026 हरियाणा के लिए विकास और जनकल्याण का वर्ष सिद्ध होगा तथा जनता की अपेक्षाओं पर सरकार खरा उतरेगी। कुमारी सैलजा ने कहा कि नववर्ष आत्मचिंतन और आगे बढ़ने का अवसर होता है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार को चाहिए कि वह प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी को गंभीरता से लेते हुए युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए। युवाओं को रोजगार से जोड़कर ही प्रदेश को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सकता है और उनका भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है ताकि आम नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सके। इसके साथ ही प्रशासन को जवाबदेह बनाना भी समय की मांग है, जिससे जनसमस्याओं का समय पर समाधान हो सके। सुशासन तभी संभव है जब व्यवस्था पारदर्शी हो और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय हो। सांसद ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश का युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में जा रहा है, जो समाज के लिए गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा कि सरकार को नशे के खिलाफ ठोस नीति बनाकर प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए और युवाओं को इस दलदल से बाहर निकालने के लिए जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। अंत में उन्होंने कामना की कि नववर्ष 2026 हरियाणा सहित पूरे देश के लिए शांति, प्रगति और खुशहाली लेकर आए।



# स्कूल, कालेजों में नशा बेचने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: पुलिस अधीक्षक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कुरुक्षेत्र। पुलिस प्रशासन ने स्कूलों और कालेजों में या शिक्षण संस्थानों में उनके आसपास नशा बेचने व सप्लाई करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से बचाने के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के विभिन्न कालेजों के प्रतिनिधियों के साथ एक मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कालेज प्राचार्यो व प्रतिनिधियों से नशे की सप्लाई को रोकने के लिए शिक्षण संस्थानों से सहयोग करने की अपील की है। कालेज प्राचार्यो व प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि शिक्षा संस्थानों के अन्दर तथा आसपास नशा तस्करी, बिक्री या किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट सहित सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके तहत स्कूलों व कालेजों के आसपास नियमित गश्त, सादी वर्दी में पुलिस की तैनाती, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच तथा खुफिया तंत्र को मजबूत किया जा रहा है। इसके साथ-साथ शिक्षण संस्थानों के प्रबंधन व स्टाफ से भी सहयोग लेकर किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई है।

# अवैध हथियार की घटना में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिले के SUAG युनिट सैक्टर-7 सोनीपत की पुलिस ने अवैध हथियार की घटना मे संलिप्त आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आदित्य उर्फ मोना पुत्र योगेश निवासी अगवानपुर जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 31 दिसंबर 2025 को SUAG युनिट सैक्टर-7 सोनीपत मे नियुक्त मुख्य सिपाही अमित अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पड़ताल हेतु नमस्ते चौक पर गन्नौर जिला सोनीपत मौजुद था कि खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि आदित्य उर्फ मोना निवासी अगवानपुर गन्नौर जिसके पास अवैध पिस्तौल है जो अब गुमड़ रोड पर फ्लाईओवर से पहले किसी के इन्तजार में खडा है अगर तुरंत रेड की जाये तो अवैध हथियार सहित काबु आ सकता है जो पुलिस टीम प्राप्त सूचना के आधार पर गुमड़ रोड INDIAN OIL पम्प के पास पहुंची तो एक नौजवान खड़ा दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम ने शक की बिना पर काबु नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम पता आदित्य उर्फ मोना पुत्र योगेश निवासी गांव अगवानपुर जिला सोनीपत बतलाया। जो पुलिस टीम ने आदित्य उपरोक्त की तलाशी विधिपुर्वक अमल में लाई तो उसकी पहनी हुई पाजामी से एक देशी पिस्तौल व एक जिन्दा रौन्द बरामद हुआ।

# स्टार्टअप के लिए हरियाणा की विधवा महिलाओं को मिलेगा 3 लाख का ऋण: सुशील सारवान

विधवाओं को उद्यमिता योजना के तहत ले सकेगीं ऋण

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि विधवाओं को उद्यमिता योजना हरियाणा सरकार द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विधवाओं को उद्यमिता योजना लागू की है। इस योजना के तहत महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए बैंकों के जरिए उन्हें 3 लाख रुपये तक का ऋृण दिया जाएगा।इस योजना के अंतर्गत विधवा महिलाओं की परिवारिक वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम और आवेदन के समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होगी, वही इस स्कीम की पात्र होंगी। इसके अलावा आवेदन पहले से लिए गए किसी ऋण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। गौर करने वाली बात ये है कि इस योजना के तहत समय पर किश्त का भुगतान करने पर 3 वर्षो तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा दी जाएगी।

उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत डेयरिंग, उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों और केवीआईबी को छोड़कर अन्य सभी गतिविधियां शामिल हैं। इन गतिविधियों में यातायात वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, छोटा सामान ढोने के वाहन, थ्री-व्हीलर, ई-रिक्शा, टैक्सी, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटिक, फोटो कॉपी की दुकान, पाप? बनाना, आचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टॉल, आईसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट बनाना, हैण्डलूम, बैग बनाना, कैटींन सर्विस आदि काम शुरू कर सकती हैं।

उपायुक्त ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित दस्तावेज आवेदन के साथ जमा कराने होंगे। इन दस्तावेजों में आवेदन पत्र राशन कार्ड/परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिर्पोट, ट्रेनिंग सर्टिफिकेट/अनुभव प्रमाण पत्र शामिल हैं।

इस योजना का लाभ लेने व जानकारी के लिए जिला प्रबंधक हरियाणा महिला विकास निगम सोनीपत, मकान नंबर 842, अनिल विहार, नियर ऋषिकुल स्कूल,गोहाना रोड, सोनीपत से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।




# हरियाणा पुलिस में भर्ती होंगे 5500 कांस्टेबल

## 11 से 25 जनवरी तक कर सकेंगे आवेदन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** हरियाणा में लंबे समय से अटकी पुलिस विभाग की भर्ती की प्रक्रिया गुरुवार को शुरू हो गई है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने भर्तियों के लिए आवेदन मांगते हुए स्पष्ट किया है कि वर्ष 2024 में आवेदन करने वाले युवाओं को भी नए सिरे से आवेदन करना होगा। बाद में उन्हें आयु सीमा में छूट प्रदान कर दी जाएगी।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने गुरुवार को चंडीगढ़ में जारी जानकारी में बताया कि सीईटी फेज-टू के अंतर्गत हरियाणा पुलिस कांस्टेबल (पुरुष, महिला एवं हरियाणा रेलवे पुलिस) पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस भर्ती विज्ञापन के अंतर्गत कुल 5500 पद निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 4500 पद पुरुष कांस्टेबल, 600 पद महिला कांस्टेबल तथा 400 पद हरियाणा रेलवे पुलिस के लिए हैं।

हिम्मत सिंह ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 जनवरी 2026 से प्रारंभ होकर 25 जनवरी 2026 की रात्रि 11:59 बजे तक चलेगी। इस भर्ती प्रक्रिया में किसी भी श्रेणी के अभ्यर्थियों से कोई आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा। भर्ती से संबंधित विस्तृत विज्ञापन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

हिम्मत सिंह ने बताया कि बीसीए, बीसीबी एवं ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए सहायक प्रमाण-पत्र 01 अप्रैल 2025 से 25 जनवरी 2026 के बीच जारी होना अनिवार्य है, जबकि डीएससी एवं ओएससी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए सहायक प्रमाण-पत्र 13 नवंबर 2024 के बाद और अंतिम तिथि तक जारी होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि पूर्व सैनिक के पारिवारिक सदस्यों के लिए पात्रता प्रमाण-पत्र 12 जनवरी 2025 के बाद जारी अथवा नवीनीकृत होना आवश्यक है।

आयोग के अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में विज्ञापन संख्या 14/2024 के अंतर्गत आवेदन किया था,उन्हें भी इस भर्ती प्रक्रिया के लिए नया आवेदन करना अनिवार्य होगा।

उन्हें नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जाएगी। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की तिथि एवं परीक्षा तिथि की जानकारी आयोग द्वारा बाद में अलग से जारी की जाएगी। हिम्मत सिंह ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वे अपना आवेदन पत्र स्वयं भरें और किसी भी सीएससी सेंटर या अन्य माध्यम से आवेदन न करवाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर वह निरस्त हो जाता है, तो उसे सुधारने के लिए कोई करेक्शन पोर्टल नहीं खोला जाएगा। ऐसा आवेदन अंतिम माना जाएगा और स्वतः निरस्त हो जाएगा। अतः अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की गलती से बचने के लिए आवेदन अत्यंत सावधानीपूर्वक स्वयं ही भरें।




## वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्यामल मिश्रा मुख्य सचिव ग्रेड में पदोन्नत

अन्य आईएएस अधिकारियों को भी मिली पदोन्नति

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** हरियाणा सरकार ने 1996 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्यामल मिश्रा को मुख्य सचिव ग्रेड (पे मैट्रिक्स के लेवल-17) में पदोन्नत किया है। पदोन्नति उपरांत श्री मिश्रा अपने वर्तमान पदभार एवं दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे।

इसके अलावा, 2001 बैच के चार आईएएस अधिकारियों को हायर एडमिनिस्टेअटिव ग्रेड (पे मैट्रिक्स के लेवल-15) में पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति पाने वालों में विजय सिंह दहिया और अमनीत पी. कुमार शामिल हैं। केन्द्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर होने के कारण विकास गुप्ता और पंकज यादव को परफॉर्मा प्रमोशन दी गई है।

इसके प्रकार, 2010 बैच के पांच आईएएस अधिकारियों को सुपर टाइम स्केल (पे मैट्रिक्स लेवल-14) में पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति पाने वालों में प्रभजोत सिंह, राजनारायण कौशिक, जितेन्द्र कुमार और हेमा शर्मा शामिल हैं। केन्द्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर होने के चलते डॉ. गरिमा मित्तल को परफॉर्मा प्रमोशन दी गई है।

साथ ही, 2013 बैच के आठ आईएएस अधिकारियों को सिलेक्शन ग्रेड (पे मैट्रिक्स लेवल-13) में पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति पाने वालों में पार्थ गुप्ता, अजय कुमार, प्रदीप दहिया, संगीता तेतरवाल, मनदीप कौर, प्रतिमा चैधरी और वीरेन्द्र कुमार दहिया शामिल हैं। केन्द्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर होने के चलते निशांत कुमार यादव को परफॉर्मा प्रमोशन दी गई है।

इसके अलावा, 2017 बैच के नौ आईएएस अधिकारियों को जूनियर एडमिनिस्टेअटिव ग्रेड (पे मैट्रिक्स लेवल-12) में पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति पाने वालों में विश्राम कुमार मीणा, स्वप्निल रविन्द्र पाटिल, साहिल गुप्ता, डॉ. वैशाली शर्मा, महाबीर प्रसाद, महेन्द्रपाल, सतपाल शर्मा, अमर दीप सिंह और सुशील कुमार शामिल हैं।

साथ ही, 2022 बैच के सात आईएएस अधिकारियों को सीनियर टाइम स्केल (पे मैट्रिक्स के लेवल-11) में पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत किए गए अधिकारियों में अंकित कुमार चैकसे, अंजली श्रोत्रिया, अर्पित सांगल, ज्योति, डॉ. राहुल, शाश्वत सांगवान तथा श्री उत्सव आनंद शामिल हैं।







## ढकोली में युवक से मारपीट व लूटपाट, दो आरोपियों पर एफआईआर

**जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)।** ढकोली थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट, धमकी और लूटपाट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित परम चावला, निवासी अस्मिता होम्स ढकोली ने बताया कि 20 दिसंबर 2025 की रात करीब 8 बजे सामान लेने जाते समय ढकोली पार्क के पास सुमित बनवाला (निवासी मोहाली) और दीपक मलिक (निवासी हरियाणा) मिले। आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी, अलग-अलग स्थानों पर घुमाया और उससे करीब 5 हजार रुपये नकद, सोने की अंगूठी, सोने की चेन तथा उसकी एक्टिवा छीन ली। किसी तरह पीड़ित ज्योति अस्पताल के पास पहुंचकर बचा। पुलिस को जीएमसीएच सेक्टर-32 चंडीगढ़ और ढकोली सीएचसी से मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें चोटों की पुष्टि हुई है। जांच के आधार पर पुलिस ने दीपक मलिक और सुमित बनवाला के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 115(2), 126(2) व 3(5) के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# मेजर की बीमार बेटी को 24 घंटे के भीतर मिला अपने मकान पर कब्जा

## योगी की संवेदनशीलता से मिली 'छांव', अंजना के मुख से निकला– थैंक्यू योगी अंकल! गॉड ब्लेस यू

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। दबंगों की प्रताड़ना की शिकार एक मेजर की बेटी अंजना के लिए नये साल का पहला दिन जमाने भर की खुशियां लेकर आया जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश पर सिर्फ 24 घंटे के अंदर पुलिस ने उसका करोड़ों का मकान उसे दिलाकर भूमाफियों को बंदी बना लिया। अपने मेजर पिता और भाई-बहन को खोने के बाद से अंजना सीजोफ्रेनिया से जूझ रही हैं और रिहैब सेंटर में हैं। वह बुधवार को मुख्यमंत्री से मिलीं थीं तो उन्होंने बताया था कि चंदौली के बलराम यादव ने उनके मकान पर कब्जा कर लिया है। सीएम से उन्हें 24 घंटे के भीतर न्याय का भरोसा मिला और गुरुवार को दोपहर से पहले ही उन्हें जब अपने मंकान पर कब्जा मिला तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े और मुंह से निकला- 'गॉड ब्लेस यू योगी अंकल!'

अंजना के पिता स्व. बिपिन चंद्र भट्ट सेना में मेजर थे। उनका इंदिरा नगर में ए-418 नंबर का मकान है। उनका निधन 1994 में हो गया। मेजर भट्ट के एक बेटे व दो बेटियां थीं। उनके बेटे व एक बेटी का निधन हो चुका है। सिर्फ अंजना ही परिवार में रह गई थीं। सीजोफ्रेनिया से पीड़ति होने पर अंजना को 2016 में निर्वाण रिहैब सेंटर ले जाया गया। वहां के डॉक्टर की देखरेख में उनका इलाज शुरू हुआ। उन्हें बीमार देख बलराम यादव और मनोज कुमार यादव ने उनकी जमीन पर अपना बोर्ड लगा दिया और फर्जी कागजों से जमीन अपने नाम करा ली।

यह खबर जब अंजना को मिली तो उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने का आग्रह किया। 31 दिसंबर (बुधवार शाम) मुख्यमंत्री ने उन्हें अपने पास बुलाया और देश की सेवा करने वाले सैनिक की बेटी की पीड़ा को ध्यान से सुना। पीड़िता ने मुख्यमंत्री को बताया कि विगत दिनों चंदौली निवासी बलवंत यादव ने फर्जी दस्तावेज लगाकर मकान पर कब्जा कर लिया है। मकान पर बलवंत कुमार का बोर्ड भी



लगा दिया गया है। उन्होंने छह दिसंबर को स्थानीय थाने पर प्रार्थना पत्र देकर इसे खाली कराने का आग्रह किया। जब इस प्रक्रिया में विलंब होने लगा तो उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनाई।

रिहैब सेंटर के डॉक्टर संतोष दुबे ने बताया कि 2016 में हम उन्हें अंजना को रिहैब सेंटर लेकर आए। वहां उनकी देखरेख हुई और इलाज प्रारंभ हुआ। कुछ दिन पहले मकान पर कब्जे की शिकायत मिली, जिस पर थाने में प्रार्थना पत्र दिया गया। इसके बाद बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। सीएम से मिले निर्देश के बाद तत्काल स्थानीय प्रशासन व पुलिस प्रशासन की टीम सक्रिय हुई और 24 घंटे के भीतर जांच कर उन्हें कब्जा दिलाया।

पुलिस व सेना के अधिकारी की मौजूदगी में गुरुवार को अंजना जैसे ही घर के भीतर पहुंचीं, उनके आंख से आंसू छलक पड़े। वे हर कमरे में गईं, वहां की दीवारों को चूमा। फिर बाहर आकर नारियल फोड़ा, दीप प्रज्ज्वलित किया और पुष्प रखकर अपने पुराने दिनों की यादों को ताजा किया। पड़ोस की महिलाओं से लिपटकर वे रोने लगीं और बचपन के संस्मरण भी सुनाने लगीं। अपने घर में प्रवेश के बाद भाव विह्वल अंजना की आंखों में खुशी के आंसू थे। उनके दिल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए आभार निकला। उन्होंने कहा योगी अंकल महान हैं। उन्होंने दुख से हमारी सहायता की। थैंक्यू योगी अंकल! गॉड ब्लेस यू

अंजना के मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद पुलिस और सक्रिय हो गई। पुलिस ने इस प्रकरण में तत्काल जांच शुरू करते हुए अंजना को उनके मकान में कब्जा दिलाया। एसीपी गाजीपुर अनिंद्य विक्रम सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी बलवंत कुमार यादव उर्फ बब्लू पुत्र रामदुलारे यादव निवासी ग्राम नारायणपुर, सैयदराजा-चंदौली व मनोज कुमार यादव पुत्र स्व. उमाशंकर यादव निवासी दाउदपुर-थाना कोतवाली, चंदौली को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### कृषि आजीविका सखियां बन रहीं आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की मजबूत कड़ी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में खेती की तस्वीर तेजी से बदलने जा रही है। 26373 कृषि आजीविका सखियां योगी सरकार की योजनाओं को जमीनी हकीकत में बदलने के लिए तैनात की गई हैं। जो अब प्रदेश के गांव-गांव में आधुनिक खेती का मंत्र फैला रही हैं। महिला सशक्तिकरण और कृषि सुधार को एक साथ आगे बढ़ाने वाला यह अभियान प्रदेश को आत्मनिर्भर कृषि मॉडल की ओर ले जा रहा है।

प्रदेश के 75 जिलों के 826 विकास खंडों में सक्रिय ये कृषि आजीविका सखियां किसानों को पारंपरिक खेती से निकालकर वैज्ञानिक और टिकाऊ खेती से जोड़ रही हैं। साथ ही मिट्टी की जांच, जैविक खाद निर्माण, प्राकृतिक कीट नियंत्रण, उन्नत बीज चयन जैसी तकनीकों के जरिए खेती की लागत घटाकर उत्पादन बढ़ाने के तरीके बता रही हैं। ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक में सिर्फ फसल उत्पादन ही नहीं, बल्कि पशुपालन, मुर्गी पालन और बकरी पालन जैसे आजीविका विकल्पों को भी मजबूती दी जा रही है। इसके जरिए आय के स्रोत बढ़ रहे हैं और किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि कृषि आजीविका सखियां खेत-खलिहान में बदलाव की असली ताकत बन चुकी हैं। ये महिलाएं किसानों को तकनीकी जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का भी काम कर रही हैं।

योगी सरकार की मंशा साफ है। खेती को लाभ का संसाधन बनाना और ग्रामीण महिलाओं को विकास की धुरी बनाना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता है। योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब महिला शक्ति, आधुनिक खेती और आत्मनिर्भर गांवों का मॉडल बनकर उभर रहा है। इसके अंतर्गत ही किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि आजीविका सखियां पूरे प्रदेश में प्राकृतिक खेती के प्रचार के लिए जागरूकता सत्र भी चला रही हैं।

## नए साल के उपलक्ष्य में ट्रैफिक पुलिस की सख्त नाकाबंदी, ड्रिंक एंड ड्राइव पर कड़ी कार्रवाई

### ट्रैफिक पुलिस जीरकपुर ने कुल कांटे 81 चालान



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह (बावा)

जीरकपुर। नए साल के आगमन को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से बुधवार रात ज़ीरकपुर ट्रैफिक पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर नाके लगाकर वाहनों की गहन जांच की गई और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव के कुल 4 चालान किए, जबकि अन्य ट्रैफिक उल्लंघनों के 77 चालान काटे गए। पुलिस की इस कार्रवाई से नियम तोड़ने वालों में हड़कंप मचा रहा। ट्रैफिक इंचार्ज इंस्पेक्टर गुरबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नए साल के मद्देनजर शहर में जगह-जगह सख्त नाकाबंदी की गई थी। कालका चौक, पटियाला चौक, वीआईपी रोड सहित कई अहम स्थानों पर पुलिस नाके लगाए गए थे, जहां हर आने-जाने वाले वाहन की जांच की गई। उन्होंने कहा कि नशे में वाहन चलाने वालों और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई। इंस्पेक्टर गुरबीर सिंह ने बताया कि इस तरह के अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं और सुरक्षित ड्राइविंग को अपनी आदत बनाएं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आने वाले समय में भी इस प्रकार के चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## साल के पहले दिन स्वच्छता का संदेश, सुरेश सैनी के नेतृत्व में वार्ड 7 में मेगा सफाई अभियान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह (बावा)



जीरकपुर/बलटाना। क्षेत्र में नव वर्ष के अवसर पर स्वच्छता को लेकर एक सराहनीय पहल देखने को मिली। नगर परिषद ज़ीरकपुर के सहयोग से वार्ड नंबर 7 के आम आदमी पार्टी के प्रभारी सुरेश सैनी ने विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के निर्देशानुसार वर्ष के पहले ही दिन अपने वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर उन्होंने वार्डवासियों के साथ मिलकर यह संकल्प लिया कि आने वाले समय में भी वार्ड को इसी तरह साफ-सुथरा और स्वच्छ बनाए रखा जाएगा।

इस सफाई अभियान में नगर परिषद ज़ीरकपुर की ओर से सैनिटरी इंस्पेक्टर मनोज शर्मा, सुपरवाइजर सूरज तथा उनकी पूरी सफाई टीम मौजूद रही। टीम ने पूरे वार्ड में गली-मोहल्लों और सड़कों के किनारे फैले कूड़ा-करकट की साफ-सफाई की। इसके साथ ही खाली प्लॉटों में लंबे समय से पड़े कूड़े के ढेरों को भी हटाया गया, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता के साथ-साथ लोगों को गंदगी और बीमारियों से राहत मिल सके।

वार्ड प्रभारी सुरेश सैनी ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। नव वर्ष की शुरुआत स्वच्छता अभियान से करना एक सकारात्मक संदेश देता है और यह दिखाता है कि यदि जनप्रतिनिधि और प्रशासन मिलकर काम करें तो क्षेत्र की तस्वीर बदली जा सकती है। उन्होंने वार्डवासियों से भी अपील की कि वे कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें और अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

नगर परिषद के सैनिटरी इंस्पेक्टर मनोज शर्मा ने भी आश्वासन दिया कि आगे भी नियमित रूप से सफाई कार्य जारी रहेगा और जहां-जहां आवश्यकता होगी वहां विशेष अभियान चलाए जाएंगे। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से न सिर्फ क्षेत्र साफ होता है, बल्कि लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है।

यह अभियान नव वर्ष के अवसर पर स्वच्छता और जनसहभागिता का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया है। इस मौके पर वीणा रानी, चंचल रानी, उर्मिला रानी, कमलेश, गुरबचन सिंह, पवन कुमार, दीक्षित सिंगला और टोनी मौजूद रहे।

## डेटा सेंटर नीति से उत्तर प्रदेश बना डिजिटल निवेश का नया केंद्र

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की डेटा सेंटर नीति ने प्रदेश को देश के तेजी से उभरते डिजिटल हब के रूप में स्थापित कर दिया है। यह प्रदेश आज न केवल निवेशकों का भरोसा जीत रहा है बल्कि डिजिटल आधारभूत संरचना के क्षेत्र में नई मिसाल भी कायम कर रहा है।

प्रदेश सरकार द्वारा जनवरी 2021 में डेटा सेंटर नीति को अधिसूचित किया गया था। इस नीति का उद्देश्य प्रदेश में आधुनिक निजी डेटा सेंटर पार्कों का विकास करना और डेटा सेंटर उद्योग को सशक्त आधार प्रदान करना था। नीति के अंतर्गत प्रारंभिक चरण में तीन डेटा सेंटर पार्क विकसित करने और 250 मेगावाट क्षमता के डेटा सेंटर उद्योग को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया था। उल्लेखनीय है कि सरकार ने इन लक्ष्यों को पहले ही वर्ष में प्राप्त कर लिया।

लक्ष्यों की समय से पहले प्राप्ति के बाद प्रदेश सरकार ने नीति को और अधिक व्यावहारिक और निवेश अनुकूल बनाते हुए इसमें संशोधन किया। संशोधित नीति के अंतर्गत प्रदेश में डेटा सेंटर क्षेत्र के लिए निवेश और क्षमता के लक्ष्यों को कई गुना बढ़ा दिया गया। अब तीन के स्थान पर 8 डेटा सेंटर पार्क स्थापित करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके साथ ही 30,000 करोड़ के अनुमानित निवेश से 900 मेगावाट क्षमता विकसित करने का स्पष्ट रोडमैप तैयार किया गया है। प्रदेश में अब तक लगभग 21,343 करोड़ के निवेश को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से 6 डेटा सेंटर पार्क और 40 मेगावाट से कम क्षमता वाली 2 डेटा सेंटर इकाइयों को मंजूरी दी गई है। इनमें से 7 परियोजनाएं पूरी तरह संचालित हो चुकी हैं, जिससे प्रदेश की डिजिटल क्षमताओं को मजबूती मिली है।

## जम्मू मंडल में टिकट चेकिंग से 3.73 करोड़ का राजस्व 54 हजार से अधिक बिना टिकट यात्री पकड़े

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



जम्मू। उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल ने अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच चलाए गए टिकट चेकिंग अभियानों के माध्यम से उल्लेखनीय राजस्व अर्जित किया है। यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और वैध टिकट यात्रा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जम्मू मंडल द्वारा प्रत्येक माह विभिन्न रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया।

यह अभियान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उचित सिंघल के मार्गदर्शन में संचालित किया गया, जिसके तहत टिकट चेकिंग स्टाफ ने मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों और ट्रेनों में व्यापक जांच की। अभियान का मुख्य उद्देश्य ईमानदार यात्रियों को आरामदायक, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करना रहा।

अप्रैल 2025 से दिसंबर 2025 के दौरान कुल 54,098 बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रभारित कर लगभग 3.73 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। संसाधनों एवं कर्मचारियों की सीमित उपलब्धता के बावजूद यह उपलब्धि नवगठित जम्मू मंडल की प्रभावी कार्यप्रणाली को दर्शाती है।

**माहवार राजस्व विवरण:** * अप्रैल 2025- 6,168 मामले 35 लाख, मई 2025- 4,167 मामले 22 लाख,जून 2025- 5,489 मामले 34 लाख, जुलाई 2025-6,149 मामले 38 लाख, अगस्त 2025-6,785 मामले 36 लाख, सितंबर 2025-5,610 मामले 32 लाख, अक्टूबर 2025-11,428 मामले 68 लाख, नवंबर 2025- 4,346 मामले 56 लाख, दिसंबर 2025-7,956 मामले 52 लाख।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उचित सिंघल ने कहा कि यह आय यात्रियों द्वारा वैध टिकट के साथ यात्रा करने के महत्व को दर्शाती है। इससे रेलवे को विश्वस्तरीय सुविधाएं, बेहतर सुरक्षा और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने में सहायता मिलती है। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे सदैव वैध टिकट के साथ यात्रा करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 2026 में टिकट चेकिंग से प्राप्त आय बढ़ाने के साथ-साथ यात्री सुविधाओं, पारदर्शिता, टिकट प्रणाली में धोखाधड़ी रोकने तथा डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहन देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## नववर्ष की रात महाप्रबंधक ने किया प्रयागराज जंक्शन व मंडल नियंत्रण कार्यालय का निरीक्षण

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने नव वर्ष के अवसर पर प्रयागराज जंक्शन स्टेशन एवं प्रयागराज मंडल के नियंत्रण कार्यालय का औचक निरीक्षण किया । उत्तर मध्य रेलवे के लगभग 70,000 कर्मचारी अपने सम्मानित यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेनों के कुशल संचालन, सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं को सुनिश्चित करने हेतु 24×7 अपनी सेवायें प्रदान करते हैं । रेलवे कर्मचारी नव वर्ष, होली, दीपावली, रक्षाबंधन, दुर्गा पूजा एवं छठ जैसे पर्वों पर और पूरे वर्ष मौसम और परिस्थितियों की परवाह किए बिना अनवरत कार्य करते हैं ताकि हर यात्री सुगम एवं सुरक्षित यात्रा कर समय पर अपने गंतव्य तक पहुँच सके । उत्तर मध्य रेलवे के स्टेशनों, कार्यालयों एवं ट्रेनों में कार्यरत कर्मयोगियों का उत्साहवर्धन करने एवं कोहरे और ठंड के दौरान रेल कर्मियों की कर्मठता तथा कार्य पद्यति को जांचने, परिचालन तैयारियों, यात्री सुविधाओं और कर्मचारी कल्याण का जायजा लेने के उद्देश्य से महाप्रबंधक द्वारा यह निरीक्षण किया गया था।

महाप्रबंधक के निरीक्षण की शुरुआत प्रयागराज जंक्शन के महत्वपूर्ण परिचालन और सुरक्षा क्षेत्रों के गहन अवलोकन से हुई । प्रयागराज जंक्शन पर आगमन के बाद उन्होंने सर्वप्रथम स्टेशन अधीक्षक कार्यालय एवं वाणिज्य कार्यालय का दौरा किया जहां उन्होने मौजूद कर्मचारियों से बातचीत की और उनके समर्पण एवं प्रतिबद्धता की सराहना की । इसके उपरांत क्रू लॉबी का निरीक्षण किया जहाँ ड्यूटी पर मौजूद लोको पायलटों से बातचीत कर उनका मनोबल बढ़ाया।

प्रयागराज जंक्शन के निरीक्षण के बाद, महाप्रबंधक महोदय ने प्रयागराज मंडल के नियंत्रण कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने मंडल भर में ट्रेन संचालन का प्रबंधन कर रहे कर्मचारियों के कामकाज का बारीकी से अवलोकन किया।

## अनिल कुमार द्विवेदी ने उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर का पदभार किया ग्रहण

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे यांत्रिक इंजीनियर सेवा के 1992 बैच के प्रतिष्ठित अधिकारी श्री अनिल कुमार द्विवेदी ने आज, 01 जनवरी 2026 को उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर के रूप में आधिकारिक तौर पर कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने निवर्तमान अधिकारी सुनील कुमार भारती की सेवानिवृत्ति के बाद यह पदभार ग्रहण किया है।

श्री द्विवेदी ने कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सुल्तानपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। अपने शानदार करियर के दौरान, उन्होंने पूर्वोत्तर रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उन्होंने डीजल लोको शेड (गोंडा), लोको ऑपरेशन (लखनऊ), और गोरखपुर वर्कशॉप में तकनीकी भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने प्रयागराज मंडल में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के सचिव के रूप में उनका कार्यकाल उच्च स्तरीय प्रशासनिक दक्षता के लिए विशेष रूप से जाना जाता है।

श्री द्विवेदी ने परिचालन दक्षता और वित्तीय जिम्मेदारी के लिए कई उच्च-स्तरीय पुरस्कार प्राप्त किये हैं। लखनऊ में DME/O&F के पद पर रहते हुए, उन्होंने पदों के अभ्यर्पण के माध्यम से 36 लाख रुपये और 119 इंजन क्लीनर के रणनीतिक पुनर्नियोजन के माध्यम से 88 लाख रुपये की बचत की। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (डीजल)/गोंडा के रूप में, उन्होंने ल्यूब ऑयल की खपत में 73 लाख रुपये की बचत की और लोकोमोटिव आउटेज को लक्ष्य से 7.2 प्रतिशत अधिक बनाए रखा। गोंडा डीजल शेड के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें रेल मंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, श्री द्विवेदी ने अर्ध-कुंभ 2019 के सफल संचालन में नोडल अधिकारी के रूप में एक ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त हुए हैं ।उन्हें कुशल प्रबंधन और रेलवे योजना के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हस्ताक्षरित प्रशंसा पत्र भी मिला है। साथ ही इस मेगा-इवेंट की त्रुटिहीन और सूक्ष्म योजना के लिए तत्कालीन रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा डीओ पत्र भी प्रदान किया गया।

## आरेडिका ने दिसंबर 2025 में 212 कोच गेटआउट किया, महाप्रबन्धक ने नववर्ष की दी बधाई

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली ने दिसंबर 2025 में उत्पादन के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए नया रिकॉर्ड बनाया है। एमसीएफ ने न केवल मासिक बल्कि दिसंबर तक के समग्र गेटआउट एवं आउटटर्न में भी नए कीर्तिमान स्थापित कर भारतीय रेल के उत्पादन मानकों को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है।

दिसंबर 2025 में एमसीएफ ने अब तक का सर्वाधिक मासिक 212 कोच गेटआउट किया है। जबकि इससे पूर्व दिसंबर 2024 में सर्वश्रेष्ठ मासिक गेटआउट 150 कोच था। इसके साथ ही 2025-26 की तीसरी तिमाही तक कुल गेटआउट 1469 कोच रहा, जो कि दिसंबर 2024 के समान अवधि में हुए 1223 कोच से 20 प्रतिषत अधिक है।

दिसंबर 2025 तक कुल 1454 कोच का उत्पादन किया गया, जो कि इससे पहले वर्ष 2019 में 1402 कोच तथा वर्ष 2024 में 1394 कोच था। इसी प्रकार एमसीएफ ने तीसरी तिमाही तक अभी तक का सर्वाधिक उत्पादन किया।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पी. के. मिश्रा, महाप्रबंधक आरेडिका, रायबरेली ने सर्वप्रथम नववर्ष




2026 के अवसर पर सभी प्रमुख्य विभागाध्यक्षों, अधिकारियों, कर्मचारियों से भेंट कर सभी को नववर्ष की शुभकामनाएङ्खड्ड दीं एवं कहा दिसंबर 2025 में प्राप्त यह रिकॉर्ड उत्पादन आरेडिका की पूरी टीम के समर्पण] अनुशासन और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। मैं एमसीएफ के सभी अधिकारियों] पर्यवेक्षकों] कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। यह सफलता टीमवर्क दक्षता और उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि एमसीएफ भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ नए मानक स्थापित करता रहेगा।

यह उपलब्धि आरेडिका के विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय, बेहतर उत्पादन योजना] तकनीकी दक्षता और कर्मियों की अथक मेहनत का प्रत्यक्ष प्रमाण है। चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों और समयबद्ध दायित्वों के बावजूद टीम एमसीएफ ने यह सिद्ध कर दिया कि सामूहिक प्रयासों से असाधारण परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

आरेडिका रायबरेली का यह रिकॉर्ड-उत्पादन न केवल संगठन की उत्पादन क्षमता को सुदृढ़ करता है, बल्कि भारतीय रेल की 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना को भी मजबूती प्रदान करता है। एमसीएफ भविष्य में भी गुणवत्ता, सुरक्षा और समयबद्ध उत्पादन के उच्चतम मानकों के साथ निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा।

### पंजाब सरकार द्वारा राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम जनता में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 की शुरुआत

# सड़क दुर्घटनाएं केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं होतीं, बल्कि अनेक परिवारों के जीवन को करती हैं प्रभावित: भुल्लर

**परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने जनवरी 2026 में महीने भर चलने वाले अभियान का किया उद्घाटन**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** पंजाब सरकार द्वारा राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 की शुरुआत की गई है। आज यहां किसान भवन में आयोजित उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं होतीं, बल्कि ये अनेक परिवारों के जीवन को प्रभावित करती हैं और बहुमूल्य मानव जीवन की क्षति से जुड़ी होती हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। जब तक सरकार, प्रशासन और आम जनता मिलकर कार्य नहीं करते, तब तक सड़क दुर्घटनाओं में कमी संभव नहीं है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 (एनआरएसएम-26) के दौरान पंजाब भर में व्यापक और बहुआयामी जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। इसके अंतर्गत स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों के लिए सड़क सुरक्षा संबंधी सेमिनार, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं, क्विज़ कार्यक्रम और इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवाओं को कम उम्र से ही ट्रैफिक नियमों के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सके।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यावसायिक और निजी ड्राइवरों हेतु विशेष प्रशिक्षण सत्र, भारी वाहनों के चालकों के लिए रिफ्रेशर कोर्स तथा ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, मोबाइल फोन का प्रयोग कर वाहन चलाने, तेज रफ्तार और गलत दिशा में वाहन चलाने के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

परिवहन मंत्री ने बताया कि नशे की हालत में ड्राइविंग सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है। इसे ध्यान में रखते हुए एनआरएसएम-26 के दौरान राज्य भर में विशेष नाकाबंदी और चेकिंग अभियान चलाए जाएंगे। इसके साथ ही, पिछले वर्षों के आंकड़ों के आधार पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर इंजीनियरिंग सुधार, संकेतक चिन्ह (साइनेज), स्पीड साइन बोर्ड आदि की व्यवस्था की जाएगी।

मंत्री ने सभी संबंधित विभागों, जिला प्रशासन, शैक्षणिक संस्थानों, गैर-सरकारी संगठनों, औद्योगिक इकाइयों और आम जनता से अपील की कि वे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 की सफलता के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी निर्धारित गतिविधियों को समयबद्ध, प्रभावी और जमीनी स्तर पर लागू करना सुनिश्चित किया जाए तथा विभागों के बीच आपसी समन्वय को और सुदृढ़ किया जाए।

परिवहन मंत्री ने दोहराया कि सड़क सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है और यह केवल ट्रैफिक पुलिस या परिवहन विभाग तक सीमित नहीं है। उन्होंने जनता में सुरक्षित सड़क व्यवहार विकसित करने के लिए जागरूकता अभियानों को और तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा फोर्स की स्थापना के बाद राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों–दोनों पर मौतों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने आम जनता को धुंध के मौसम में अनावश्यक यात्रा से बचने और कम दृश्यता की स्थिति में अत्यंत सावधानी और संयम से यात्रा करने की सलाह दी।

लीड एजेंसी (रोड सेफ्टी), पंजाब द्वारा परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग और अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से महीने भर चलने वाली गतिविधियों की एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है, ताकि सड़क सुरक्षा का संदेश समाज के हर वर्ग तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके।

कार्यक्रम के दौरान श्री आर. वेंकट रतनम, महानिदेशक, लीड एजेंसी ऑन रोड सेफ्टी, पंजाब ने बताया कि प्रत्येक जिला सड़क सुरक्षा समिति (डीआरएससी) को सीएफडीएल योजना के तहत प्रति जिला 9.50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इसमें से 1 लाख रुपये शराब पीकर वाहन चलाने के खिलाफ प्रवर्तन को मजबूत करने हेतु एल्कोमीटर खरीदने के लिए निर्धारित किए गए हैं, विशेष रूप से व्यावसायिक और विशेष श्रेणी के ड्राइवरों की जांच के लिए। उन्होंने यह भी बताया कि धुंध के मौसम में सड़क दुर्घटनाओं के बढ़े हुए खतरे को ध्यान में रखते हुए, सड़क स्वामित्व वाले विभागों को स्ट्रीट लाइटों की स्थापना/मरम्मत, रोड मार्किंग और अन्य ट्रैफिक सुरक्षा उपायों के लिए तत्काल आधार पर अनुदान का उपयोग करने की अनुमति दी गई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान की जाने वाली गतिविधियों की विस्तृत सूची 9 दिसंबर 2025 और 30 दिसंबर 2025 को हुई बैठकों में अंतिम रूप दी जा चुकी है और इसे सभी संबंधित विभागों, उपायुक्तों, पुलिस आयुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को क्रियान्वयन हेतु भेज दिया गया है। पुलिस महानिदेशक (ट्रैफिक) अमरदीप सिंह राय ने ट्रैफिक उल्लंघनों के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सख्त प्रवर्तन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने राज्य में सड़क सुरक्षा फोर्स (एसएसएफ) की स्थापना से हुए महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी, जो वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 4,000 किलोमीटर राष्ट्रीय और राज्य मार्गों की निगरानी कर रही है। उन्होंने बताया कि एसएसएफ की शुरुआत के बाद इन मार्गों पर मौतों में लगभग 50 प्रतिशत की कमी आई है, जिससे पंजाब में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली कुल मौतों में बड़ी गिरावट की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान विशेष प्रवर्तन अभियान शराब पीकर वाहन चलाने, ओवर-स्पीडिंग, लेन अनुशासन और अन्य गंभीर उल्लंघनों पर केंद्रित रहेंगे।

#### ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रणाली को पूरी तरह सुधार दिया गया: परनीत शेरगिल

राज्य परिवहन आयुक्त परनीत शेरगिल ने इस मौके पर बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रणाली को पूरी तरह सुधार दिया गया है, जिससे परीक्षण प्रक्रिया अधिक सख्त और पारदर्शी बनी है। इसके परिणामस्वरूप राज्य भर में ड्राइविंग लाइसेंस पास दर में उल्लेखनीय कमी आई है और ड्राइविंग मानकों में सुधार सुनिश्चित हुआ है। इसी दौरान जागरूकता गतिविधियों के तहत एस.ए.एस. नगर (मोहाली) में बेस्टेक मॉल के निकट लगभग 200 डिलीवरी कर्मियों (जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकिट आदि) की एक मोटरसाइकिल रैली आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा संदेशों वाले हेलमेट, टी-शर्ट और टोपी वितरित की गईं। यह मोटरसाइकिल रैली श्री आर. वेंकट रतनम, महानिदेशक, लीड एजेंसी ऑन रोड सेफ्टी, पंजाब और श्री अमरदीप सिंह राय, डीजीपी (ट्रैफिक), पंजाब द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई, जिससे उच्च जोखिम वाले सड़क उपयोगकर्ताओं में सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को बल मिला।

#### ये रहे मौके पर मौजूद

इस अवसर पर महानिदेशक रोड सेफ्टी आर. वेंकट रतनम, डीजीपी ट्रैफिक पंजाब ए.एस. राय, राज्य परिवहन आयुक्त परनीत शेरगिल, पंजाब राज्य सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी, सड़क सुरक्षा से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधि, शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख, समाजसेवी संगठनों के सदस्य तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने व्यापारी–अनुकूल शासन को मजबूत करने के लिए 'एकमुश्त निपटारा योजना' में मार्च 2026 तक किया विस्तार

**6,300 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, उद्योग की मांग एवं कर पालना को आसान बनाने के लिए दिया गया विस्तार**

**ओ.टी.एस. समय–सीमा में विस्तार हमारी सरकार की कर अनुपालन को सरल बनाने तथा जी.एस.टी. युग से पूर्व के विवादों को हल करने की प्रतिबद्धता को है दर्शाता- हरपाल सिंह चीमा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** राज्य के व्यापारी समुदाय एवं उद्योग को एक बड़ी राहत प्रदान करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने 'बकाया करों की रिकवरी संबंधी पंजाब एकमुश्त निपटारा योजना, 2025' की समय-सीमा 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी एवं कराधान मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने जी.एस.टी. प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन (जी.एस.टी.पी.ए.), पंजाब सहित विभिन्न हितधारकों के प्रतिनिधियों द्वारा की गई अपील के बाद इस विस्तार के लिए औपचारिक मंजूरी दे दी। यह निर्णय अब तक इस योजना को मिले समर्थन के मद्देनजर भी लिया गया है, जिसके तहत कर विभाग को आज तक 6,348 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

यहाँ उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 के अंतिम महीनों के दौरान विभिन्न टैक्स रिटर्न भरने की तिथियाँ एक साथ आने के कारण करदाताओं पर काम का काफी बोझ था। इसके अलावा, वैट असेसमेंट ऑर्डर्स की लंबित डिलीवरी जैसी व्यावहारिक चुनौतियों के कारण कई व्यापारियों के लिए दिसंबर की मूल समय सीमा से पहले अपनी देनदारियों का सही निर्धारण करना कठिन हो रहा था।

ओ.टी.एस. स्कीम-2025, जो पहली अक्टूबर से शुरू की गई थी, राज्य की सबसे बड़ी करदाता-अनुकूल पहल साबित हो रही है। इसका मुख्य उद्देश्य पुराने कानूनी विवादों को समाप्त करना तथा सरकारी राजस्व में वृद्धि करना है। निर्धारित मांग की राशि के आधार पर, करदाता ब्याज एवं जुर्माने पर 100 प्रतिशत तक की छूट के साथ-साथ मूल टैक्स की राशि पर भी बड़ी राहत प्राप्त कर सकते हैं।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि समय सीमा में यह विस्तार ईमानदार करदाताओं के लिए जीएसटी से पूर्व के अधिनियमों (वैट एवं केंद्रीय विक्रय कर सहित) के तहत लंबे समय से लंबित विवादों को बिना किसी मानसिक दबाव के निपटाने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। वित्त मंत्री ने आगे कहा, 'हमारी सरकार व्यापार अनुकूल माहौल सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस समय सीमा को 31 मार्च 2026 तक बढ़ाकर हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी योग्य करदाता प्रशासनिक या समय की कमी के कारण इस लाभ से वंचित न रहे।''

#### सभी योग्य व्यापारियों एवं राइस मिलरों से अवसर का लाभ उठाने की अपील

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने सभी योग्य व्यापारियों एवं राइस मिलरों से अपील की कि वे अपने बकाये साफ करने के लिए इस अंतिम अवसर का लाभ उठाएँ तथा नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत बिना किसी बोझ के करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि 31 मार्च 2026 की नई समय सीमा के बाद, विभाग द्वारा उन डिफॉल्टरों के खिलाफ सख्त वसूली कार्रवाई शुरू की जाएगी जो इस निपटारा योजना का अवसर नहीं चुनेंगे।

# पंजाब सरकार ने प्रेस की आज़ादी पर हमले के खिलाफ किया जर्नलिस्ट यूनियन का विरोध, प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया को मांग-पत्र भेजने का फ़ैसला

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 1 जनवरी।** नए साल की शुरुआत के साथ ही पंजाब में प्रेस की आज़ादी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हो रहे हमलों के खिलाफ़ पंजाब और चंडीगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन ने कड़ा रुख अपनाते हुए तत्काल प्रतिक्रिया देने का ऐलान किया है। यूनियन के प्रदेश वर्किंग कमेटी सदस्यों, पदाधिकारियों और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि यह मुद्दा पहले ही बरनाला सम्मेलन में गंभीर चिंता का विषय बन चुका है।

यूनियन ने बताया कि ज़िला बठिंडा के प्रेस सचिव मंदीप मक्कड़ सहित 10 अन्य पत्रकारों के खिलाफ लुधियाना (सिटी) के साइबर क्राइम थाने में 12 दिसंबर 2025 को चुपचाप एफआईआर नंबर 67 दर्ज की गई थी, जिसकी जानकारी हाल ही में सामने आई है। यूनियन ने इस कार्रवाई को पत्रकारों को डराने-धमकाने की कोशिश करार दिया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष बलविंदर जम्मू, प्रदेश चेयरमैन बलबीर जंडू और प्रदेश अध्यक्ष जय सिंह छिब्बर के साथ विचार-विमर्श के बाद यह फ़ैसला लिया गया है कि इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप के लिए प्रेस काउंसिल ऑफ़ इंडिया, नई दिल्ली के चेयरमैन और सचिव को मांग-पत्र भेजे जाएंगे। यह मांग-पत्र संबंधित ज़िलों के डिप्टी कमिश्नरों, एसडीएम या अन्य अधिकारियों के माध्यम से भेजे जाएंगे।

यूनियन ने सभी ज़िला इकाइयों से अपील की है कि मांग-पत्र की दो-दो प्रतियां भेजने के साथ-साथ इस संबंध में अपने-अपने स्टेशनों से समाचार भी जारी किए जाएं, ताकि प्रेस की आज़ादी की रक्षा के लिए एकजुट आवाज़ बुलंद की जा सके।

इस अवसर पर यूनियन के प्रदेश सचिव एवं ज़िला मोहाली के अध्यक्ष सरबजीत सिंह भट्टी ने पंजाब सरकार के फ़ैसले की कड़े शब्दों में निंदा की और पत्रकारों के खिलाफ दर्ज मामलों को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने पत्रकारों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए तो राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेताओं के साथ मिलकर बड़े आंदोलन का ऐलान किया जाएगा।

## संधवां ने बरजिंदर सिंह हमदर्द की माता के निधन पर दुख व्यक्त जताया

**चंडीगढ़, 1 जनवरी (अप्रस)।** पंजाब विधान सभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने अजीत अखबार समूह के मुख्य संपादक स. बरजिंदर सिंह हमदर्द की माता बीबी प्रकाश कौर हमदर्द के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। स्पीकर संधवां को बीबी प्रकाश कौर के निधन की खबर से बहुत दुख हुआ। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और दुखी परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमात्मा से अरदास की।

### स्वामी चेतना नंद जी महाराज की देखरेख में रकबा धाम में नए साल 2026 का फ़ंक्शन चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी खास तौर पर शामिल हुए

# रकबा धाम भूरी वाले आश्रम की सेवा तारीफ के काबिल: चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी

**चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी ने रकबा धाम में माथा टेका, पंजाब की तरक्की और खुशहाली के लिए प्रार्थना की**

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**लुधियाना, 01 जनवरी।** धार्मिक और समाजसेवी वेदांत आचार्य स्वामी चेतना नंद जी महाराज भूरी वाले (अभी के) की देखरेख में नए साल 2026 के मौके पर रकबा धाम, मुल्लांपुर (लुधियाना) में एक फंक्शन ऑर्गनाइज़ किया गया। इस मौके पर श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया और दुनिया में शांति के लिए प्रार्थना की गई। वेदांत आचार्य स्वामी चेतना नंद जी महाराज भूरी वाले के प्रवचन सुनकर संगत बहुत खुश हुई। इस इवेंट में पंजाब स्टेट शेड्यूल्ड कास्ट्स कमीशन के चेयरमैन, श्री जसवीर सिंह गढ़ी खास तौर पर शामिल हुए। चेयरमैन श्री जसवीर सिंह गढ़ी के इवेंट में पहुंचने पर, वेदांत आचार्य स्वामी चेतना नंद जी महाराज भूरीवाले ने उनका सम्मान किया और उन्होंने संगत में बैठकर आध्यात्मिक प्रवचन सुना। इस मौके पर, पंजाब स्टेट शेड्यूल्ड कास्ट्स कमीशन के चेयरमैन, गढ़ी ने कहा कि रकबा धाम में माथा टेककर बहुत अच्छा लगा और इतनी बड़ी संख्या में आए संगत को देखकर उनका मन खुश हो गया। उन्होंने कहा कि उन्होंने यहां माथा टेका और राज्य में लोगों की शांति, भाईचारा, तरक्की और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। बाद में, मीडिया से बात करते हुए, चेयरमैन श्री जसवीर सिंह गढ़ी ने कहा कि रकबा धाम भूरी वाले की गुरुगद्दी परंपरा का यह महान आश्रम, जहां महाराज लालजी दास रकबा वाले महाराज लालजी दास का जन्मस्थान है। आज वेदांत आचार्य स्वामी चेतना नंद जी महाराज, जो मौजूदा गुरुगद्दी पर विराजमान हैं, हर साल यहां पूरी मानवता की भलाई के लिए गरीबदासी परंपरा के तहत महाराज गरीब दास की बानी करते हैं। आज साल के पहले दिन बानी का अखंड पाठ किया गया। संत गरीब दास जी की बानी का प्रचार और प्रसार किया गया। गायों के मालिक महाराज ब्रह्मा नंद जी ने शिक्षा का लंगर शुरू किया। उन्होंने मरीजों के लिए अस्पताल खोलने की परंपरा शुरू की। महाराज चेतना नंद जी भूरी वाले इसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। 5 डिग्री कॉलेज, 5 प्राइमरी स्कूल और लड़कियों के लिए फ्री शिक्षा और पिछले 10 सालों से लगातार [illegible] में लंगर भेजना, मरीजों के लिए [illegible] तक फ्री बस सर्विस बहुत बड़ी बात है। मेरे लिए यहां पहुंचना और महाराज चेतना नंद जी के दर्शन करना बहुत सौभाग्य की बात थी। लोगों को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए, जसवीर सिंह गढ़ी ने पंजाबियों के लिए खुशहाल, शांतिपूर्ण और समृद्ध नए साल-2026 की कामना की। उन्होंने पंजाब के लोगों से अपील की कि वे राज्य के पूरे विकास और यहां के लोगों की भलाई के लिए लगन से काम करें। उम्मीद जताते हुए उन्होंने कहा कि साल 2026 सभी पंजाबियों के लिए खुशी, शांति और सफलता लाएगा और उनसे मिलकर पंजाब को देश का एक लीडिंग राज्य बनाने का वादा करने को कहा।

# श्री गुरु ग्रंथ साहिब के 328 लापता स्वरूपों के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**पंजाब पुलिस की एसआईटी ने चंडीगढ़ के होटल से कोहली को किया गिरफ्तार**

**मामले में 16 अन्य आरोपियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी, जल्द होंगे सलाखों के पीछे: धालीवाल**

**बेअदबी में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नही जाएगा: बलतेज पन्नू**

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 1 जनवरी।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 328 पवित्र स्वरूपों के लापता होने के मामले में पंजाब पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुख्य आरोपी चार्टर्ड अकाउंटेंट सतिंदर सिंह कोहली को गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता व विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल और आप पंजाब के सीनियर नेता बलतेज पन्नू ने दी। 'आप' पंजाब के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि आज सिख संगतों के लिए यह बेहद बड़ी उपलब्धि है, जिसका पिछले चार-पांच वर्षों से इंतजार किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देशों पर दर्ज मामले में आज एसआईटी ने चंडीगढ़ के एक होटल से सतिंदर सिंह कोहली को गिरफ्तार किया है, जो कि इस समय एसजीपीसी का भी चार्टर्ड अकाउंटेंट रहा है और इसे लापता स्वरूपों के मामले में मुख्य आरोपी है।

विधायक धालीवाल ने कहा कि पिछले कई वर्षों से सिख संगतें इस मामले में न्याय की मांग को लेकर बड़ी लामबंदी करती रही हैं, धरने-प्रदर्शन करती रही हैं। सिख पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनकार भाई बलदेव सिंह वडाला की अगुवाई में भी बड़ी लामबंदी हुई थी। उन्होंने कहा कि यह इस केस में पहली गिरफ्तारी है और वह भी मुख्य आरोपी की। धालीवाल ने सिख संगतों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब जी के स्वरूपों को लापता करने वाले सभी 16 दोषियों को पकड़कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। यह पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता है।

वहीं आप पंजाब के सीनियर नेता बलतेज पन्नू ने बताया कि माननीय पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पिछले दिनों 328 पवित्र स्वरूपों की गुमशुदगी से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए जांच के निर्देश दिए थे। इसके बाद पंजाब पुलिस ने 16 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और एसआईटी का गठन किया गया। पन्नू ने बताया कि सभी 16 नामजद आरोपियों के खिलाफ एलओसी (लुक आउट सर्कुलर) जारी किया गया है। सतिंदर सिंह कोहली के गिरफ्तारी वारंट पहले से जारी थे, जो पुलिस से छुपते हुए चंडीगढ़ के एक होटल में ठहरा हुआ था। बलतेज पन्नू ने कहा कि पुलिस की जांच जारी है, उम्मीद है कि इस मामले में कई और खुलासे होंगे, क्योंकि एसजीपीसी का ऑडिट भी यही सीए करता रहा है।

# सरकार की गलत नीतियों का विरोध करना हमारा अधिकार: कमलजीत सिंह

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण



**खन्ना, 1 जनवरी।** नगर कौंसिल खन्ना के काग्रेसी प्रधान कमलजीत सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिस प्रकार मोदी सरकार की मनरेगा योजना के तहत आने वाली नई स्कीम को राज्य सरकार मंजूरी नहीं देती क्यों कि राज्य सरकार उन कार्यो को प्रदेश की जनता के लिए गलत मानती है, इस विरोध में पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार भी शामिल है, नीति गलत है और इसलिए पंजाब सरकार मंजूर नहीं करती। प्रधान ने पंजाब सरकार पर सवाल उठाया कि यदि राज्य सरकार को यह अधिकार है कि वह केंद्र सरकार की गलत नीतियों का विरोध कर उन्हें गलत ठहरा सके, तो फिर उन्हें भी यह हक क्यों नहीं होना चाहिए कि वे पंजाब सरकार की शहर में आने वाली गलत नीतियों का विरोध करें।

उन्होंने एक कहावत का जिक्र करते हुए कहा कि ÷बोलने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।÷ प्रधान ने कहा कि जब राज्य सरकार व अन्य राजनीतिक दल मिलकर नई मनरेगा स्कीम का विरोध कर सकते हैं और यह कह सकते हैं कि वे योजनाएं जनता के हित में नहीं हैं, तो फिर उन्हें भी अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। कौंसिल प्रधान ने स्पष्ट किया कि वे कौंसिल के प्रधान हैं और संवैधानिक पद पर बैठे है, अगर शहर के काउंसलरों उनके पास आकर कहते है कि पंजाब सरकार की गलत नीति पसंद नही, तो क्या यह मेरी जिम्मेदारी नही बनती है कि यदि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार की कोई नीति शहर की जनता को नुकसान पहुँचाने वाली है, तो उसका खुलकर विरोध किया जाए।

उन्होंने आगे बताया कि मैं अपने संविधान हक को लेकर कोर्ट गया था क्यों की वह कौंसिल के बाहर जाकर काम करवाना चाहते थे जो मुंसिपल एक्ट के भी खिलाफ थे,इसमें क्या गलत था, उस मामले को कोर्ट ने भी सही माना तभी रोक लगाई थी।

रही बात शहर के विकास की तो मैं आपको बताना चाहता हूं शहर का कोई विकास कार्य हो कागज पर पहला साईन मेरा होता है तभी कार्य शुरू होता है, शहर में अभी तक जो 80 करोड़ के करीब जो विकास कार्य या टेंडर लगे है वह भी मेरे साइन व कौंसिल फंड से ही हुए है, पंजाब सरकार ने पिछले चार सालों में फंड के तौर पर शहर में कुछ नही भेजा, कौंसिल में जो भी नई मशनीरी आई वह भी मेरे साइन करने के बाद ही आई, आप नेताओं यह सब नही भुलना चाहिए।

उन्होंने बताया कि इन लोगों ने तो मुझे डराने के लिए झूठा मुकदमा भी दर्ज कराया, परन्तु मैं डरने वाला नही हूं, शहर की जनता मेरे साथ वह सब जानती है, लोगों को पता है विकास कौन करवाना चाहता है और कौन रोकना चाहता है।

प्रधान कमलजीत सिंह ने कहा कि मैंने आप नेता व आम आदमी पार्टी की कोर कमेटी के अध्यक्ष राजिंदर सिंह जीत व मेंबर परमप्रीत सिंह पोंपी की उस बात का जवाब दिया है, जिसमें यह लोग एक वेब चैनल पर बातचीत करते हुए मुझ पर आरोप लगा रहे थे कि पंजाब के यह पहला कौंसिल प्रधान होगा जो शहर में होने वाले विकास को रोकने के लिए कोर्ट जा रहा है, अंत में प्रधान ने सरकार के नेताओं को यह संदेश दिया कि गलत नीतियों का विरोध पहले भी होता रहा है, आज भी हो रहा है और आगे भी होता रहेगा।

# नालागढ़ में पुलिस थाने के पास जोरदार धमाका

## धमाके से 45 मीटर दूर तक की बिल्डिंगों के शीशे टूट गए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के नालागढ़ में पुलिस थाने के पास गुरुवार की सुबह 9.45 बजे जोरदार धमाका हुआ है। इस धमाके की आवाज कई किलोमीटर तक सुनाई दी, जबकि धमाके से 45 मीटर दूर तक की बिल्डिंगों के शीशे टूट गए।

इनमें सैनिक भवन, पुलिस थाने का आईओ (इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर) रूम और मार्केट कमेटी के ऑफिस की इमारत भी शामिल है। धमाके से आसपास के लोगों में ह?कंप मच गया। धमाके की सूचना मिलते ही एसपी बद्दी विनोद धीमान सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और पड़ताल शुरू की।

फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की और सैंपल कलेक्ट किए। पुलिस अधिकारी अभी कुछ भी कहने को तैयार नही है कि धमाका कैसे और किस चीज से हुआ है। पुलिस ने एहतियात के तौर पर आसपास के क्षेत्र को खाली करवा दिया और क्षेत्र को सील कर दिया। यह धमाका ऐसे वक्त में हुआ है, जब हजारों टूरिस्ट न्यू ईयर मनाने के लिए शिमला पहुंचे हुए हैं।

फिलहाल धमाके में कोई मौत या किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस जल्द ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसके बारे में डिटेल जानकारी देगी, उसके बाद सारी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

चश्मदीद ने बताया- मैं थो?ी दूर पर बैठा था। अचानक जोरदार धमाका हुआ। कोई नुकसान तो नहीं हुआ लेकिन पूरी बिल्डिंग हिल गई। 16रूरूके शीशे तक टूटकर गिर गए। एक वक्त तो कुछ भी नजर नहीं आ रहा था।

नालाग? के विधायक हरदीप सिंह बावा ने धमाके की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस के सीनियर अधिकारियों से बात हुई है। इसकी जांच की जा रही है। इसके बाद ही सारा सच सामने आएगा। उन्होंने लोगों से किसी भी तरह ही अफवाह से दूर रहने की भी अपील की है। कहा है कि जब तक पुलिस की जांच रिपोर्ट नहीं आ जाती, उसके बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

### 45 मीटर तक धमाके का असर

उधर, बद्दी एसपी विनोद धीमान ने बताया कि थाने के बाहर की ओर जा रहे रास्ते पर धमाका हुआ है। सैंपल अलग-अलग स्पॉट से उठाए गए। धमाके की वजह क्या रही, यह फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगा। धमाके से अभी तक जानी नुकसान तो नहीं है, लेकिन इससे थाने के आईओ रूम के शीशे तक टूट गए है। 40 से 45 मीटर दूर एक कैंटीन के भी शीशे टूटे है। उन्होंने बताया- आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे है। अब तक पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस टीम जांच में जुटी हुई है। उन्होंने माना कि जिस जगह धमाका हुआ है, वहां स्क्रेप मैटीरियल भी प?ा रहता है। इससे भी धमाके की संभावना रहती है। मगर पुख्ता तौर पर रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति क्लियर होगी।

### हजारों टूरिस्ट इस वक्त हिमाचल में

धमाका ऐसे वक्त में हुआ है, जब भारी संख्या में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और चंडीग? समेत देश के कई हिस्सों से हजारों टूरिस्ट न्यू ईयर मनाने हिमाचल पहुंचे हुए हैं। 31 दिसंबर की रात को न्यू ईयर सेलिब्रेशन के बाद टूरिस्ट घर भी लौट रहे हैं। धमाके का पता चलते ही पूरे प्रदेश में पुलिस को हाई अलर्ट पर कर दिया गया है। टूरिस्टों की सुरक्षा को लेकर सभी स्पॉट पर पुलिस की चौकसी ब?ा दी गई है।

# तहसीलदार बनी आकृति का गांव सेंसोवाल में स्वागत

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** हरोली विधानसभा क्षेत्र के गांव सैंसोवाल की बेटी आकृति का गांव में ढोल बाजों से जोरदार स्वागत किया गया । इस मौके पर आकृति व परिवार को बधाईयां देने का तांता लगा रहा । लोगों ने स्वागत कार्यक्रम में तहसीलदार बनी आकृति व उसके माता पिता समेत परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया ।उन्होंने कहा कि आकृति ने प्रशासनिक सेवा पास करके गांव हरौली क्षेत्र जिला ऊना का नाम पूरे प्रदेश में चमकाया है । उन्होंने उनके शिक्षा के क्षेत्र में किए प्रयासों की सफलता की प्रशंसा की । उन्होंने कहा कि सफलता के पीछे माता पिता समेत सभी परिजनों का अमूल्य सहयोग रहा है । इसी के चलते बेटी आकृति ने सफलता की गाथा लिखी है।उन्होंने बेटी के उज्जवल भविष्य की कामना की । लोगों ने कहा की सफलता के लिए परिजनों व शिक्षकों का योगदान रहा है । बता दें कि हरोली की बेटी आकृति ने प्रतिष्ठित परीक्षा को उत्तीर्ण करके न केवल अपने परिवार का मान ब?ाया है, बल्कि पूरे क्षेत्र की बेटियों के लिए एक मिसाल पेश की है । एचएएस की परीक्षा में 25वां रैंक पाया है। एचएएस क्लीयर करके उन्हें प्रशासनिक सेवाओं में तहसीलदार के पद पर नियुक्ति मिलेगी।

आकृति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा मंगल राम पूर्व पंचायत प्रधान , पिता बलबिंद्र कुमार और माता बेबी को दिया है। आकृति एक शिक्षित परिवार से संबंध रखती हैं। उनके पिता सरकारी स्कूल में मुख्याध्यापक के पद पर कार्यरत हैं, जिन्होंने आकृति को हमेशा शिक्षा के महत्व और अनुशासन की सीख दी। उनकी माता बेबी एक गृहिणी हैं।। आकृति का ब?ा भाई और छोटी बहन है ये दोनों ही निजी कंपनी में जॉब कर रहे हैं। आकृति ने जमा दो की प?ाई रावमापा कांग? से की। जबकि बी.एससी की प?ाई उना कॉलेज की। इसके बाद उन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से जूलॉजी विषय में मास्टर डिग्री प्राप्त की।

# कुल्लू में भीषण सड़क हादसे में 4 की मौत

कुल्लू एनएच पर खौफनाक हादसे में तीन युवाओं ने मौके पर एक ने अस्पताल में तोड़ा दम

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 1 जनवरी।** नए साल की शुरुआत कुल्लू में एक दर्दनाक हादसे की खबर लेकर आई। बीती रात करीब 2 बजे भुंतर-जिया से कुल्लू की ओर आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार चार युवक-युवतियों की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई।

हादसा भूतनाथ पुल से लगभग 100 मीटर पहले हुआ, जहां कार पहले सड़क किनारे से टकराई और दिशा बदलने के बाद ट्रक से जा भिड़ी। मौके पर मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत से घायलों को कार से बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचाया। डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल युवती को एम्स बिलासपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मृत्यु हो गई।

पुलिस अधीक्षक मदन लाल के अनुसार मृतकों में सतपाल सिंह (25), निवासी चामुंडा नगर, ढालपुर (कुल्लू) कशिश (20), निवासी जलुग्रां, जरी (कुल्लू) अंकिता (20), निवासी उदयपुर (लाहौल-स्पीति) रितान्जली उर्फ रुची (20), निवासी सचाणी, भून्तर (कुल्लू) जिनका एम्स बिलासपुर में निधन हुआ शामिल है।

घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी निरमल पुलिस दल सहित मौके पर पहुंचे और हादसे के कारणों की जांच शुरू की गई। पुलिस ने मामले में धारा 281, 125(ए), 106 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इस दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# महिला मोर्चा की नई टीम का गठन, डॉ. डेजी ने की प्रदेश स्तरीय जिम्मेदारियों की घोषणा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, हिमाचल प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. डेजी ठाकुर ने प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से विचार-विमर्श के उपरांत महिला मोर्चा की नई संगठनात्मक जिम्मेदारियों की घोषणा की है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

घोषणा के अनुसार प्रेम चौहान को महिला मोर्चा का प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। वहीं बॉबी बंसल एवं दीपिका नेगी राठौर को प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में रचना झीना शर्मा एवं सरिता वर्मा को सोशल मीडिया सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जिन पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं, उनमें अनिला कश्यप सुद, शुभ महाजन, भुवनेश्वरी दुग्गा, रूपलता पटियाल, सुनीता नेगी, तारा ठाकुर, नरेश गुलेरिया, अनिता देवी, नीलम चौधरी, अंकिता चौधरी, कविता चौहान, रक्षा कपिल, पुष्पा ठाकुर, अनिता वर्मा, अनुका घोकरोटा, बिमला शर्मा, कृष्णा मंडयाल, धन्नो देवी, प्रज्वल बस्टा, सुप्रभा मखेक, सोनिया ठाकुर, माधवी ठाकुर, वंदना कटोच, निर्मला धरवाल, वीना कपिल, पुष्पा शर्मा, मंजू सुद, भुवनेश्वरी कपूर, निशा शर्मा, आरती चौहान, कृष्णा धीमान, रविन्द्र सांध्यन, ममता ठाकुर, रेखा गुलेरिया, शशि कटोच, प्रेरणा शर्मा, सुनीता कटोच, आशा शर्मा, अर्चना ठाकुर, कमिला शर्मा, निमल चंदेल, वीना कुमारी, मीना विशिष्ट, बिमला, लक्ष्मी जयराम, रजनी ठाकुर, भावना शर्मा, बबीता नेगी, रजनी, नंदा जसवाल, सावित्री, सुरेखा चौधरी, पुष्पा चौहान, निर्मला भारद्वाज, शीला वर्मा एवं रजनी शर्मा शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप में बिमला कश्यप, मालविका पठानिया, रीतु सेठी, रूपा शर्मा, राकेश शर्मा, शकुंतला शर्मा, भारती सुद, अनिता वर्मा, अंजना ठाकुर, सत्या कौंडल एवं बीना ठाकुर को शामिल किया गया है।

# जयराम सरकार का कार्यकाल रहा गरीब कल्याण और सुशासन का मॉडल : भाजपा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने जयराम ठाकुर को अंग्रेजी नववर्ष 2026 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मीडिया संयोजक कर्ण नंदा सहित उपस्थित भाजपा नेताओं ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार में जयराम ठाकुर के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में हर वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया तथा आर्थिक सशक्तिकरण और गरीब कल्याण को सरकार की प्राथमिकता बनाया गया।

भाजपा नेताओं ने कहा कि जयराम सरकार ने 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों को आय संबंधी शर्त के बिना पेंशन की सुविधा प्रदान की, जिससे 7.21 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए। जनमंच के माध्यम से भाजपा सरकार ने 93 प्रतिशत शिकायतों का निवारण कर जनसमस्याओं के समाधान का विश्वसनीय मॉडल प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री 1100 सेवा संकल्प हेल्पलाइन के जरिए 86 प्रतिशत समस्याओं का समाधान किया गया, जिससे आम जनता को त्वरित राहत मिली। अटल आशीर्वाद योजना के अंतर्गत लगभग 24.36 करोड़ रुपये के व्यय से 2,07,364 नवागंतुकों को हेल्थ किट प्रदान की गई। भाजपा नेताओं ने बताया कि दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 40 से 74 प्रतिशत विकलांगता वाले व्यक्ति से विवाह करने पर 25,000 रुपये तथा 75 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता होने पर 50,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की जयराम सरकार ने हाटी समुदाय की पांच दशकों पुरानी अनुसूचित जनजाति के दर्जे की मांग को पूरा कर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया, जिससे क्षेत्र की जनता को सामाजिक न्याय मिला।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष कमल सूद, मीडिया संयोजक कर्ण नंदा, सह संयोजक रमा ठाकुर, सुदीप महाजन, जिला अध्यक्ष केशव चौहान, व्यापार प्रकोष्ठ के संजय कालिया एवं संजीव सूद सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएमएफ कार्यों की प्रगति की उपायुक्त ने की समीक्षा



**कुल्लू 31 दिसंबर (अशेष शर्मा)।** उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग द्वारा एसडीएमएफ के तहत संचालित विकासात्मक कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा बैठक उपायुक्त कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में स्वीकृत एसडीएमएफ कार्यों की प्रगति, वित्तीय स्थिति, कार्य की गुणवत्ता तथा समयबद्ध पूर्णता को लेकर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा स्थल निरीक्षण के माध्यम से कार्यों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाए।

### राजेश धर्माणी 2 जनवरी को रहेंगे जिला प्रवास पर

**बिलासपुर, 1 जनवरी।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 2 जनवरी को जिला बिलासपुर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि राजेश धर्माणी 2 जनवरी को प्रातः 9:30 बजे बिलासपुर के बहुउद्देशीय सांस्कृतिक सभागार में आयोजित होने वाले राज्य युवा महोत्सव के शुभारम्भ समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

# क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भेड़ी में कलस्टर स्तरीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मिडल स्कूल टीहरी, हाई स्कूल गंगलोह, मिडल स्कूल ढोलग स्कूल के नौनिहालों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। वहीं, स्कूली बच्चों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी से पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मुख्य अतिथि का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया गया।

वहीं, इस कार्यक्रम में भेड़ी स्कूल के अतिरिक्त प्रधानाचार्य दीनानाथ ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कार्यक्रम के लिए सभी स्कूल स्टाफ सदस्यों का आभार जताया। मुख्य अतिथि का भी आभार जताया।

मुख्य अतिथि विवेक कुमार ने स्कूल के बच्चों को सम्मानित किया। वहीं, इस दौरान कहा कि स्कूली बच्चे देश का भविष्य हैं, इन्हें संजोये रखने में सभी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवा वर्ग को शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से भी आग्रह किया कि शिक्षक बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करें। विवेक कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के ढांचे को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। बच्चों के लिए कई कल्याणकार योजनाएं चलाई गई हैं। इस कार्यक्रम में कश्मीर सिंह, सीताराम चौहान, जोगिंद्र सिंह, राजकुमार, भूपेंद्र बिलासपुरिया सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ डीसी ने दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

अर्थ प्रकाश/ अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर, 1 जनवरी।** परिवहन विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा 38वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत जिला बिलासपुर में 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक 'सड़क सुरक्षाङ्गजीवन रक्षा' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का शुभारंभ वीरवार को जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में आयोजित कार्यक्रम के साथ किया गया, जहां उपायुक्त राहुल कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर, पुलिस उप अधीक्षक मदनलाल तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार कौशल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा अमूल्य मानव जीवन की रक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सतत सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसे जन-आंदोलन के रूप में अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित वाहन चलाने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने जानकारी दी कि 1 जनवरी को जिला, उपमंडल, तहसील, खंड तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें सभी विभागों के साथ शहरी निकाय, पंचायतीराज संस्थान, स्कूल, कॉलेज एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

2 और 3 जनवरी को मोटर वाहन अधिनियम की अनुपालना एवं जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। 5 से 7 जनवरी के बीच जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की जाएगी, जबकि 8 और 9 जनवरी को सड़क सुरक्षा वॉलंटियर की पहचान और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# डेढ़ माह में चरस के 25 मामले दर्ज, 21 किलो 894 ग्राम चरस व 125.7 ग्राम चिट्टा बरामद : एसपी

**कुल्लू, 1 जनवरी।** पुलिस ने डेढ़ माह में नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। नशे के नेटवर्क पर प्रहार करते हुए पुलिस ने चरस तस्करी के 25 मामले दर्ज किए हैं। एसपी मदन लाल कौशल ने बताया कि कार्यभार संभालने के बाद जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और तेज किया गया है, जिसका परिणाम अब दिखाई देने लगा है।

उन्होंने जानकारी दी कि इस अवधि के दौरान पुलिस ने 21 किलो 894 ग्राम चरस बरामद की है। वहीं चिट्टे (हेरोइन) से जुड़े 9 मामलों में कुल 125.7 ग्राम चिट्टा हाथ लगा है। नशा तस्करी से जुड़े इन मामलों में पुलिस कई आरोपियों की गिरफ्तारी कर चुकी है और आगामी जांच जारी है।

एसपी मदन लाल कौशल ने कहा कि नशा समाज के भविष्य के लिए घातक है और इसे जड़ से उखाड़ने के लिए कुल्लू पुलिस हर स्तर पर अभियान को सख्ती से जारी रखेगी।

# प्रेस क्लब कुल्लू की कैंटीन का शुभारंभ, अब आम जनता को मिलेगा स्वस्थ व सस्ता भोजन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 1 जनवरी।** प्रेस क्लब कुल्लू की नई कैंटीन संचालन का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान प्रधान धनेश गौतम ने रिबन काटकर कैंटीन का उद्घाटन किया। कैंटीन संचालन का कार्य ओपन बोली में कुलदीप ठाकुर व नारायण सिंह को प्रेस क्लब प्रशासक द्वारा सौंपा गया है, जो शुक्रवार से कैंटीन को नियमित रूप से संचालित करेंगे।

कैंटीन में आम जनता सहित पत्रकारों के लिए भी स्वस्थ, ताज़ा और साधारण दरों पर भोजन की व्यवस्था की जाएगी। संचालकों ने कहा कि उनकी प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाना होगी, ताकि हर आने वाला व्यक्ति संतुष्टि महसूस कर सके। इसके साथ ही भविष्य में प्रेस क्लब सदस्यों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए बेहतर सुविधाएं देने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। गौरतलब है कि प्रेस क्लब भवन की आधारशिला तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने 17 अक्तूबर 2016 को रखी थी। इसके बाद 14 अक्तूबर 2019 को तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने इस भवन का लोकार्पण किया। प्रेस क्लब के सदस्यों ने न सिर्फ भवन निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि संचालन के लिए आय के साधनों को सृजित करने में भी लगातार प्रयास किया है।

विचार विमर्श

उपायुक्त ने मोतियाबिंद मुक्त भारत के अन्तर्गत की बैठक की अध्यक्षता की

# मोतियाबिंद से होने वाली अंधता के रोगियों की होगी सर्जरी

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 1 जनवरी।** उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने वीरवार को मोतियाबिंद मुक्त भारत के अन्तर्गत की एक बैठक की अध्यक्षता की।

उपायुक्त ने बताया कि जिला मोतियाबिंद मुक्त भारत के अन्तर्गत मोतियाबिंद से होने वाली अंधता के रोगियों की स्क्रीनिंग के उपरान्त चिन्हित वरिष्ठ नागरिकों की सर्जरी कर के उत्तम किस्म के आंखों के लेंस लगाए जाएंगे।

उपायुक्त ने जिला कल्याण अधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए वे मोतियाबिंद से होने वाली अंधता के रोगियों सर्जरी का कार्यक्रम तैयार करें तथा इसके उचित कार्यान्वयन के लिए, संबंधित अधिकारियों के समन्वय से सर्जरी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि सर्जरी के कार्यक्रम के दौरान तथा सर्जरी के उपरांत भी फॉलोअप सहित प्रत्येक आवश्यक सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित बनाएं।

बैठक का संचालन करते हुए जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कल्याण विभाग द्वारा जिला में गैर सरकारी संगठन ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से मोतियाबिंद से होने वाली अंधता की पहचान के लिए स्क्रीनिंग शिविरों आयोजन कर जिनमें मोतियाबिंद से पीड़ित 19 वरिष्ठ नागरिकों की पहचान की गई है और मोतियाबिंद से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों के विवरण की पूर्ण सूची तैयार को गई है, जिनकी मोतियाबिंद की सर्जरी चरणबद्ध रूप से की जाएगी। इसके अंतर्गत वर्तमान में 12 मोतियाबिंद के रोगियों की सर्जरी के लिए धन की स्वीकृति मिल चुकी है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रणजीत ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुरेश, गैर सरकारी संस्था ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के दीपक शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बल के सदस्यों के बीच भाईचारा और सौहार्द की भावना को बढ़ावा

**नववर्ष पर पुलिस लाइन पलवल में किया बड़ा खाना का भव्य आयोजन**

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**पलवल।** नववर्ष के उपलक्ष्य में पलवल जिला पुलिस की ओर से गुरूवार को पुलिस लाइन पलवल के परेड ग्राउंड में ÷बड़ा खाना÷ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक पलवल वरूण सिंगला ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रूबल शिमला के साथ संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर जिला प्रशासनिक अधिकारीगण-एसडीएम पलवल ज्योति, एसडीएम होडल बलीना, एसडीएम हथीन अप्रतिम सिंह, नगराधीश प्रीति रावत, डीएसपी हेड क्वार्टर पलवल अनिल कुमार, डीएसपी पलवल मनोज वर्मा, डीएसपी होडल साहिल ढिल्लों, डीएसपी हथीन मोहिन्दर वर्मा, डीएसपी पलवल नरेंद्र खटाना तथा डीएसपी पलवल सुरेंद्र कुमार व समस्त पलवल पुलिस परिवार उपस्थित रहा।

पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला ने पुलिसकर्मियों में जोश भरते हुए कहा कि यह आयोजन हमारे बीच के संबंधों को मजबूत बनाने का एक अवसर है। मैं सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देता हूं।÷ साथ ही उन्होंने कहा कि जिला पुलिस पलवल द्वारा संकल्प लिया गया है कि वर्ष 2026 में पलवल जिला को अपराध मुक्त और नशा मुक्त जिला बनाया जाएगा। अपराधियों पर नकेल कसने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों में भाग लेना चाहिए। खेलों में भाग लेने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से युवा नशे से दूर रह सकते है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बड़ा खाना पुलिस बलों में एक पारंपरिक सामुदायिक भोज है,जहां अधिकारी और जवान एक साथ बैठकर भोजन करते है।

यह हरियाणा पुलिस में प्रचलित एक परंपरा है। इस परंपरा का मुख्य उद्देश्य बल के सदस्यों के बीच भाईचारा, एकता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर पद या रैंक का कोई भेदभाव नहीं होता है,सभी अधिकारी और कर्मचारी एक ही जगह, एक ही समय पर, और अक्सर एक ही तरह का भोजन करते हैं। यह आयोजन पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों का मनोबल बढ़ाने और उनमें टीम भावना पैदा करने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतीकात्मक है कि टीम में से कोई भी खुद को छूटा हुआ महसूस न करे। कार्य के सापेक्ष प्रत्येक पुलिस कर्मी निष्ठा समान होती है। कोई भी पुलिस कर्मी पद में ब?ा हो या छोटा लेकिन उसका कार्य समान रूप से महत्वपूर्ण होता है।



**रस्साकसी में थाना प्रबंधकों ने मारी बाजी**

इस अवसर पर पत्रकार और पुलिसकर्मियों के बीच में रस्सा कसी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रस्सा कसी मुकाबला काफी रोचक रहा। प्रतियोगिता में पुलिस के थाना प्रबंधकों ने बाजी मारी। आयोजित मैजिक शो ने लोगों को अचंभित कर दिया। मैजिशियन ने अपने अद्भुत करतबों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुलिस अधीक्षक पलवल ने पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

# ट्रक से टकराई हुंडई ऑरा, उड़े परखच्चे वाहन सवार गंभीर रूप से घायल




अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह (बावा)

**जीरकपुर।** छत लाइट प्वाइंट से एयरपोर्ट रोड की ओर जाते समय आज सुबह करीब 5ः30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक हुंडई ऑरा कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

जानकारी के अनुसार, कार छत लाइट प्वाइंट से एयरपोर्ट रोड होते हुए मोहाली की ओर जा रही थी। सुबह के समय क्षेत्र में घना कोहरा होने के कारण दृश्यता कम थी, जिस वजह से कार चालक सड़क किनारे खड़े ट्रक को समय रहते नहीं देख सका और दुर्घटना हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार की रफ्तार तेज होने के कारण चालक को ब्रेक लगाने का अवसर नहीं मिल पाया। हादसे के समय कार में दो युवक सवार थे, जो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को चंडीगढ़ के सरकारी अस्पताल, सेक्टर-32 में उपचार के लिए भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र ने सामूहिक दुष्कर्म पीडिता के परिजनों से मिलकर जाना पीड़िता का हाल

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** तीन दिन पूर्व कार में महिला को लिफ्ट देकर सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता के परिजनों से आज प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राव नरेन्द्र ने मुलाकात की और पीड़िता का हाल-चाल जाना। उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

निजी अस्पताल में भर्ती पीड़िता के परिजनों से मिलने के बाद प्रदेशाध्यक्ष राव नरेन्द्र ने दुष्कर्म के मामले की कड़े शब्दों में निंदा की और पीड़िता का उपचार सरकार के खर्चे पर करने एवं मामले को फास्ट ट्रेक कोर्ट में चलाकर जल्द न्याय दिलवाने की मांग की है। श्री राव ने कहा कि पीड़ित परिवार ने बताया कि किस तरह उसे कार से फैंका गया जिसके चलते उसके मुंह व दांत टूट गए तथा हाथ में गंभीर चोटें आई है, इस बर्बरता के लिए कानून आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दें।

श्री राव ने कहा कि देश और प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। महिला की सुरक्षा तो दूर की बात है न ही व्यापारी सुरक्षित है और न ही आमजन। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल मानवता को शर्मसार करने वाली हैख् बल्कि राज्य में कानून-व्यवस्था की भयावह स्थिति को भी उजागर करती है। राव नरेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी इस मामले को लेकर सड? से संसद तक संघर्ष करेगी और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हर मंच पर आवाज उठाएगी।

उन्होंने कहा कि नया साल की तैयारियों को लेकर पुलिस बड़े-बड़े दावे सुरक्षा व्यवस्था का दम भर रही थी, मगर इस घटना से उनके सारे के सारे दांवों की पोल खुल गई। पीड़िता को कई घंटों तक दरिन्दे कार में लेकर घूमते रहे क्या किसी नाके पर कोई पुलिस कर्मी तैनात नहीं था जो उस कार को रोक सकता था। दिल्ली के निर्भया काण्ड के बाद दूसरी यह इस तरह की घटना है। इस तरह की घटना ने मानवता को शर्मशार कर दिया।

# उद्योगों में जाकर मजदूरों की होगी स्वास्थ्य जांच : कृष्ण पाल

**नव वर्ष पर फरीदाबाद को बड़ी सौगात, कृष्ण पाल गुर्जर ने 'हॉस्पिटल ऑन व्हील्स' को दिखाई हरी झंडी**

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** नव वर्ष के आगमन पर आज फरीदाबाद में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने सेक्टर-28 स्थित अपने कार्यालय परिसर से ÷हॉस्पिटल ऑन व्हील्स÷ की दो अत्याधुनिक चिकित्सा बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ बल्लभग? विधायक मूलचंद शर्मा, ब?खल विधायक धनेश अदलखा, बल्लभग? जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह भी मौजूद रहे।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार के बिजली मंत्रालय की सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) के तहत स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय योगदान दिया गया है। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल के दौरान राज्य मंत्री (स्व्हृस्) के रूप में सेवा देते हुए फरीदाबाद के मजदूरों एवं गरीब वर्ग के कल्याण के उद्देश्य से एक करोड़ रुपये की राशि सीएसआर के अंतर्गत ईएसआई फरीदाबाद को प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण एवं शहरी जरूरतमंद लोगों तक सुलभ, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि हॉस्पिटल ऑन व्हील्स के माध्यम से उन क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी, जहां अस्पतालों की पहुंच सीमित है। इन बसों में प्राथमिक उपचार, जांच सुविधाएं तथा आवश्यक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे, जिससे आम नागरिकों को घर के नजदीक स्वास्थ्य लाभ मिल सकेगा। यह हरियाणा का पहला ÷हॉस्पिटल ऑन व्हील्स÷ है, जो पूरी तरह आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित है। यह मोबाइल मेडिकल वैन एक चलते-फिरते अस्पताल के रूप में कार्य करेगी।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि इस वैन में एयर कंडीशनिंग, जनरेटर, एक्स-रे मशीन, लैब टेस्टिंग की सुविधा, ब्लड टेस्ट, ईएनटी जांच सहित दर्जनों प्रकार की आवश्यक चिकित्सीय जांच की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अत्याधुनिक वैन के माध्यम से मजदूरों को एक ही स्थान पर सभी जरूरी स्वास्थ्य जांच और प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस पहल का सबसे बड़ा लाभ उन श्रमिकों को मिलेगा, जो दिन-रात औद्योगिक इकाइयों में कड़ी मेहनत करते हैं और समय के अभाव में अस्पताल जाकर नियमित स्वास्थ्य जांच नहीं करा पाते। अब अस्पताल स्वयं मजदूरों के पास पहुंचेगा। यह मोबाइल मेडिकल वैन उद्योगों में जाकर वहीं पर श्रमिकों की जांच करेगी और उन्हें समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश के नागरिकों, विशेषकर गरीब, मजदूर और वंचित वर्ग के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसी सोच के साथ देश की सबसे बड़ी बुनियादी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत ङ्क प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लागू किया गया, जिसके तहत आज देश के लगभग 70 करोड़ नागरिक हर वर्ष ?5 लाख तक का मुफ्त इलाज प्राप्त कर रहे हैं। यह योजना न केवल इलाज का खर्च उठाती है, बल्कि गरीब परिवारों को गंभीर बीमारियों के समय आर्थिक संकट से भी बचाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयों की उपलब्धता भी इसका अहम हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर देशभर में 17, 000 से अधिक जन औषधि केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां आम लोगों को बीमारी में काम आने वाली आवश्यक दवाइयां बेहद कम कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। घुटनों के ऑपरेशन से लेकर डायलिसिस जैसे महंगे उपचार तक, आम नागरिकों को किफायती दरों पर सुविधाएं मिल रही हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं वास्तव में जन-जन तक पहुंच रही हैं।

## नये बस अड्डा पर रिफ्लेक्टिव टेप और स्टीकर्स चिपकाने का चलाया विशेष अभियान

**फतेहाबाद, 1 जनवरी।** आरटीए सचिव संजय बिश्नोई के निर्देश अनुसार नये साल के उपलक्ष्य में आरटीए स्टाफ द्वारा फतेहाबाद नये बस स्टैंड पर रिफ्लेक्टिव टेप और स्टीकर्स चिपकाने का विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान नागरिकों को समझाया गया कि सड? सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसे सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

इस अभियान का उद्देश्य रात के समय वाहनों की दृश्यता बढ़ाना और सड? दुर्घटनाओं को रोकना है। आरटीए स्टाफ ने बसों और अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप और स्टीकर्स चिपकाए, जिससे रात में वाहनों की पहचान आसान हो सके। हर साल जनवरी में रोड सेफ्टी अवेयरनेस मंथ मनाया जाता है। इस अभियान में सहायक सचिव रिशिपाल, परिवहन निरीक्षक विकास ठकराल, परिवहन उप निरीक्षक शिल्पा चोपड़ा, शैलेंद्र, प्रियंका, नविता आदि मौजूद रहे।

# नशा छोड़ चुके युवाओं को एसपी ने किया सम्मानित, कहा– ये समाज के असली हीरो

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 01 जनवरी।** जिले में नशा मुक्त समाज की दिशा में एक सकारात्मक पहल के तहत एमएम कॉलेज में नशा छोड़ चुके युवाओं के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में *पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।* कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एसपी का स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा नशा मुक्ति से जुड़े स्वयंसेवी संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि नशा केवल किसी एक व्यक्ति या परिवार की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज को प्रभावित करने वाली गंभीर चुनौती है। नशे की गिरफ्त में आया युवा न केवल अपना भविष्य बर्बाद करता है, बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए भी पीड़ा का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि सबसे सुखद बात यह है कि आज यहां ऐसे युवा मौजूद हैं, जिन्होंने नशे को छोड़कर जीवन की नई शुरुआत की है। ये युवा समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और इनके अनुभव अन्य युवाओं को सही मार्ग दिखाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। एसपी ने नशा छोड़ चुके युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि नशे से बाहर आना आसान नहीं होता, इसके लिए मजबूत इच्छाशक्ति के साथ-साथ परिवार और समाज का सहयोग बेहद आवश्यक होता है। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानूनन कार्रवाई करना ही नहीं, बल्कि युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें सकारात्मक दिशा देना भी है।

# छात्राओं ने दिखाया लोकतांत्रिक जोश, भाषण में पारुल अव्वल

**भाषण, निबंध और रंगोली प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने लोकतंत्र और मतदान का प्रभावी संदेश दिया**

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 1 जनवरी।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में छात्राओं ने लोकतंत्र के प्रति जागरूकता और मतदान के महत्व को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों तथा उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विवेक भारती के आदेशानुसार 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कोई मतदाता ना छूटे विषय पर भाषण, निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्य डा. लखबीर कौर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. ज्योति ने कहा कि प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्राओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना, मतदान के अधिकार के प्रति सजग बनाना तथा युवा सहभागिता को बढ़ावा देना है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्राओं ने मतदान का अधिकार, लोकतंत्र की मजबूती और युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार रखे। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास के साथ मतदाता जागरूकता का संदेश दिया, जबकि रंगोली प्रतियोगिता में लोकतंत्र और मतदान के महत्व को रंगों के माध्यम से उकेरा गया।

निर्णायक समिति द्वारा निष्पक्ष मूल्यांकन के बाद भाषण प्रतियोगिता में पारुल ने प्रथम, सबीना ने द्वितीय तथा नीरू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में सोनिया पारिक प्रथम, जिया द्वितीय एवं परीक्षा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में मीनाक्षी ने प्रथम, कुमकुम ने द्वितीय और निशा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें मतदान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। सभी विजेता छात्राएं 2 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं से लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए अपने मताधिकार के अनिवार्य प्रयोग का आह्वान किया।

# अंबाला में मुख्य सड़कों के निर्माण कार्य का मेयर ने किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

**अम्बाला शहर।** अंबाला शहर की मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने गुरुवार को शहर के सबसे पोश इलाके सेक्टर 7 की मुख्य सड़कों के निर्माण कार्य को शुरू करवाया। पिछले कई वर्षो से सेक्टर 7 की टूटी हुई मुख्य सड़कों को लेकर सेक्टर 7 निवासियों में भारी रोष था।

बीच-बीच में रिपेयर के ठेके लगने के बावजूद सेक्टर 7 की मुख्य सड़कों के हालात खराब रहे। सेक्टर निवासियों के इलावा हिसार रोड से दिल्ली रोड को जाने वाले शहरवासी नित्य प्रति सेक्टर 7 की सड़कों का इस्तेमाल करते हैं। भारी ट्रैफिक में मुख्य सड़कों से गुजरने के कारण इन सड़कों पर जगह जगह बड़े गड्ढे पड़ गए थे। लंबे समय से सेक्टर 7 की वेलफेयर सोसाइटी वी सेक्टर वासी मेयर से मिलकर सेक्टर 7 की इन सड़कों को बनवाने के लिए आग्रह कर रहे थे। पंचायत भवन के सामने से सेक्टर 7 मार्केट तक, गैलेक्सी मॉल से मकान नंबर 408 तक और सेक्टर 7 के गेट नंबर 1 से 87 नंबर मकान तक चार मुख्य सड़कों का निर्माण लगभग 2.5 करोड रुपए की लागत से किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ सेक्टर 7 की मार्केट के काफी लंबे समय से लंबित पड़े शौचालय का निर्माण भी करवा दिया गया है और इसके साथ-साथ सेक्टर 7 के सभी पार्कों में और लाइट लगवाने का भी काम चल रहा है और आने वाले समय में सेक्टर 7 के सभी पार्कों में सिंथेटिक ट्रैक लगाए जाएंगे।

# बीजेपी ने चुनाव में वोट के लिए बनाए थे लाखों राशन कार्ड, अब काटे : हुड्डा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 1 जनवरी।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी ने चुनाव में वोट हासिल करने के लिए लाखों फर्जी राशन कार्ड बनाए। क्योंकि,आंकड़ों,के,अनुसार,2020,21,में,राशन,कार्ड,11,09,865 थे, जो 2022-23 में बढ़कर 26,40,475 और 2024 में 51,96,380 हो गए। इसी तरह लाभार्थी 52,40,111 से बढ़कर 2,13,00,000 हो गए। यानी 80 प्रतिशत हरियाणवियों को बीजेपी ने बीपीएल घोषित कर दिया। लेकिन चुनाव बाद देशभर में 41 लाख राशन कार्ड काटे गए, जिसमें हरियाणा में सबसे अधिक 13,43,474 कार्ड काटे गए। इससे 70 लाख से अधिक लोगों का राशन बंद हो गया। यानी बीजेपी ने वोट लेने के लिए जनता के साथ धोखा किया। इसी तरह महिलाओं के साथ भी भाजपा ने धोखा किया। हरियाणा की सभी 85 लाख महिलाओं को 2100 रुपये मासिक देने का वादा किया गया, लेकिन अब केवल 5 लाख महिलाओं को ही यह राशि देने की बात कर रही है। रोहतक में अपने आवास पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भर्तियों में हरियाणवी युवाओं के साथ हो रहे अन्याय का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर हरियाणवियों को भर्तियों से बाहर कर रही है। हरियाणा पावर यूटिलिटीज असिस्टेंट इंजीनियर भर्ती में जनरल कैटेगरी के 214 उम्मीदवारों में केवल 29,हरियाणा,डोमिसाइल वाले चुने गए। HPSC की अंग्रेजी असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में भी हरियाणवियों का चयन 8 प्रतिशत से कम रहा। अन्य उदाहरणों में-असिस्टेंट प्रोफेसर पोलिटिकल साइंस- 18 में से 11 बाहर के थे। SDO इलेक्ट्रिकल की भर्ती में एकबार इसी सरकार ने 80 में से 78 बाहर के लोगों को नियुक्त कर दिया। इसके बाद जब ये भर्ती दोबार हुई तो 99 में से 77 बाहर के लगाए गए। लेक्चरर ग्रुप-बी टेक्निकल एजुकेशन में 157 में से 103, HCS 2017 में तीन में से एक बाहर का, DHO भर्ती में 16 में से 12 बाहर के, BDPO भर्ती में 7 में से 4 बाहर के लोगों को लगाया गया था।

इसके अलावा, HPSC भर्तियों में पद जानबूझकर खाली रखे जाते हैं। अंग्रेजी असिस्टेंट प्रोफेसर की 613 पोस्ट में इंटरव्यू के लिए केवल 151 को बुलाया गया।

# शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक समरसता को समर्पित रहेगा नववर्ष : शिक्षा मंत्री

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत,1 जनवरी।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के एल्डिको स्थित आवास पर नववर्ष 2026 के शुभ आगमन और उनके जन्मदिन के पावन अवसर पर एक भव्य, गरिमामय एवं जनसमर्पित समारोह का आयोजन किया गया।

यह आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा, संस्कृति और जनविश्वास का जीवंत प्रतीक बनकर उभरा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल हवन-यज्ञ से हुई, जिसमें शिक्षा मंत्री ने अपने परिवार सहित विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शिक्षा के उन्नयन और जनकल्याण की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। इसके उपरांत मंत्री ढांडा ने गौशाला पहुँचकर गौसेवा की और गायों को चारा खिलाया। उन्होंने कहा गौसेवा हमारी सनातन संस्कृति की आत्मा है, जो समाज में करुणा, सेवा और संवेदनशीलता का भाव जागृत करती है। मुख्य कार्यक्रम में एल्डिको आवास परिसर जनसैलाब में तब्दील हो गया। प्रदेश भर से आए हजारों कार्यकर्ता, समर्थक और शुभचिंतक ने नारों के साथ उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। लोकनायकों की वीर गाथाओं पर आधारित प्रस्तुतियाँ, हरियाणवी लोकनृत्य, रागनियाँ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने हरियाणा की शौर्यगाथा और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया।

## मोम से भरे 12 कैप्सूल में छिपा रखा था 3.05 किलो सोना, मुंबई एयरपोर्ट पर पकड़ाया

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई में छत्रपति शिवाजी एयरपोर्ट पर सोने की स्मलिंग करते एक यात्री को पकड़ा है। यह गिरफ्तारी निदेशालय ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने की। अधिकारियों ने बताया कि डीआरआई ने बहरीन से मुंबई आए एक यात्री को रोका और उसकी तलाशी ली। इस दौरान उसके पास 12 कैप्सूल में छिपा 3.05 किलो सोना बरामद किया है। मीडिया रिपोर्ट में डीआरआई ने बताया कि एक यात्री बहरीन से मुंबई पहुंचा था। वह एयरपोर्ट पर जब बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, उसी दौरान सुरक्षा अधिकारियों को उस पर कुछ शक हुआ। उसे रोका गया और चेकिंग शुरू की गई। इस दौरान उसके पास 12 कैप्सूल मिले, जो मोम में भरे हुए थे और उन्हें पानी के गिलास में छिपाया गया था, ताकि सुरक्षा जांच में पकड़े न जाए। जांच में पाया कि बरामद किया गया सोना 24 कैरेट शुद्ध है और इसकी कीमत करीब 3.89 करोड़ रुपए बताई जा रही है। डीआरआई अधिकारियों ने बताया कि यह गिरफ्तारी खुफिया सूचना के आधार पर की गई। उन्होंने बताया कि सोने की तस्करी की यह साजिश इंटरनेशनल गैंग से जुड़ी हो सकती है। इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। बरामद सोने को जब्त कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। डीआरआई के अधिकारियों ने कहा कि सोने की स्मगलिंग को रोकने के लिए इसी तरह से आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। फिलहाल पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है और ये पता लगाया जा रहा है कि आखिर वह ये सोना कहां से और किससे लाया था। क्या उसके साथ और लोग भी इस नेटवर्क में जुड़े हैं।

## राजस्थान में मावठ के साथ ओलावृष्टि का दौर शुरू

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में मावठ के साथ ओलावृष्टि का दौर शुरू हो गया है। नए साल के पहले दिन जयपुर, चित्तौड़गढ़, अजमेर सहित कई जिलों में सुबह से रुक-रुककर बारिश हो रही है। वहीं, बीकानेर में बुधवार देर रात हुई ओलावृष्टि से कड़ाके की सर्दी लौट आई है। गुरुवार सुबह से प्रदेश के अधिकतर जिले घने कोहरे की चपेट में रहे। जोधपुर में कोहरे के कारण फ्लाइट भी लेट हुई। वहीं, बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात चूरू को सादुलपुर में तेज बारिश के साथ मकान पर बिजली गिर गई। मौसम विभाग ने जयपुर, भरतपुर संभाग के जिलों में बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में शीतलहर और घने कोहरे की भी चेतावनी जारी की है। राजस्थान में नए साल की शुरुआत के साथ तेज सर्दी का दौर शुरू हो गया है। राजधानी जयपुर में गुरुवार सुबह हल्की बरसात हुई। वहीं, चित्तौड़गढ़ में सुबह 5 बजे आधा घंटे तक तेज बरसात हुई। बीकानेर के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार देर रात ओले भी गिरे। सीकर के रामगढ़ में भी आज सुबह तेज बरसात हुई। बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में भी दो-तीन डिग्री की गिरावट हुई। साथ ही अजमेर, अलवर, कोटा में सुबह से रुक-रुककर बरसात हो रही है।

## पुरुषों के मुकाबले भारत में महिला कैदियों की संख्या बढ़ी भारत की जेलों में 23772 महिला कैदी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में महिला कैदियों की संख्या में पिछले दो दशक में 162 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। वहीं पुरुष कैदियों की संख्या में 77 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। वर्ष 2000 से 2022 के बीच जेलों में महिला कैदियों की संख्या भारत में 9089 से बढ़कर 23772 पर पहुंच गई है। जो लगभग 162 फ़ीसदी होती है। वहीं पुरुष कैदियों की संख्या 310310 से बढ़कर 549351 हो गई है। जो लगभग 77 फ़ीसदी की वृद्धि दर्शाती है। हाल ही में इंस्टिट्यूट फॉर क्राइम एंड जस्टिस पॉलिसी रिसर्च की रिपोर्ट जारी हुई है। उसमें विश्व के देशो में महिला कैदियों को लेकर अधिकृत आंकड़ा जारी किया गया है। महिला कैदियों की संख्या जेलों में लगातार बढ़ती चली जा रही है। इससे लग रहा है, महिलाएं, अपराध में तेजी के साथ पुरुषों के मुकाबले ज्यादा सक्रिय हैं। महिलाएं संगठित अपराध मादक पदार्थ की तस्करी, इत्यादि में बड़े पैमाने पर जेल में जा रही हैं। इस समय अमेरिका में 174607 चीन में 145000 ब्राजील में 50441 रूस में 39153 थाईलैंड में 3300057 भारत में 23772 फिलिपींस में 17121 तुर्की में 16581 वियतनाम में 15152 और मेक्सिको की जेलौं में 13841 महिलाएं जेलों में बंद है। दुनिया भर में महिला कैदियों की संख्या साल दर साल बढ़ती जा रही है। महिलाओं द्वारा किए जा रहे अपराधों की संख्या लगातार बढ़ती चली जा रही है।

## मणिपुर में हथियार और विस्फोटकों का जखीरा बरामद, ड्रोन व उपकरण भी मिले

इंफाल(एजेंसी)। मणिपुर के काकचिंग जिले में हथियार और विस्फोटकों का बड़ा जखीरा बरामद हुआ है। पुलिस ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि हथियारों की यह बरामदगी बुधवार को जिले के वाबगाई नाटेखोंग तुरेनमेई इलाके से की गई। पुलिस के मुताबिक जब्त किए गए हथियारों में एक एम-16 राइफल, एक एसएलआर, एक सिंगल-बैरल बंदूक, दो सिंगल-बैरल बोल्ट-एक्शन राइफल और एक 7.65 एमएम पिस्तौल शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बरामद विस्फोटकों और गोला-बारूद में 10 ग्रेनेड, चार डेटोनेटर, दो आर्म रिंग, करीब तीन किलोग्राम वजनी एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), एक विस्फोटक गोला, एक 51 एमएम मोर्टार बम, छह टीयर 'स्मोक शेल' और 71 कारतूस मिले हैं। अभियान में एक ड्रोन और उससे जुड़े उपकरण भी जब्त किए हैं। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बल जिलों के सीमावर्ती और संवेदनशील इलाकों में तलाशी और निगरानी अभियान चला रहे हैं।

## कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद का अतिम फैसला कांग्रेस हाईकमान करेगा : जी परमेश्वर

बेंगलुरु(एजेंसी)। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा है कि राज्य में मुख्यमंत्री पद का अंतिम निर्णय कांग्रेस हाई कमान करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने कोई गुट नहीं बनाया है और न ही अपने समर्थकों को किसी विशेष उम्मीदवार के पक्ष में निर्देश दिए हैं। उनका कहना है कि कुछ लोग अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं, लेकिन अंतत: निर्णय हाई कमांड का ही होगा। ये बयान तब आया हैं, जब कर्नाटक कांग्रेस में सत्ता परिवर्तन की अटकलें तेज हैं। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और गृह मंत्री परमेश्वर इस राजनीतिक उथल-पुथल के मुख्य चेहरे माने जा रहे हैं। कर्नाटक सरकार के आधे कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री पद विवाद का केंद्र बन गया है।

# हम किसी भी द्वेषपूर्ण शक्ति के आगे नहीं झुकेंगे, जनता के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे

### -सीएम ममता बनर्जी ने टीएमसी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं-समर्थकों को दी बधाई



**कोलकाता (एजेंसी)।** सीएम ममता बनर्जी ने टीएमसी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों को बधाई दी और मां-माती-मानुष के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए आम जनता के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि आज भी हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता और समर्थक इस लक्ष्य के प्रति दृढ़ और प्रतिबद्ध है।

सीएम ममता ने कहा कि टीएमसी परिवार आज अनगिनत लोगों के आशीर्वाद, प्रेम और प्रार्थनाओं से धन्य है। आपके अटूट समर्थन से ही हमें शक्ति मिलती है और हम इस महान लोकतांत्रिक राष्ट्र में प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। हम किसी भी द्वेषपूर्ण शक्ति के आगे नहीं झुकेंगे और तमाम शत्रुताओं को दरकिनार करते हुए आम जनता के लिए हमारा संघर्ष जीवन भर जारी रहेगा। मैं मां-माती-मानुष परिवार के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं और समर्थकों को प्रणाम और सम्मान व्यक्त करती हूं।

टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि इस अवसर पर पार्टी जनता के साथ खड़े रहने के अपने संकल्प को दोहराती है। तृणमूल कांग्रेस स्थापना दिवस पर मैं अपने निरंतर बढ़ते परिवार के हरेक सदस्य के प्रति कृतज्ञता से सिर झुकाता हूं। परिवर्तन के आंदोलन के रूप में शुरू हुआ यह सफर आज एक शक्तिशाली लोकतांत्रिक ताकत में तब्दील हो गया है। मैं अपने जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं का विशेष सम्मान करता हूं। आप ही इस कहानी के रचयिता हैं। आपका अनुशासन, बलिदान और अटूट विश्वास ही हमारी राजनीति को शक्ति प्रदान करता है। जब तक हम अपनी माँ, मति, मानुष के प्रति निष्ठावान रहेंगे, कोई भी शक्ति, चाहे वह कितनी भी अहंकारी या दमनकारी क्यों न हो, बंगाल के सामूहिक संकल्प को पराजित नहीं कर सकती। अपने संकल्प को दोहराते उन्होंने कहा कि बंगाल में किसी को भी बांग्ला-विरोधी जमींदारी शक्तियों द्वारा परेशान, अपमानित या डराया न जाए।

बता दें टीएमसी का गठन 1 जनवरी, 1998 को हुआ था, जब बनर्जी ने वैचारिक और राजनीतिक मतभेदों के बाद कांग्रेस से अलग होकर पार्टी बनाई थी। एक नवोदित क्षेत्रीय पार्टी से टीएमसी 2016 में राष्ट्रीय पार्टी बन गई। 2011 में इसने पश्चिम बंगाल में 34 साल के वाम मोर्चा शासन का अंत किया और तब से सत्ता में है, लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीत चुकी है। इस साल का स्थापना दिवस ऐसे समय मनाया जा रहा है जब राज्य में राजनीतिक गतिविधियां तेज हैं क्योंकि राज्य मार्च-अप्रैल 2026 में होने वाले अगले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रहा है।

## पीएम मोदी ने खालिदा जिया के लिए लिखे शोक पत्र में उन्हें किया याद... दृढ़ संकल्प और बताया दृढ़ निश्चय वाली नेता

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे और बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी के कर्ताधर्ता तारिक रहमान को लिखे शोक पत्र में उन्हें याद किया। पीएम मोदी ने आशा व्यक्त की कि बांग्लादेश के लोग साझा मूल्यों, लोकतांत्रिक परंपराओं और राष्ट्रीय एकता की गहरी भावना से प्रेरित होते रहने वाले है। पीएम मोदी ने पत्र में लिखा कि मुझे जून 2015 में ढाका में बेगम साहिबा के साथ हुई मुलाकात और चर्चाएं अच्छी तरह से याद हैं। वे (खालिदा जिया) असाधारण दृढ़ संकल्प और दृढ़ निश्चय वाली नेता थीं और उन्होंने बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री होने का गौरव हासिल किया। पीएम मोदी ने लिखा कि उन्होंने बांग्लादेश के विकास के साथ-साथ भारत-बांग्लादेश संबंधों को मजबूत करने में भी कई महत्वपूर्ण योगदान दिए। पीएम मोदी ने शोक संदेश में कहा कि उनके (खालिदा जिया) निधन से एक अपूरणीय शून्य उत्पन्न हो गया है, लेकिन उनकी दूरदृष्टि और विरासत अमर रहेगी। मुझे विश्वास है कि बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी में उनके आदर्शों को आगे बढ़ाया जाएगा और ये भारत और बांग्लादेश के बीच गहरे और ऐतिहासिक साझेदारी को समृद्ध बनाने और एक नई शुरुआत सुनिश्चित करने के लिए मार्गदर्शक बनेगी। बांग्लादेश की तीन बार प्रधानमंत्री रहीं और बीएनपी की प्रमुख खालिदा जिया का 30 दिसंबर को लंबी बीमारी के बाद निधन हुआ। उनके अंतिम संस्कार में बुधवार को राजधानी ढाका में हजारों लोग शामिल हुए, जिसमें विभिन्न देशों के गणमान्य व्यक्ति भी थे। 12 फरवरी को होने वाले चुनाव में प्रधानमंत्री पद के प्रबल दावेदार तारिक रहमान, खालिदा जिया के सबसे बड़े बेटे हैं। रहमान से मुलाकात के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने लोकतंत्र में जिया के योगदान को स्वीकार किया। उन्होंने फरवरी में होने वाले चुनावों के बाद भारत-बांग्लादेश संबंधों में आई दरार को लेकर आशा व्यक्त की।

## बीजेपी के ब्राह्मण विधायकों की बैठक पर अखिलेश का तंज... अगर वे विधायक सरकार के खिलाफ खड़े हो गए...

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने योगी सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर कई मुद्दों को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने प्रयागराज माघ मेला में सपा संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की मूर्ति न लगाने को लेकर योगी सरकार और प्रशासन की घेराबंदी की। अखिलेश ने कहा कि यदि अधिकारी नियम बदल सकते हैं, तब फिर माघ मेला में सभी भगवानों की मूर्तियां भी लगाई जानी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि चापलूसी की ÷रोटी÷ बनाने का कौन-सा नियम है और किस कानून के तहत कुछ खास लोगों को फायदा पहुंचा रहे है। अखिलेश ने कहा कि अधिकारी नियमों की आड़ में मनमानी कर रहे हैं। यदि नियम बदले जा रहे हैं, तब सपा भी अपने धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीकों की स्थापना की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि वह आयोजनकर्ताओं से आग्रह करते हैं कि केदारेश्वर मंदिर की भी माघ मेला में स्थापना की जाए, ताकि किसी तरह का भेदभाव न हो। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यालय में आयोजित बाटी-चोखा सहभोज कार्यक्रम का जिक्र कर सपा कार्यकर्ताओं की तारीफ की। अखिलेश ने कहा कि यह कार्यक्रम पार्टी की सांस्कृतिक परंपरा और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सपा पार्टी में सभी लोग मिल-जुलकर बैठते हैं, एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और यही हमारी संस्कृति है।

वहीं बीजेपी के ब्राह्मण विधायकों की हालिया बैठक पर भी अखिलेश ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि ÷अभी वे विधायक बैठे-बैठे खा रहे थे, लेकिन अगर वे विधायक सरकार के खिलाफ खड़े हो गए तब बीजेपी सरकार का क्या होगा?÷ उन्होंने इशारों-इशारों में कहा कि बीजेपी के भीतर असंतोष बढ़ रहा है और यदि पार्टी के अपने विधायक ही सवाल उठाने लगे, तब सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। इसके अलावा अखिलेश ने एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया को लेकर भी मुख्यमंत्री योगी और चुनाव आयोग पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पहले दावा कर चुके हैं कि चार करोड़ वोट कट गए हैं और अब जो आंकड़े सामने आ रहे हैं, वे चुनाव आयोग और प्रशासन की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। अखिलेश ने आशंका जाहिर की कि कहीं तकनीक के नाम पर किसी तरह की हेराफेरी या बेईमानी की तैयारी नहीं की जा रही है।

# भारत-पाकिस्तान गतिरोध में चीन की मध्यस्थता के दावे का खंडन करे सरकार: ओवैसी

### ट्रंप के बाद चीन के दावों ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एक नया विवाद खड़ा कर दिया



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र से भारत-पाकिस्तान गतिरोध में चीन की मध्यस्थता के दावे का खंडन करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश के साथ संबंधों में सामान्यता संप्रभुता की कीमत पर नहीं हो सकती। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बार-बार यह दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित युद्ध को रोका, चीन ने भी मई 2025 में चार दिनों तक चले संघर्ष के दौरान तनाव कम करने में अपनी भूमिका का दावा किया। ओवैसी ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह नागरिकों को आश्वस्त करे कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच किसी तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप नहीं हुआ।

एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी ने एक्स पर लिखा- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने हमारे सामने युद्धविराम की घोषणा करने और शांति स्थापित करने के लिए व्यापार प्रतिबंधों का इस्तेमाल करने का दावा करने के बाद अब चीनी विदेश मंत्री भी इसी तरह के दावे कर रहे हैं। यह भारत का अपमान है और सरकार को इसका कड़ा खंडन करना चाहिए। चीन के साथ संबंधों में सामान्यता भारत के सम्मान या उसकी संप्रभुता की कीमत पर नहीं हो सकती।

चीन के इस दावे को चौंकाने वाला बताते हुए उन्होंने कहा कि चीनी विदेश मंत्री का यह दावा चौंकाने वाला है कि बीजिंग ने भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की। भारत सरकार को इस दावे का आधिकारिक तौर पर खंडन करना चाहिए और देश को आश्वस्त करना चाहिए कि किसी भी तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं है। इसके अलावा, ओवैसी ने इसे दक्षिण एशिया में अपनी श्रेष्ठता का दावा करते हुए भारत और पाकिस्तान को एक ही पायदान पर रखने का बीजिंग का प्रयास बताया।

उन्होंने कहा कि चीन भारत-पाकिस्तान को एक ही स्तर पर रखना चाहता है और दक्षिण एशिया में खुद को श्रेष्ठ साबित करने की कोशिश कर रहा है। क्या पीएम की चीन यात्रा के दौरान मोदी सरकार ने इसी बात पर सहमति जताई थी? एक तरफ चीन पाकिस्तान को 81 फीसदी हथियार मुहैया कराता है और ऑपरेशन सिंदूर में वास्तविक समय की खुफिया जानकारी प्रदान करता है, वहीं दूसरी तरफ वह मध्यस्थ होने का दावा करता है। यह अस्वीकार्य है और एक देश के रूप में हम इसे चुपचाप सहन नहीं कर सकते। चीन के दावों ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। बुधवार को कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने भी केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए इसे नई दिल्ली की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ एक 'मजाक' बताया।

## सोलन के नालागढ़ में नए साल के पहले दिन एक बड़ा धमाका

सोलन (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के सोलन के नालागढ़ में नए साल के पहले दिन एक बड़ा धमाका हुआ है। नालागढ़ थाने के पास मौजूद गली में सुबह-सुबह जोरदार धमाका हुआ, जिससे पूरा इलाका दहल उठा। धमाका इतना जबरदस्त था कि इसकी गूंज से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। विस्फोट की तीव्रता का अंदाजा इस बात से लग सकता है कि घटनास्थल के पास मौजूद इमारतों और आर्मी अस्पताल के शीशे चकनाचूर हुए है। लोगों और वहां मौजूद प्रवासी मजदूरों के अनुसार धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाका होते ही पूरा इलाका दहल गया और एक पल के लिए कुछ भी दिखाई नहीं दिया। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही नालागढ़ पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। पुलिस ने घटनास्थल को पूरी तरह से सील कर दोनों तरफ बैरिकेडिंग लगाकर जांच शुरू कर दी है। एसपी बद्दी विनोद धीमान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच चुके हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखकर शिमला से फॉरेंसिक टीम को भी सुबूत इकट्ठा करने बुलाया गया है।

## आप ने दी गारंटी, मुंबईकरों को बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ सेवा मुफ्त मिलेंगी, जारी किया मैनिफेस्टो




**मुंबई,।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी मुंबई महानगरपालिका चुनाव लड़ रही है। आम आदमी पार्टी ने करीब 75 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। आप ने मुंबईकरों को 24 घंटे पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ सेवा मुफ्त देने का वादा किया है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आप नेता आतिशी ने मुंबई में विकास के बारे में बोलते हुए सत्ताधारी पार्टी की आलोचना की। दरअसल आम आदमी पार्टी ने मुंबई मनपा चुनाव के लिए अपना मैनिफेस्टो जारी किया। दिल्ली और पंजाब में सफल प्रशासन मॉडल के आधार पर आप ने केजरीवाल की गारंटी के तहत मुंबईकरों को मुफ्त पानी, शिक्षा, बिजली और अस्पताल देने का वादा किया है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आप नेता ने कहा, अपनी अपार संपत्ति के बावजूद, मुंबई का शहरीकरण बदसूरत, गंदा और असुरक्षित हो गया है। अगर सही तरीके से प्लान किया जाए, तो मुंबई दुनिया के लिए एक मॉडल बन सकता है। 75,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा के बजट वाली इस महानगरपालिका ने सिर्फ खराब सेवा दी हैं। आतिशी ने आलोचना की कि कंस्ट्रक्शन सेक्टर में मुनाफा कमाने के लिए जानबूझकर मनपा के स्कूल बंद किए जा रहे हैं। आतिशी ने दावा किया कि हमारा मैनिफेस्टो कोई ऑप्शन नहीं बल्कि मुंबई की इज़्ज़त और काबिलियत को वापस लाने का एक पक्का प्लान है। उन्होंने कहा, हम दिल्ली और पंजाब की तरह मुंबई में भी वर्ल्ड-क्लास फ्री एजुकेशन, फ्री हेल्थकेयर और फ्री बिजली देंगे। पुरानी पार्टियों ने मुंबईकरों को धोखा दिया है और लोगों के फ़ायदे के बजाय लालच और करप्शन को ज़्यादा अहमियत दी है। मुंबई में प्राइमरी हेल्थकेयर नहीं है।

### मुंबईकरों के लिए 4 केजरीवाल गारंटी क्या हैं?

- मोहल्ला क्लीनिकः फ्री कंसल्टेशन, दवाइयां और टेस्ट देने के लिए 1000 मोहल्ला क्लीनिक बनाना।

वर्ल्ड-क्लास एजुकेशनः मनपा के स्कूलों में मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए हर स्कूल को 1 करोड़ रुपये देना। सभी विद्यार्थियों के लिए फ्री बेस्ट बस पास और हर स्कूल में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन।

- फ्री और 24 घंटे पानीः हर घर में हर महीने 20,000 लीटर तक फ्री नल का पानी और 24 घंटे साफ़ पीने का पानी पक्का। लीकेज कंट्रोल स्कीम और 100 परसेंट सीवेज ट्रीटमेंट के साथ वॉटर सप्लाई सिस्टम में पूरा बदलाव।

- ज़ीरो बिजली बिलः 'बेस्ट' के ज़रिए हर घर को 200 यूनिट तक फ्री बिजली, फ्री मीटर इंस्टॉलेशन और डीसेंट्रलाइज़्ड सोलर एनर्जी पर ज़ोर।

## चुनावी तैयारियों में लगे कर्मचारियों को डराने का प्रयास बर्दास्त नहीं: आयोग




**नई दिल्ली ।** पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारियों के बीच चुनाव आयोग ने साफ कहा है कि चुनाव ड्यूटी में लगे किसी भी कर्मचारी को डराने-धमकाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चाहे वह बीएलओ हों, ईआरओ, एईआरओ या ऑब्जर्वर। सभी की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है।

गौरतलब है कि बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात की थी। इसके बाद पार्टी महासचिव एंव सांसद अभिषेक बनर्जी ने बाहर आकर आयोग पर कई सवाल उठाए। आयोग ने चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रतिनिधिमंडल को स्पष्ट रूप से बताया कि राज्य सरकार को तुरंत प्रत्येक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को बढ़ा हुआ मानदेय जारी करना चाहिए, जिसे आयोग की मंजूरी मिल चुकी है। साथ ही आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनावी प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए नए कदम उठाए जा रहे हैं। आयोग का मानना है कि बीएलओ चुनावी व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके अधिकारों व सुविधाओं की अनदेखी चुनावी निष्पक्षता को प्रभावित कर सकती है।

टीएमसी प्रतिनिधिमंडल को आयोग ने जानकारी दी कि मतदाताओं की सुविधा के लिए ऊंची आवासीय इमारतों, गेटेड कॉलोनियों और झुग्गी-बस्तियों में भी मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इसका उद्देश्य यह है कि किसी भी मतदाता को वोट डालने में परेशानी न हो और मतदान प्रतिशत बढ़े।

चुनाव आयोग ने दो टूक कहा कि टीएमसी यह सुनिश्चित करे कि उसके जमीनी स्तर के राजनीतिक प्रतिनिधि या कार्यकर्ता चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को धमकाने में शामिल न हों। आयोग ने चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि किसी भी चुनावी कर्मचारी चाहे वह बीएलओ हो या ऑब्जर्वर को डराना गंभीर अपराध माना जाएगा। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई किसी भी तरह की धमकी को आयोग कतई बर्दाश्त नहीं करेगा और दोषियों पर कठोर कदम उठाए जाएंगे। चुनाव आयोग ने कहा कि वह स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# राज्यसभा चुनाव 2026: उच्च सदन में बढ़ेगा भाजपा और एनडीए का दबदबा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साल 2026 में राज्यसभा की 72 रिक्त हो रही सीटों के लिए होने वाले चुनाव देश की राजनीति में दूरगामी प्रभाव डालेंगे। ये चुनाव न केवल प्रमुख नेताओं के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे, बल्कि संसद में सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी कांग्रेस की रणनीतियों को भी नई दिशा देंगे। विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में दलीय स्थिति का विश्लेषण करें तो स्पष्ट है कि ऊपरी सदन में भाजपा नीत एनडीए और अधिक शक्तिशाली होकर उभरेगा, जबकि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के लिए राह कठिन होने वाली है।

हालांकि, राज्यसभा के कुल अंकगणित में आमूल-चूल परिवर्तन की संभावना कम है, लेकिन एनडीए अपने बहुमत को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। भाजपा की व्यक्तिगत सदस्य संख्या में भी इजाफा होगा, जिससे केंद्र सरकार के लिए संसद के दोनों सदनों में विधायी कामकाज और विधेयकों को पारित कराना अधिक सहज हो जाएगा। दूसरी ओर, संख्या बल घटने से सरकार को घेरने की विपक्ष की धार कमजोर पड़ सकती है। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, राज्यसभा में भाजपा के 103 और एनडीए के कुल 126 सांसद हैं। 2026 में भाजपा के 30 सांसदों का कार्यकाल पूर्ण हो रहा है, जबकि 32 नए सांसदों का आना लगभग तय है। राजनीतिक समीकरणों और जोड़-तोड़ के सहारे पार्टी तीन अतिरिक्त सीटें भी जीत सकती है। सहयोगी दलों में तेलुगु देशम, जनसेना, शिवसेना और एनसीपी को भी एक-एक सीट का लाभ होने की उम्मीद है।

इन चुनावों का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि इसमें मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा, दिग्विजय सिंह, शरद पवार और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी जैसे दिग्गजों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इसके अतिरिक्त, बी एल बर्मा, जॉर्ज कुरियन, प्रियंका चतुर्वेदी, अभिषेक मनु सिंघवी और पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई जैसे प्रमुख नाम भी इस सूची में शामिल हैं। यदि सत्ताधारी दल के मंत्री पुनः निर्वाचित नहीं होते, तो उनके लिए कैबिनेट में बने रहना मुश्किल होगा।

राज्यवार स्थिति देखें तो उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 10 सीटें रिक्त हो रही हैं, जिनमें से भाजपा को सात और सपा को दो सीटें मिलना तय माना जा रहा है। यहां बसपा का प्रतिनिधित्व समाप्त होने की कगार पर है। बिहार की 5 सीटों में से भाजपा और जेडीयू अपनी पकड़ मजबूत रखेंगे। दक्षिण भारत में, आंध्र प्रदेश की 4 सीटों में से तेलुगु देशम और जनसेना को लाभ मिलने की उम्मीद है, जबकि तमिलनाडु में द्रमुक का वर्चस्व बरकरार रहेगा। छत्तीसगढ़, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में कांग्रेस को कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन गुजरात में उसकी एक सीट भी भाजपा के खाते में जाने की संभावना है। महाराष्ट्र की 7 सीटों पर होने वाले चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगियों का पलड़ा भारी दिख रहा है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस अपनी चार सीटें बचाने में सफल रह सकती है, जबकि भाजपा को एक सीट का लाभ हो सकता है। कुल मिलाकर, 2026 के ये चुनाव भाजपा के लिए राज्यसभा में सुपर मेजॉरिटी की ओर कदम बढ़ाने वाले साबित होंगे, जिससे राष्ट्रीय राजनीति का संतुलन सत्ता पक्ष की ओर और अधिक झुक जाएगा।



# महिंद्रा की दिसंबर में वाहन बिक्री 25 फीसदी बढ़ी

## 2024 दिसंबर की 41,424 इकाई से 23 प्रतिशत अधिक




**नई दिल्ली**

महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने दिसंबर 2025 में निर्यात समेत कुल 86,090 इकाई वाहन बेचे, जो सालाना आधार पर 25 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि यह वृद्धि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में मजबूत मांग को दर्शाती है। घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री दिसंबर 2025 में 50,946 इकाई रही, जो 2024 दिसंबर की 41,424 इकाई से 23 प्रतिशत अधिक है।वहीं, वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 24,786 इकाई रही, जो पिछले साल की तुलना में 34 प्रतिशत बढ़ी।

एमएंडएम के मोटर वाहन विभाग के एक अे धिकारी ने कहा कि एसयूवी और हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) दोनों खंडों में यह अब तक की सबसे बड़ी बिक्री है, जो कंपनी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

कृषि उपकरणों के क्षेत्र में भी एमएंडपी ने मजबूत प्रदर्शन किया। दिसंबर 2025 में कुल ट्रैक्टर बिक्री 31,859 इकाई रही, जो 2024 की 22,943 इकाई से लगभग 39 प्रतिशत अधिक है। घरेलू बिक्री 30,210 इकाई रही, जो 37 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। निर्यात में भी भारी उछाल देखा गया, जो पिछले साल की तुलना में 78 प्रतिशत अधिक रहा। अे धिकारी का कहना है` कि खरीफ फसल की कटाई के बाद नकदी प्रवाह बेहतर हुआ है।

अनुकूल मौसम और जलाशयों में पर्याप्त पानी से रबी की बुवाई बढ़ी है, जिससे आने वाले महीनों में ट्रैक्टर की मांग बनी रहने की उम्मीद है।

# जनवरी 2026 से आम आदमी की जिंदगी में छह बड़े बदलाव

## रोजमर्रा के खर्च, यात्रा और वित्तीय फैसलों पर पड़ेगा प्रभाव




**नई दिल्ली**

जनवरी 2026 से आम आदमी की जिंदगी में कई अहम बदलाव देखने को मिलेंगे, जो सीधे रोजमर्रा के खर्च, यात्रा और वित्तीय फैसलों को प्रभावित करेंगे। सबसे पहले, 1 जनवरी से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़कर 111 रुपए हो गए हैं। इससे रेस्टोरेंट और होटलों की लागत बढ़ेगी और खाने के दामों पर असर पड़ सकता है। इसी महीने कई कार कंपनियों ने अपनी कीमतों में वृद्धि की है। मर्सिडीज-बेंज की कारों के दाम 2 प्रतिशत बढ़ गए हैं, निसान की मैग्नाइट कार 3 प्रतिशत महंगी हुई है, जबकि एमजी मोटर की हैकर, एस्टर और जीएस ईवी कारों के दाम 2 प्रतिशत बढ़ गए हैं। हुंडई इंडिया की क्रेटा, आई 20 और वेन्यू कारों के दाम 0.6 प्रतिशत बढ़ाए गए हैं। इससे कार खरीदने वालों की जेब पर सीधा असर पड़ेगा। रेल यात्रा को भी नई शर्तों से प्रभावित किया गया है। 12 जनवरी से आईआरसीटीसी अकाउंट में आधार लिंक होना अनिवार्य हो जाएगा। जिन यात्रियों का अकाउंट आधार से लिंक नहीं होगा, वे सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। इसका मकसद फर्जी अकाउंट्स को रोकना और असली यात्रियों को सुविधा देना है। वहीं एविएशन फ्यूल के दाम घटने से हवाई यात्रा में राहत मिलने की संभावना है। दिल्ली में एविएशन फ्यूल के दाम घटकर 92,323 रुपए प्रति किलोलीटर हो गए हैं। इससे एयरलाइन कंपनियों की लागत कम होगी और हवाई टिकट सस्ते होने की उम्मीद है। मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में भी दाम घटाए गए हैं।

# नए साल के पहले दिन सोना हुआ सस्ता, चांदी भी गिरी

## दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,35,030 प्रति 10 ग्राम, चांदी 2,38,900 रुपए प्रति किलो



**नई दिल्ली**

नए साल 2026 के पहले ही दिन सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। 1 जनवरी की सुबह घरेलू बाजार में सोने के भाव फिसल गए। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत घटकर 1,35,030 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,23,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। मुंबई में 24 कैरेट सोने का भाव 1,34,880 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया है, वहीं 22 कैरेट गोल्ड 1,23,640 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। चेन्नई और कोलकाता में भी यही भाव बने हुए हैं। पुणे और बेंगलुरु में भी 24 कैरेट सोना 1,34,880 रुपये और 22 कैरेट 1,23,640 रुपये प्रति 10 ग्राम पर मिल रहा है। अन्य शहरों की बात करें तो अहमदाबाद और भोपाल में 24 कैरेट सोना 1,34,930 रुपये, जबकि जयपुर, लखनऊ और चंडीगढ़ में यह 1,35,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है। सोने के साथ-साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट दर्ज की गई है।

1 जनवरी की सुबह चांदी का भाव घटकर 2,38,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी 71.67 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का हाजिर भाव 4,308.30 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है। जानकारों के अनुसार घरेलू सोने की कीमतों पर ग्लोबल संकेतों के साथ-साथ डॉलर की चाल, ब्याज दरों और निवेशकों की मांग का सीधा असर पड़ता है। हालांकि साल 2025 के दौरान सोने की कीमतों में करीब 73.45 प्रतिशत की मजबूती देखने को मिली थी।

# इंडिगो पर 458 करोड़ रुपए से ज्यादा का जीएसटी जुर्माना

## वत्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 की असेसमेंट से जुड़ा मामला




**निई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पर दिल्ली साउथ कमिश्नरेट के सीजीएसटी के अतिरिक्त आयुक्त ने 458 करोड़ रुपए से ज्यादा का जीएसटी जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 तक के लिए है।

जीएसटी विभाग ने विदेशी सप्लायर से मिली कंपनसेशन पर टैक्स, ब्याज और जुर्माना लगाया, साथ ही इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) को भी खारिज किया। कंपनी का कहना है कि यह आदेश कानून के खिलाफ है और इसे कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। इंडिगो को हाल ही में इनकम टैक्स विभाग ने 944.20 करोड़ का जुर्माना भी लगाया। यह 2021-22 असेसमेंट ईयर के लिए इनकम टैक्स एक्ट 270ए के तहत आया।

कंपनी ने इसे भी निराधार बताया। चेन्नई के संयुक्त आयुक्त ने अतिरिक्त 2.84 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया।

# केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा नवंबर तक 9.76 लाख करोड़ पहुंचा

## पिछले साल नवंबर में राजकोषीय घाटा 52.5 प्रतिशत पर था

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2025-26 के नवंबर अंत तक 9.76 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो वार्षिक बजट लक्ष्य का 62.3 प्रतिशत है। पिछले साल इसी समय यह 52.5 प्रतिशत था। सरकार ने इस वर्ष राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत यानी 15.69 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान रखा था। नवंबर तक केंद्र की कुल आय 19.49 लाख करोड़ रुपए रही, जो बजट अनुमान का 55.7 प्रतिशत है।

इसमें से 13.94 लाख करोड़ रुपए कर राजस्व के रूप में, 5.16 लाख करोड़ रुपए गैर-कर राजस्व से और 38,927 करोड़ रुपए गैर-ऋण पूंजी प्राप्तियों के रूप में आए। विशेषज्ञों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में कर राजस्व अनुमान से लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए कम रह सकता है।

नवंबर तक केंद्र सरकार ने राज्यों को करों में हिस्सेदारी के रूप में 9.36 लाख करोड़ रुपए हस्तांतरित किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.24 लाख करोड़ रुपए अधिक है। यह दर्शाता है कि राज्यों को वित्तीय समर्थन देने में सरकार की प्राथमिकता जारी है।



केंद्र सरकार का कुल खर्च नवंबर तक 29.26 लाख करोड़ रुपए रहा, जो वार्षिक बजट का 57.8 प्रतिशत है। इसमें से 22.67 लाख करोड़ रुपए राजस्व मद में और 6.58 लाख करोड़ रुपए पूंजीगत मद में खर्च किए गए। राजस्व खर्च में सबसे बड़ा हिस्सा ब्याज भुगतान (7.45 लाख करोड़) और सब्सिडी (2.88 लाख करोड़) पर गया


# जेएसडब्ल्यू एमजी की बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 70,554 इकाई हुई

**नई दिल्ली।**



एक जनवरी जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की` वित्तीय वर्ष 2025 में बिक्री सालाना आधार पर 19 बढ़कर 70,554 इकाई रही। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने बयान में कहा कि दिसंबर 2025 में उसकी थोक बिक्री 6500 इकाई रही जो इसके आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड में निरंतर मांग को दर्शाता है। कंपनी के अनुसार एमजी सेलेक्ट की थोक बिक्री मासिक आधार पर 38 प्रतिशत बढ़ी। वहीं इलेक्ट्रिक वाहनों की कुल बिक्री एक लाख इकाइयों का आंकड़ा पार कर गई।

# किआ इंडिया की बिक्री दिसंबर में बढ़कर 18,659 इकाई पहुंची



**नई दिल्ली ।** वाहन विनिर्माता कंपनी किआ इंडिया की दिसंबर में बिक्री दो गुना से अधिक होकर 18,659 इकाई रही। दिसंबर 2024 में यह 8,957 इकाई रही थी। किआ इंडिया ने बयान में कहा कि कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए कुल थोक बिक्री 2,80,286 इकाई रही। यह कैलेंडर वर्ष 2024 की 2,45,000 इकाई से 15 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) ने कहा` कि 2025 किआ इंडिया के लिए निरंतर और टिकाऊ वृद्धि का वर्ष उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के उपभोक्ता-अनुकूल ढांचे सहित अनुकूल व्यापक आर्थिक परिस्थितियों और सरकारी नीतियों के समर्थन से इन पहलों ने सकारात्मक उपभोक्ता भावना को मजबूत किया है। उन्होंने 2026 के परिदृश्य पर कहा` कि किआ इंडिया गतिशील बाजार परिवेश में स्थिर एवं टिकाऊ वृद्धि को गति देने के लिए अपने उत्पाद खंड में मूल्य-आधारित पेशकशों को शामिल करने और ब्रांड स्वामित्व अनुभव को मजबूत करने पर ध्यान दे रही है।

# डेनमार्क ने 400 साल पुरानी डाक सेवा बंद की, डिजिटल युग की ओर कदम

## डाक कंपनी घर-घर जाकर पत्र नहीं पहुंचाएगी, पार्सल डिलीवरी तथा डिजिटल सेवाओं पर ध्यान देगी

**डेनमार्क**

डेनमार्क ने अपनी सरकारी डाक सेवा को पूरी तरह बंद करने का ऐतिहासिक फैसला किया है। यह सेवा साल 1624 से चल रही थी और अब लगभग 400 साल बाद औपचारिक रूप से समाप्त हो चुकी है। डाक कंपनी पोस्टनार्ड ने घोषणा की है कि अब वह घर-घर जाकर पत्र नहीं पहुंचाएगी और केवल पार्सल डिलीवरी तथा डिजिटल सेवाओं पर ध्यान देगी। पिछले 25 वर्षों में कागजी पत्रों की संख्या में 90 प्रतिशत से अधिक कमी आई है। नागरिक अब संवाद के लिए ईमेल, डिजिटल मेलबॉक्स और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हैं। कम पत्र और बढ़ते खर्च के कारण डाक सेवा कंपनी के लिए यह आर्थिक रूप से बोझ बन गई थी। डेनमार्क की सड़कों की पहचान बने ऐतिहासिक लाल मेलबॉक्स भी हटाए जा रहे हैं। दिसंबर में इन्हें चैरिटी के लिए बेचा गया, शुरुआती कीमत लगभग 1500-2000 डेनिश क्रोनर (करीब 18,000-24,000 रुपये) थी। लोगों ने इन्हें यादों और भावनाओं के चलते ऊंची कीमत पर खरीदा। डेनमार्क अकेला नहीं है। दुनिया के कई विकसित देशों में भी डाक वितरण में बदलाव हो रहे हैं और डिजिटल माध्यम तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। यह बदलाव दर्शाता है कि पारंपरिक पत्रों का स्थान अब ईमेल और ऑनलाइन सेवाओं ने ले लिया है। डिजिटल क्रांति ने संवाद के पुराने माध्यम पत्र को धीरे-धीरे इतिहास बना दिया है। डेनमार्क का यह कदम दर्शाता है कि भविष्य में संवाद और डाक सेवाएं पूरी तरह डिजिटल हो सकती हैं। हालांकि, इसके साथ ऐतिहासिक प्रतीकों और भावनात्मक जुड़ाव का एक युग भी समाप्त हो गया है।

# जीएसटी कलेक्टशन ने भर दिया सरकार का खजाना, दिसंबर में 6.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी, 1.74 लाख करोड़ के पार

## सरकार ने जारी किए जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े

**नई दिल्ली,**




वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से केंद्र सरकार की आय में लगातार मजबूती देखने को मिल रही है। सरकार ने गुरुवार, 1 जनवरी 2026 को दिसंबर 2025 के जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े जारी किए, जो उत्साहजनक रहे। साल के आखिरी महीने में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 6.1 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 1.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। दिसंबर 2024 में यह आंकड़ा करीब 1.64 लाख करोड़ रुपये था।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बड़े पैमाने पर जीएसटी दरों में कटौती के बावजूद राजस्व संग्रह में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दिसंबर 2025 में घरेलू लेन-देन से प्राप्त ग्रॉस रेवेन्यू 1.2 फीसदी बढ़कर 1.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। वहीं, आयातित वस्तुओं से मिलने वाला राजस्व तेजी से बढ़ा और इसमें 19.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे यह 51,977 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

इस दौरान जीएसटी रिफंड में भी उल्लेखनीय उछाल देखने को मिला। दिसंबर महीने में रिफंड की राशि 31 फीसद बढ़कर 28,980 करोड़ रुपये हो गई। रिफंड समायोजित करने के बाद नेट जीएसटी रेवेन्यू 1.45 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहा, जो पिछले साल की तुलना में 2.2 फीसदी अधिक है।

हालांकि, सेस कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई है। दिसंबर 2025 में सेस कलेक्शन घटकर 4,238 करोड़ रुपये रह गया, जबकि दिसंबर 2024 में यह 12,003 करोड़ रुपये था। विशेषज्ञों के मुताबिक, इसका मुख्य कारण कंपन्सेशन सेस के दायरे में बदलाव है।

जीएसटी रेट कट का दिखा असर

रिपोर्ट के अनुसार, 22 सितंबर 2025 से सरकार ने करीब 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती की थी।

इस फैसले से रोजमर्रा के लगभग 99 फीसदी सामान सस्ते हुए, जिससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिली। हालांकि, दरों में कमी का असर राजस्व वृद्धि की रफ्तार पर पड़ा है।

अब कंपन्सेशन सेस केवल तंबाकू और उससे जुड़े उत्पादों पर ही लगाया जा रहा है, जबकि पहले यह लग्जरी और अन्य सिन प्रोडक्ट्स पर भी लागू था।

# हिमाचल में राशन डिपुओं पर सरसों तेल के दाम घटे



**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत सरसों तेल के दाम कम करने का फैसला किया है। जनवरी 2026 से यह नई कीमतें लागू होंगी। बीपीएल और एपीएल परिवारों के लिए सरसों तेल की कीमत घटकर 153 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी, जो पहले 160 रुपये थी। एपीएल टैक्सपेयर उपभोक्ताओं के लिए तेल की कीमत अब 161 रुपये प्रति लीटर होगी, जो पहले 168 रुपये थी। सरकार का उद्देश्य यह कदम आम जनता को महंगाई से राहत देने और दैनिक आवश्यक वस्तुओं को किफायती बनाने के लिए उठाया गया है। हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा सप्लाई ऑर्डर जारी होते ही सभी उचित मूल्य की दुकानों पर नई दरें लागू कर दी जाएंगी।

# शेयर बाजार साल के पहले दिन सपाट बंद हुआ

## सेंसेक्स 32 अंक गिरा, निफ्टी 16 अंक बढ़ा


**मुम्बई**

शेयर बाजार में गुरुवार को साल के पहले ही कारोबारी दिन मिला-जुला कारोबार हुआ । दुनिया भर से मिले कमतोर संकेतों के साथ ही आज दिन भर बाजार में उतार-चढ़ाव रहा और बाजार एक दायरे में ही सीमित रहा। सुबह हालांकि बाजार की तेज शुरुआत हुई थी पर कुछ समय बाद ही गायब हो गयी। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 32 अंकों की हल्की गिरावट के साथ ही 85,188.60 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 16.95 अंकों की बढ़त रही और यह 26146.55 के लेवल पर बंद हुआ है। आज अधिकतर शेयर बढ़त पर बंद हुए। सबसे ज्यादा खरीदारी महिंद्रा एंड महिंद्रा , एलएंडटी इंटरग्लोब एविएशन जैसे शेयरों में रही। वहीं दूसरी ओर आईटीसी, बजाज फाइनेंस , एशियन पेंट्स , बीएचईएल के शेयर नुकसान में रहे।

आज एनएसई पर मिड और स्मॉलकैप शेयरों का प्रदर्शन मिश्रित रहा। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में आज 0.48 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 0.02 फीसदी तक गिरा। विदेशी निवेशकों गत दिवस करी 3,597 करोड़ के शेयर बेच दिए। इसके साथ ही उनकी बिकवाली का सिलसिला लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। जिससे भी बाजार पर दबाव आया। इस साल की आज पहली वीकली डेरिवेटिव्स एक्सपायरी थी। इस कारण बाजार पर दबाव था। इससे पहले आज सुबह नए साल 2026 के पहले कारोबारी दिन बाजार की सकारात्मक शुरुआत रही। सुबह सेंसेक्स मामूली बढ़त के साथ 85,255 अंक पर खुला। इसी तरह निफ्टी भी हल्की तेजी के साथ 26,173 अंक पर खुला और सुबह 26,174.45 के स्तर पर पहुंच गया। एशिया के अधिकांश प्रमुख शेयर बाजार नए साल के अवसर पर गुरुवार को बंद रहे। वहीं अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट पर पिछले कारोबारी सत्र में दबाव देखने को मिला।

एसएंडपी 500 और नैस्डैक क्रमशः 0.74 फीसदी और 0.76 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि, गिरावट के बावजूद इन दोनों इंडेक्स ने लगातार तीसरे साल दोहरे अंकों की वार्षिक बढ़त दर्ज की, जो 2021 के बाद उनकी सबसे लंबी तेजी की श्रृंखला है।

# रुपया गिरावट पर बंद




**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को साल के पहले ही दिन रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ ही 89.99 पर बंद हुआ। आज सुबह रुपया नए साल 2026 की शुरुआत में दबाव में नजर आया। सुबह रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 11 पैसे टूटकर 89.99 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 89.94 पर खुला पर जल्द ही कमजोरी बढ़ते हुए 89.99 तक फिसल गया। बुधवार को 2025 के अंतिम कारोबारी सत्र में रुपया 89.88 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी रुपये पर दबाव बना रही है, जिससे नए साल की शुरुआत नकारात्मक रही। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 फीसदी की बढ़त के साथ 98.32 पर कारोबार करता दिखा, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राओं पर अतिरिक्त दबाव का संकेत देता है।

# स्कोडा ऑटो इंडिया की 2025 में बिक्री बढ़कर 72,665 इकाई पहुंची




**नई दिल्ली ।** स्कोडा ऑटो इंडिया की कैलेंडर वर्ष 2025 में कुल बिक्री दोगुना से अधिक होकर 72,665 इकाई हो गई। 2024 में यह आंकड़ा 35,166 इकाई था। कंपनी ने गुरुवार को कहा कि यह भारत में उसके 25 वर्ष के सफर के दौरान अब तक का सबसे मजबूत बिक्री प्रदर्शन है। स्कोडा ऑटो इंडिया के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने इस उपलब्धि पर कहा कि 2025 में भारत में ब्रांड का 25 वर्ष पूरे हो गए। कंपनी के पास अब तक का सबसे उन्नत एवं विविध उत्पाद खंड है, साथ ही नेटवर्क और बाजार मौजूदगी के लिहाज से भी यह अपने सबसे व्यापक स्तर पर है। उन्होंने कहा` कि 2026 में प्रवेश करने के साथ हम इस गति को आगे बढ़ाने के लिए नए वाहन पेश करेंगे, अधिक सशक्त बिक्री, ग्राहकों के और करीब पहुंचने आदि पर ध्यान देंगे।

# गांव-गांव पहुंचेगी मॉडर्न फार्मिंग: 26 हजार कृषि आजीविका सखियां बदल रहीं खेती के तरीके

- महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अग्रणी बन रहा यूपी - 75 जिलों के 826 विकास खंडों में ग्रामीण महिलाओं को खेती की सिखाई जा रही नई टेक्नीक
- किसानों को जैविक खाद बनाने से लेकर मिट्टी का स्वास्थ्य जांचने तक में करती हैं सपोर्ट
- कृषि पद्धतियों के साथ गुणवत्तापूर्ण पशुपालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन भी सिखाया जा रहा है
- कृषि आजीविका सखियां बन रहीं आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की मजबूत कड़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 01 जनवरी ।** उत्तर प्रदेश में खेती की तस्वीर तेजी से बदलने जा रही है। 26373 कृषि आजीविका सखियां योगी सरकार की योजनाओं को जमीनी हकीकत में बदलने के लिए तैनात की गई हैं। जो अब प्रदेश के गांव-गांव में आधुनिक खेती का मंत्र फैला रही हैं। महिला सशक्तिकरण और कृषि सुधार को एक साथ आगे बढ़ाने वाला यह अभियान प्रदेश को आत्मनिर्भर कृषि मॉडल की ओर ले जा रहा है।

प्रदेश के 75 जिलों के 826 विकास खंडों में सक्रिय ये कृषि आजीविका सखियां किसानों को पारंपरिक खेती से निकालकर वैज्ञानिक और टिकाऊ खेती से जोड़ रही हैं। साथ ही मिट्टी की जांच, जैविक खाद निर्माण, प्राकृतिक कीट नियंत्रण, उन्नत बीज चयन जैसी तकनीकों के जरिए खेती की लागत घटाकर उत्पादन बढ़ाने के तरीके बता रही हैं।

**आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रहे किसान**

ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक में सिर्फ फसल उत्पादन ही नहीं, बल्कि पशुपालन, मुर्गी पालन और बकरी पालन जैसे आजीविका विकल्पों को भी मजबूती दी जा रही है। इसके जरिए आय के स्रोत बढ़ रहे हैं और किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं।

**किसानों को तकनीक के साथ सरकारी योजनाओं से जोड़ रहीं कृषि आजीविका सखियां**

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि कृषि आजीविका सखियां खेत-खलिहान में बदलाव की असली ताकत बन चुकी हैं। ये महिलाएं किसानों को तकनीकी जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का भी काम कर रही हैं।



**ग्रामीण महिलाएं बनेंगी विकास की धुरी**

योगी सरकार की मंशा साफ है। खेती को लाभ का संसाधन बनाना और ग्रामीण महिलाओं को विकास की धुरी बनाना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता है। योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब महिला शक्ति, आधुनिक खेती और आत्मनिर्भर गांवों का मॉडल बनकर उभर रहा है। इसके अंतर्गत ही किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि आजीविका सखियां पूरे प्रदेश में प्राकृतिक खेती के प्रचार के लिए जागरूकता सत्र भी चला रही हैं।

# नए वर्ष के उपलक्ष्य में सीपीए द्वारा लंगर सेवा आयोजित: सीबीएम अध्यक्ष संजीव चड्ढा व एरिया पार्षद दमनप्रीत सिंह ने भी लंगर वितरित किया



अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह/ चण्डीगढ़- नए वर्ष के प्रथम दिन चण्डीगढ़ फोटोग्राफ़र्स एसोसिएशन (सीपीए) द्वारा एक सेवा भाव से परिपूर्ण लंगर सेवा का आयोजन संस्था के चेयरमैन जेपी गरचा, प्रेसिडेंट सरोज चौहान एवं महासचिव सुनील भट्ट के नेतृत्व में सेक्टर 22-बी में पिकाडिली होटल के नजदीक आयोजित किया गया जिसमें सीपीए के चीफ पैटर्न एवं वरिष्ठ सदस्य बेदी तथा पूर्व चेयरमैन नरेश शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और लंगर सेवा में हाथ बंटाकर अपना योगदान दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से चण्डीगढ़ व्यापार मंडल (सीबीएम) के प्रधान संजीव चड्ढा व एरिया पार्षद दमनप्रीत सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने भी लंगर वितरित कर सीपीए का उत्साहवर्धन किया तथा इस सराहनीय सेवा कार्य के लिए भूरी-भूरी प्रशंसा की। लंगर सेवा के अंतर्गत श्रद्धालुओं को चाय एवं पकोड़ों का प्रसाद वितरित किया गया। लंगर में लगभग 5,000 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान सीपीए के सभी सदस्यों एवं ट्राईसिटी के फोटोग्राफर साथियों ने बढ़-चढ़कर सेवा प्रदान की।

# न्यूज ब्रीफ

## भूमाफिया पर जीरो टालरेंस, मेजर की बीमार बेटी को 24 घंटे के भीतर मिला अपने मकान पर कब्जा

अर्थ प्रकाश /लखनऊ, 1 जनवरी: दबंगों की प्रताड़ना की शिकार एक मेजर की बेटी अंजना के लिए नये साल का पहला दिन जमाने भर की खुशियां लेकर आया जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश पर सिर्फ 24 घंटे के अंदर पुलिस ने उसका करोड़ों का मकान उसे दिलाकर भूमाफियों को बंदी बना लिया। अपने मेजर पिता और भाई-बहन को खोने के बाद से अंजना सीजोफ्रेनिया से जूझ रही हैं और रिहैब सेंटर में हैं। वह बुधवार को मुख्यमंत्री से मिलीं थीं तो उन्होंने बताया था कि चंदौली के बलराम यादव ने उनके मकान पर कब्जा कर लिया है। सीएम से उन्हें 24 घंटे के भीतर न्याय का भरोसा मिला और गुरुवार को दोपहर से पहले ही उन्हें जब अपने मंकान पर कब्जा मिला तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े और मुंह से निकला- 'गॉड ब्लेस यू योगी अंकल!'

**सेना में मेजर थे अंजना के पिता**

अंजना के पिता स्व. बिपिन चंद्र भट्ट सेना में मेजर थे। उनका इंदिरा नगर में ए-418 नंबर का मकान है। उनका निधन 1994 में हो गया। मेजर भट्ट के एक बेटे व दो बेटियां थीं। उनके बेटे व एक बेटी का निधन हो चुका है। सिर्फ अंजना ही परिवार में रह गई थीं। सीजोफ्रेनिया से पीड़ित होने पर अंजना को 2016 में निर्वाण रिहैब सेंटर ले जाया गया। वहां के डॉक्टर की देखरेख में उनका इलाज शुरू हुआ। उन्हें बीमार देख बलवंत कुमार यादव और मनोज कुमार यादव ने उनकी जमीन पर अपना बोर्ड लगा दिया और फर्जी कागजों से जमीन अपने नाम करा ली।

**मुख्यमंत्री से मिल बताई समस्या, 24 घंटे के भीतर ही हो गया समाधान**

यह खबर जब अंजना को मिली तो उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने का आग्रह किया। 31 दिसंबर (बुधवार शाम) मुख्यमंत्री ने उन्हें अपने पास बुलाया और देश की सेवा करने वाले सैनिक की बेटी की पीड़ा को ध्यान से सुना। पीड़िता ने मुख्यमंत्री को बताया कि विगत दिनों चंदौली निवासी बलवंत यादव ने फर्जी दस्तावेज लगाकर मकान पर कब्जा कर लिया है। मकान पर बलवंत कुमार का बोर्ड भी लगा दिया गया है। उन्होंने छह दिसंबर को स्थानीय थाने पर प्रार्थना पत्र देकर इसे खाली कराने का आग्रह किया। जब इस प्रक्रिया में विलंब होने लगा तो उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनाई।

**मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से अंजना को मिली 'छांव'**

रिहैब सेंटर के डॉक्टर संतोष दुबे ने बताया कि 2016 में हम उन्हें अंजना को रिहैब सेंटर लेकर आए। वहां उनकी देखरेख हुई और इलाज प्रारंभ हुआ। कुछ दिन पहले मकान पर कब्जे की शिकायत मिली, जिस पर थाने में प्रार्थना पत्र दिया गया। इसके बाद बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। सीएम से मिले निर्देश के बाद तत्काल स्थानीय प्रशासन व पुलिस प्रशासन की टीम सक्रिय हुई और 24 घंटे के भीतर जांच कर उन्हें कब्जा दिलाया।

**घर में प्रवेश करते ही छलक पड़े आंसू, बोलीं- थैंक्यू योगी अंकल! गॉड ब्लेस यू**

पुलिस व सेना के अधिकारी की मौजूदगी में गुरुवार को अंजना जैसे ही घर के भीतर पहुंचीं, उनके आंख से आंसू छलक पड़े। वे हर कमरे में गईं, वहां की दीवारों को चूमा। फिर बाहर आकर नारियल फोड़ा, दीप प्रज्ज्वलित किया और पुष्प रखकर अपने पुराने दिनों की यादों को ताजा किया। पड़ोस की महिलाओं से लिपटकर वे रोने लगीं और बचपन के संस्मरण भी सुनाने लगीं। अपने घर में प्रवेश के बाद भाव विह्वल अंजना की आंखों में खुशी के आंसू थे। उनके दिल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए आभार निकला। उन्होंने कहा योगी अंकल महान हैं। उन्होंने दुख से हमारी सहायता की। थैंक्यू योगी अंकल! गॉड ब्लेस यू

**सीएम से मिलने के 24 घंटे के अंदर आरोपी समेत दो गिरफ्तार**

अंजना के सीएम से मुलाकात के बाद पुलिस और सक्रिय हो गई। पुलिस ने इस प्रकरण में तत्काल जांच शुरू करते हुए अंजना को उनके मकान में कब्जा दिलाया। एसीपी गाजीपुर अनिंद्य विक्रम सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी बलवंत कुमार यादव उर्फ बब्लू पुत्र रामदुलारे यादव निवासी ग्राम नारायणपुर, सैयदाराजा-चंदौली व मनोज कुमार यादव पुत्र स्व. उमाशंकर यादव निवासी दाउदपुर- थाना कोतवाली, चंदौली को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़वासियों को दी शुभकामनाएं, कहा- नई ऊर्जा, उत्साह और तरक्की से भरा होगा नया साल

अर्थ प्रकाश/ रायपुर। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने गुरुवार को सभी प्रदेशवासियों को नए साल 2026 की ढेरों शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज साल का पहला दिन है और इस मौके पर वे दिल से सभी छत्तीसगढ़वासियों को बधाई और शुभकामनाएं देना चाहते हैं। उन्होंने प्रार्थना की कि नया साल सभी के जीवन में खुशहाली, समृद्धि और तरक्की लेकर आए। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि साल की शुरुआत एक बहुत ही खास और ऐतिहासिक कार्यक्रम के साथ हो रही है। 'भारत दर्शन योजना 2.0' के अंतर्गत स्वीकृत छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध धार्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन स्थल भोरमदेव में लगभग 146 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 'भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना' का भूमिपूजन होने जा रहा है। इसके साथ ही 'खेलो इंडिया' के अंतर्गत राष्ट्रीय आदिवासी खेलों की मेजबानी भी छत्तीसगढ़ को मिली है। उन्होंने बताया कि इस खेल की मशाल यात्रा अब शुरू होने जा रही है, जो अलग-अलग जिलों में जाएगी और खेल का प्रचार-प्रसार करेगी। यह पूरे प्रदेश में नए उत्साह, उमंग और ऊर्जा के साथ 2026 की शुरुआत करेगी। अरुण साव ने पिछले दो सालों में सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि न सिर्फ छत्तीसगढ़ के लोगों ने बल्कि पूरे देश ने देखा है कि नक्सल उन्मूलन का काम कितनी तेजी और प्रभावी तरीके से हो रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इसी रफ्तार से मार्च 2026 तक बस्तर और पूरे प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाया जाएगा। इसके साथ ही इन इलाकों में विकास, मूलभूत सुविधाएं और खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की प्रतिबद्धता साफ दिखाई दे रही है। नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की नई दिशा शुरू हो रही है और ये क्षेत्र भी धीरे-धीरे समग्र विकास की ओर बढ़ेंगे। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना और बच्चों, युवाओं, किसानों और आदिवासियों के लिए अवसर बढ़ाना है। अरुण साव ने सभी प्रदेशवासियों से अपील की कि वे भी नए साल में सकारात्मक सोच और सहयोग के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने उम्मीद जताई कि 2026 छत्तीसगढ़ के लिए उपलब्धियों और विकास का साल साबित होगा और प्रदेश हर क्षेत्र में तरक्की करेगा।

# उत्तर प्रदेश की डेटा सेंटर नीति से उत्तर प्रदेश बना डिजिटल निवेश का नया केंद्र

- 900 मेगावाट क्षमता और आठ डेटा सेंटर पार्क स्थापित करने का नया विजन
- अब तक 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश और 6 डेटा सेंटर पार्क को मंजूरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 01 जनवरी।** उत्तर प्रदेश सरकार की डेटा सेंटर नीति ने प्रदेश को देश के तेजी से उभरते डिजिटल हब के रूप में स्थापित कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपनाई गई दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश आज न केवल निवेशकों का भरोसा जीत रहा है बल्कि डिजिटल आधारभूत संरचना के क्षेत्र में नई मिसाल भी कायम कर रहा है।

प्रदेश सरकार द्वारा जनवरी 2021 में डेटा सेंटर नीति को अधिसूचित किया गया था। इस नीति का उद्देश्य प्रदेश में आधुनिक निजी डेटा सेंटर पार्कों का विकास करना और डेटा सेंटर उद्योग को सशक्त आधार प्रदान करना था। नीति के अंतर्गत प्रारंभिक चरण में तीन डेटा सेंटर पार्क विकसित करने और 250 मेगावाट क्षमता के डेटा सेंटर उद्योग को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया था। उल्लेखनीय है कि सरकार ने इन लक्ष्यों को पहले ही वर्ष में प्राप्त कर लिया।

लक्ष्यों की समय से पहले प्राप्ति के बाद प्रदेश सरकार ने नीति को और अधिक व्यावहारिक और निवेश अनुकूल बनाते हुए इसमें संशोधन किया। संशोधित नीति के अंतर्गत प्रदेश में डेटा सेंटर क्षेत्र के लिए निवेश और क्षमता के लक्ष्यों को कई गुना बढ़ा दिया गया। अब तीन के स्थान पर 8 डेटा सेंटर पार्क स्थापित करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके साथ ही 30,000 करोड़ के अनुमानित निवेश से 900 मेगावाट क्षमता विकसित करने का स्पष्ट रोडमैप तैयार किया गया है।

प्रदेश में अब तक लगभग 21,343 करोड़ के निवेश को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से 6 डेटा सेंटर पार्क और 40 मेगावाट से कम क्षमता वाली 2 डेटा सेंटर इकाइयों को मंजूरी दी गई है। इनमें से 7 परियोजनाएं पूरी तरह संचालित हो चुकी हैं, जिससे प्रदेश की डिजिटल क्षमताओं को मजबूती मिली है। योगी सरकार की स्पष्ट नीति, पारदर्शी शासन व्यवस्था और मजबूत कानून-व्यवस्था ने उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद गंतव्य बनाया है। डेटा सेंटर जैसे पूंजी और तकनीक आधारित क्षेत्र में निवेशकों का बढ़ता विश्वास इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश सरकार की नीतियां जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू हो रही हैं।

फरवरी 2023 में लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने उत्तर प्रदेश की निवेश क्षमता को वैश्विक मंच पर स्थापित किया। इस समिट के दौरान कुल 1,36,124 करोड़ की निवेश परियोजनाओं के लिए 29 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को नई अर्थव्यवस्था और डिजिटल भविष्य की ओर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कुल मिलाकर डेटा सेंटर नीति ने उत्तर प्रदेश को डिजिटल इंडिया के विजन में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने की मजबूत नींव रख दी है।

# पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन का पुनीत संकल्प लिया



अर्थ प्रकाश/ वीरेन्द्र सिंह/ चंडीगढ़- आज नये कैलेंडर वर्ष 2026 के शुभ आगमन के पावन अवसर पर एस जैन सभा मोहाली और जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन तथा महावीर इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में तपस्वी रत्न श्री जिनेश मुनि जी महाराज के सानिध्य में जैन स्थानक मोहाली के सभागार में पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन का पुनीत संकल्प लिया गया । आज प्रातः कालीन प्रवचन के कार्यक्रम में श्रमण संघीय सलाहकार पूज्य गुरुदेव श्री दिनेश मुनि जी महाराज ने सभी उपस्थित श्रोताओं से अपने जीवन में पर्यावरण के संरक्षण के लिए समर्पित और संकल्पित होकर सकारात्मक नव ऊर्जा के साथ कार्य करने का आह्वान किए और ट्राइसिटी में अधिक से अधिक पौधारोपण करने में जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन का सहयोग करने का आग्रह किए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को डॉ दीपेंद्र मुनि जी और डॉ पुष्पेंद्र मुनि जी ने आशीर्वचन दिए। पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही ने सभी सहभागियों से आप अपने दिनचर्या को पर्यावरण परक बनाने का आग्रह करते हुए पेड़ लगाने और पेड़ बचाने का निवेदन किए। जैन सभा के प्रधान अशोक जैन और मंच संचालक सुरेश जैन ने उपस्थित सभी सदस्यों का हृदय से धन्यवाद किया तथा शुभकामनाएँ दिए।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर होगा उत्तर प्रदेश दिवस 2026 का मुख्य आयोजन: मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 1 जनवरी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम को उत्तर प्रदेश दिवस (24 से 26 जनवरी) की तैयारियों के संबंध में बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश दिवस का मुख्य आयोजन इस वर्ष लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर किया जाए। नोएडा शिल्पग्राम गौतमबुद्ध नगर समेत इसका आयोजन सभी जनपदों, देश के अन्य राज्यों व उन देशों में भी भव्य रूप से हो, जहां बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के निवासी रहते हैं। साथ ही इन आयोजनों में सरदार वल्लभ भाई पटेल, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, वंदे मातरम्, आनंद मठ से जुड़ी नाट्य प्रस्तुतियों समेत अन्य कार्यक्रम किए जाएं।

मुख्यमंत्री जी ने 12 जनवरी को युवा दिवस, 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी राष्ट्रीय पर्यटन दिवस/मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को भव्यता से मनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश दिवस को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस पर ब्लॉक, नगर व जनपद स्तर पर गायन, वादन, नृत्य, नाट्य प्रतियोगिताएं कराई जाएं। यहां प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को मंडल स्तर पर मौका दिया जाए, फिर यहां तीन स्थान प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट कलाकारों को लखनऊ में होने वाले मुख्य समारोह में प्रस्तुति का अवसर दें और उन्हें पुरस्कृत करें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान, ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, माटी कला बोर्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, चिकित्सकों, प्रगतिशील किसानों व वैज्ञानिकों का सम्मान किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिया कि जनपदों में होने वाले कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों, कवियों आदि को अवसर दें। इन प्रतिभाओं को मंच देने से वे प्रोत्साहित होंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हर जनपद में मंत्रियों, निगम/बोर्ड के चेयरमैन, जनप्रतिनिधियों आदि को आमंत्रित किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिया कि सभी विभागों के समन्वय के साथ ही भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, संगीत नाटक अकादमी, ललित कला अकादमी जैसे संस्थानों को उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि इससे यह आयोजन काफी भव्य और रोचक होगा। मुख्यमंत्री जी ने कलाकारों द्वारा पुराने वाद्ययंत्रों के प्रयोग पर भी जोर दिया।



मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सिविल डिफेंस की ओर से हर जनपद में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मॉकड्रिल का आयोजन किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि दिल्ली, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के प्रवासी नागरिक रहते हैं। इन राज्यों में भी उत्तर प्रदेश दिवस पर भव्य आयोजन कराया जाए। इसमें वहां के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री व उत्तर प्रदेश से जुड़े लोगों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अन्य राज्यों में रहने वाले उत्तर प्रदेश के जिन लोगों ने उद्यमिता, व्यापार, इनोवेशन, शिक्षा, कला, विज्ञान, प्रशासन आदि क्षेत्रों में अच्छा कार्य किया है। ऐसे तीन से पांच लोगों को सम्मानित भी किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ओडीओपी उत्तर प्रदेश की पहचान है। उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन पर प्रदेश के सभी जीआई टैग उत्पादों तथा एक जिला-एक उत्पाद की शोकेसिंग भी की जाए। साथ ही विभागों की उपलब्धियों व योजनाओं की जानकारी भी प्रदर्शित की जाए। इस बार एक जिला-एक कुजीन पर भी फोकस किया जाए।

**मुख्यमंत्री जी ने माघ मेले में सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य व सुव्यवस्था पर दिया विशेष जोर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने तीन जनवरी से प्रयागराज में शुरू होने जा रहे माघ मेले की तैयारियों की जानकारी ली। विगत दिनों प्रयागराज से आए अधिकारियों से उन्होंने वस्तुस्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री जी ने माघ मेले में सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य व सुव्यवस्था पर विशेष जोर दिया। बोले कि वहां पार्किंग, शौचालय की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। सीसीटीवी से मेला क्षेत्र की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। नाविकों के पास लाइफ जैकेट अनिवार्य रूप से हो। श्रद्धालुओं से मनमाना शुल्क न लिया जाए। मेले में आने वाले आगंतुकों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सीएम ने मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री जी ने स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों की भी जानकारी हासिल की।

# उत्तराखंड परिवहन निगम के बेड़े में हुईं 112 नई बसें शामिल

अर्थ प्रकाश/ देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नव वर्ष के पहले दिन गुरुवार को उत्तराखंड परिवहन निगम की 112 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर परिवहन निगम के बेड़े में शामिल किया। हरी झंडी दिखाने के साथ परिवहन व्यवस्था को नई उड़ान मिलने की उम्मीद है। मुख्य सेवक सदन में आयोजित हुए कार्यक्रम में परिवहन निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज 100 साधारण बसों 10 वातानुकूलित और दो वोल्वो बसों को परिवहन निगम की बेड़े में शामिल किया गया है, सरकार का फोकस सुरक्षित और सुदृढ़ सार्वजनिक परिवहन पर है। उन्होंने कहा कि आज वर्ष 2026 का पहला दिन है और यह राज्य के परिवहन निगम के लिए शुभ शुरुआत है। नई बसें मिलने से परिवहन सेवाएं आमजन के लिए सुविधाजनक होगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में अत्यंत कठिन भौगोलिक परिस्थियां हैं, यहां कई स्थान ऐसे हैं ,जहां पर सभी गतिविधियां और आवागमन के साधन केवल परिवहन सेवाओं पर निर्भर हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में देश भर से पर्यटक, श्रद्धालु और चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है। उन सभी को परिवहन की बेहतर सुविधाएं मिलने जा रही है, निगम के कर्मचारियों,अधिकारियों, चालकों और परिचालकों को भी कठिन परिस्थितियों में काम करना पड़ता है, निगम उनके लिए एक ऐसा माध्यम रहा है जो उन्हें रोजगार से जोड़ता है।

# तमिलनाडु सरकार ने निचले वर्ग के कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए की पोंगल बोनस की घोषणा

अर्थ प्रकाश/ चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने पोंगल पर्व से पहले राज्य के निचले श्रेणी के कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए विशेष पोंगल बोनस की घोषणा की है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। सरकारी आदेश के अनुसार, सी और डी श्रेणी के कर्मचारियों को पोंगल के मौके पर 3,000 रुपए का अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा। वहीं, सी और डी श्रेणी के पेंशनरों तथा पारिवारिक पेंशन पाने वालों को 1,000 रुपए की विशेष सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इस कदम का उद्देश्य त्योहार के समय आर्थिक रूप से कमजोर कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मियों को राहत देना है, जिनकी आय सीमित और निश्चित होती है। इस योजना को लागू करने के लिए राज्य सरकार ने कुल 183.86 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। यह राशि सी और डी श्रेणी के पेंशनरों, पारिवारिक पेंशनरों और पात्र पूर्व ग्राम अधिकारियों को पोंगल बोनस के भुगतान के लिए इस्तेमाल की जाएगी। सरकार ने वित्त विभाग को निर्देश दिया है कि धनराशि बिना किसी देरी के जारी की जाए ताकि लाभार्थियों को पोंगल से पहले समय पर बोनस मिल सके।

# बरई के जिनेश्वर धाम में नववर्ष पर छह वर्षों के बाद हुआ रिमझिम बारिश मे सतरंगी महामस्तिकाभिषेक, झूमउठे श्रद्धालु

- महामस्तकाभिषेक देखकर वहां लोग आनंदित के साथ जयकारों की ध्वनि से गूंज उठा पंडाल।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर** - पनिहार के समीप श्री जिनेश्वर धाम तीर्थेंचाल ट्रस्ट बरई की ओर से आज गुरुवार को नववर्ष की बेला अभिनंदन पर मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री विहसंत सागर एवं विश्व साम्य सागर के सानिध्य में छह वर्षों के बाद महा मस्तिकाभिषेक विशाल जिनबिंब 31 फिट ऊंची भगवान महावीर स्वामी, 41 फिट ऊंची भगवान आदिनाथ की खड्गासन ओर सहस्त्रफनी भगवान पार्श्वनाथ की 13 फीट ऊंची पदमासन मनोहारी प्रतिमाओं का स्वर्ण कलशों से महा मस्तिकाभिषेक अभिषेक किया गया।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज के सानिध्य ओर विधानाचार्य पंडित संदीप सरल शास्त्री के मार्गदर्शन में छह वर्षों के बाद रिमझिम बारिश मे 31 फिट ऊंची खड्गासन भगवान महावीर की प्राचीन प्रतिमा का प्रथम मुख्य कलश से महामस्तकाभिषेक इंद्रेश धुव जैन परिवार मुरार, दूसरा कलश केशर से राकेश पंकज जैन, दूध से अजीत कुमार जैन घाटीगांव, सर्व औषधियां से अभिषेक अजीत कुमार शास्त्री सहित जैन समाज के लोगो ने केसरिया वस्त्रों में कलशों से महामस्तकाभिषेक किया गया। जब भगवान महावीर स्वामी प्रतिमा का कलशों से अभिषेक करते समय से प्रतिमा सतरंगी हो गई। ऐसे ही अलग अलग रंगों में प्रतिमा का अभिषेक देखकर वहां लोग आनंदित के साथ जयकारों की ध्वनि से पंडाल गूंज उठा। वही महा मस्तकाभिषेक के उपरांत भगवान के मस्तक पर मंत्रो से उपाध्याय श्री ने बृहद शांतिधार अशोक (पोली) मयंक जैन, महेश मानेंद्र जैन ओर संजयमणि वरैया परिवार द्वारा की गई। वही उपाध्याय श्री विहसंत सागरजी के चरणों में श्रीफल भेंट जिनेश्वर धाम ट्रस्ट के निर्मल पाटनी, पदमचंद जैन, दिलीप नायक, इंद्रेश जैन, सौरभ जैन, आशीष जैन एवं ग्वालियर, नरवर, शिवपुरी, घाटीगांव, डबरा, आदि जगहों से आए गुरुभक्तों ने किया। संचालन उमेश शास्त्री भिंड ने किया।

**इंद्रों ने कतारबद्ध होकर किया महामस्तकाभिषेक, भजनों नृत्य कर झूमे।**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर महामस्तकाभिषेक में कॉफी इंद्रगणों ने सिर पर मुकुट लगाकर व पीले वस्त्र धारण कर भक्ति भाव से भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा का कतारबद्ध होकर महा मस्तकाभिषेक किया। जैन समाज के लोगो ने भगवान महावीर स्वामी की अष्ट द्रव्य से पूजा-अर्चना कर अर्घ्य



समर्पित किए। अभिषेक में भजन 'कलश ढारो रे ढारो नर-नर', 'छोटे बाबा रे पधारो मोरे अंगना रे', 'महामस्तकाभिषेक मेले में आए दूर-दूर से भक्त' जैसे भजनों पर मौजूद श्रद्धालु नृत्य करते हुए झूमने लगे।

# भारतीय खेलों के लिए व्यस्त रहेगा 2026, टी20 विश्व कप सहित इन खेलों पर रहेगी नजर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय खेलों के लिए वर्ष 2026 रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रहने वाला है जिसमे विभिन्न खेलों में विश्व खिताब दाव पर होंगे और ओलंपिक क्वालीफिकेशन का नया सत्र शुरू होगा जिससे लॉस एंजिलिस खेल 2028 के टिकट कटाने का मौका मिलेगा। भारत के नए और पुराने खिलाड़ी अगले साल की चुनौतियों के लिए तैयार हो रहे हैं, ऐसे में नए साल के खेल कैलेंडर पर नजर डाली है।

### अंडर-19 विश्व कप, टी20 विश्व कप

साल की पहली तिमाही क्रिकेट को समर्पित होगी क्योंकि देश के पसंदीदा खेल में इस साल तीन विश्व कप हैं। यह 15 जनवरी से 6 फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में 50 ओवर के अंडर-19 विश्व कप से शुरू होगा, जहां वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे जैसे उभरते हुए युवा सितारों पर करीब से नजर रखी जाएगी।

अंडर-19 विश्व कप फाइनल के एक दिन बाद सीनियर पुरुष टीम भारत और श्रीलंका की मेजबानी में 7 फरवरी से 8 मार्च तक होने वाले टी20 विश्व कप में खिताब के बचाव के लिए उतरेगी।

आस्ट्रेलियाई ओपन 12 जनवरी से एक फरवरी के बीच आयोजित होगा लेकिन भारत की चुनौती असरदार नहीं है। बैडमिंटन आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप तीन मार्च से शुरू होगी जिसमें पी वी सिंधू और बाकी भारतीय खिलाड़ी 2025 की नाकामी से उबरना चाहेंगे।

भारतीय फुटबॉल प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है कि एक मार्च से ऑस्ट्रेलिया में शुरू हो रहे एएफसी महिला एशियाई कप में लंबे समय बाद भारतीय टीम खेलते नजर आएगी।

### एशियाई मुक्केबाजी और भारोत्तोलन चैम्पियनशिप, महिला टी20 विश्व कप

मार्च के आखिर से अप्रैल तक साइप्रस में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट खेला जाएगा जिससे विश्व चैम्पियनशिप खिताब के चैलेंजर का पता चलेगा। अभी भारत के डी गुकेश विश्व चैम्पियन हैं।

मंगोलिया में एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप खेली जाएगी। दोनों टूर्नामेंट 28 मार्च से शुरू होंगे जिसमें ओपन वर्ग में भारत के आर प्रज्ञानानंदा और महिला वर्ग में आर वैशाली, कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख भाग लेंगे। शतरंज टूर्नामेंट 16 अप्रैल तक चलेगा और मुक्केबाजी टूर्नामेंट 11 अप्रैल को खत्म होगा।

एशियाई भारोत्तोलन चैम्पियनशिप एक से 10 अप्रैल तक अहमदाबाद में खेली जाएगी।

इसके बाद 24 अप्रैल से तीन मई तक थॉमस और उबेर कप बैडमिंटन खेला जाएगा।

इसके कुछ दिन बाद आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैम्पियनशिप फाइनल्स लंदन में 28 अप्रैल से दस मई तक चलेगा जिसके लिए भारतीय महिला और पुरूष टीमों ने क्वालीफाई कर लिया है।

जून में महिला टी20 विश्व कप होगा जिसमें हरमनप्रीत कौर की टीम 2025 में वनडे विश्व कप की सफलता को दोहराना चाहेगी।

एथलेटिक्स सत्र की शुरूआत मई में डायमंड लीग से होगी जिसमें भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा पर नजरें होंगी।

मई में फ्रेंच ओपन और जून में विम्बलडन खेला जायेगा।

इसके बाद अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में संयुक्त रूप से फीफा विश्व कप फुटबॉल का आयोजन होगा।

### राष्ट्रमंडल खेल, एशियाई खेल और डायमंड लीग

राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से दो अगस्त तक ग्लास्गो में आयोजित होंगे जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से एथलेटिक्स, मुक्केबाजी और भारोत्तोलन में देखने को मिलेगा। निशानेबाजी, कुश्ती और हॉकी जैसे खेलों को बजट में कटौती के लिए रोस्टर से हटा दिया गया है।

इन खेलों के बाद दिल्ली में 17 अगस्त से विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप होनी है। नीदरलैंड और बेल्जियम में 14 अगस्त से हॉकी विश्व कप शुरू होगा। भारतीय पुरूष टीम एशिया कप जीतकर विश्व कप का टिकट कटा चुकी है जबकि महिला टीम मार्च में हैदराबाद में क्वालीफायर खेलेगी।

इसी दौरान भुवनेश्वर में 22 अगस्त से विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर रजत स्तर का टूर्नामेंट होगा। जापान के नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक एशियाई खेलों का आयोजन होगा। इसमें हॉकी में स्वर्ण जीतने वाली टीम लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 का टिकट कटायेगी जबकि निशानेबाजी में भी कोटा स्थान होंगे।

एथलेटिक्स में डायमंड लीग फाइनल चार से पांच सितंबर तक ब्रसेल्स में होगा।

शतरंज ओलंपियाड का 46वां सत्र सितंबर में ताशकंद में खेला जाएगा।

### कुश्ती, भारोत्तोलन और आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप

बहरीन में 24 अक्टूबर से विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप होगी।

इसके बाद भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप 27 अक्टूबर से आठ नवंबर तक खेली जाएगी।

एक नवंबर से दोहा में ढ्रुस्स्त्र विश्व चैम्पियनशिप होगी।

दिसंबर में विश्व शतरंज चैम्पियनशिप होगी जिसकी तारीख और स्थान अभी तय नहीं है।

# राशिद की कप्तानी में टी20 विश्वकप में उतरेगी अफगानिस्तान की टीम



**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान ने अगले माह भारत और श्रीलंका मे होने वाले टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तानी स्टार स्पिनर राशिद खान को दी गयी जबकि इब्राहिम जादरान को उपकप्तान बनाया गया है। अफगान टीम को विश्वकप से पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलनी है।

विश्वकप के लिए फजलहक फारूकी और गुलबदीन नईब को टीम में शामिल किया गया है। इन दोनो को ही इससे पहले हुए बांग्लादेश दौरे के लिए भी शामिल नहीं किया गया था। वहीं मुजीब उर रहमान और नवीन-उल-हक को भी टीम में शामिल किया गया है।

नवीन इससे पहले एशिया कप के दौरान फिटनेस कारणों से टीम से बाहर थे।

वहीं युवा मिस्ट्री स्पिनर गजनफर को रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है। उनके साथ इजाज अहमदजई और जिया उर रहमान शरीफी को भी रिजर्व सूची में शामिल किया है। ।

अफगान टीम पिछली बार टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंची थी। उसने तब न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश को पराजित किया था।

वहीं विश्वकप से पहले अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच 19 से 22 जनवरी तक टी-20 सीरीज खेली जाएगी। टी-20 विश्व कप 2026 में अफगानिस्तान को ग्रुप डी में न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, यूएई और कनाडा के साथ रखा गया है।

# टी-20 विश्वकप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित , मिचेल मार्श होंगे कप्तान

**मेलबन (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अगले माह भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्वकप के लिए अपनी संभावित 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम का कप्तान मिचेल मार्श को बनाया गया है। इसमें पहली बार तीन स्पिनरों को भी शामिल किय गया है। गेंदबाजी पर ज्यादा भरोसा जताया है। टीम में हालांकि आक्रामक बल्लेबाज मिचेल ओवेन को शामिल नहीं किये जाने पर सभी हैरान हैं। टीम में बाएं हाथ के किसी भी तेज गेंदबाज को शामिल नहीं किया गया है।



टीम में स्पिनर मैथ्यू कुह्नेमन , ऑलराउंडर कूपर कोनोली और तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को पहली बार शामिल किया गया है। कोनोली को शामिल किये जाने से सभी हैरान हैं क्योंकि वह पिछले 12 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में शामिल नहीं थे। तेज गेंदबाज पैट कमिंस के अलाव टीम में ऑलराउंडर के तौर पर ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीन शामिल हैं। गेंदबाजी के लिए कमिंस के साथ तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के अलावा स्पिनर एडम जम्पा और मार्कस स्टोइनिस रहेंगे।

# मार्श-हार्डी ने हरिकेंस की घरेलू जीत का सिलसिला रोका, नए साल पर खेली रिकॉर्ड तोड़ पारी

**होबार्ट (एजेंसी)।** एक रिकॉर्ड-ब्रेकिंग नए साल के दिन के मुकाबले में पर्थ स्कॉर्चर्स ने बल्लेबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए होबार्ट हरिकेंस को 40 रनों से हरा दिया और घर पर उनकी लगातार 9 मैचों की जीत का सिलसिला खत्म कर दिया। मिशेल मार्श और आरोन हार्डी ने मिलकर 164 रनों की ऐतिहासिक साझेदारी की, जिससे स्कॉर्चर्स ने 229/3 का विशाल स्कोर बनाया - इस सीजन में यह उनका तीसरा 200 से ज़्यादा का स्कोर था - जिसके बाद गेंदबाजों ने मिलकर हरिकेंस को 189/9 पर रोक दिया।

हरिकेंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, यह फैसला शुरू में सही लग रहा था जब नाथन एलिस ने फिन एलन को 16 रन पर आउट किया और मिशेल ओवेन ने कूपर कॉनोली को सिर्फ 4 रन पर आउट कर दिया। छठे ओवर की शुरुआत में जब स्कॉर्चर्स 2 विकेट पर 53 रन बनाकर लड़खड़ा रहे थे, तो हरिकेंस का पलड़ा भारी लग रहा था। हालांकि, जब मैथ्यू वेड ने 18 रन पर मिशेल मार्श का कैच छोड़ दिया, तो मैच का रुख पूरी तरह से बदल गया। यह हरिकेंस के लिए एक महंगा मौका था, क्योंकि मार्श एक आक्रामक बल्लेबाज बन गए।

मार्श ने 58 गेंदों में शानदार 102 रन बनाए, इस पारी में उन्होंने जिस पहली गेंद का सामना किया, उस पर क्रिस जॉर्डन को एक बड़ा छक्का लगाया। उनके साथ हार्डी ने एक शानदार सहायक भूमिका निभाई और सिर्फ 43 गेंदों में 94 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने मिलकर सिर्फ 84 गेंदों में तीसरे विकेट के लिए BBL में एक नया साझेदारी रिकॉर्ड बनाया। उनकी शानदार हिटिंग के सामने हरिकेंस के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था; जॉर्डन और रिले मेरेडिथ जैसे अनुभवी गेंदबाज भी



दबाव में आ गए। मार्श आखिरकार आखिरी ओवर में बाउंड्री पर कैच आउट हो गए, लेकिन तब तक नुकसान हो चुका था क्योंकि पर्थ ने मेजबान टीम के सामने एक बड़ा लक्ष्य रखा था।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में विराट बना सकते हैं रिकार्ड

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के पास न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेन्द्र सहवाग और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज रिकी पोंटिंग का रिकार्ड तोड़ने का अवसर है। सहवाग और पोंटिंग ने न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय में सबसे अधिक छह-छह शतक लगाये हैं। वहीं विराट के नाम भी अभी छह शतक ही हैं। ऐसे में आने वाली तीन मैचों की सीरीज में एक और शतक लगाते ही वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा एकदिवसीय शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। ऐसा करके वह सहवाग और रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ देंगे, भारत और न्यूजीलैंड के बीच एकदिवसीय सीरीज 11 जनवरी से शुरू होगी। विराट का कीवी टीम के खिलाफ रिकार्ड अच्छा रहा है। उन्होंने कीवी टीम के खिलाफ एकदिवसीय में 1600 से ज्यादा रन बनाये हैं।



# शमी की न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से भारतीय टीम में हो सकती है वापसी

मुम्बई (ईएमएस)। पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अब नये साल में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से अवसर मिल सकता है। शमी की साल 2025 में लगातार उपेक्षा हुई, इसके अलावा वह फिटनेस को लेकर भी परेशान रहे जिससे भी उनके भविष्य को लेकर सवाल उठे हैं। वहीं शमी ने इसके बाद घरेलू क्रिकेट में अपने प्रदर्शन से फार्म और फिटने को साबित किया। वहीं माना जा रहा है कि इस गेंदबाज को इस साल चयनकर्ता अवसर दे सकते हैं। इससे 2027 एकदिवसीय विश्वकप के लिए उनकी वापसी होने की उम्मीद है। शमी के घरेलू प्रदर्शन पर चयनकर्तों की नजरें बनी हुई हैं। ऐसे में उनकी टीम में वापसी कठिन नहीं मानी जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसान शमी पर लगातार चर्चा हो रही है।वह चयन की दौड़ से बाहर नहीं हैं। स चिंता उनकी फिटनेस को लेकर है। ह न्यूजीलैंड एकदिवसीय सीरीज लिए अच्छे दिख रहे हैं। ऐसे में उन्हें इस सीरीज में भी अवसर मिल सकता है। उनके पास लंबा अनुभव है जिसका लाभ लिया जा सकता है। शमी ने अंतिम बार मार्च 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था उसके बाद से ही वह टीम में वापसी नहीं कर पाये। वह वह टूर्नामेंट में मोहम्मद शमी भारत के संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। उन्होंनइ इसी टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम मैच था, जबकि टेस्ट में जून 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद से ही टीम से बाहर हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में अपने पिछले छह मैचों (तीन विजय हजारे ट्रॉफी और तीन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी) में 17 विकेट लिए हैं।



# रांची रॉयल्स और तमिलनाडु ड्रैगन्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन और मजबूत रक्षापंक्ति पर फोकस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2026 सीजन के लिए रांची रॉयल्स और अकॉड 'तमिलनाडु ड्रैगन्स गति, उत्कृष्ट प्रदर्शन, आक्रामक शैली और मजबूत रक्षापंक्ति पर फोकस कर रही है। जहां रॉयल्स गति, उत्कृष्ट प्रदर्शन और आक्रामक शैली पर फोकस किये हुए है, वहीं ड्रैगन्स ने शीर्ष स्तर की गोलकीपिंग और भरोसेमंद पेनल्टी-कॉर्नर विकल्प के साथ एक मजबूत रक्षापंक्ति बनाने पर जोर है।

गोनासिका की जगह लीग में इस बार रांची रॉयल्स नई फ्रेंचाइजी के तौर पर प्रवेश कर रही है। उसने एक ऐसी टीम बनाई है जो मिडफील्ड में लचीलेपन और मैदान में तेज गतिविधि पर जोर देती है। 400 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी मनप्रीत सिंह पर टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी है। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के अंडर, रॉयल्स ने मनप्रीत को 2025 एफआईएच प्लेयर ऑफद ईयर बेल्जियम के टॉम बून के साथ जोड़ा है। यह एक ऐसी मिडफील्ड जोड़ी है जो मैचों की लय को नियंत्रित कर सकती है।

वहीं रक्षापंक्ति की बात की जाए तो रॉयल्स ने अनुभवी भारतीय डिफेंडर नीलम संजीव जेस के साथ बेल्जियम के डिफेंडर मैक्सिम वैन ऊट्स और



ऑस्ट्रेलिया के टिम हॉवड 'को शामिल करके अपनी बैकलाइन को मजबूत किया है। आक्रामक प्रदर्शन के मामले में रॉयल्स मंदीप सिंह की फिनिशिंग काबिलियत और युवा फॉरवर्ड अराजित सिंह हुंडल की गति और शक्ति पर भरोसा करेंगे। रांची रॉयल्स अपना अभियान चार जनवरी को चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में वेदांता कलिंगा लांसर्स के खिलाफशुरू करेंगे।

इस बीच एकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स 2025 में अपने सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए रक्षापंक्ति और कॉर्नर, फ्री-किक, या थ्रो-इन जैसी रुकी हुई गेंदों से गोल करने या बचाव करने की टीम की क्षमता (सेट-पीस एफिशिएंसी) पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। दुनिया के सबसे भरोसेमंद रक्षकों में से एक, कप्तान अमित रोहिदास की अगुवाई में ड्रैगन्स लीग के सबसे मजबूत गोलकीपिंग ग्रुप में से एक हैं। जो दो बार एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर रहे आयरलैंड के डेविड हार्ट टीम के गोलकीपर हैं, उनके साथ प्रिंस दीप सिंह भी हैं, जिन्होंने 2025 जूनियर वर्ल्ड 'कप में शूटआउट में शानदार प्रदर्शन किया था।

आक्रमण के लिए ड्रैगन्स ऑस्ट्रेलिया के ब्लेक गोवर्स पर भरोसा है। मिडफील्ड में मोहम्मद राहील मौसीन और जर्मनी के पॉल कॉफमैन उनका साथ देते हैं, जो टीम को स्ट्रक्चर और अनुशासन देते हैं। अकॉड 'तमिलनाडु ड्रैगन्स तीन जनवरी को हैदराबाद तूफान्स के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर सीजन की शुरुआत करेगी। घरेलू समर्थन के साथ वह जीत के इरादे से मैदान में उतरेंगे।

### दोनों टीमें :

**रांची रॉयल्स टीम :** सूरज करकेरा, पंकज कुमार रजक, आमिर अली, जोशुआ बेल्ट्ज़ (ऑस्ट्रेलिया), नीलम संजीव ज़ेस, अनमोल एक्का, मनप्रीत सिंह, टॉम बून (बेल्जियम), विष्णुकांत सिंह, यशदीप सिवाच, मुस्तफा कैसिएम (दक्षिण अफ्रीका), अरजीत सिंह हुंदल, मनदीप सिंह, टिम हॉवर्ड (ऑस्ट्रेलिया), मैक्सिम वैन ऊट्स (बेल्जियम), रवनीत सिंह, मनमीत सिंह राय, जैक वालर (इंग्लैंड), सैम लेन (न्यूजीलैंड), आशीष पूर्ति।

**अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स टीम :** डेविड हार्टे (आयरलैंड), प्रिंसदीप सिंह, अमित रोहिदास, पॉल कॉफमैन (जर्मनी), सैंडर डी विजन (नीदरलैंड), आनंद लाकड़ा, पृथ्वी जीएम, टॉम सोर्स्बी (ग्रेट ब्रिटेन), टॉम क्रेग (ऑस्ट्रेलिया), मोहम्मद राहील मौसीन, शेषे गौड़ा, चंदन यादव, अरुण जे, एड्रोहित एक्का, सुशील धनवार, ब्लेक गोवर्स (ऑस्ट्रेलिया), सेल्वम कार्थी, नाथन एफ्राम्स (ऑस्ट्रेलिया), उत्तम सिंह, के सेल्वराज।

# रियल मैड्रिड को लगा बड़ा झटका, ला लीगा मैच से पहले एमबाप्पे के घुटने में लगी चोट




मैड्रिड । रियल मैड्रिड ने पुष्टि की है कि टॉप स्कोरर किलियन एमबाप्पे को ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई है। इस वजह से वह रविवार को बेटिस के खिलाफ घर पर होने वाले ला लीगा मैच से बाहर रहेंगे और सऊदी अरब में होने वाले स्पेनिश सुपरकप में भी उनके खेलने पर संदेह है। क्लब ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर बताया, 'हमारे खिलाड़ी किलियन एमबाप्पे पर रियल मैड्रिड मेडिकल सर्विसेज द्वारा आज किए गए टेस्ट के बाद, उनके बाएं घुटने में मोच का पता चला है।' जैसा कि रियल मैड्रिड के साथ आम तौर पर होता है, मेडिकल रिपोर्ट 'में यह नहीं बताया गया कि फ्रांसीसी स्ट्राइकर कब वापसी करेंगे, बस इतना कहा गया कि 'उनकी प्रगति पर नजर रखी जाएगी।' यह तथ्य कि रियल मैड्रिड 8 जनवरी को जेद्दा में सुपरकप के दूसरे सेमीफाइनल में एटलेटिको के खिलाफ खेलेगा, इसका मतलब है कि उनके पास ठीक होने के लिए बहुत कम समय है और उन्हें इस प्रतियोगिता के लिए एक बड़ा संदिग्ध माना जाना चाहिए, जिसका फाइनल 11 जनवरी को है। ज्यादातर का मानना है कि सऊदी अरब में रियल मैड्रिड के कोच जाबी अलोंसो की नौकरी दांव पर लगी है और टीम अपने स्टार खिलाड़ी के बिना अलोंसो के भविष्य के लिए खेल सकती है। एमबाप्पे ने इस सीजन में रियल मैड्रिड के 25 मैचों में से 24 में खेला है, जिस एकमात्र मैच में वह नहीं खेले थे, उसमें चैंपियंस लीग में मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ घर पर 2-1 से हार मिली थी। उन्होंने 18 ला लीगा मैचों में 18 गोल (रियल मैड्रिड के कुल 36 गोल का आधा) और पांच चैंपियंस लीग खेलों में नौ और गोल किए हैं।

# ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में नए साल पर धमाल मचाने के लिए तैयार है टेनिस

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** नया साल शुरू होते ही टेनिस हमेशा की तरह ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में धमाल मचाने के लिए तैयार है जिसका मुख्य आकर्षण 18 जनवरी से शुरू होने वाला ऑस्ट्रेलियाई ओपन होगा। ATP और WTA के 2025 फाइनल्स के छह सप्ताह से कुछ अधिक समय बाद पुरुष और महिला टूर के खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड पहुंच रहे हैं, जहां वे मेलबर्न में वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट से पहले दो सप्ताह तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

इनमें सबसे महत्वपूर्ण यूनाइटेड कप है जो मिश्रित टीम टूर्नामेंट है और शुक्रवार से शुरू होकर 11 जनवरी को समाप्त होगा। यह टूर्नामेंट पर्थ और सिडनी में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष 10 पुरुष और महिला खिलाड़ियों में से चार-चार खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें कोको गॉफ, टेलर फ्रिट्ज, एलेक्स डी मिनौर, इगा स्वियातेक, अलेक्जेंडर ज़्वेरेव, जैस्मीन पाओलिनी और फेलिक्स ऑगर एलियासिमे शामिल हैं।

इसके अलावा 2026 के पहले सप्ताह के दौरान ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में मौजूदा चैंपियन एरिना सबलेंका मुख्य आकर्षण होंगी, जो दुबई में निक किर्गियोस के खिलाफ 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' प्रदर्शनी मैच खेलकर आ रही हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले होने वाले टूर्नामेंटों में पुरुष टेनिस के दो सबसे बड़े नाम विश्व रैंकिंग में पहले नंबर पर काबिज कार्लोस अल्काराज़ और दूसरे नंबर के यानिक सिनर नहीं खेलेंगे।

अल्काराज और सिनर ने पिछले 10 ग्रैंड स्लैम एकल खिताबों में से 9 जीते हैं। उन्होंने 10 जनवरी को दक्षिण कोरिया के इंचियोन में एक प्रदर्शनी मैच खेलने का फैसला किया है। इसके बाद उम्मीद है कि वे मेलबर्न पार्क में अपनी तैयारियां शुरू करने के लिए ऑस्ट्रेलिया आएंगे। अल्काराज 7 साल बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट लंबे समय तक अपने कोच रहे जुआन कार्लोस फेरेरो के बिना खेलेंगे। स्पेन के खिलाड़ी ने हाल ही में अपने कोच से अलग होने की घोषणा की थी। अल्काराज ने अभी तक अपने नए कोच के नाम की घोषणा नहीं की है।


यूनाइटेड कप में भाग लेने वाले अन्य खिलाड़ियों में एम्मा राडुकानु, नाओमी ओसाका, स्टेफानोस सिटसिपास और स्टेन वावरिंका शामिल हैं। वावरिंका पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि साल 2026 उनका टूर पर आखिरी साल होगा। यूनाइटेड कप की शुरुआत शुक्रवार को पर्थ में यूनान और जापान के बीच होने वाले मैच से होगी।

ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में सबालेंका के अलावा अमांडा अनिसिमोवा, डब्ल्यूटीए फाइनल चैंपियन एलेना रायबाकिना, मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज़, जेसिका पेगुला और मीरा एंड्रीवा भी भाग लेंगी। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए अभ्यास के तौर पर होने वाला एक अन्य टूर्नामेंट ATP-WTA एडिलेड इंटरनेशनल 12 से 17 जनवरी तक खेला जाएगा जिसका मुख्य आकर्षण 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच होंगे। ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में भी एक WTA 250 टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा।



न्यूजीलैंड के ऑकलैंड शहर में पांच से 11 जनवरी तक महिला टेनिस टूर्नामेंट (WTA) आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 12 से 17 जनवरी तक उसी स्थान पर एटीपी टूर्नामेंट खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई ओपन शुरू होने से कुछ दिन पहले किर्गियोस और फ्रांसिस टियाफो मेलबर्न के कूयोंग में एक प्रदर्शनी मैच भी खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से इतर हांगकांग में पांच से 11 जनवरी तक एक एटीपी टूर्नामेंट खेला जाएगा।

# सिडनी टेस्ट के बाद खेल को अलविदा कह देंगे ख्वाजा : क्लार्क



मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि अंतिम एशेज टेस्ट के साथ ही अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा संन्यास की घोषणा कर देंगे। क्लार्क ने कहा कि ख्वाजा पिछले काफी समय से अपनी फार्म और फिटनेस से जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की एशेज सीरीज का अंतिम टेस्ट मैच चार जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। इस सीरीज में ख्वाजा ने अब तक तीन टेस्ट मैच खेले हैं पर वह प्रभावित नहीं कर पाये हैं। ट्रैविस हेड और जेक वेदराल्ड के अच्छे प्रदर्शन के कारण उन्हें तीनों ही मैचों में मध्यक्रम में उतरना पड़ा था। साल 2025 ख्वाजा के लिए अच्छा नहीं रहा था। उन्होंने उसमें 10 टेस्ट मैचों में कुल 614 रन बनाए थे। ख्वाजा की बढ़त उम्र के कारण भी वह संन्यास के करीब हैं। उन्हें पर्थ में पहले एशेज टेस्ट के दौरान करियर में पहली बार पीठ में अकड़न भी हुई थी। चोट के कारण वह दूसरा टेस्ट भी नहीं खेल पाए थे। हालांकि, उन्होंने तीसरे मैच में वह वापसी करने में सफल रहे थे। वह मेलबर्न में चौथे मैच में फ्लॉप रहे। क्लार्क का मानना ??है कि उस्मान को सिडनी टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की अंतिम ग्यारह में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह ख्वाजा का फेयरवेल टेस्ट होगा। मुझे उम्मीद है कि वह इस मैच में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।